गिरतेही वह उल्काकी समान प्रभायुक्त गदा राक्षसके मस्तकपर गिरकर दीप्तिमान् होने लगी ॥ ४९ ॥ गदाके लगनेसे उसका शरीर भस्म होगया; उस काल संग्राममें बीच उसकी अस्थि, मांस या मस्तक कुछभी दृष्टि नहीं आया ॥ ५० ॥ वे राक्षस उसको संग्राममें निहत देखकर सबही परस्पर गर्ज २ चारोंओरको भाग गये, अधिक क्या कहें वह वसुके प्रतापसे इधर उधर भाग गये और फिर वहाँपर नहीं ठहर सके ॥ ५१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये उत्तरकांडे भाषाटीकायां सप्तविंशः सर्गः ॥ २७ ॥ सावित्र वसुके अस्त्रबलसे सुमालीको नष्ट और भस्म देखकर राक्षसोंकी सब

मानस्योपरिगोल्काभापतंतीविबभौगदा ॥ इंद्रप्रमुक्तागर्जंतीगिराविवमहाशनिः ॥ ४९ ॥ तस्यनैवास्थिनशिरोनमांसंददृशेतदा ॥ गदयाभस्मतांनीतंनिहतस्यरणाजिरे ॥ ५० ॥ तंदृष्ट्वानिहतंसंख्येराक्षसास्तेसमंततः ॥ व्यद्रवन्सहिताःसर्वेक्रोशमानाःपरस्परम् ॥ विद्राव्यमाणावसुनागक्षमानावतस्थिरे ॥५१॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी०आदि० उत्तरकांडे सप्तविंशः सर्गः ॥२७॥ सुमालिनंहतंदृष्ट्वावसुनाभस्मसात्कृतम् ॥ स्वसैन्यंविद्रुतंचापिलक्षयित्वार्दितंसुरैः ॥ १ ॥ ततःस्वबलवान्क्रुद्धोरावणस्यसुतस्तदा ॥ निवर्त्यराक्षसान्सर्वान्मेघनादोव्यवस्थितः ॥ २ ॥ सरथेनमहार्हेणकामगेनमहारथः ॥ अभिदुद्रावसेनांतांवनान्यग्निरिवज्वलन् ॥ ३ ॥ ततःप्रविशतस्तस्यविविधायुधधारिणः ॥ विदुद्रुवुर्दिशःसर्वादर्शनादेवदेवताः ॥ ४ ॥ नबभूवतदाकश्चिद्युयुत्सोरस्यसंमुखे ॥ सर्वानाविध्यवित्रस्तांस्ततःशक्रोब्रवीत्सुरान् ॥ ५ ॥ नभेतव्यंनगंतव्यंनिवर्तध्वंरणेसुराः ॥ एषगच्छतिपुत्रोमेयुद्धार्थमपराजितः ॥ ६ ॥ ततःशक्रसुतोदेवोजयंतइतिविश्रुतः ॥ रथेनाद्भुतकल्पेनसंग्राममभ्यवर्तत ॥ ७ ॥

सेना देवताओंसे पीडित होकर भाग गई ॥ १ ॥ रावणका पुत्र बलवान् मेघनाद यह देखकर कुपितहो समस्त राक्षसोंको लौटाय आप युद्ध करनेको उद्यत हुआ ॥ २ ॥ अग्नि प्रज्वलित होकर जिसप्रकार वनकी ओर चलती है वैसेही वह महारथी मेघनाद कामगामी बडेभारी रथपर सवार होकर उस सेनाके सन्मुख दौड़ा ॥ ३ ॥ विविध प्रकारके अस्त्र शस्त्र धारण किये राक्षसोंको प्रवेशित होते देखकर सब देवता चारोंओरको भागने लगे ॥ ४ ॥ अधिक कहांतक कहें उस समय संग्राम करते हुए उस मेघनादके सामने कोईभी नहीं टिक सका। जब सब देवता विद्ध होकर त्रासित होगये तब इन्द्रजीने उनसे कहा ॥ ५ ॥ हे सब देवगण! डरो मत नहीं तुम लोग लौटो भागो मत कभी न हारनेवाला हमारा पुत्र संग्राम करनेके लिये जाताहै ॥ ६ ॥ फिर वह इन्द्रकुमार देव जयन्त अद्भुत रथपर सवार होकर

संग्रामके सन्मुख चला ॥ ७ ॥ तब वह समस्त देवता इन्द्रके पुत्रको साथ लेकर रावणकुमार मेघनादके निकट जाय उसपर प्रहार करनेलगे ॥ ८ ॥ इन्द्रकुमार जयन्त और राक्षसकुमार मेघनादका देवता व राक्षसोंका बल वीर्य अनुरूप संग्राम होने लगा ॥ ९ ॥ फिर वह रावणका पुत्र मेघनाद जयन्तके सारथी मातलिपुत्र गोमुखके ऊपर सुवर्ण भूषित बाण छोडने लगा ॥ १० ॥ शचीका पुत्र जयन्तभी क्रोध करके रावण पुत्रके सारथीको बाणोंसे विद्ध करने लगा ॥ ११ ॥ रावणिभी क्रोधसे परिपूर्णहो आँखें निकाल बाणोंकी वर्षा कर इन्द्रके पुत्रको पीडित करने लगा ॥१२॥ फिर मेघनाद अत्यन्त कोपकर अनेक प्रकारके तीखे हजारों अस्त्र शस्त्र देवताओंकी सेनाके ऊपर चलाने लगा ॥ १३ ॥ शतघ्नी, मूशल, प्रास, गदा, खड्ग, फरशा और बडे २ पर्वतोंके शिखरभी उस सेनाके ऊपर छोडे ॥

ततस्तेत्रिदशाःसर्वेपरिवार्यशचीसुतम् ॥ रावणस्यसुतंयुद्धेसमासाद्यप्रजघ्निरे ॥ ८ ॥ तेषांयुद्धंसमभवत्सदृशंदेवरक्षसाम् ॥ महेंद्रस्यचपुत्रस्य राक्षसेंद्रसुतस्यच ॥ ९ ॥ ततोमातलिपुत्रस्यगोमुखस्यसरावणिः ॥ सारथेःपातयामासशरान्कनकभूषणान् ॥ १० ॥ शचीसुतश्चापितथाज यंतस्तस्यसारथिम् ॥ तंचापिरावणिःक्रुद्धःसमंतात्प्रत्यविध्यत ॥ ११ ॥ सहिक्रोधसमाविष्टोबलीविस्फारितेक्षणः ॥ रावणिःशक्रतनयंशरवर्षै रवाकिरत् ॥ १२ ॥ ततोनानाप्रहरणाञ्छितधारान्सहस्रशः ॥ पातयामाससक्रुद्धःसुरसैन्येपुरावणिः ॥ १३ ॥ शतघ्नीमुसलप्रासगदाखड्गपरश्व धान् ॥ महांतिगिरिशृंगाणिपातयामासरावणिः ॥ १४ ॥ ततःप्रव्यथितालोकाःसंजज्ञेचतमस्ततः ॥ तस्यरावणपुत्रस्यशत्रुसैन्यानिनिघ्नतः ॥ ॥ १५ ॥ ततस्तद्दैवतबलंसमंतात्तंशचीसुतम् ॥ वहुप्रकारमस्वस्थमभवच्छरपीडितम् ॥ १६ ॥ नाभ्यजानंतचान्योन्यंरक्षोवादेवताथवा ॥ तत्र तत्रविपर्यस्तंसमंतात्परिधावत ॥ १७ ॥ देवादेवान्निजघ्नुस्तेराक्षसान्राक्षसास्तथा ॥ संमूढास्तमसाच्छन्नाव्यद्रवन्नपरेतथा ॥ १८ ॥ एतस्मिन्नं तरेवीरःपुलोमानामवीर्यवान् ॥ दैत्येंद्रस्तेनसंगृह्यशचीपुत्रोपवाहितः ॥ १९ ॥

॥ १४ ॥ वह रावणका पुत्र मेघनाद इस प्रकारसे शत्रुओंकी सेनाके ऊपर प्रहार कर रहाथा उसी अवसरमें उसकी मायासे अंधकार हो आया कि, जिससे त्रिलोक वासी समस्त प्रजा अति घबड़ाई ॥ १५ ॥ तब देवताओंकी सेना चारोंओरसे पीडितहो इन्द्रके पुत्र जयन्तको छोड व्याकुल होगई ॥ १६ ॥ राक्षस या देवता परस्पर कोईभी किसीको उस समय नहीं जानसके वह घबडाते हुए चारोंओर घूमने लगे ॥१७॥ वरन् देवता देवतोंको राक्षस राक्षसोंको मारने लगे व और वीरलोग अन्धकारसे घबडाय अत्यन्त मूढहो भागगये ॥ १८ ॥ इसी अवसरमें वीर्यवान और [illegible] के पुत्र जयन्तको ग्रहणकर भाग गया ॥ १९ ॥

हुए ३ र ी र व्यथा पाय सबही भाग खडे हुए ॥ २१ ॥ फिर रावणका पुत्र मेघनाद अपनी सेनाको साथ ले क्रोधके वशहो घोर शब्द करता हुआ देवतोंके पीछे दौडा ॥ २२ ॥ पुत्रके न देखनेसे और देवतोंको भागता हुआ देखकर देवराज इन्द्रने मातलिसे कहा, कि हमारा रथ लाओ ॥ २३ ॥ यह दिव्य महारथ सजाया जारहाथा, इस समय देवराज इन्द्रजीकी आज्ञासे मातलि वह महाभयंकर रथ शीघ्र ले आया ॥२४॥ जब महाबलवान् इन्द्र रथपर चढा तब बिजलीसे शोभायमान महाबलवान् मेघगण पवनके आश्रयसे आगे २ चलकर घोर शोरसे उस रथपर शब्द करने लगे ॥ २५ ॥ जब इन्द्रजी पुरीसे बाहर निकले तब

संगृह्यतंतुदौहित्रंप्रविष्टःसागरंतदा ॥ आर्यकःसहितस्यासीत्पुलोमायेनसाशची ॥२०॥ ज्ञात्वाप्रणाशंतुतदाजयंतस्याथदेवताः ॥ अप्रहृष्टास्ततः सर्वाव्यथिताःसंप्रदुद्रुवुः ॥ २१ ॥ रावणिस्त्वथसंक्रुद्धोबलैःपरिवृतःस्वकैः ॥ अभ्यधावतदेवांस्तान्मुमोचचमहास्वनम् ॥ २२ ॥ दृष्ट्वाप्रणाशंपुत्रस्यदेवतेषुचविद्रुतम ॥ मातलिंचाहदेवेशोरथःसमुपनीयताम् ॥२३॥ सतुदिव्योमहाभीमःसज्जएवमहारथः ॥ उपस्थितोमातलिनावाह्यमानोमहाजवः ॥२४॥ ततोमेघारथेतस्मिंस्तडित्वंतोमहाबलाः ॥ अग्रतोवायुचपलानेदुःपरमनिस्वनाः ॥२५॥ नानावाद्यानिवाद्यंतगंधर्वाश्चसमाहिताः ॥ ननृतुश्चाप्सरःसंघानिर्यातेत्रिदशेश्वरे ॥२६॥ रुद्रैर्वसुभिरादित्यैरश्विभ्यांसमरुद्गणैः ॥ वृतोनानाप्रहरणैर्निययौत्रिदशाधिपः ॥२७॥ निर्गच्छतस्तु शक्रस्यपरुषःपवनोववौ ॥ भास्करोनिष्प्रभश्चैवमहोल्काश्चप्रपेदिरे ॥२८॥ एतस्मिन्नंतरेशूरोदशग्रीवःप्रतापवान् ॥ आरुरोहरथंदिव्यंनिर्मितंविश्वकर्मणा ॥ २९ ॥ पन्नगैःसुमहाकायैर्वेष्टितंलोमहर्षणैः ॥ येषांनिःश्वासवातेनप्रदीप्तमिवसंयुगे ॥ ३० ॥ दैत्यैर्निशाचरैश्चैवसरथःपरिवारितः ॥ समराभिमुखोदिव्योमहेंद्रंसोभ्यवर्तत ॥ ३१ ॥ पुत्रंतंवारयित्वातुस्वयमेवव्यवस्थितः ॥ सोपियुद्धाद्विनिष्क्रम्यरावणिःसमुपाविशत् ॥ ३२ ॥

गन्धर्वगण अनेक प्रकारके बाजे बजाने लगे और अप्सरायें नाचने लगीं ॥२६॥ तब स्वर्गके पति इन्द्रजी, रुद्रगण, वसुगण, आदित्यगण, मरुद्गण और दोनों अश्विनीकुमारोंके साथ विविध प्रकारके अस्त्र शस्त्र ग्रहणकर युद्ध करनेके लिये निकले ॥ २७ ॥ जब रावणसे इन्द्रजी युद्ध करनेके लिये निकले तब पवन कठोरतासे चलने लगा, सूर्यकी प्रभा जाती रही और बडी २ उल्का गिरने लगीं ॥२८॥ इसी अवसरमें प्रतापवान् शूर रावण विश्वकर्माके बनाये दिव्य रथपर सवार हुआ ॥२९॥ उस रथके चारोंओर रोमहर्षण बडे २ सर्प लिपटेथे इसीलिये वह रथ युद्धके समय उनके श्वासकी पवनसे प्रदीप्त हो गया ॥ ३० ॥ दैत्य और राक्षसोंकी सेनाके साथ दिव्य रथपर सवारहो इन्द्रजीके सन्मुख धाया ॥३१॥ और अपने पुत्र मेघनादको रोककर आपही संग्राम करने लगा, रावणका पुत्रभी युद्धसे निकलकर

चुप हो अलग वैठ गया ॥ ३२ ॥ इसके उपरान्त मेघ जिसप्रकार जल बर्षाया करते हैं वैसेही अस्त्र शस्त्र वर्षायकर राक्षस और देवता युद्ध करने लगे ॥ ३३ ॥ हे राजन् ! दुरात्मा कुम्भकर्ण भी बहुत कालतक निद्रित रह संग्रामभूमिमें आया, उसको उस समय यह नहीं ज्ञात होता था कि, किसके साथ युद्ध हो रहाथा वह जिसको निकट पाने लगा विविध भाँतिके आयुध उठाय उसीसे युद्ध करने लगा ॥ ३४ ॥ कुम्भकर्ण अत्यन्त क्रोधकर दांत, चरण, भुजा, हस्त, शक्ति, तोमर, मुद्गर और जिस आयुधको पाया उसीसे देवतोंको भगाने लगा ॥३५॥ परन्तु वह निशाचर कुम्भकर्ण महाघोर ग्यारह रुद्रोंके निकट जाय उनके साथ घोर संग्राम करने लगा परन्तु रुद्रोंने निरन्तर बाणोंकी वर्षा करके कुम्भकर्णके सर्वाङ्गमें घावकर डाले ॥ ३६ ॥ फिर मरुद्गणोंके साथ उस राक्षसी सेनाका घोर संग्राम आरंभ हुआ, उन मरुद्गणोंने अनेक प्रकारके अस्त्र शस्त्रोंसे समस्त राक्षसोंकी सेनाको भगादिया ॥ ३७ ॥ कोई २ राक्षस मरगये कोई २ अंग कटाय २ पृथ्वीपर पडे तड

ततोयुद्धंप्रवृत्तंतुसुराणांराक्षसैःसह ॥ शस्त्राणिवर्षतांतेपांमेघानामिवसंयुगे॥३३॥ कुंभकर्णस्तुदुष्टात्मानानाप्रहरणोद्यतः॥ नाज्ञायततदाराजन्युद्धंके नाभ्यपद्यत ॥३४॥ दंतैःपादैर्भुजैर्हस्तैःशक्तितोमरमुद्गरैः॥ येनतेनैवसंक्रुद्धस्ताडयामासदेवताः॥३५॥ सतुरुद्रैर्महाघोरैःसंगम्याथनिशाचरः॥प्रयुद्ध स्तैश्चसंग्रामेक्षतःशस्त्रैर्निरंतरम्॥३६॥ ततस्तद्राक्षसंसैन्यंप्रयुद्धंसमरुद्गणैः॥रणेविद्रावितंसर्वंनानाप्रहरणैस्तदा॥३७॥ केचिद्विनिहताःकृत्ताश्चेष्टंति स्ममहीतले॥ वाहनेष्ववसक्ताश्चस्थिताएवापरेरणे॥३८॥रथान्नागान्खरानुष्ट्रान्पन्नगांस्तुरगांस्तथा॥ शिशुमारान्वराहांश्चपिशाचवदनानपि॥३९॥ तान्समालिंग्यबाहुभ्यांविष्टब्धाःकेचिदुत्थिताः ॥ देवैस्तुशस्त्रसंभिन्नाममिरेचनिशाचराः ॥४०॥ चित्रकर्मइवाभातिसर्वेषांरणसंप्लवः ॥ निहतानां प्रसुतानांराक्षसानांमहीतले ॥४१॥ शोणितोदकनिष्पंदाकाकगृध्रसमाकुला॥प्रवृत्तासंयुगमुखेशस्त्रग्राहवतीनदी॥४२॥ एतस्मिन्नंतरेक्रुद्धोदशग्रीवः प्रतापवान्॥ निरीक्ष्यतुबलंसर्वंदैवतैर्विनिपातितम् ॥४३॥ सतंप्रतिविगाह्याशुप्रवृद्धंसैन्यसागरम् ॥ त्रिदशान्समरेनिघ्नञ्शक्रमेवाभ्यवर्तत ॥४४॥

फडाने लगे और कोई २ मूर्च्छाके वशहो सवारियोंसे गिरकर भी उन्हींमें लिपटे रहे ॥ ३८ ॥ कोई रथ, कोई हाथी, कोई गधे, कोई ऊंट, कोई सर्प, कोई घोडे, कोई शिशुमार, कोई वराह, कोई पिशाच वदनोंको ॥ ३९ ॥ बाहोंसे पकड २ लिपटाय २ पडे रहे और कोई २ अर्द्ध मूर्च्छितहोकर पडे रहे व और निशाचर देवताओंसे देह कटाय २ प्राण त्याग करते हुए ॥ ४० ॥ वह राक्षसगण जब मरकर पृथ्वीपर गिर पडे तब संग्राममें उनका यह मारा जाना चित्रकार्यकी समान प्रकाशित होने लगा ॥४१॥ उस काल संग्राममें काग और गिद्धोंसे शोभायमान नदी बहने लगी, सब शस्त्रही तो उसमें ग्राह थे और रुधिरही उसका जल था उसही जलकी तरंगमें मृत उछलने डूबने लगे ॥ ४२ ॥ अत्यन्त प्रतापशाली रावण देवतोंसे अपनी सेनाका नाश देख ॥ ४३ ॥ अति शीघ्रतासे उस बढते हुए देव

बाण रावणके मस्तकपर मारने लगे ॥ ४६ ॥ महावीर दशग्रीव निशाचरभी इसी भाँतिसे अपने धनुषपर बाण चढाय छोडकर इन्द्रको ढाकता हुआ ॥ ४७ ॥ घोर बाण वर्षाय जब दोनों इस प्रकारसे निरन्तर युद्ध करते रहे तब चारोंओर अन्धकार छायगया इस कारण उस समय कुछभी दृष्टि न आया ॥ ४८ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामष्टाविंशः सर्गः ॥ २८ ॥ जब अन्धकार छाया तो वह समस्त देवता और राक्षस बलसे मतवाले हो

ततःशक्रोमहच्चापंविस्फार्यसुमहास्वनम् ॥ यस्यविस्फारनिर्घोषैःस्तनंतिस्मदिशोदश ॥ ४५ ॥ तद्विकृष्यमहच्चापमिंद्रोरावणमूर्धनि ॥ पातयामाससशरान्पावकादित्यवर्चसः ॥ ४६ ॥ तथैवचमहाबाहुर्दशग्रीवोनिशाचरः ॥ शक्रंकार्मुकविभ्रष्टैःशरवर्षैरवाकिरत् ॥ ४७ ॥ प्रयुध्यतोरथतयोर्बाणवर्षैःसमंततः ॥ नाज्ञायततदाकिंचित्सर्वंहितमसावृतम् ॥४८॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे अष्टाविंशः सर्गः ॥ २८ ॥ ततस्तमसिसंजातेसर्वेतेदेवराक्षसाः ॥ आयुध्यंतबलोन्मत्ताःसूदयंतःपरस्परम् ॥ १ ॥ इंद्रश्चरावणश्चैवरावणिश्चमहाबलः ॥ तस्मिंस्तमोजालवृतेमोहमीयुर्नतेत्रयः ॥ २ ॥ सतुदृष्ट्वाबलंसर्वंरावणोनिहतंक्षणात् ॥ क्रोधमभ्यगमत्तीव्रंमहानादंचमुक्तवान् ॥ ३ ॥ क्रोधात्सूतंचदुर्धर्षःस्यंदनस्थमुवाचह ॥ परसैन्यस्यमध्येनयावदंतोनयस्वमाम् ॥४॥ अद्यैतान्त्रिदशान्सर्वान्विक्रमैःसमरेस्वयम् ॥ नानाशस्त्रमहासारैर्नयामियमसादनम् ॥ ५ ॥ अहमिंद्रंवधिष्यामिधनदंवरुणंयमम् ॥ त्रिदशान्विनिहत्याशुस्वयंस्थास्याम्यथोपरि ॥ ६ ॥ विषादोनैवकर्तव्यःशीघ्रंवाहयमेरथम् ॥ द्विःखलुत्वांब्रवीम्यद्ययावदंतंनयस्वमाम् ॥ ७ ॥

परस्पर एक दूसरेको पीडित करते हुए कठोर संग्राम करने लगे ॥१॥ उस महाघोर अन्धकारसे केवल इन्द्र, रावण और मेघनाद यह तीनों जने ही मोहको प्राप्त नहीं हुए ॥ २ ॥ एक क्षणभरमेंही अपनी समस्त सेनाका नाश देखकर रावण अत्यन्त क्रोधित हुआ और अति ऊँचे शब्दसे सिंहनाद करने लगा ॥ ३ ॥ तब रावण अधिक क्रोधके मारे रथ हांकते हुए सूतसे बोला कि, जबतक शत्रुकी सेनाका अंत न आवै तबतक इस सेनाके बीचके मार्गसे तू हमको ले चल ॥ ४ ॥ हम इसी समय अनेक प्रकारके सब अस्त्र शस्त्र वर्षायकर सब देवताओंको यमराजके यहां भेजेंगे ॥ ५ ॥ हम इन्द्र, कुबेर; वरुण और यमको मार डालेंगे, अधिक क्या कहें, हम अतिशीघ्र देवतोंका विनाश करके स्वयं सबके ऊपर स्वामी हो विराजेंगे ॥ ६ ॥ विषाद न करके शीघ्र हमारा रथ चलाओ, हमने तुमसे दो

वार कहा कि तुम हमको शत्रुकी सेनाके सबसे पीछे ले चलो ॥ ७ ॥ इस समय हम जिस स्थानमें टिके हुएहैं यह नन्दनका एक देश है, जिस स्थानमें उदय पर्वत है हमको तुम वहीं ले चलो ॥ ८ ॥ निशाचरराज रावणके यह वचन सुनकर सारथीने शत्रुओंके बीचमेंको मनके वेगके समान चलनेवाले घोडोंको हांका ॥ ॥ ९ ॥ तब समरभूमिमें विराजमान हुए देवराज इन्द्रजीने रावणके इस अभिप्रायको जान रथमें बैठेहुए ही देवतोंसे कहा ॥ १० ॥ हे देवताओ ! तुम हमारे वचन सुनो कि, तुम सब मिलकर राक्षस रावणको जीता हुआही पकडलो, हमें यही बात रुचतीहै ॥ ११ ॥ कारण कि, अधिक सेनाके रहनेसे यह राक्षस अति बलवानहै सो पर्वके समय जिसप्रकार समुद्र उछलताहै वैसेही पवनकी समान चलने वाले रथपर सवार होकर यह आय रहाहै ॥ १२ ॥ विशेष करके यह राक्षस वरदान पानेसे निर्भय होगयाहै सो इसका मारडालना सामर्थ्यसे बाहरहै इस निमित्त तुम संग्राममें यत्नपरायणहो ऐसा करनेसे हम इस राक्षसको बंदी करदेंगे ॥ १३ ॥ बल्कि बंधजानेपर जिसप्रकार हमने त्रिभुवनका भोग कियाहै, वैसेही त्रिभुवनकी रक्षाके लिये इस पापमति रावणका बंदी करना हमको रुचताहै ॥ १४ ॥ हे महाराज ! यह कह देवराज इन्द्र रावणको छोडकर और स्थानमें जाय राक्षसोंको त्रासित करतेहुए युद्ध करने लगे ॥ १५ ॥ न लौटनेवाला रावण देवताओंकी सेनाको उत्तर बगलमें रखकर चला और इन्द्रजीभी उसकी दाहिं ओरका आश्रय लेकर सेनामें प्रवेश करतेहुए ॥ १६ ॥ तिसके उपरान्त निशाचरनाथ रावण उस सेनामें सौ योजनतक पैठगया और वहां उसने बाण वर्षायकर समस्त देवताओंकी सेनाको छाय दिया ॥ १७ ॥ तब इन्द्रजीने अपनी सेनाका विनाश देख तुरंत लौटकर सावधान चित्तसे रावणको रोका ॥ १८ ॥ एक क्षणभरमेंही इन्द्रजीने रावणको घेर लिया यह देखकर दानव और राक्षस लोग हा ! "हम मारे गये" यह कह महा चिल्लाहट करने लगे ॥ १९ ॥

अयंसनंदनोदेशोयत्रवर्तामहेवयम् ॥ नयमामद्यतत्रत्वमुदयोयत्रपर्वतः ॥ ८ ॥ तस्यतद्वचनंश्रुत्वातुरगान्समनोजवान् ॥ आदिदेशाथशत्रूणांमध्येनैवचसारथिः ॥ ९ ॥ तस्यतंनिश्चयंज्ञात्वाशक्रोदेवेश्वरस्तदा ॥ रथस्थःसमरस्थस्तान्देवान्वाक्यमथाब्रवीत् ॥ १० ॥ सुराःशृणुतमद्वाक्यंयत्तावन्ममरोचते ॥ जीवन्नेवदशग्रीवःसाधुरक्षोनिगृह्यताम् ॥ ११ ॥ एषह्यतिबलःसैन्येरथेनपवनोजसा ॥ गमिष्यतिप्रवृद्धोर्मिःसमुद्रइवपर्वणि ॥ १२ ॥ नह्येषहंतुंशक्योद्यवरदानात्सुनिर्भयः ॥ तद्ग्रहीष्यामहेरक्षोयत्ताभवतसंयुगे ॥ १३ ॥ यथाबलौनिरुद्धेचत्रैलोक्यंभुज्यतेमया ॥ एवमेतस्यपापस्यनिरोधोममरोचते ॥ १४ ॥ ततोन्यंदेशमास्थायशक्रःसंत्यज्यरावणम् ॥ अयुध्यतमहाराजराक्षसांस्त्रासयन्रणे ॥ १५ ॥ उत्तरेणदशग्रीवःप्रविवेशानिवर्तकः ॥ दक्षिणेनतुपार्श्वेनप्रविवेशशतक्रतुः ॥ १६ ॥ ततःसयोजनशतंप्रविष्टोराक्षसाधिपः ॥ देवतानांबलंसर्वंशरवर्षैरवाकिरत् ॥ १७ ॥ ततःशक्रोनिरीक्ष्याथप्रनष्टंतुस्वकंबलम् ॥ न्यवर्तयदसंभ्रांतःसमावृत्यदशाननम् ॥ १८ ॥ एतस्मिन्नंतरेनादोमुक्तोदानवराक्षसैः ॥ हाहताःस्मइतिग्रस्तंदृष्ट्वाशक्रेणरावणम् ॥ १९ ॥

पाईथी वह उसी मायाको प्रगटकर देवताओंकी अनीमें पैठ उसको पीडित करनेलगा ॥ २१ ॥ अधिक क्या कहैं वह समस्त देवताओंको छोडकर एक इ
हीके पीछे दौडा, परन्तु महातेजस्वी इन्द्रजीने उस शत्रुके पुत्रको देखाभी नहीं ॥ २२ ॥ मेघनाद उस समय कवच नहीं पहरे रहाथा देवता उसके ऊपर
प्रकारके अस्त्र शस्त्र चलाने लगे, परन्तु किसी प्रकारसे मेघनादको भय नहीं हुआ ॥ २३ ॥ प्रथमतो उस मेघनादने उत्तम बाणोंसे रथ हाँकतेहुए मातलिको
और फिर बाण वर्षायकर इन्द्रको पीडित किया ॥ २४ ॥ इसके पीछे इन्द्र रथ और सारथिको छोडकर ऐरावतपर सवारहो रावणके पुत्रको ढूँढने लगा ॥ २५ ॥
उस समयमें वह महाबलवान मेघनाद आकाशमें अदृश्यहो मायासे ढकेहुए इन्द्रको बाणोंसे व्याकुल करने लगा ॥ २६ ॥ जब रावणके पुत्रने इन्द्रको थका

ततोरथंसमास्थायरावणिःक्रोधमूर्च्छितः ॥ तत्सैन्यमतिसंक्रुद्धःप्रविवेशसुदारुणम् ॥२०॥ तांप्रविश्यमहामायांप्रातांपशुपतेःपुरा ॥ प्रविवेशसु
रथस्तत्सैन्यंसमभिद्रवत् ॥२१॥ ससर्वादेवतास्त्यक्त्वाशक्रमेवाभ्यधावत ॥ महेंद्रश्चमहातेजानापश्यच्चसुतंरिपोः ॥ २२ ॥ विमुक्तकवचस्तत्र
ध्यमानोपिरावणिः ॥ त्रिदशैःसुमहावीर्यैर्नचकारचकिंचन ॥ २३ ॥ समातलिंसमायांतंताडयित्वाशरोत्तमैः ॥ महेंद्रंबाणवर्षेणभूयएवाभ्य
किरत् ॥२४॥ ततस्त्यक्त्वारथंशक्रोविससर्जचसारथिम् ॥ ऐरावतंसमारुह्यमृगयामासरावणिम् ॥२५॥ सतत्रमायाबलवानदृश्योऽथांतरिक्षगः ॥
इंद्रंमायापरिक्षिप्तंकृत्वासप्राद्रवच्छरैः ॥२६॥ सतंयदापरिश्रांतमिंद्रंजज्ञेथरावणिः ॥ तदेनंमाययाबद्ध्वास्वसैन्यमभितोनयत् ॥ २७ ॥ तंतुदृष्ट्वा
बलात्तेननीयमानंमहारणात् ॥ महेंद्रममराःसर्वेकिंनुस्यादित्यचिंतयन् ॥२८॥ दृश्यतेनसमायावीशक्रजित्समितिंजयः ॥ विद्यावानपियेनेंद्रः
माययाऽपहृतोबलात्॥२९॥एतस्मिन्नंतरेक्रुद्धाःसर्वेसुरगणास्तदा ॥ रावणंविमुखीकृत्यशरवर्षैरवाकिरन् ॥३०॥ रावणस्तुसमासाद्यआदित्यांश्च
सूंस्तदा ॥ नशशाकससंग्रामेयोद्धुंशत्रुभिरर्दितः॥३१॥सतंदृष्ट्वापरिम्लानंप्रहारैर्जर्जरीकृतम् ॥ रावणिःपितरंयुद्धेऽदर्शनस्थोब्रवीदिदम् ॥ ३२ ॥

जाना तब उनको अपनी मायाके प्रभावसे बांधकर अपनी सेनाके निकट ले आया ॥ २७ ॥ जब बलपूर्वक महासंग्रामसे मेघनाद इन्द्रको बांधकर ले चला तब
देखकर देवता "यह क्या हुआ" यह कहकर चिन्ता करने लगे ॥ २८ ॥ रणविजयी मायाका जाननेवाला मेघनाद किसीकी दृष्टि न आया. यद्यपि इन्द्र
अनेक प्रकारकी माया जानतेथे तथापि इन्द्रजीत उनको बलपूर्वक हरण करके लेगया ॥ २९ ॥ इसी अवसरमें समस्त देवताओंने कुपितहो बाणोंकी व
रावणको व्याकुल कर उसको रणसे विमुख करदिया ॥ ३० ॥ तिस कालमें शत्रुओं करके संग्राममें पीडित होकर रावण वसुगण और आदित्योंके साथ युद्ध
नेको समर्थ नहीं हुआ ॥ ३१ ॥ रावण मारे प्रहारोंके जर्जरतनुहो संग्राममें अत्यन्त थकगया; तब रावणका पुत्र मेघनाद पिताकी यह दशा देख अन्तर्धा

रहकर बोला कि ॥ ३२ ॥ हे तात! हम लोगोंकी जय हुई है आप यह जान करके क्लेशको छोड सावधान हूजिये, अब रण समाप्त हुआ चलो गृहको चलें ॥ ॥ ३३ ॥ विशेष करके जो देवताओंकी सेनाके, वरन् त्रिलोकीके स्वामीहैं उनको हमने देवताओंकी सेनासे पकड रक्खाहै, सो अब देवताओंका गर्व सर्व होगया ॥ ॥ ३४ ॥ तेजके बलसे शत्रुको जीतकर आप अभिलापानुसार त्रिभुवनके सुखोंको भोगिये अब युद्ध करना निष्फलहै सो अब आपको वृथा परिश्रम करनेका क्या प्रयोजन है? ॥ ३५ ॥ तब गणदेवता और देवता रावणके पुत्रके यह वचन सुन इन्द्रसे रहित हो चले गये ॥ ३६ ॥ अत्यन्त बलवान् इन्द्रशत्रु विख्यात निशाचरपति रावण अपने पुत्रके ऐसे प्रिय वचन सुन रणसे लौट आदरसहित पुत्रसे बोला ॥ ३७ ॥ हे बेटा! अतिबली पुरुषकी समान पराक्रम प्रगट करके इस अतु

आगच्छताततगच्छामोरणकर्मनिवर्तताम् ॥ जितंनोविदितंतेऽस्तुस्वस्थोभवगतज्वरः ॥ ३३ ॥ अयंहिसुरसैन्यस्यत्रैलोक्यस्यचयःप्रभुः ॥ सगृहीतोदेवबलाद्भग्नदर्पाःसुराःकृताः ॥ ३४ ॥ यथेष्टंभुंक्ष्वलोकांस्त्रीन्निगृह्यारातिमोजसा ॥ वृथाकिंतेश्रमेणेहयुद्धमद्यतुनिष्फलम् ॥ ३५ ॥ ततस्तेदैवतगणानिवृत्तारणकर्मणः ॥ तच्छ्रुत्वारावणेर्वाक्यंशक्रहीनाःसुरागताः ॥ ३६ ॥ अथसरणविगतमुत्तमोजास्त्रिदशरिपुःप्रथितोनिशाचरेंद्रः ॥ स्वसुतवचनमादृतःप्रियंतत्समनुनिशम्यजगादचैवसूनुम् ॥ ३७ ॥ अतिबलसदृशैःपराक्रमैस्त्वंममकुलवंशविवर्धनःप्रभो ॥ यदयमतुलबलस्त्वयाद्यनैत्रिदशपतिस्त्रिदशाश्चनिर्जिताः ॥ ३८ ॥ नयरथमधिरोप्यवासवंनगरमितोव्रजसेनयावृतस्त्वम् ॥ अहमपितवपृष्ठतोद्रुतंसहसचिवैरनुयामिहृष्टवत् ॥ ३९ ॥ अथसबलवृतःसवाहनस्त्रिदशपतिंपरिगृह्यरावणिः ॥ स्वभवनमधिगम्यवीर्यवान्कृतसमरान्विससर्जराक्षसान् ॥ ॥४० इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांड एकोनत्रिंशःसर्गः ॥ २९ ॥ जितेमहेंद्रेऽतिबलेरावणस्यसुतेनवै ॥ प्रजापतिंपुरस्कृत्यययुर्लंकांसुरास्तदा ॥ १ ॥ तत्ररावणमासाद्यपुत्रभ्रातृभिरावृतम् ॥ अब्रवीद्गगनेतिष्ठन्सामपूर्वंप्रजापतिः ॥ २ ॥

लबलशाली स्वर्गपति इन्द्रको और देवताओंको तुमने आज पराजित किया है, इस कारण तुमहीं हमारे वंशके बढानेवाले और कुलके बढानेवाले हो ॥ ३८ ॥ तुम सेनाके साथ इस स्थानसे अपने नगरको चलेजाओ और इंद्रको रथपर चढाय लेजाओ, हमभी हर्षित हो मंत्रियोंके साथ अति शीघ्र तुम्हारे पीछे २ आते हैं॥ ॥ ३९ ॥ इसके उपरान्त वीर्यवान् रावणका पुत्र मेघनाद स्वर्गपति इन्द्रको ग्रहणकर सेना और वाहनोंके सहित अपने गृहमें जाय संग्राम करनेवाले राक्षसोंको अपने गृहमें जानेके लिये बिदा देता हुआ ॥ ४० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकोनत्रिंशः सर्गः ॥ २९ ॥ जब रावणके पुत्र मेघनादसे अति बलवान इन्द्रजी पराजित हुए तब देवता ब्रह्माजीको आगे करके लंकाको गये ॥ १ ॥ उस कालमें ब्रह्माजी पुत्र और

प्रसन्न हुएहैं. अहो ! इसने कैसे आश्चर्यका विक्रम किया है ! ! इसको कैसा बल है, इसका बल तुम्हारी समान वा तुमसे भी अधिक होगा ! ! ॥ ३ ॥ तुमने भी तेजके प्रभावसे समस्त त्रिभुवनको जीतलिया है तुम्हारी प्रतिज्ञाभी सफल हुई है, इस लिये हम, तुम दोनों पिता पुत्रके ऊपर प्रसन्न हुएहैं ॥ ४ ॥ हे रावण ! यह तुम्हारा पुत्र अतिबलवान् है इसलिये संसारमें एक इसका इन्द्रजित नाम होगा ॥५॥ हे राजन् ! तुमने जिसका आश्रय लेकर देवतोंको अपने वशमें कर लियाहै सो तुम्हारा यह राक्षस पुत्र बलवान् और अजीत होगा इसमें कुछ संदेह नहीं॥६॥इसलिये हे महावीर ! तुम पाकशासन इन्द्रको छोडदो और इनके छोडनेमें देवता तुमको क्या

वत्सरावणतुष्टोस्मिपुत्रस्यतवसंयुगे ॥ अहोस्यविक्रमोदार्यंतवतुल्योधिकोपिवा ॥ ३ ॥ जितंहिभवतासर्वंत्रैलोक्यंस्वेनतेजसा ॥ कृताप्रतिज्ञासफलाप्रीतोस्मिससुतस्यते ॥ ४ ॥ अयंचपुत्रोतिबलस्तवरावणवीर्यवान् ॥ जगतींद्रजिदित्येवपरिख्यातोभविष्यति ॥५॥ बलवान्दुर्जयश्चैवभविष्यत्येषराक्षसः ॥ यंसमाश्रित्यतेराजन्स्थापितास्त्रिदशावशे ॥ ६ ॥ तन्मुच्यतांमहाबाहोमहेंद्रःपाकशासनः ॥ किंचास्यमोक्षणार्थायप्रयच्छंतुदिवौकसः ॥ ७ ॥ अथाब्रवीन्महातेजाइंद्रजित्समितिंजयः ॥ अमरत्वमहंदेववृणेयद्येषमुच्यते ॥ ८ ॥ ततोब्रवीन्महातेजामेघनादंप्रजापतिः ॥ नास्तिसर्वामरत्वंहिकस्यचित्प्राणिनोभुवि ॥ ९ ॥ पक्षिणश्चतुष्पदोवाभूतानांवामहौजसाम् ॥ श्रुत्वापितामहेनोक्तमिंद्रजित्प्रभुणाव्ययम ॥ १० ॥ अथाब्रवीत्सतत्रस्थंमेघनादोमहाबलः ॥ श्रूयतांवाभवेत्सिद्धिःशतक्रतुविमोक्षणे ॥ ११ ॥ ममेष्टंनित्यशोहव्यैर्मंत्रैःसंपूज्यपावकम् ॥ संग्राममवतर्तुंचशत्रुनिर्जयकांक्षिणः ॥ १२ ॥

दें सोभी तुम कहो ॥ ७ ॥ इसके उपरान्त समरविजयी महाबलवान् इन्द्रजीत बोला, जो आप इन इन्द्रको छुडवाना चाहतेहैं तो हमको अमर वर दीजिये ॥ ॥ ८ ॥ तब महातेजस्वी ब्रह्माजी इन्द्रजीतसे बोले कि, मेरे उत्पन्न किये कोईभी प्राणी किसीभी कालमें सर्व निमित्तसे अमर नहीं हो सकते ॥ ९ ॥ जैसे पक्षी अथवा चौपाया पशु या महातेजस्वी भूत अर्थात् मनुष्य अमर नहीं हैं. ब्रह्माजीके वचन सुन इन्द्रजीत ॥ १० ॥ जो कि महाबलवान् था ब्रह्माजीसे बोला, कि, इन्द्रके छोडनेसे हमको जो सिद्धियें प्राप्त हों वह तुम सुनो ॥ ११ ॥ विजयके लिये युद्ध करनेकी इच्छा करके जब हम विधिपूर्वक अग्निमें होम

करें ॥ १२ ॥ वहीं हमारे लिये घोडे जुताहुआ रथ अग्निसे निकले, सो जबतक उस रथपर हम चढे रहें तबतक अमर रहें बस यही हमारा निश्चित वर है ॥ ॥ १३ ॥ हे देव! जो वह संग्रामका यज्ञ विनाही समाप्तकिये हम युद्ध करें तब उसी समय संग्राममें हमारा नाश हो ॥ १४ ॥ हे देव ! सबही पुरुष तप करके अमरताको प्राप्त करतेहैं परन्तु हमने विक्रम प्रकाश करके अमरताको पाया ॥ १५ ॥ तब देवपितामह ब्रह्माजी मेघनादसे बोले कि" ऐसाही होगा " तब इन्द्रजीतने इन्द्रको छोड दिया, और देवतागी स्वर्गको चले गये ॥ १६ ॥ हे राम ! इसके उपरान्त इन्द्र अत्यन्त व्याकुल हुए, उनकी देहका लावण्य नष्ट होगया, यह चिन्ता युक्त होकर विचारने लगे ॥ १७ ॥ तब इन्द्रको चिन्ता करताहुआ देख ब्रह्माजी बोले कि, हे इन्द्र ! अब चिन्ता तो करते हो परन्तु ऐसा कुकार्य क्यों किया ?

अश्वयुक्तोरथोमह्यमुत्तिष्ठेत्तुविभावसोः ॥ तत्स्थस्यामरतास्यान्मेएषमेनिश्चितोवरः ॥ १३ ॥ तस्मिन्यद्यसमाप्तेचजप्यहोमेविभावसौ ॥ युद्ध्येयंदेवसंग्रामेतदामेस्याद्विनाशनम् ॥ १४ ॥ सर्वोहितपसादेववृणोत्यमरतांपुमान् ॥ विक्रमेणमयात्वेतदमरत्वंप्रवर्तितम् ॥ १५ ॥ एवमस्त्वितितंचाहवाक्यंदेवःपितामहः ॥ मुक्तश्चेंद्रजिताशक्रोगताश्चत्रिदिवंसुराः ॥ १६ ॥ एतस्मिन्नंतरेरामदीनोभ्रष्टामरद्युतिः ॥ इंद्रश्चिंतापरीतात्माध्यानतत्परतांगतः ॥१७॥ तंतुदृष्ट्वातथाभूतंप्राहदेवःपितामहः ॥ शतक्रतोकिमुपुराकरोतिस्मसुदुष्कृतम् ॥१८॥ अमरेंद्रमयाबुद्ध्याप्रजाःसृष्टास्तथाप्रभो ॥ एकवर्णाःसमाभाषाएकरूपाश्चसर्वशः॥१९॥ तासांनास्तिविशेषोहिदर्शनेलक्षणेपिवा ॥ ततोहमेकाग्रमनास्ताःप्रजाःसमचिंतयम् ॥२०॥ सोहंतासांविशेषार्थंस्त्रियमेकांविनिर्ममे ॥ यद्यत्प्रजानांप्रत्यंगंविशिष्टंतत्तदुद्धृतम् ॥ २१ ॥ ततोमयारूपगुणैरहल्यास्त्रीविनिर्मिता ॥ हलंनामेहवैरूप्यंहल्यंतत्प्रभवंभवेत् ॥ २२ ॥ यस्यानविद्यतेहल्यंतेनाहल्येतिविश्रुता ॥ अहल्येत्येवचमयातस्यानामप्रकीर्तितम् ॥ २३ ॥ निर्मितायांचदेवेंद्रतस्यांनार्यांसुरर्षभ ॥ भविष्यतीतिकस्यैषाममचिंताततोभवत् ॥ २४ ॥

॥ १८ ॥ हे देवराज ! हमने संकल्पसे कुछ एक प्रजाओंको उत्पन्न कियाथा उनका वर्ण, वाक्य, रूप सब एक प्रकारका था ॥ १९ ॥ उनके आकारमें या लक्षणमें कोई भेद नहीं था; फिर हम एक मनसे उन सब प्रजाके विषयमें चिन्ता करने लगे ॥ २० ॥ फिर सोच विचार हमने उनमें विशेष होनेके लिये एक स्त्री बनाई, उस स्त्रीके बनानेमें यह युक्ति की कि, सब प्रजाके उत्तम २ अंगोंमेंसे सार भाग निकाल २ ॥ २१ ॥ अति रूपवती महागुणवती अहल्या नाम स्त्री बनाई ! "हल शब्दका अर्थ विरूपता, उस विरूपतामें जो निन्दा जन्मती है; उसका नाम हल्य" है ॥ २२ ॥ जिसमें हल्य अर्थात् विरूपता विद्यमान नहीं है; यह अहल्या कहलाई जाती है, इस कारण हमने उस स्त्रीका अहल्या नाम प्रकाशित किया ॥ २३ ॥ हे देवश्रेष्ठ ! हे इन्द्र ! उस नारीके उत्पन्न होनेपर

॥ २५ ॥ तब हमने उसको महात्मा गौतमजीके पास धरोहरकी भाँति रखदिया, गौतमजीने बहुत दिनोंके पीछे उसको हमारे हाथमें सौंप दिया ॥२६॥
हमने उन महामुनि गौतमजीकी इंद्रियोंका जीतना और तपकी सिद्धिको विचार अहल्याको उनकी भार्या बनानेको देदिया ॥ २७ ॥ इसके उपरान्त अहल
महर्षि गौतमजी सुखसे काल बितानेलगे, इसप्रकारसे जब हमने अहल्याको गौतमजीकी स्त्री बनाया तब सब देवता निराश होगये ॥ २८ ॥ परन्तु कामके वश
क्रोधित होकर तुमने मुनि गौतमजीके आश्रममें जायकर देखा कि, अहल्या अग्निकी चिताके समान दीप्ति पाय रहीहै ॥२९॥ तब तुमने कामदेवसे उन्मत्तहो

त्वंतुशक्रतदानारींजानीषेमनसाप्रभो ॥ स्थानाधिकतयापत्नींममेषेतिपुरंदर ॥२५॥ सामयान्यासभूतातुगौतमस्यमहात्मनः॥ न्यस्ताव
णितेननिर्यातिताचह ॥ २६ ॥ ततस्तस्यपरिज्ञायमहास्थैर्यंमहामुनेः ॥ ज्ञात्वातपसिसिद्धिंचपत्न्यर्थंस्पर्शितातदा ॥२७॥ सतयासह
रमतेस्ममहामुनिः ॥ आसन्निराशादेवास्तुगौतमेदत्तयातया ॥ २८ ॥ त्वंक्रुद्धस्त्विहकामात्मागत्वातस्याश्रमंमुनेः ॥ दृष्टवांश्चतदातांस्त्री
ग्निशिखामिव ॥ २९ ॥ सात्वयाधर्षिताशक्रकामार्तेनसमन्युना ॥ दृष्टस्त्वंसतदातेनआश्रमेपरमर्षिणा ॥ ३० ॥ ततःक्रुद्धेनतेनासि
मतेजसा ॥ गतोसियेनदेवेंद्रदशाभागविपर्ययम् ॥ ३१ ॥ यस्मान्मेधर्षितापत्नीत्वयावासवनिर्भयात् ॥ तस्मात्त्वंसमरेशक्रशत्रुहस्तंग
॥ ३२ ॥ अयंतुभावोदुर्बुद्धेयस्त्वयेहप्रवर्तितः ॥ मानुषेष्वपिलोकेषुभविष्यतिनसंशयः ॥ ३३ ॥ तत्रार्धंतस्ययःकर्तात्वय्यर्धंनिपति
॥ नचतेस्थावरंस्थानंभविष्यतिनसंशयः ॥ ३४ ॥ यश्चयश्चसुरेंद्रःस्याद्ध्रुवःसनभविष्यति ॥ एषशापोमयामुक्तइत्यसौत्वांतदाब्रवीत् ॥ ३५ ॥

उसके सतीधर्मको हरण किया, जिसकाल गौतमजीने आश्रममें तुमको देखपाया ॥ ३० ॥ तुमको देखकर महामुनि गौतमजीने क्रोधित हो तुमको यह
कि, तुम्हारी विपरीत दशा होजायगी ॥ ३१ ॥ तुमने भयरहित होकर हमारी स्त्रीका सतीधर्म हरण कियाहै इसलिये तुम युद्धमें शत्रुकरके बांधे जाओगे ॥ ३२ ॥
दुर्बुद्धे ! तुमने इस लोकमें जो यह दुर्नीति चलाई तो तुम्हारे दोषसे मनुष्यलोकमेंभी यह जारपन चलेगा; इसमें कुछ संशय नहीं है ॥ ३३ ॥ जो पुरु
करेगा, तो उस पापका आधा अंश तो उस पुरुषको होगा, और आधा अंश तुम्हारे ऊपर पडेगा, और तुम्हारा स्थान स्थिर नहीं रहेगा ॥ ३४ ॥ और
इन्द्र होगा वह स्थिर नहीं रहेगा । और हमनेभी तुमको यही शाप दिया है; जब प्रजापति ब्रह्माजीने इन्द्रजीसे ऐसा कहा ॥ ३५ ॥

जिसके पीछे वह महातपस्वी गौतमजी अपनी स्त्रीकी अत्यन्त निन्दा करते हुए बोले कि, हे दुर्विनीते ! हमारे आश्रमके समीपही तुम स्वरूपविहीन होकर रहोगी ॥ ३६ ॥ तुम रूप यौवन सम्पन्न होनेके कारणभी स्थिर नहीं रही असन्मार्गको अवलंबन किया अधिक करके तुम इसलोकमें केवल अकेलीही रूपवती थी परन्तु अब ऐसा न होगा ॥ ३७ ॥ इस एक जगह टिकेहुए रूपको आश्रय करकेही इन्द्रको यह शरीरविकार उत्पन्न हुआहै इस कारण तुम्हारा रूप सब प्रजाओंको प्राप्त होगा इसमें कुछ संदेह नहीं ॥ ३८ ॥ तबसेही प्रजा अधिक रूपवती होतीहै, तब अहल्या महर्षि गौतमजी मुनिको प्रसन्न करने लगी ॥ ३९ ॥ हे विप्रश्रेष्ठ ! स्वर्गवासी इन्द्रने तुम्हारा रूप धारण करके अज्ञानके वशहो हमसे बलात्कार कियाहै. कुछ हमारी कामेच्छासे ऐसा नहीं हुआ है सो हे विप्रश्रेष्ठ ! आप प्रसन्न होइये

तांतुभार्यांसुनिर्भर्त्स्यसोऽब्रवीत्सुमहातपाः ॥ दुर्विनीतेविनिध्वंसममाश्रमसमीपतः ॥ ३६ ॥ रूपयौवनसंपन्नायस्मात्त्वमनवस्थिता ॥ तस्माद्रूपवतीलोकेनत्वमेकाभविष्यति ॥ ३७ ॥ रूपंचतेप्रजाःसर्वागमिष्यतिनसंशयः ॥ यत्तदेकंसमाश्रित्यविभ्रमोयमुपस्थितः ॥ ॥ ३८ ॥ तदाप्रभृतिभूयिष्ठंप्रजारूपसमन्विता ॥ सातंप्रसादयामासमहर्षिंगौतमंतदा ॥ ३९ ॥ अज्ञानाद्धर्षिताविप्रत्वद्रूपेणदिवौकसा ॥ नकामकाराद्विप्रर्षेप्रसादंकर्तुमर्हसि ॥ ४० ॥ अहल्ययात्वेवमुक्तःप्रत्युवाचसगौतमः ॥ उत्पत्स्यतिमहातेजाइक्ष्वाकूणांमहारथः ॥ ४१ ॥ रामोनामश्रुतोलोकेवनंचाप्युपयास्यति ॥ ब्राह्मणार्थेमहाबाहुर्विष्णुर्मानुषविग्रहः ॥ ४२ ॥ तंद्रक्ष्यसितदाभद्रेततःपूताभविष्यसि ॥ सहि पावयितुंशक्तस्त्वयायद्दुष्कृतंकृतम् ॥ ४३ ॥ तस्यातिथ्यंचकृत्वावैमत्समीपंगमिष्यसि ॥ वत्स्यसित्वंमयासार्धंतदाहिवरवर्णिनि ॥ ४४ ॥ एवमुक्त्वासविप्रर्षिराजगामस्वमाश्रमम् ॥ तपश्चचारसुमहत्सापत्नीब्रह्मवादिनः ॥ ४५ ॥ पापोत्सर्गाद्धितस्येदंमुनेःसर्वमुपस्थितम् ॥ तत्स्त्वंमहाबाहोदुष्कृतंयत्त्वयाकृतम् ॥ ४६ ॥

॥ ४० ॥ वह गौतमजी अहल्याके ऐसे वचन सुनकर बोले कि, महावीर विष्णुजी मनुष्य देह धारण करके इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न होंगे वह महातेजस्वी महारथी लोकमें रामनामसे विख्यात होंगे और विश्वामित्रजीका कार्य सिद्ध करनेको वह वनमें आवेंगे ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ हे भद्रे ! उनका दर्शन पानेसे तुम्हारे पाप दूर होंगे वह श्रीरामचन्द्रजीही तुम्हारा किया हुआ पाप दूर कर सकेंगे ॥ ४३ ॥ हे श्रेष्ठ वर्णवाली ! उनकी पहुनई करके तुम जब हमारे निकट आओगी फिर तुम हमारे संग रहसकोगी ॥ ४४ ॥ यह कहकर फिर वह ब्रह्मर्षि अपने आश्रमको चले गये । तबसे इन ब्रह्मवादीकी स्त्री अहल्यानेभी बडा तप करना आरंभ किया ॥ ४५ ॥ हे इन्द्र ! उन मुनिके शाप देनेसेही तुम्हारी यह दशा हुईहै । [illegible] किये कुकार्यको अब

याद करो ॥ ४६ ॥ हे इन्द्र ! . शापके कारण शत्रुने तुमको बाधा और कोई कारण नहीं है, इस समय तुम शीघ्र नियमके साथ वैष्णवयज्ञका आरंभ करो ॥ ॥ ४७ ॥ उस यज्ञके करनेपर शुद्ध होकर तुम फिर देवलोकमें जासकोगे. हे देवराज ! युद्धमें तुम्हारा पुत्र जयन्त मारा नहीं गयाहै ॥ ४८ ॥ वरन् पुलोमा उसका नाना उसको लेकर महासमुद्रमें चलागयाहै, यह सुन इन्द्र यथाविधिसे वैष्णवयज्ञ कर ॥ ४९ ॥ फिर स्वर्गको चलेगये और फिर देवराज होकर राज्य करनेलगे. इन्द्र जितके बलकी कथा हमने तुमसे कही ॥ ५० ॥ और प्राणीकी तो बातही क्याहै उसने तो देवराज इन्द्रकोभी जीतलिया था तब राम लक्ष्मणजीने कहा कि यह तो बडे आश्चर्यकी बातहै ॥ ५१ ॥ अगस्त्यजीके वचन सुनकर वानर, राक्षसगण व विभीषणजीभी श्रीरामचन्द्रजीके निकट आय यह बोले कि ॥ ५२ ॥

तेनत्वंग्रणंहशत्रोर्यातोनान्येनवासव ॥ शीघ्रंवैयजयज्ञंत्वंवैष्णवंसुसमाहितः ॥ ४७ ॥ पावितस्तेनयज्ञेनयास्यसेत्रिदिवंततः ॥ पुत्रश्चतवदेवेंद्र नविनष्टोमहारणे ॥ ४८ ॥ नीतःसन्निहितश्चैवआर्यकेणमहोदधौ ॥ एतच्छ्रुत्वामहेंद्रस्तुयज्ञमिष्ट्वाचवैष्णवम् ॥ ४९ ॥ पुनस्त्रिदिवमाक्रामदन्व शासच्चदेवराट् ॥ एतदिंद्रजितोनामबलंयत्कीर्तितंमया ॥ ५० ॥ निर्जितस्तेनदेवेंद्रःप्राणिनोन्येतुकिंपुनः ॥ आश्चर्यमितिरामश्चलक्ष्मणश्चाब्रवी त्तदा ॥ ५१ ॥ अगस्त्यवचनंश्रुत्वावानरराक्षसास्तदा ॥ विभीषणस्तुरामस्यपार्श्वस्थोवाक्यमब्रवीत् ॥ ५२ ॥ आश्चर्यंस्मारितोस्म्यद्ययत्तद्दृष्टं पुरातनम् ॥ अगस्त्यंत्वब्रवीद्रामःसत्यमेतच्छ्रुतंचमे ॥ ५३ ॥ एवंरामसमुद्भूतोरावणोलोककंटकः ॥ सपुत्रोयेनसंग्रामेजितःशक्रःसुरेश्वरः ॥ ॥ ५४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे त्रिंशः सर्गः ॥ ३० ॥ ततोरामोमहातेजाविस्मयात्पुनरेवहि ॥ उवाच प्रणतोवाक्यमगस्त्यमृषिसत्तमम् ॥ १ ॥ भगवन्राक्षसःक्रूरोयदाप्रभृतिमेदिनीम् ॥ पर्यटत्किंतदालोकाःशून्याआसन्द्विजोत्तम ॥ २ ॥ राजा वाराजपुत्रोवाकिंतदानात्रकश्चन ॥ धर्षणंयत्रनप्राप्तोरावणोराक्षसेश्वरः ॥ ३ ॥

आश्चर्य है, फिर विभीषणजी बोले कि, बहुत कालके पीछे आज हमको फिर पुरानी बातें याद आगईं, तब श्रीरामचन्द्रजीने अगस्त्यजीसे कहा कि आपने जो कहा यह सत्यहै विभीषणजीके निकट हमने यह सब वृत्तान्त सुना था ॥५३॥ अगस्त्यजीने कहा, हे राम ! जिस रावणने सुरपति इन्द्रजीको उनके पुत्र जयन्तके साथ संग्राममें हरा दिया, वह लोककण्टक रावण इस प्रकारसे उत्पन्न हुआ था ॥५४॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां त्रिंशः सर्गः ॥३०॥ इसके उपरान्त महातेजस्वी श्रीरामचन्द्रजी प्रणामकर विस्मययुक्तहो फिर ऋषिश्रेष्ठ अगस्त्यजीसे बोले ॥ १ ॥ हे ब्राह्मणश्रेष्ठ ! हे भगवन् ! क्रूर स्वभाववाला राक्षस रावण जिस कालमें पृथ्वीपर घूमताथा तब क्या पृथ्वीपर कोई वीर नहींथा ? ॥२॥ राक्षसराज रावणको दंड देनेके लायक क्या कोई राजा या राजपुत्र उस

उत्ताहोद्धतवीर्यास्तेवभूवुःपृथिवीक्षितः ॥ वहिष्कृतावरास्त्रैश्चवहवोनिर्जितानृपाः ॥ ४ ॥ राघवस्यवचःश्रुत्वाअगस्त्योभगवानृषिः ॥ उवाचरामंप्रहसन्पितामहइवेश्वरम् ॥ ५ ॥ इत्येवंबाधमानस्तुपार्थिवान्पार्थिवर्षभ ॥ चचाररावणोरामपृथिवींपृथिवीपते ॥६॥ ततोमाहिष्मतींनामपुरींस्वर्गपुरीप्रभाम् ॥ संप्राप्तोयत्रसान्निध्यंसदासीद्वसुरेतसः ॥७॥ तुल्यआसीन्नृपस्तस्यप्रभावाद्वसुरेतसः ॥ अर्जुनोनामयत्राग्निःशरकुंडेशयःसदा ॥८॥ तमेवदिवसंसोथहैहयाधिपतिर्वली ॥ अर्जुनोनर्मदांरंतुंगतःस्त्रीभिःसहेश्वरः ॥९॥ तमेवदिवसंसोथरावणस्तत्रआगतः ॥ रावणोराक्षसेंद्रस्तुतस्यामात्यानपृच्छत ॥१०॥ क्वार्जुनोनृपतिःशीघ्रंसम्यगाख्यातुमर्हथ ॥ रावणोहमनुप्राप्तोयुद्धेप्सुर्नृवरेणह ॥११॥ ममागमनमप्यग्रेयुष्माभिःसन्निवेद्यताम् ॥ इत्येवंरावणेनोक्तास्तेमात्याःसुविपश्चितः ॥१२॥ अब्रुवन्राक्षसपतिमसान्निध्यंमहीपतेः ॥ श्रुत्वाविश्रवसःपुत्रःपौराणामर्जुनंगतम् ॥१३॥ अपसृत्यागतोविंध्यंहिमवत्सन्निभंगिरिम् ॥ सतमभ्रमिवाविष्टमुद्भ्रांतमिवमेदिनीम् ॥१४॥ अपश्यद्रावणोविंध्यमालिखंतमिवांबरम् ॥ सहस्रशिखरोपेतंसिंहाध्युषितकंदरम् ॥ १५ ॥ प्रपातपतितैःशीतैःसाट्टहासमिवांबुभिः ॥ देवदानवगंधर्वैःसाप्सरोभिःसकिन्नरैः ॥ १६ ॥

समय पृथ्वीपर नहीं था ॥ ३ ॥ क्या उस समय सब महीपालोंका तेज बल जाता रहाथा ? हमने सुनाहै कि, श्रेष्ठ अस्त्रोंके प्रभावसे रावणने स्वर्गको राजाओंको निकाल दियाथा ॥ ४ ॥ भगवान् अगस्त्यजी श्रीरामचन्द्रजीके वचन सुन रामचन्द्रजीसे बोले कि, जैसे ब्रह्माजी हँसकर ईश्वरसे बोलते हैं ॥ ५ ॥ हे पृथ्वीनाथ! राजश्रेष्ठ राम! इसप्रकार राजाओंको पीडित करताहुआ रावण पृथ्वीपर घूमने लगा ॥ ६ ॥ स्वर्गपुरीकी समान प्रभावाली एक माहिष्मती नाम पुरी है, इस पुरीमें सदा अग्निदेवता वास करते हैं ॥ ७ ॥ इस पुरीके राजाका नाम अर्जुनथा, यह अर्जुन अग्निके समान तेजस्वी था, स्थापित अग्नि सदा नगरीमें पलता रहता था ॥ ८ ॥ हैहयाधिपति बलवान् राजा अर्ज्जुन स्त्रियोंके सहित जिस दिन नर्मदा नदीमें जलविहार करनेको गयाथा ॥ ९ ॥ उसी दिन राक्षसोंका राजा रावण वहांपर जाय उन महाराजके मंत्रियोंसे पूछता हुआ कि ॥ १० ॥ " नरनाथ अर्ज्जुन कहांहै ? " तुम अतिशीघ्र उससे जायकर कहो कि, मैं " रावण राजाके साथ संग्राम करनेकी वासनासे आया हूं " ॥ ११ ॥ तुम सबसे पहले हमारे आनेका समाचार उससे कहो; राजाके मंत्रियोंने रावणके यह वचन सुन ॥ १२ ॥ रावणसे कहा कि, इस समय महाराज पुरीमें नहीं हैं । विश्रवाका पुत्र रावण पुरवासियोंसे अर्ज्जुनका जाना सुन ॥ १३ ॥ पुरीमें बाहर निकल हिमालयकी समान विन्ध्याचलपर आया उस पर्वतको मेघकी समान पृथ्वीपर टिकारक्खा रावण देखता हुआ ॥ १४ ॥ वह हजार शृंगवाला विन्ध्याचल मानों आकाशको स्पर्शही करना चाहता था, उसकी कंदरामें सिंह वास करते थे ॥ १५ ॥ सैकडों श्वेतवर्णके झरने उस पर्वतसे गिर रहे थे मानो

१ त २ तल जलके शब्द ' ठठायकर हँस रहा है । व, दानव, गन्ध , अप्सरा, केन्नर ॥ १६ ॥ अपनी २ स्त्रियोंके संग क्रीडा कर रहे थे, कि जिसमे वह स्थानभी स्वर्गकी समान शोभायमान हो रहा था. स्फटिककी समान निर्मल जलवाली नदियें वहां वह रही थीं ॥ १७ ॥ तिनके वहनेसे वह पर्वत चंचल जीभ वाले हजार सर्पराजोंकी समान शोभायमान हो रहा था, हिमालयपर्वतकी समान ऊंचा, गुफायुक्त पर्वत ॥ १८ ॥ विन्ध्याचलको देखते २ राक्षसराज रावण नर्म दाको चला गया इस पुण्यजलवाली पश्चिमसागरमें गिरती हुई नर्मदाका जल पत्थरके टुकडोंपर अतितेजीसे वह रहा था ॥ १९ ॥ ग्रीष्मके सताये महिष, मृग, सिंह, व्याघ्र, रीछ और गजराज सबही घुसकर उस नर्मदाके जलको मथ रहेथे ॥ २० ॥ चकवे, कारण्डव, हंस, जलमुरगा और सारस सब इस नदीको ढकेहुए सदा मतवालेपनसे शब्द कर रहे थे ॥ ॥ २१ ॥ मनमोहिनी नर्मदा नदी मानो वरवर्णिनी कामिनीकी समान कान्ति धारण किये हुएथी. खिलेहुए वृक्षही

स्वस्त्रीभिःक्रीडमानैश्चस्वर्गभूतंमहोच्छ्रयम् ॥ नदीभिःस्यंदमानाभिःस्फटिकप्रतिमंजलम् ॥ १७ ॥ फणाभिश्चलजिह्वाभिरनंतमिवविष्ठितम् ॥ उत्क्रामंतंदरीवंतंहिमवत्सन्निभंगिरिम् ॥ १८ ॥ पश्यमानस्ततोविंध्यंरावणोनर्मदांययौ ॥ चलोपलजलांपुण्यांपश्चिमोदधिगामिनीम् ॥ १९ ॥ महिषैःसृमरैःसिंहैःशार्दूलर्क्षगजोत्तमैः ॥ ऊष्माभितप्तैस्तृषितैःसंक्षोभितजलाशयाम् ॥२०॥ चक्रवाकैःसकारंडैःसहंसजलकुक्कुटैः ॥ सारसैश्चस दामत्तैःकूजद्भिःसुसमावृताम् ॥ २१ ॥ फुल्लद्रुमकृतोत्तंसांचक्रवाकयुगस्तनीम् ॥ विस्तीर्णपुलिनश्रोणींहंसावलिसुमेखलाम् ॥ २२ ॥ पुष्परेणवनु लिप्तांगींजलफेनामलांशुकाम् ॥ जलावगाहसुस्पर्शांफुल्लोत्पलशुभेक्षणाम् ॥ २३ ॥ पुष्पकादवरुह्याशुनर्मदांसरितांवराम् ॥ इष्टामिववरांनारीम वगाह्यदशाननः ॥ २४ ॥ सतस्याःपुलिनेरम्येनानामुनिनिषेविते ॥ उपोपविष्टःसचिवैःसार्धंराक्षसपुंगवः ॥ २५ ॥ प्रख्यायनर्मदांसोथगंगेयमि तिरावणः ॥ नर्मदादर्शनेहर्षमाप्तवान्सदशाननः ॥ २६ ॥ उवाचसचिवांस्तत्रसलीलंशुकसारणौ ॥ एषरश्मिसहस्रेणजगत्कृत्वेवकांचनम् ॥२७॥

उसके गहने, चक्रवाकोंके जोडेही उसके स्तन, विस्तारित मैदानही उसके नितम्ब, और हंसोंकी कतारही उस नदीकी मेखला थी ॥ २२ ॥ फूलोंका पराग उसके शरीरका अंगराग था; जलमेंके झागही उसके श्वेत वस्त्र थे; स्नानका सुख इसके लिये स्पर्शसुख था, फूलेहुए कमल इसके शोभायमान नेत्र थे ॥ २३ ॥ रावण पुष्पकविमानसे उतरकर उत्तमा प्रियतमा स्त्रीकी समान सरितश्रेष्ठ नर्मदा नदीमें अति शीघ्र स्नान करता हुआ ॥ २४ ॥ इसके उपरान्त राक्षसश्रेष्ठ रावण अपने मंत्रियोंके साथ अनेक मुनिजनोंसे सेवित; उस नदीकी रमणीक रेतीमें बैठा ॥ २५ ॥ दशानन रावण गंगाकी समान कह नदीकी प्रशंसा करके व उसके दर्शनसे हर्ष प्राप्त करता हुआ ॥ २६ ॥ तिसकालमें लीलापूर्वक हँसकर मारीच, शुक, सारण मंत्रियोंसे रावण बोला कि देखो आपनी ...

तीक्ष्ण ताप देनेवाले सूर्य आकाशमें विराजमान होरहेहैं परन्तु देखो हमको यहां बैठा हुआ जान मानो, चन्द्रमाकी समान शीतल किरणवाले होगये ॥ २८ ॥ यह पवन नर्मदाका जल छूकर शीतल और सुगन्धि होनेके कारण सबका श्रम हरण करताहै परन्तु हमारे भयके मारे इस समय यहभी सावधान होकर चल रहाहै ॥ ॥ २९ ॥ नाके, मछलियें और तरंगोंसे व्याप्त यह श्रेष्ठ नर्मदा नदी हमारे सुखकी बढोतरी करती हुई डरीहुई स्त्रीकी समान जान पडती है ॥ ३० ॥ इन्द्रके समान पराक्रमी राजाओंके प्रहारोंसे तुम लोग घायल हुए हो; इससे चंदनके रसकी समान रुधिरकी धारा तुम्हारे सब अंगोंमें लगीहुई है ॥ ३१ ॥ अतएव सार्वभौम इन्द्रादि मतवाले महागज जैसे गंगाजीमें स्नान करतेहैं वैसेही तुम सुखकी देनेवाली कल्याणकारिणी नर्मदा नदीमें स्नान करो ॥ ३२ ॥ और इस महानदीमेंनहायकर पापोंको

तीक्ष्णतापकरःसूर्योनभसोमध्यमास्थितः ॥ मामासीनंविदित्वैवचंद्रायतिदिवाकरः ॥२८॥ नर्मदाजलशीतश्चसुगंधिःश्रमनाशनः ॥ मद्भयादनिलोह्येपवात्यसौसुसमाहितः ॥२९॥ इयंवापिसरिच्छ्रेष्ठानर्मदाशर्मवर्धिनी ॥ नक्रमीनविहंगोर्मिःसभयेवांगनास्थिता ॥ ३० ॥ तद्भवंतःक्षताःशस्त्रैर्नृपैरिंद्रसमैर्युधि ॥ चंदनस्यरसेनेवरुधिरेणसमुक्षिताः ॥ ३१ ॥ तेयूयमवगाहध्वंनर्मदांशर्मदांशुभाम् ॥ सार्वभौममुखामत्तागंगामिवमहागजाः ॥ ॥३२॥ अस्यांस्नात्वामहानद्यांपाप्मनोविप्रमोक्ष्यथ ॥ अहमप्यत्रपुलिनेशरदिंदुसमप्रभे ॥ ३३ ॥ पुष्पोपहारंशनकैःकरिष्यामिकपर्दिनः॥ रावणेनैवमुक्तास्तुप्रहस्तशुकसारणाः ॥ ३४ ॥ समहोदरधूम्राक्षानर्मदांविजगाहिरे ॥ राक्षसेंद्रगजैस्तैस्तुक्षोभितानर्मदानदी ॥ ३५ ॥ वामनजनांपद्मायैर्गंगाइवमहागजैः ॥ ततस्तेराक्षसाःस्नात्वानर्मदायांमहाबलाः ॥३६॥ उत्तीर्यपुष्पाण्याजह्रुर्बल्यर्थंरावणस्यतु ॥ नर्मदापुलिनेहृद्येशुभ्राभ्रसदृशप्रभे ॥ ३७ ॥ राक्षसैस्तुमुहूर्तेनकृतःपुष्पमयोगिरिः ॥ पुष्पेपूपहृतेष्वेवंरावणोराक्षसेश्वरः ॥ ३८ ॥ अवतीर्णोनदींस्नातुंगंगामिवमहागजः ॥ तत्रस्नात्वाचविधिवज्जप्त्वाजप्यमनुत्तमम् ॥ ३९ ॥ नर्मदासलिलात्तस्मादुत्ततारसरावणः ॥ ततःक्लिन्नांबरंत्यक्त्वाशुक्लवस्त्रसमावृतः ॥ ४० ॥

दूर करो और हमभी अब शरद्ऋतुके चंद्रमाकी समान प्रभायुक्त रेतीमें ॥ ३३ ॥ कपर्दी महादेवजीकी पूजा करनेके अर्थ फूलोंकी भेंटको सजाते हैं. रावणके यह वचन सुनकर, प्रहस्त, शुक, सारण, ॥३४॥ महोदर, धूम्राक्ष इत्यादि मंत्रिगण नर्मदाके जलमें स्नान करतेहुए राक्षसपतिरूप हाथियोंने नर्मदा नदीको सलबला डाला ॥ ३५ ॥ जैसे वामन, अंजन और पद्म नामक महादिग्गज गंगाजीको चलायमान करतेहैं, फिर वह महाबलवान् राक्षसगण नर्मदा नदीमें स्नान करके ॥ ॥ ३६ ॥ किनारेपर आय रावणकी पूजा करनेके अर्थ फूल बीननेलगे. श्वेत बादलकी समान श्वेतवर्णवाली नर्मदा नदीकी रेतीमें ॥ ३७ ॥ राक्षसोंने एक मुहूर्त भरके बीचमें फूलोंका ढेर पर्वतकी समान करदिया जब फूल आगये तब राक्षसपति रावण ॥ ३८ ॥ स्नान करनेके लिये नर्मदा नदीमें उतरा जैसे गंगाजीके जलमें महागज स्नान करता है तब वह रावण स्नान करके अतिश्रेष्ठ जपने योग्य मंत्रका जपकरके जलसे निकला ॥ ३९ ॥ रावण नर्मदा नदीके जलसे निकल भीगे वस्त्रोंको

सुवर्णका शिवलिंग लिये जाते थे ॥ ४२ ॥ इसके उपरान्त रावण रेतीकी वेदी पर इस शिवलिंगको स्थापनकर अमृतके समान सुगन्धियुक्त गन्ध, और फूलोंसे महादेवजीकी पूजा करने लगा ॥ ४३ ॥ साधु लोगोंके क्लेशका नाश करनेवाले, वरदाई, चन्द्रभूषण प्रभु महादेवजीकी सर्वप्रकारसे पूजा कर वह निशाचर रावण सब हाथ फैलाय नृत्य और गान करने लगा ॥ ४४ ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकत्रिंशः सर्गः ॥ ३१ ॥ ॥ राक्षसश्रेष्ठ रावणने पुण्यजलवाली नर्मदा नदीके तीर जिस स्थानमें भेंट देनेके लिये फूलोंका ढेर इकट्ठा कियाथा ॥ १ ॥ उसकेही निकटमें माहिष्मतीका राजा

रावणंप्रांजलिंयांतमन्वयुःसर्वराक्षसाः ॥ तद्गतीवशमापन्नामूर्तिमंतइवाचलाः ॥४१॥ यत्रयत्रचयातिस्मरावणोराक्षसेश्वरः॥ जांबूनदमयंलिंगंतत्रत त्रस्मनीयते ॥ ४२ ॥ वालुकावेदिमध्येतुतल्लिंगंस्थाप्यरावणः ॥ अर्चयामासगंधैश्चपुष्पैश्चामृतगंधिभिः ॥ ४३ ॥ ततःसतामार्तिहरंपरंवरंवरप्रदं चंद्रमयूखभूषणम् ॥ समर्चयित्वासनिशाचरोजगौप्रसार्यहस्तान्प्रणनर्तचाग्रतः॥४४॥इत्यार्षे श्रीमद्रामायणेवाल्मीकीयआदिकाव्यउत्तरकांडएक त्रिंशःसर्गः॥३१॥ नर्मदापुलिनेयत्रराक्षसेंद्रःसदारुणः॥पुष्पोपहारंकुरुतेतस्माद्देशाददूरतः ॥१॥ अर्जुनोजयतांश्रेष्ठोमाहिष्मत्याःपतिःप्रभुः॥क्रीड तेसहनारीभिर्नर्मदातोयमाश्रितः॥२॥ तासांमध्यगतोराजारराजचतदार्जुनः॥ करेणूनांसहस्रस्यमध्यस्थइवकुंजरः॥३॥ जिज्ञासुःसतुबाहूनांसहस्र स्योत्तमंबलम् ॥ रुरोधनर्मदावेगंबाहुभिर्बहुभिर्वृतः ॥४॥ कार्तवीर्यभुजासक्तंतज्जलंप्राप्यनिर्मलम् ॥ कूलोपहारंकुर्वाणंप्रतिस्रोतःप्रधावति ॥५॥

विजयिश्रेष्ठ भाग्यवान नरश्रेष्ठ अर्जुन बहुतसारी स्त्रियोंके साथ नर्मदाके जलमें विहार करता था ॥२॥ उस कालमें राजा अर्जुन उन स्त्रियोंके मध्यमें कैसा शोभायमान होरहा, कि मानों हजार हथिनियोंमें एक गजराज शोभित हो ॥ ३ ॥ वह राजा अपनी हजार भुजाओंका उत्तम बल जाननेका अभिलाषीहो बहुत बांहोंसे रूंधकर नर्मदाके वेगको रोकने लगा ॥ ४ ॥ कार्तवीर्य अर्जुनने जब बांहोंके समूहसे नर्मदाके जलको रोका तब वह जल किनारेपर उफलता हुआ उलटा बहने

❀ भैरवी ॥ भज रे मन भूतनाथ भव भव भय वारण । आदि देव शूलपाणि त्रिपुरासुर मारण ॥१॥ पहरे दृढ वाघ छाल, लट पट जट जूट जाल, कालरूप काल काल, भक्तन जन तारण ॥ २ ॥ भजरे०॥ गङ्गाधर चन्द्रभाल, लोकनाथ लोकपाल, दीन शरण शिव दयाल, व्याल माल धारण ॥ ३ ॥ भजरे०॥ डिम डिम डिम डमरू बोल, श्रवणन कुंडल अमोल, राजत छवि अति अतोल " मिश्र " काज सारण ॥ ॥ ४ ॥ भजरे मन भूतनाथ भव भव भय वारण ॥

लगा ॥ ५ ॥ मच्छ, नाके, फूल, व कुशोंसे शोभित नर्मदाके जलका वेग वर्षाकालकी समान प्रकाशित होनेलगा ॥ ६ ॥ उस जलके वेगने कार्तवीर्य ... मानों भेजाही जायकर रावणके उन सब फूलोंको बहाय दिया जिनको उसने शिवजीकी पूजाके लिये इकट्ठा किया था ॥ ७ ॥ तिस कालमें रावणकी ... समाप्त नहीं हुईथी तब रावणने अधबिचसेही पूजाको छोड दिया, और वह प्रतिकूल कामनीकी समान नर्मदा नदीको देखने लगा ॥ ८ ॥ उसने देखा कि ... नदी पश्चिमकी ओरको ज्वारकी समान बढकर पूर्वकी ओरको बही आतीहै ॥ ९ ॥ विकार रहित कामनीकी समान नर्मदा नदी अत्यन्त स्थिरभावसे विराजमान ... इसकारण पक्षिगण वहां विना उद्वेगके शोभायमान थे ॥ १० ॥ वह रावण मुखसे शब्द न करके नर्मदा नदीके वेगका कारण जाननेके लिये दाहिनी हाथकी उंगली ...

समीननक्रमकरःसपुष्पकुशसंस्तरः ॥ सनर्मदांभसोवेगःप्रावृट्कालइवाबभौ ॥ ६ ॥ सवेगःकार्तवीर्येणसंप्रेपितइवांभसः ॥ पुष्पोपहारंस... लंरावणस्यजहारह ॥ ७ ॥ रावणोर्धसमाप्तंतमुत्सृज्यनियमंतदा ॥ नर्मदांपश्यतेकांतांप्रतिकूलांयथाप्रियाम् ॥ ८ ॥ पश्चिमेनतुतंदृष्ट्वासागरो... रसन्निभम् ॥ वर्धंतमंभसोवेगंपूर्वामाशांप्रविश्यतु ॥ ९ ॥ ततोनुद्भ्रांतशकुनांस्वभावेपरमेस्थिताम् ॥ निर्विकारांगनाभासामपश्यद्रावणोन... दीम् ॥ १० ॥ सव्येतरकरांगुल्याह्यशब्दास्योदशाननः ॥ वेगप्रभवमन्वेष्टुंसोदिशच्छुकसारणौ ॥ ११ ॥ तौतुरावणसंदिष्टौभ्रातरौशुक... सारणौ ॥ व्योमांतरगतौवीरौप्रस्थितौपश्चिमामुखौ ॥ १२ ॥ अर्धयोजनमात्रंतुगत्वातौरजनीचरौ ॥ पश्येतांपुरुषंतोयेक्रीडंतंसहयोषितम् ॥ १३ ॥ बृहत्सालप्रतीकाशंतोयव्याकुलमूर्धजम् ॥ मदरक्तांतनयनंमदव्याकुलचेतसम् ॥ १४ ॥ नदींबाहुसहस्रेणरुंधंतमरिमर्दनम् ॥ गिरिं... पादसहस्रेणरुंधंतमिवमेदिनीम् ॥ १५ ॥ बालानांवरनारीणांसहस्रेणसमावृतम् ॥ समदानांकरेणूनांसहस्रेणेवकुंजरम् ॥ १६ ॥ तमद्भुततरंदृष्ट्वा राक्षसौशुकसारणौ ॥ सन्निवृत्तावुपागम्यरावणांतमथोचतुः ॥ १७ ॥

शुक सारणको संकेत करता हुआ ॥ ११ ॥ वीरश्रेष्ठ दोनों भ्राता वह शुक और सारण रावणकी आज्ञाके अनुसार पश्चिमकी ओरको चले गये ॥ १२ ॥ इन दुष्ट दोनों निशाचरोंने दो कोश मार्ग चलकर देखा कि, एक पुरुष कुछ एक स्त्रियोंको लेकर जलविहार कर रहा है ॥ १३ ॥ वह पुरुष बडेभारी शालवृक्षकी समान ऊंचा ... मोरा था मदिराके पीनेसे मतवाला हो रहाथा, उसके केश जलमें भीग रहे थे, उसके दोनों नेत्र कुछ लाल होरहे थे ॥ १४ ॥ सुमेरु पर्वत जिस प्रकार स... चरणोंसे पृथ्वीको धारण किये हुएहै वैसेही यह पुरुष अपनी सहस्र बांहोंसे नदीके वेगको रोक रहाथा ॥ १५ ॥ सहस्र २ शोभायमान युवतियें उनको घेर रहीहैं मानों हजारों मदमाती हथिनियें गजराजको पकडे हुएहैं ॥ १६ ॥ राक्षस शुक और सारण उस अद्भुत पुरुषको देख लौटकर रावणके पास आय ... को

[illegible]

रहाहै ॥ १८ ॥ उसकी बाँहोंके द्वारा नर्मदाका जल रुक जानेसे यह नदी वारंवार बढती है जैसे पूर्वकालमें समुद्र बढा था ॥ १९ ॥ शुक, सारणके मुखसे यह वचन सुनकर रावण यह कह संग्राम करनेकी लालसासे गया कि, बस "यही अर्जुनहै" ॥ २० ॥ राक्षसराज रावणने जब कार्त्तवीर्य अर्जुनके विरुद्ध युद्धयात्रा की, तब धूरिसे मिलाहुआ पवन अतिप्रचंड करके बडे वेगसे चलने लगा ॥ २१ ॥ मेघ समस्त रक्त वर्षा करके एकाएकी गर्ज उठे, राक्षसराज रावण महोदर, महापार्श्व, धूम्राक्ष और शुक सारणके सहित अर्जुनकी ओरको गया ॥ २२ ॥ वह इन सबोंके सहित बलवान् राक्षस अतिशीघ्र वहां आय पहुँचा

बृहत्सालप्रतीकाशःकोप्यसौराक्षसेश्वर ॥ नर्मदांरोधवद्बुद्धाक्रीडापयतियोषितः ॥ १८ ॥ तेनबाहुसहस्रेणसन्निरुद्धजलानदी ॥ सागरोद्गारसंकाशानुद्गारान्सृजतेमुहुः ॥ १९ ॥ इत्येवंभाषमाणौतौनिशम्यशुकसारणौ ॥ रावणोर्जुनइत्युक्त्वासययौयुद्धलालसः ॥ २० ॥ अर्जुनाभिमुखेतस्मिन्रावणेराक्षसाधिपे ॥ चंडःप्रवातिपवनःसनादःसरजास्तथा ॥ २१ ॥ सरक्तंचकृतोरावःसकृत्पपतोघनैः ॥ महोदरमहापार्श्वधूम्राक्षशुकसारणैः ॥ २२ ॥ संवृतोराक्षसेंद्रस्तुतत्रागाद्यत्रचार्जुनः ॥ अदीर्घेणैवकालेनसतदाराक्षसोबली ॥ २३ ॥ तंनर्मदाह्रदंभीममाजगामांजनप्रभः ॥ सतत्रस्त्रीपरिवृतंवासिताभिरिवद्विपम् ॥२४॥ नरेंद्रंपश्यतेराजाराक्षसानांतदार्जुनम् ॥ सरोषाद्रक्तनयनोराक्षसेंद्रोबलोद्धतः ॥ २५ ॥ इत्येवमर्जुनामात्यानाहगंभीरयागिरा ॥ अमात्याःक्षिप्रमाख्यातहैहयस्यनृपस्यवै ॥ २६ ॥ युद्धार्थंसमनुप्राप्तोरावणोनामनामतः ॥ रावणस्यवचःश्रुत्वामंत्रिणोथार्जुनस्यते ॥ २७ ॥ उत्तस्थुःसायुधास्तंचरावणंवाक्यमब्रुवन् ॥ युद्धस्यकालोविज्ञातःसाधुभोःसाधुरावण ॥ २८ ॥ यःक्षीबंस्त्रीगतंचैवयोद्धुमुत्सहसेनृपम् ॥ स्त्रीसमक्षगतंयत्त्वंयोद्धुमुत्सहसेनृपम् ॥ २९ ॥

जहां अर्जुन विहार कर रहा था ॥ २३ ॥ अंजनकी समान काली प्रभावाला रावण जब उस कुंडके पास पहुँचा, तो सुगन्धित स्त्रियोंके संग क्रीडा करते हुए हाथीकी समान ॥ २४ ॥ राजा अर्जुनको उस राक्षसपतिने देखा और देखतेही मारे क्रोधके लाल नेत्रकर ॥ २५ ॥ अर्जुनके मंत्रियोंसे गंभीर शब्दकर यह बोला, हे मंत्रियो ! तुम लोग हैहयनृपति अर्जुनसे अति शीघ्र कहो कि, ॥ २६ ॥ रावण नाम राक्षसपति आपके साथ युद्ध करनेको आयाहै, रावणके यह वचन सुन अर्जुनके मंत्री ॥ २७ ॥ सब शस्त्र उठाकर रावणसे यह वचन बोले, हे साधु रावण ! तुमने युद्धके लिये अच्छा समय छांटाहै ॥ २८ ॥ इस समय मद पीकर

मत वालेहो हमारा राजा स्त्रियोंके साथ जलविहार कररहाहै; और तुम इस समय उनके साथ युद्ध करनेकी इच्छा करतेहो ॥ २९ ॥ इसलिये हे रावण ! तुम इस समय क्षमा करके आज रात्रिको इसी स्थानमें वास करो; अथवा जो तुमको राजा अर्जुनके साथ युद्ध करनेकी अधिक इच्छाहो ॥ ३० ॥ और युद्धकी अभिलाषासे तुम्हें अतितलावेली पडीहो तो पहले तुम युद्ध करके हमारा विनाश करो फिर राजा अर्जुनके साथ युद्ध करना ॥ ३१ ॥ उसके उपरान्त रावणके क्षुधित मंत्रियोंने राजाके कुछ मंत्रियोंको मार डाला, और कुछको भक्षण करना आरंभ किया ॥ ३२ ॥ इसके पीछे अर्जुनके सेवकोंका और रावणके मंत्रियोंका "हलहला" शब्द नर्मदाके किनारे गुंजारने लगा ॥ ३३ ॥ अर्जुनके मंत्रिगण बाण, तोमर, प्रास, त्रिशूल और वज्रादि आयुधोंको मार मंत्रियोंके सहित रावणको पीडित करते हुए चारोंओरसे धाये ॥ ३४ ॥ नाके, मीन और मच्छ सहित सागरमें जिस प्रकार शब्द हुआ करताहै वैसेही हैहयाधिपति अर्जुनके वीर लोगोंका दारुण वेग हुआ ॥ ३५ ॥ इसके उपरान्त प्रहस्त और शुक, सारण इत्यादि रावणके मंत्रियोंने अतिक्रोधित हो अपना विक्रम प्रकाश करते हुए अर्जुनकी सेनाका विनाश करना आरंभ किया ॥ ३६ ॥ तब दूतोंने भयके मारे चकितहो विहार करते हुए राजा अर्जुनके निकट जायकर उससे रावणका और रावणके मंत्रियोंका यह कार्य सुनाया ॥ ३७ ॥ तब वह राजा अर्जुन स्त्रियोंको "कुछ भय नहीं है" कहकर गंगाजीके जलसे निकलते हुए अंजननामक दिग्गजकी समान नर्मदाके जलसे निकला ॥ ३८ ॥ युगान्त कालकी अग्निके समान अर्जुनरूपपावक क्रोधसे नेत्र लाल कर प्रज्वलित हुआ ॥ ...

क्षमस्वाद्यदशग्रीवउष्यतांरजनीत्वया ॥ युद्धश्रद्धातुयद्यस्तिश्वस्तातसमरेर्जुनम् ॥ ३० ॥ यदिवापित्वरातुभ्यंयुद्धतृष्णासमावृत ॥ निपात्यास्मानणेयुद्धमर्जुनेनोपयास्यसि ॥ ३१ ॥ ततस्तेरावणामात्यैरमात्यास्तेनृपस्यतु ॥ सूदिताश्चापितेयुद्धेभक्षिताश्चबुभुक्षितैः ॥ ३२ ॥ ततोहलहलाशब्दोनर्मदातीरगोबभौ ॥ अर्जुनस्यानुयात्राणांरावणस्यचमंत्रिणाम् ॥३३॥ इषुभिस्तोमरैःप्रासैस्त्रिशूलैर्वज्रकर्षणैः॥ सरावणानर्दयंतःसमंतात्समभिद्रुताः ॥ ३४ ॥ हैहयाधिपयोधानांवेगआसीत्सुदारुणः ॥ सनक्रमीनमकरसमुद्रस्येवनिस्वनः ॥ ३५ ॥ रावणस्यतुतेमात्याःप्रहस्तशुकसारणाः ॥ कार्तवीर्यबलंक्रुद्धानिर्दहंतिस्मस्वतेजसा ॥ ३६॥ अर्जुनायतुतत्कर्मरावणस्यसमंत्रिणः ॥ क्रीडमानायकथितंपुरुषैर्भयविह्वलैः ॥३७॥ श्रुत्वानभेतव्यमितिस्त्रीजनंसतदार्जुनः ॥ उत्ततारजलात्तस्माद्गंगातोयादिवांजनः ॥ ३८ ॥ क्रोधदूषितनेत्रस्तुसतदार्जुनपावकः ॥ प्रजज्वालमहाघोरोयुगांतइवपावकः ॥ ३९ ॥ सतूर्णतरमादायवरहेमांगदोगदाम् ॥ अभिदुद्रावरक्षांसितमांसीवदिवाकरः ॥ ४० ॥

अति वेगसे आय पहुँचा ॥४१॥ कि, विंध्याचल पर्वत जिसप्रकार सूर्य भगवान्के मार्गको रोकेहुए था वैसेही प्रहस्त मूसल हाथमें लेकर राजा अर्जुनका मार्ग रोक विंध्याचलकी समान अटलभावसे विराजमान होगया ॥४२॥ फिर मदसे उद्धत हुए प्रहस्तने क्रोध कर लोहेके बंदोंसे बँधा हुआ घोर मूसल राजाके मारनेको छोड यमराजकी समान शब्द किया ॥ ४३ ॥ मानों सब दिशाओंको भस्म करनेहीके लिये अशोकके फूलकी चोटीके समान अग्नि प्रहस्तके हाथसे छूटे मूसलसे राजाके सन्मुख उत्पन्न हुई ॥ ४४ ॥ तब कार्त्तवीर्य अर्जुनने विकलताविहीन हो उस अपने ऊपर आते हुए मूसलको अपनी गदासे अति सावधानतापूर्वक रोका॥४५॥

बाहुविक्षेपकरणांसमुद्यम्यमहागदाम् ॥ गारुडंवेगमास्थायआपपातैवसोर्जुनः ॥ ४१ ॥ तस्यमार्गंसमारुध्यविंध्योर्कस्येवपर्वतः ॥ स्थितोविंध्यइवाकंप्यःप्रहस्तोमुसलायुधः ॥ ४२ ॥ ततोस्यमुसलंघोरंलोहबद्धंमदोद्धतः ॥ प्रहस्तःप्रेषयन्क्रुद्धोररासचयथांतकः॥ ४३ ॥ तस्याग्रेमुसलस्याग्निरशोकापीडसन्निभः ॥ प्रहस्तकरमुक्तस्यबभूवप्रदहन्निव ॥ ४४ ॥ आधावमानंमुसलंकार्तवीर्यस्तदार्जुनः ॥ निपुणंवंचयामासगदयागतविक्लवः ॥४५॥ ततस्तमभिदुद्रावसगदोहैहयाधिपः ॥ भ्रामयाणोगदांगुर्वींपंचबाहुशतोच्छ्रयाम् ॥ ४६ ॥ ततोहतोतिवेगेनप्रहस्तोगदयातदा ॥ निपपातस्थितःशैलोवज्रिवज्रहतोयथा ॥ ४७ ॥ प्रहस्तंपतितंदृष्ट्वामारीचशुकसारणाः ॥ समहोदरधूम्राक्षाअपसृप्तारणाजिरात ॥४८॥ अपक्रांतेष्वमात्येषुप्रहस्तेचनिपातिते ॥ रावणोभ्यद्रवत्तूर्णमर्जुनंनृपसत्तमम् ॥ ४९ ॥ सहस्रबाहोस्तद्युद्धंविंशद्बाहोश्चदारुणम् ॥ नृपराक्षसयोस्तत्रआरब्धंरोमहर्षणम् ॥५०॥ सागराविवसंक्षुब्धौचलमूलाविवाचलौ ॥ तेजोयुक्ताविवादित्यौप्रदहंताविवानलौ ॥५१॥ बलोद्धतौयथानागौवासितार्थेयथावृषौ ॥ मेघाविवविनर्दंतौसिंहाविवबलोत्कटौ ॥ ५२ ॥

इसके पीछे गदाधारी हैहयपति अर्जुन अपनी पांचसौ बांहोंसे उस भारी गदाको उठाय घुमाते २ प्रहस्तके सन्मुख धाया ॥ ४६ ॥ तिस काल अतिवेगवान उस गदासे घायलहो प्रहस्त कुछ काल खडा रहकर फिर गिरपडा जैसे इन्द्रजीका वज्र लगनेसे पर्वतका शिखर गिरे ॥ ४७ ॥ प्रहस्तको गिरा हुआ देख मारीच, शुक, सारण, महोदर और धूम्राक्ष रणभूमिमे भाग गये ॥ ४८ ॥ प्रहस्तके गिरजाने और मंत्रियोंके भाग जानेपर रावण अति शीघ्र नृप अर्जुनके ऊपर धावमान हुआ ॥ ४९ ॥ सहस्रबाहु नरपति अर्जुन और बीस बांहोंवाले राक्षस रावणका घोर रोमहर्षण दारुण संग्राम होने लगा ॥ ५० ॥ खलबलाते हुए दो समुद्र, गमन करनेवाले दो पर्वत, तेज युक्त दो दिवाकर, दहन करने वाले दो अग्नि ॥ ५१ ॥ हथिनीके लिये युद्ध करते हुए दो बलवान् हस्तियोंकी समान, गर्जते

हुए दो मेघोंकी समान और बलगर्वित दो सिंहोंकी समान ॥ ५२ ॥ रुद्र व कालकी नाईं वह राक्षस रावण और अर्जुन दोनों गदा ग्रहण करके एक दूसरेको अत्यन्त ताडन करने लगे ॥ ५३ ॥ जिसप्रकार पर्वत घोर प्रहारकोभी सहन कर लेतेहैं; वैसेही वह नर और राक्षस गदाघावको सहन करने लगे ॥ ५४ ॥ जैसे वज्रके गिरनेका शब्द सुनाई आताहै; वैसेही उनके गदाप्रहारका शब्द दशों दिशामें गूँजने लगा ॥५५॥ अर्जुनकी उस गदाने शत्रुकी छातीमें गिरकर बिजलीकी समान आकाशमंडलको सुवर्णके रंगका करदिया ॥ ५६ ॥ वैसेही रावणकी गदाभी वारंवार अर्जुनकी छातीपर गिरकर महापर्वतके ऊपर गिरीहुई उल्काकी समान प्रकाशित होने लगी ॥ ५७ ॥अ ्न या राक्षसपति किसीकोभी कुछ क्लेश नहीं हुआ, वरन् बलि और इन्द्रकी नाईं उन दोनोंका समान संग्राम होनेलगा ॥ ५८ ॥

रुद्रकालाविवक्रुद्धौतौतदाराक्षसार्जुनौ ॥ परस्परंगदांगृह्यताडयामासतुर्भृशम् ॥ ५३ ॥ वज्रप्रहारानचलायथाघोरान्विषेहिरे ॥ गदाप्रहारांस्तौ तत्रसेहातेनरराक्षसौ ॥ ५४ ॥ यथाशनिरवेभ्यस्तुजायतेथप्रतिश्रुतिः ॥ तथातयोर्गदापोथैर्दिशःसर्वाःप्रतिश्रुताः ॥ ५५ ॥ अर्जुनस्यगदासा तुपात्यमानाऽहितोरसि ॥ कांचनाभंनभश्चक्रेविद्युत्सौदामनीयथा ॥५६॥ तथैवरावणेनापिपात्यमानामुहुर्मुहुः ॥ अर्जुनोरसिनिर्भातिगदोल्केवम हागिरौ ॥५७॥ नार्जुनःखेदमायातिनराक्षसगणेश्वरः ॥ सममासीत्तयोर्युद्धंयथापूर्वंबलींद्रयोः ॥ ५८ ॥ शृंगैरिववृषायुध्यन्दंताग्रैरिवकुंजरौ ॥ परस्परंविनिघ्नंतौनरराक्षससत्तमौ ॥ ५९ ॥ ततोर्जुनेनक्रुद्धेनसर्वप्राणेनसागदा ॥ स्तनयोरंतरेमुक्तारावणस्यमहोरसि ॥ ६० ॥ वरदानकृतत्रा णेसागदारावणोरसि ॥ दुर्बलेवयथावेगंद्विधाभूतापतत्क्षितौ ॥ ६१ ॥ सत्वर्जुनप्रयुक्तेनगदाघातेनरावणः ॥ अपासर्पद्धनुर्मात्रंनिषसादचनिष्ट नन् ॥ ६२ ॥सविह्वलंतदालक्ष्यदशग्रीवंततोऽर्जुनः ॥ सहसोत्पत्यजग्राहगरुत्मानिवपन्नगम् ॥ ६३ ॥

जैसे दो बैल सींगोंसे लडतेहों और जैसे दो कुंजर परस्पर संग्राम करतेहों वैसेही नरश्रेष्ठ अर्जुन और राक्षसश्रेष्ठ रावण परस्पर चोट चलानेलगे ॥ ५९ ॥ इसके पीछे अर्जुनने कोप कर अति बलके साथ वह गदा रावणकी विशाल छातीमें मारी ॥ ६० ॥ रावणकी छाती वरदानके प्रभावसे रक्षितथी इस कारण वह गदा बलहीनकी समान अपने वेग अनुसार प्रहार करनेको असमर्थ हो और स्वयं दो टुकडेहो पृथ्वीपर गिरपडी ॥ ६१ ॥ तथापि रावण अर्जुनकी चलाई हुई गदासे घायलहो धनुष्[illegible] हाथ दूर पीछेको हटकर पृथ्वीपर बैठगया ॥६२॥ तब अर्जुनने रावणको विह्वल देखकर सहसा कूद रावणको ऐसा पकड लिया

रावणको पकडकर बांध लिया ॥६४॥ जब रावण बँधगया तब सिद्ध चारण और देवता "बहुत अच्छा ! बहुत अच्छा !!" कह राजा अर्जुनके ऊपर फूलोंकी वर्षा करने लगे ॥६५॥ व्याघ्र जिसप्रकार मृगको, सिंह जिसप्रकार हाथीको ग्रहण करे वैसेही हैहयराज अर्जुन रावणको पकड करके हर्षके मारे मेघकी समान गंभीर शब्दसे गर्जने लगे ॥ ६६ ॥ इस ओर राक्षस प्रहस्त सावधानहो रावणको बँधाहुआ देख एकाएकी हैहयपति अर्जुनके सन्मुख धावमान हुआ ॥ ६७ ॥ तब उस राक्षसोंकी सेनाका आगमनवेग वर्षाकालके समय समुद्रमें जाती हुई नदियोंके समान जान पडने लगा ॥ ६८ ॥ जब राक्षस खडे रहो २ छोडदो छोडदो यह वचन

सतुबाहुसहस्रेणबलाद्गृह्यदशाननम् ॥ बबंधबलवान्राजाबलिंनारायणोयथा ॥ ६४ ॥ बध्यमानेदशग्रीवेसिद्धचारणदेवताः ॥ साध्वीतिवादिनः पुष्पैःकिरंत्यर्जुनमूर्धनि ॥ ६५ ॥ व्याघ्रोमृगमिवादायमृगराडिवकुंजरम् ॥ ररासहैहयोराजाहर्षादंबुदवन्मुहुः ॥ ६६ ॥ प्रहस्तस्तुसमाश्वस्तो दृष्ट्वाबद्धंदशाननम् ॥ सहसाराक्षसःक्रुद्धअभिदुद्रावहैहयम् ॥६७॥ नक्तंचराणांवेगस्तुतेषामापततांबभौ ॥ उद्धूतआतपापायेपयोदानामिवांबुधौ ॥६८॥ मुंचमुंचेतिभाषंतस्तिष्ठतिष्ठेतिचासकृत् ॥ मुसलानिचशूलानिसोत्ससर्जतदारणे ॥ ६९ ॥ अप्राप्तान्येवतान्याशुअसंभ्रांतस्तदार्जुनः ॥ आयुधान्यमरारीणांजग्राहारिनिषूदनः ॥ ७० ॥ ततस्तान्येवरक्षांसिदुर्धरैःप्रवरायुधैः ॥ भित्त्वाविद्रावयामासवायुरंबुधरानिव ॥ ७१ ॥ राक्षसांस्त्रासयामासकार्तवीर्यार्जुनस्तदा ॥ रावणंगृह्यनगरंप्रविवेशसुहृद्वृतः ॥ ७२ ॥ सकीर्यमाणःकुसुमाक्षतोत्करैर्द्विजैःसपौरैःपुरुहूतसन्निभः ॥ ततोर्जुनःस्वांप्रविवेशतांपुरींबलिंनिगृह्येवसहस्रलोचनः ॥ ७३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे द्वात्रिंशः सर्गः ॥ ३२ ॥

कहते हुए शूल इत्यादि शस्त्र वारंवार संग्राममें चलाने लगे ॥ ६९ ॥ तब शत्रुसंहारी राजा अर्जुन शत्रु राक्षसोंके उन आयुधोंको अपने शरीरमें लगनेसे पहले शीघ्रतापूर्वक ग्रहण करलेते हुए ॥ ७० ॥ वायु जिसप्रकार मेघसमूहका नाश करता है वैसेही अर्जुनने दुर्द्धर्ष व उत्तम आयुधोंसे उन राक्षसोंको बाँध कर ताडित किया ॥ ७१ ॥ तब कार्तवीर्य अर्जुन राक्षसोंको त्रासित करताहुआ सुहृद्गणोंके साथ रावणको पकड नगरमें पैठा ॥ ७२ ॥ तब पुरवासी और ब्राह्मण इस इन्द्रकी समान पराक्रमी राजा अर्जुनके मस्तकपर अक्षत और फूलोंकी वर्षा करने लगे, सहस्रलोचन इन्द्र जिसप्रकार बलिपर विजय पाय अपनी नगरी अमरावतीमें आयेथे वैसेही अर्जुन रावणको लेकर अपनी उस पुरीमें पैठे ॥ ७३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां द्वात्रिंशः सर्गः ॥ ३२ ॥

रावणग्रहणंतत्तुवायुग्रहणसन्निभम् ॥ ततःपुलस्त्यःशुश्रावकथितंदिविदैवतैः ॥ १ ॥ ततःपुत्रकृतस्नेहात्कंप्यमानोमहाधृतिः ॥ माहिष्मतीप तिंद्रष्टुमाजगाममहानृपिः ॥ २ ॥ सवायुमार्गमास्थायवायुतुल्यगतिर्द्विजः ॥ पुरींमाहिष्मतींप्राप्तोमनःसंपातविक्रमः ॥ ३ ॥ सोमरावतिसंका शांहृष्टपुष्टजनावृताम् ॥ प्रविवेशपुरींब्रह्माइंद्रस्येवामरावतीम् ॥ ४ ॥ पादचारमिवादित्यंनिष्पतंतंसुदुर्दशम् ॥ ततस्तेप्रत्यभिज्ञायअर्जुनाय न्यवेदयन् ॥ ५ ॥ पुलस्त्यइतिविज्ञायवचनाद्धैहयाधिपः ॥ शिरस्यंजलिमाधायप्रत्युद्गच्छत्तपस्विनम् ॥ ६ ॥ पुरोहितोस्यगृह्यार्घ्यंमधुपर्कं तथैवच ॥ पुरस्तात्प्रययौराज्ञःशक्रस्येवबृहस्पतिः ॥ ७ ॥ ततस्तमृपिमायांतमुद्यंतमिवभास्करम् ॥ अर्जुनोदृश्यसंभ्रांतोववंदेंद्रइवेश्वरम् ॥ ८ ॥ सतस्यमधुपर्कंगांपाद्यमर्घ्यंनिवेद्यच ॥ पुलस्त्यमाहराजेंद्रोहर्पगद्गदयागिरा ॥ ९ ॥ अद्यैवममरावत्यातुल्यामाहिष्मतीकृता ॥ अद्याहंतुद्विजेंद्र त्वांयस्मात्पश्यामिदुर्दशम् ॥ १० ॥ अद्यमेकुशलंदेवअद्यमेकुशलंव्रतम् ॥ अद्यमेसफलंजन्मअद्यमेसफलंतपः ॥ ११ ॥ यत्तेदेवगणैर्वंद्यौवंदेऽहंच रणौतव ॥ इदंराज्यमिमेपुत्राइमेदाराइमेवयम् ॥ ब्रह्मन्किंकुर्मिकिंकार्यमाज्ञापयतुनोभवान् ॥ १२ ॥

तब पुत्रके स्नेहके मारे महाधीरजवान् महाऋषि पुलस्त्य माहिष्मती नगरीके पति राजा अर्जुनके पास गये ॥ १ ॥ सुरलोकमें देवतोंके निकट, पवनके पकडे जानेके समान असंभव रावणके पकडनेका वृत्तान्त ऋषि पुलस्त्यजीने सुना ॥ २ ॥ तब पवनकी समान गतिवाले ब्राह्मणश्रेष्ठ पुलस्त्यजी पवनके मार्गका आश्रय ले मनकी समान वेगसे माहिष्मती पुरीमें आये ॥ ३ ॥ ब्रह्माजी जिसप्रकार इन्द्रजीकी अमरावती पुरीमें प्रवेश करते हैं वैसेही हृष्ट पुष्ट जनोंसे भरी पुरी अमरावतीकी समान माहिष्मती नगरीमें पुलस्त्यजी प्रवेश करते हुए ॥ ४ ॥ आकाशसे आये हुए सूर्यकी समान अति कठिनतासे देखने योग्य पैदल आते हुए मुनिको जाकर द्वारपालोंने राजा अर्जुनसे उनके आनेका समाचार निवेदन किया ॥५॥ राजा अर्जुन दूतोंके कहनेसे पुलस्त्यजी ऋषिको आया जान शिरसे हाथ जोड उन तपस्वीकी अगवानी करनेको चला ॥ ६ ॥ इन्द्रजीके आगे २ साक्षात् बृहस्पतिजीकी समान राजा अर्जुनके आगे २ अर्घ्य और मधुपर्क लेकर राजपुरोहित चला ॥ ७ ॥ फिर उदय हुए सूर्यभगवान्की समान उन ऋषिको आया हुआ देखकर सहस्रबाहुने प्रणाम किया जैसे ब्रह्माजीको देखकर इन्द्रजी प्रणाम करते हैं ॥ ८ ॥ तब राजाने उनके लिये अर्घ्य मधुपर्क गो पाद्य समर्पण करके हर्षके मारे गद्गद वचनोंसे मुनि पुलस्त्यजीसे कहा ॥ ९ ॥ हे महाराज ! आपका दर्शन अत्यन्त दुर्लभ है तो भी आज आपके दर्शन किये, आपने माहिष्मती नगरीको अमरावतीकी समान किया ॥ १० ॥ आज हमारी तपस्या सिद्ध हुई, यज्ञ सुफल और व्रत पूरा हुआ अधिक क्या कहैं आज हमारी सबही प्रकारसे कुशल है ॥ ११ ॥ हे देव ! देवताओंके वंदन करने योग्य आपके चरण हमने वंदन किये । हे भगवन् ! हम राज्यकी समस्त प्रजा स्त्री पुत्र इत्यादि हम सबही उपस्थित हैं सो आज्ञा दीजिये कि, आपका कौन [illegible] ॥ १२ ॥

तुम रावणको त याहै,इस कारण तुम्ह तु । ह स रणम अ

पोतेको तुमने संग्राममें हरायाहै ॥ १५ ॥ हे वत्स ! तुमने हमारे पोतेका यश छीन लियाहै और तुमने अपना नाम "रावणविजयी" विख्यात कियाहै, इसलिये हमारे वचनोंके अनुसार प्रार्थना करनेपर तुम रावणको छोड दो ॥ १६ ॥ राजाओंमें श्रेष्ठ अर्जुनने पुलस्त्य ऋषिकी आज्ञा सुनकर कुछभी उत्तर न दिया वरन्र हर्षितहो राक्षसपति रावणको छोडदिया ॥ १७ ॥ अधिक करके अर्जुनने देवताओंके शत्रु रावणको छोड दिव्य आभूषण, माला और वस्त्र देकर उसको सम्मानित

तंधर्मेऽग्निपुत्रेपुशिवंपृष्ट्वाचपार्थिवम् ॥ पुलस्त्योवाचराजानंहैहयानांतथार्जुनम् ॥ १३ ॥ नरेंद्रांबुजपत्राक्षपूर्णचंद्रनिभानन ॥ अतुलंतेबलंयेनदशग्रीवस्त्वयाजितः ॥ १४ ॥ भयाद्यस्योपतिष्ठेतांनिष्पंदौसागरानिलौ ॥ सोयंमृधेत्वयाबद्धःपौत्रोमेरणदुर्जयः ॥ १५ ॥ पुत्रकस्ययशःपीतंनामविश्रावितंत्वया ॥ मद्वाक्याद्याच्यमानोद्यमुंचवत्सदशाननम् ॥ १६ ॥ पुलस्त्याज्ञांप्रगृह्याथनाकिंचनवचोर्जुनः ॥ मुमोचैवपार्थिवेंद्रोराक्षसेंद्रंप्रहृष्टवत् ॥ १७ ॥ सतंप्रमुच्यत्रिदशारिमर्जुनः प्रपूज्यदिव्याभरणस्रगंवरैः ॥ अहिंसकंसख्यमुपेत्यसाग्निकंप्रणम्यतंब्रह्मसुतंगृहंययौ ॥१८॥ पुलस्त्येनापिसंत्यक्तोराक्षसेंद्रःप्रतापवान् ॥ परिष्वक्तःकृतातिथ्योलज्जमानोविनिर्जितः ॥१९॥ पितामहसुतश्चापिपुलस्त्योमुनिपुंगवः ॥ मोचयित्वादशग्रीवंब्रह्मलोकंजगामह ॥ २० ॥ एवंसरावणःप्राप्तःकार्तवीर्यात्प्रधर्षणम् ॥ पुलस्त्यवचनाच्चापिपुनर्मुक्तोमहाबलः ॥ २१ ॥ एवंबलिभ्योबलिनःसंतिराघवनंदन ॥ नावज्ञाहिपरेकार्यायइच्छेच्छ्रेयआत्मनः ॥ २२ ॥

किया और अग्निके सामने हिंसाहीन मित्रता स्थापन की. तब अर्जुन ब्रह्माजीके पुत्र पुलस्त्यजीको प्रणाम करके अपने गृहको चलागया ॥१८॥ पुलस्त्यजीके प्रभावसे छूटकर प्रतापशाली राक्षसराज रावणने राजा अर्जुनकी पहुनई ग्रहण की और उस करके भेंटा जायकर चित्तमें लाज किये वहांसे चलागया ॥ १९ ॥ ब्रह्माजीके पुत्र मुनियोंमें श्रेष्ठ पुलस्त्य मुनि रावणको छुडाय ब्रह्मलोकको चले गये ॥ २० ॥ महाबलवान् रावण कार्तवीर्यके निकट इस प्रकारसे हारकर बँधाथा और फिर पुलस्त्यजीके वचनोंसे छूटाथा ॥ २१ ॥ हे रघुनंदनजी ! बलवान्सेभी इसप्रकार और अनेक बलवान् हैं इससे जो कोई अपना भला होनेकी इच्छा करे तो उसको दूसरेका

आघात करना उचित नहीं है ॥२२॥ इसके पीछे वह निशाचरराज रावण सहस्रबाहु अर्जुनसे मित्रता स्थापितकर गर्वके मारे नृपालोंका विनाश करते २ पृथ्वीमें घूमने लगा ॥२३॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मी०आदि०उत्तरकांडे भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशः सर्गः ॥३३॥ राक्षसपति रावण जब अर्जुनसे छूटगया और उनकी मित्रताभी होगई, तब वह वेदनारहितहो समस्त पृथ्वीपर घूमने लगा ॥१॥ अधिक क्या कहैं मनुष्य या राक्षस जिसको रावण अधिक बलवान् सुनता उसीके द्वार जाय उसको युद्ध करनेके लिये पुकारता ॥२॥ किसी समय रावणने वालिपालित किष्किन्धा नगरीमें जाय वहां हेममाली वालिको युद्ध करनेके लिये पुकारा ॥ ३ ॥ तब युवराज सुग्रीव ताराका पिता सुषेण और तार इत्यादि वानर मंत्रियोंने युद्धकी अभिलाषा करके आये हुए रावणसे कहा ॥ ४ ॥ कि, हे राक्षसेन्द्र!

ततःसमराजापिशिताशनानांसहस्रबाहोरुपलभ्यमैत्रीम् ॥ पुनर्नृपाणांकदनंचकारचचारसर्वांपृथिवींचदर्पात् ॥२३॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीये आदिकाव्ये उत्तरकांडे त्रयस्त्रिंशःसर्गः ॥३३॥ अर्जुनेनविमुक्तस्तुरावणोराक्षसाधिपः॥ चचारपृथिवींसर्वामनिर्विण्णस्तथाकृतः ॥१॥ राक्षसंवामनुष्यंवाशृणुतेयंबलाधिकम् ॥ रावणस्तंसमासाद्ययुद्धेह्वयतिदर्पितः॥२॥ ततःकदाचित्किष्किंधांनगरींवालिपालिताम् ॥ गत्वाह्वयतियुद्धाय वालिनंहेममालिनम् ॥३॥ ततस्तुवानरामात्यास्तारस्तारापिताप्रभुः ॥ उवाचवानरोवाक्यंयुद्धप्रेप्सुमुपागतम् ॥४॥ राक्षसेंद्रगतोवालीयस्तेप्रतिबलोभवेत् ॥ कोन्यःप्रमुखतःस्थातुंतवशक्तःप्लवंगमः ॥५॥ चतुर्भ्योपिसमुद्रेभ्यःसंध्यामन्वास्यरावण ॥ इमंमुहूर्तमायातिवालीतिष्ठमुहूर्तकम् ॥ ६ ॥ एतानस्थिचयान्पश्ययएतेशंखपांडुराः ॥ युद्धार्थिनामिमेराजन्वानराधिपतेजसा ॥ ७ ॥ यद्यामृतरसःपीतस्त्वयारावणराक्षस ॥ तदा वालिनमासाद्यतदंतंतवजीवितम् ॥ ८ ॥ पश्येदानींजगच्चित्रमिमंविश्रवसःसुत ॥ इदंमुहूर्तंतिष्ठस्वदुर्लभंतेभविष्यति ॥ ९ ॥

जो तुमसे युद्ध करेंगे वह वालि सन्ध्या करनेको गये हैं, इसके अतिरिक्त और कोई वानर तुम्हारे सामने युद्धमें ठहर नहीं सकताहै ॥ ५ ॥ इसकारण हे रावण ! एक मुहूर्त मात्र ठहरो, वाली चारों समुद्रोंपर सन्ध्या कर अब आयाही चाहताहै॥६॥हे राजन् ! शंखकी समान श्वेत हड्डियोंका ढेर जो आप देखते हैं, यह वानराधिपति वालिके तेज प्रभावसे पराजित युद्धगामी वीरोंके कंकाल हैं ॥७॥ हे राक्षस रावण ! जो तुमने अमृत रसभी पिया होगा तो भी वालीके निकट जानेसे तुम्हारे जीवनका अन्त होजायगा ॥ ८ ॥ हे रावण ! एक मुहूर्तमात्र ठहरनेसे तुम्हारा जीना दुर्लभ हो जायगा, इससे इस जगत्को [illegible] ॥ ९ ॥

॥१०॥ यह सुनकर त्रिलोकीमें उपद्रव करनेवाला रावण तारका निरादर करके पुष्पक विमान पर सवारहो दक्षिण समुद्रके किनारेपर गया॥११॥ तरुण अरुण की समान मुखवाले सुवर्णके पर्वतकी नाईं वाली वहांपर संध्या कर रहाथा ॥१२॥ वह अंजनके रंगकी समान काला रावण यह देख वालीको पकडनेके लिये विमानसे उतर दबे पैरोंसे चला॥१३॥तब वालीनेभी इच्छानुसार नेत्र फिराय रावणको देखलिया परन्तु उसका बुरा अभिप्राय जानकरभी वाली चलायमान नहीं हुआ॥१४॥ सिंह जिसप्रकार सरहेको और गरुड जिसप्रकार सर्पको देखकर नहीं घबडाते हैं वैसेही मनमें पापका संकल्प किये हुए रावणको देखकर वालीने कुछभी न...

अथगात्वरसेमतुंगच्छद्दक्षिणसागरम्॥वालिनंददृश्यसेतत्रभूमिष्ठमिवपावकम्॥१०॥सतुतारंविनिर्भर्त्स्यरावणोलोकरावणः॥ पुष्पकंतत्समारुह्यप्रययौदक्षिणार्णवम् ॥११॥ तत्रहेमगिरिप्रख्यंतरुणार्कनिभाननम् ॥ रावणोवालिनंदृष्ट्वासंध्योपासनतत्परम् ॥ १२ ॥ पुष्पकादवरुह्याथरावणोंजनसन्निभः ॥ ग्रहीतुंवालिनंतूर्णंनिःशब्दपदमव्रजत् ॥१३॥ यदृच्छयातदादृष्टोवालिनापिसरावणः ॥ पापाभिप्रायकंदृष्ट्वाचकारनतुसंभ्रमम् ॥१४॥ शशमालक्ष्यसिंहोवापन्नगंगरुडोयथा ॥ नचिंतयतितंवालीरावणंपापनिश्चयम् ॥ १५ ॥ जिघृक्षमाणमायांतंरावणंपापचेतसम् ॥ कक्षावलंबिनंकृत्वागमिष्येत्रीन्महार्णवान् ॥ १६ ॥ द्रक्ष्यंत्यरिंममांकस्थंस्रंसदूरुकरांबरम् ॥ लंबमानंदशग्रीवंगरुडस्येवपन्नगम् ॥ १७ ॥ इत्येवंमतिमास्थायवालीमौनमुपास्थितः ॥ जपन्वैनैगमान्मंत्रांस्तस्थौपर्वतराडिव ॥ १८ ॥ तावन्योन्यंजिघृक्षंतौहरिराक्षसपार्थिवौ ॥ प्रयत्नवंतौतत्कर्मईहतुर्बलदर्पितौ ॥ १९ ॥ हस्तग्राह्यंतुतंमत्वापादशब्देनरावणम् ॥ पराङ्मुखोपिजग्राहवालीसर्पमिवांडजः ॥ २० ॥

समझा ॥१५॥ वालीने मनहीमन विचार किया कि यह पापी हमारे पकडनेको आताहै; इसकारण इसको काँखमें दबायकर हम तीन महासमुद्रोंपर घूमेंगे ॥१६॥ सबही देखेंगे कि, शत्रु रावण हमारी कांखमें गरुडजीसे पकडे हुए सर्पकी समान लटकता हुआ जाताहै और इसकी जांघें हाथभी आकाशमें लटकतीहुई दीखेंगी ॥ १७ ॥ वाली मनहीमन ऐसा विचारकर चुप होरहा और वेदके मंत्रोंका पाठ करताहुआ पर्वतराजकी समान विराजमान होनेलगा ॥१८॥ बलसे गर्वित वानरराज और राक्षसराज पकडनेके अभिलाषी हो दोनों एक दूसरेको अति यत्नसे पकडनेकी चेष्टा करने लगे ॥ १९ ॥ परन्तु वालीने साधारण पगाहटसे जान लिया कि, रावण अब ऐसे स्थानमें आगया कि अब हम उसको हाथसे पकडलेंगे बस उसने चटसे वैसेही रावणको पकडलिया कि, जैसे गरुडजी सर्पको

पकडलियाहै ॥२०॥ ग्रहण करनेकी अभिलाषा किये राक्षसनाथ रावणको वानरश्रेष्ठ वालीने पकड लिया और उसको कांखमें लगाय दृढतासे पकड अतिवेगसे आकाशमार्गको वाली कूदगया ॥ २१ ॥ तिसके पीछे वाली वारंवार पीडित करते और नोंचते हुए रावणको इस प्रकारसे लेगया जैसे पवन मेघोंको भगादेताहै ॥ २२ ॥ जब रावण पकडगया तब रावणके सब मंत्री उसके छुडानेकी अभिलाषा किये चिंघाड करतेहुए आकाशमार्गमें अतिवेगसे जातेहुए वालीके पीछे २ धाये ॥ २३ ॥ साथ चलते हुए मेघोंसे आकाशमें विराजमान सूर्यभगवान् जिसप्रकार शोभायमान होतेहैं; आकाशके बीचमें स्थित हुआ वालीभी पीछे दौडते हुए राक्षसोंसे वैसेही दीप्तिमान् होने लगा ॥ २४ ॥ तब राक्षसगण वालीके पकडनेको समर्थ न होसके, वरन् वालीकी जांघें और बाँहोंके वेगके मारे थककर

ग्रहीतुकामंतंगृह्यरक्षसामीश्वरंहरिः ॥ खमुत्पपातवेगेनकृत्वाकक्षावलंबिनम् ॥२१॥ तंचपीडयमानंतुवितुदंतंनखैर्मुहुः ॥ जहाररावणंवालीपवनस्तोयदंयथा ॥२२॥ अथतेराक्षसामात्याह्रियमाणेदशानने ॥ मुमोक्षयिषवोवालिंरवमाणाअभिद्रुताः ॥२३॥ अन्वीयमानस्तैर्वालीभ्राजतेऽम्बरमध्यगः॥अन्वीयमानोमेघौघैरंबरस्थइवांशुमान्॥२४॥ तेऽशक्नुवंतःसंप्राप्तुंवालिनंराक्षसोत्तमाः॥ तस्यबाहूरुवेगेनपरिश्रांताव्यवस्थिताः॥२५॥ वालिमार्गादपाक्रामन्पर्वतेंद्राहिगच्छतः॥ किंपुनर्जीवनप्रेप्सुर्बिभ्रद्वैमांसशोणितम् ॥२६॥ अपक्षिगणसंपातान्वानरेंद्रोमहाजवः॥ क्रमशःसागरान्सर्वान्संध्याकालमवंदत ॥२७॥ संपूज्यमानोयातस्तुखचरैःखचरोत्तमः ॥ पश्चिमंसागरंवालीआजगामसरावणः॥२८॥ तस्मिन्संध्यामुपासित्वास्नात्वाजप्त्वाचवानरः ॥ उत्तरंसागरंप्रायाद्वहमानोदशाननम् ॥ २९ ॥ बहुयोजनसाहस्रंवहमानोमहाहरिः ॥ वायुवच्चमनोवच्चजगामसहशत्रुणा ॥ ३० ॥ उत्तरेसागरेसंध्यामुपासित्वादशाननम् ॥ वहमानोगमद्वालीपूर्ववैसमहोदधिम् ॥ ३१ ॥

एक जगह स्थित होगये ॥ २५ ॥ पर्वतश्रेष्ठ गणभी गमन करते हुए वालीके मार्गसे हट जातेथे फिर मांस और शोणितधारी प्राणियोंकी तो बातही क्याहै॥२६॥ अति शीघ्रतासे गमन करने वाला वाली इतने ऊंचेमे उडकर जाताथा कि जहांपर पक्षियोंके उडनेकीभी गति नहीं थी, इसप्रकार क्रम २ से वाली सब समुद्रोंपर जाय प्रातःकालीन सन्ध्याके वन्दन करने योग्यका ध्यान करने लगा ॥ २७ ॥ आकाशचारियोंमें श्रेष्ठ वाली रावणको साथ लिये आकाशचारियोंसे पूजितहो पश्चिमके समुद्रपर गमन करनेलगा ॥२८॥ वहां स्नान व सन्ध्याकर और जप करता हुआ वाली रावणको लेकर उत्तरके समुद्रपर गया ॥ २९ ॥ वह महावानर वाली [illegible] वायु और मनकी समान शीघ्रतासे चला ॥ ३० ॥ उत्तरके समुद्रपर संध्या करके वाली रावणको

चला ॥ ३२ ॥ चारों समुद्रोंपर सन्ध्यावन्दन करनेसे और रावणका बोझा उठानेसे वाली थककर किष्किन्धापुरीके उपवनमें कूदा ॥३३॥ फिर कपिश्रेष्ठ वालीने अपनी कांखसे रावणको छोड दिया और बारम्बार हँसकर रावणसे कहा कि, "तुम कहाँसे चले आतेहो" ॥ ३३ ॥ तब परम विस्मितहो राक्षस रावण श्रमके मारे चंचलनेत्रहो उस वानरोंके राजासे यह बोला ॥ ३५ ॥ कि, हे महेन्द्रकी समान वानरेन्द्र ! हम राक्षसपति रावण युद्धकी अभिलाषासे तुम्हारे निकट आयेथे परन्तु आज हम तुमसे हारगये क्योंकि तुमने हमको कांखमें रख लिया ॥ ३६ ॥ हे वीर ! आपने हमको पशुकी समान पकडकर चारों समुद्रोंपर घुमायाहै इस

तत्रापिसंध्यामन्वास्यवासविःसहरीश्वरः ॥ किष्किंधामभितोगृह्यरावणंपुनरागमत् ॥ ३२ ॥ चतुर्ष्वपिसमुद्रेषुसंध्यामन्वास्यवानरः ॥ रावणोद्वहनश्रांतःकिष्किंधोपवनेपतत् ॥ ३३ ॥ रावणंतुमुमोचाथस्वकक्षात्कपिसत्तमः ॥ कुतस्त्वमितिचोवाचप्रहसन्रावणंमुहुः ॥ ३४ ॥ विस्मयंतुमहद्गत्वाश्रमलोलनिरीक्षणः ॥ राक्षसेंद्रोहरींद्रंतमिदंवचनमब्रवीत् ॥ ३५ ॥ वानरेंद्रमहेंद्राभराक्षसेंद्रोस्मिरावणः ॥ युद्धेप्सुरिहसंप्राप्तः सचाद्यासादितस्त्वया ॥ ३६ ॥ अहोबलमहोवीर्यमहोगांभीर्यमेवच ॥ येनाहंपशुवद्गृह्यभ्रामितश्चतुरोर्णवान् ॥ ३७ ॥ एवमश्रांतवद्वीरशीघ्रमेव चवानर ॥ मांचैवोद्वहमानस्तुकोन्योवीरभविष्यति ॥ ३८ ॥ त्रयाणामेवभूतानांगतिरेषाप्लवंगम ॥ मनोनिलसुपर्णानांतवचात्रनसंशयः ॥३९॥ सोहंदृष्टबलस्तुभ्यमिच्छामिहरिपुंगव ॥ त्वयासहचिरंसख्यंसुस्निग्धंपावकाग्रतः ॥ ४० ॥ दाराःपुत्राःपुरंराष्ट्रंभोगाच्छादनभोजनम् ॥ सर्वमेवा विभक्तंनोभविष्यतिहरीश्वर ॥ ४१ ॥ ततःप्रज्वालयित्वाग्निंतावुभौहरिराक्षसौ ॥ भ्रातृत्वमुपसंपन्नौपरिष्वज्यपरस्परम् ॥ ४२ ॥

कारण आपका गंभीरपन, वीर्य और बल, सबही विचित्रहै ॥ ३७ ॥ हे वीर वानर ! आप हमको इसप्रकार शीघ्रतापूर्वक ले चलते हुएभी नहीं थके हैं; परन्तु इसप्रकार हमें ले चलनेको और कौन समर्थ होगा ? ॥ ३८ ॥ हे वानर ! मन, पवन और गरुड इन तीन प्राणियोंमें ही ऐसी गतिहै सो आपमें भी वैसेही गमन शक्तिहै इसमें कुछ संदेह नहीं ॥३९॥ हे वानरश्रेष्ठ ! हमने आपका बल प्रत्यक्ष देखा; इस कारण अग्निके सन्मुख हम आपके साथ निष्कपट चिरस्थायिनी मित्रता करना चाहतेहैं ॥ ४० ॥ हे वानरेश्वर ! आजसे स्त्री, पुत्र, पुर, राज्य, भोग, आच्छादन और भोजन समस्तही हम तुम दोनोंका एक रहेगा इसमें कुछ अन्तर न होगा ॥ ४१ ॥ इसके उपरान्त वानरराज और राक्षस दोनों अग्नि जलाय परस्पर भेंटकर भ्रातृपन लाभ करते हुए ॥ ४२ ॥

फिर वह वानर और राक्षस हर्षितहो एक दूसरेका हाथ पकडे हुए पर्वतकी गुहामें दो सिंहोंकी समान किष्किन्धामें प्रवेश करते हुए ॥४३॥ इसके पीछे त्रिभुवनके नाश करनेकी अभिलाषा किये वहांपर आये हुए मंत्रियोंके साथ मिलकर रावणने सुग्रीवकी समान किष्किन्धापुरीमें एक मास विताया । [सुग्रीवकी समान कहनेका यह तात्पर्यहै कि, वालिने रावणको अपने लघु भ्राता सुग्रीवकी समान रक्खा] ॥४४॥ हे प्रभो ! वालिने रावणको इस प्रकारसे पीडित करके फिर अग्निको स्थापन करके इस प्रकारसे मित्रता की थी, सो हमने आपसे यह समस्त वृत्तान्त कहा ॥४५॥ हे राम ! वालिमें अनुपम उत्तम वलथा परन्तु अग्नि जिस प्रकार पतंगेको जला देतीहै वैसेही आपने उस वालीको दग्ध किया ॥ ४६ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशः सर्गः ॥ ३४ ॥ तब जिज्ञासु श्रीरामचन्द्रजी विनीत हो हाथ जोड दक्षिण दिशामें वास करनेवाले अगस्त्य मुनिसे अर्थयुक्त वचन बोले ॥ १ ॥ श्रीरामचन्द्रजी बोले कि, वाली

अन्योन्यंलंबितकरौततस्तौहरिराक्षसौ॥किष्किंधांविशतुर्हृष्टौसिंहौगिरिगुहामिव॥४३॥सतत्रमासमुषितःसुग्रीवइवरावणः॥अमात्यैरागतैर्नीतस्त्रैलोक्योत्सादनार्थिभिः॥४४॥एवमेतत्पुरावृत्तंवालिनारावणःप्रभो॥धर्षितश्चकृतश्चापिभ्रातापावकसन्निधौ॥४५॥वलमप्रतिमंरामवालिनोऽभवदुत्तमम्॥सोपित्वयाविनिर्दग्धःशलभोवह्निनायथा॥४६॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे चतुस्त्रिंशःसर्गः ॥३४॥ अपृच्छततदारामोदक्षिणाशाश्रयंमुनिम्॥ प्रांजलिर्विनयोपेतइदमाहवचोर्थवत् ॥१॥ अतुलंबलमेतद्वैवालिनोरावणस्यच ॥ नत्वेताभ्यांहनुमतासमंत्विति मतिर्मम॥२॥शौर्यंदाक्ष्यंबलंधैर्यंप्राज्ञतानयसाधनम्॥विक्रमश्चप्रभावश्चहनूमतिकृतालयाः॥३॥दृष्ट्वैवसागरंवीक्ष्यसीदंतींकपिवाहिनीम् ॥ समाश्वास्यमहाबाहुर्योजनानांशतंप्लुतः॥४॥ धर्षयित्वापुरींलंकांरावणांतःपुरंतदा ॥ दृष्टासंभाषिताचापिसीताह्याश्वासितातथा ॥५॥ सेनाग्रगामंत्रिसुताःकिंकराराव‌णात्मजः॥एतेहनुमतातत्रएकेनविनिपातिताः॥६॥भूयोबंधाद्विमुक्तेनभाषयित्वादशाननम्॥लंकाभस्मीकृतायेनपावकेनेवमेदिनी॥७॥

और रावणके इस बलकी उपमा नहीं परन्तु हम जानतेहैं कि, उनका बल हनुमान्की समान नहीं था ॥ २ ॥ विशेष करके शूरता, धीरता, बल, शीघ्र करना, प्राज्ञता, नीति, उपाय, विक्रम और प्रभाव यह सबही हनुमान्में प्रतिष्ठित हैं ॥ ३ ॥ जब समुद्रको देखकर वानरोंकी सेना घवडागई तब महावीर हनुमान् यह देखकर उस सेनाको ढाढस बँधाय समझाय बुझाय् शत योजनके फांटवाले समुद्रको कूद गये ॥४॥ तब लंकापुरीको अधिष्ठिता देवताको प्रहार करके रावणके अंतःपुरमें सीताका दर्शन पाय उनसे वार्ता कर उनको अनेक भाँतिसे समझाया ॥ ५ ॥ अधिक क्या कहें अकेले हनुमाननेही रावणके सेनापतियोंको, मंत्रीके पुत्रोंको, किङ्करोंको और एक रावणके पुत्रकोभी मार डालाथा ॥६॥ फिर हनुमानने ब्रह्मास्त्रके बंधनसे छूट संभाषणमें रावणका निरादरकर अग्निसे लंका नगरीको भस्मकर दिया, जैसे पावक पृथ्वीको

॥ ८ ॥ हमने पवनकुमारके भुजवीर्य द्वारा राज्य, जय, मित्र, बान्धव, लक्ष्मण और सीताको प्राप्त किया व लंकाभी हमारे वशमें हुई ॥ ९ ॥ अधिक क्या कहें, वानरनायकके सखा हनुमान् जो हमारे सहायक न होते तो जानकीके खोजनेको कौन समर्थ होता? ॥ १० ॥ जब वालीके साथ सुग्रीवका वैर हुआथा तब इन हनुमानने ऐसे बलवान् होकरभी सुग्रीवकी प्रिय कामनासे लतासमूहकी समान वालीको भस्म क्यों नहीं किया ॥ ११ ॥ सो हम जानतेहैं कि उसकाल हनुमान् अपने बलको नहीं जानतेथे, इस कारण जीवसेभी अधिक प्रियतम वानरराज सुग्रीवका क्लेश देखाथा ॥ १२ ॥ हे अमरपूजित भगवन् महामुने! हमने हनुमान्जीका

नकालस्यनशक्रस्यनविष्णोर्वित्तपस्यच ॥ कर्माणितानिश्रूयंतेयानियुद्धेहनूमतः ॥ ८ ॥ एतस्यबाहुवीर्येणलंकासीताचलक्ष्मणः ॥ प्राप्तामयाजयश्चैवराज्यंमित्राणिबांधवाः ॥ ९ ॥ हनुमान्यदिमेनस्याद्वानराधिपतेःसखा ॥ प्रवृत्तिमपिकोवेत्तुंजानक्याःशक्तिमान्भवेत् ॥ १० ॥ किमर्थंवाल्यनेनैवसुग्रीवप्रियकाम्यया ॥ तदावैरेसमुत्पन्नेनदग्धोवीरुधोयथा ॥ ११ ॥ नहिवेदितवान्मन्येहनूमानात्मनोबलम् ॥ यद्दृष्टवान्जीवितेष्टंक्लिश्यंतंवानराधिपम् ॥ १२ ॥ एतन्मेभगवन्सर्वंहनूमतिमहामुने ॥ विस्तरेणयथातत्त्वंकथयामरपूजित ॥ १३ ॥ राघवस्यवचःश्रुत्वाहेतुयुक्तमृषिस्ततः ॥ हनूमतःसमक्षंतमिदंवचनमब्रवीत् ॥ १४ ॥ सत्यमेतद्रघुश्रेष्ठयद्ब्रवीपिहनूमति ॥ नबलेविद्यतेतुल्योनगतौनमतौपरः ॥ ॥ १५ ॥ अमोघशापैःशापस्तुदत्तोस्यमुनिभिःपुरा ॥ नवेत्ताहिबलंसर्वंबलीसन्नरिमर्दन ॥ १६ ॥ बाल्येप्येतेनयत्कर्मकृतंराममहाबल ॥ तन्नवर्णयितुंशक्यमितिबाल्यतयास्यते ॥ १७ ॥ यदिवास्तित्वभिप्रायःसंश्रोतुंतवराघव ॥ समाधायमतिंरामनिशामयवदाम्यहम् ॥ १८ ॥

जो कुछ वृत्तान्त पूछा आप उस समस्त वृत्तान्तको विस्तारपूर्वक यथार्थही कहिये ॥ १३ ॥ अगस्त्य मुनि श्रीरामचन्द्रजीके यह हेतुयुक्त वचन सुनकर हनुमानजीके सामनेही उनसे यह वचन बोले ॥ १४ ॥ हे रघुवर! आपने हनुमानजीके संबंधमें जो कुछ कहा वह सब सत्यहै, बल, गति या बुद्धिमें हनुमान्की समान कोई विद्यमान नहींहै ॥ १५ ॥ हे शत्रुनाशन अमोघवाक्य! मुनि लोगोंने पूर्वकालमें इनको शाप दियाहै, इसी निमित्त यह हनुमान् बलवान् होकरभी अपने समस्त बलको नहीं जानते ॥ १६ ॥ बाल्य कालमें हनुमान्ने बालकपनकी चंचलताके वश हो जो दुष्कर कार्य कियाहै, सो हम आपके निकट इनके उस कार्यका वर्णन करनेकी सामर्थ्य नहीं रखतेहैं ॥ १७ ॥ अथवा हे राघव! जो आपको श्रवण करनेकी अभिलाषा हुई हो तो आप बुद्धि स्थिर करके श्रवण कीजिये, हम कहतेहैं ॥ १८ ॥

सूर्यके वरदानप्रभावसे सुवर्णरूपी सुमेरु नाम एक पर्वत है, इन हनुमान्के पिता केसरी वहांका राज्य करतेहैं ॥ १९ ॥ अंजनी नामक विख्यात उनकी प्यारी एक भार्या थी पवनने उसके गर्भसे एक औरस उत्तम पुत्र उत्पन्न किया ॥ २० ॥ उस कालमें रूपवती वह अंजनी शाल वृक्षकी फुलंचीके समान कांतिवाले इन पुत्रको उत्पन्नकर फल लेनेकी इच्छासे वनमें गई ॥ २१ ॥ यह बालक भूखके मारे और माताका दर्शन न पानेसे अति पीडितहो अत्यन्त रोदन करने लगे जैसे शरके वनमें देवसेनापति रोतेथे ॥ २२ ॥ उस कालमें जब सूर्य भगवान् कुसुमकी समान उदय होरहेथे; यह बालक उनको देखकर फलकी लालसासे सूर्यके सन्मुख कूदते हुए ॥ २३ ॥ तब मूर्तिमान् दिवाकरकी समान यह बालक बालसूर्यके ग्रहण करनेकी इच्छा करके बालप्रभाकरके सम्मुख आकाश मंडलके मध्यम मार्गको आश्रय

सूर्यदत्तवरस्वर्णःसुमेरुर्नामपर्वतः ॥ यत्रराज्यंप्रशास्त्यस्यकेसरीनामवैपिता ॥ १९ ॥ तस्यभार्याबभूवेष्टाह्यंजनेतिपरिश्रुता ॥ जनयामासतस्यांवैवायुरात्मजमुत्तमम् ॥ २० ॥ शालिशूकनिभाभासंप्रासूतेमंतदांजना ॥ फलान्याहर्तुकामावैनिष्क्रांतागहनेचरा ॥ २१ ॥ एपमातुर्वियोगाच्चक्षुधयाचभृशार्दितः ॥ रुरोदशिशुरत्यर्थंशिशुःशरवणेयथा ॥ २२ ॥ तदोद्यंतंविवस्वंतंजपापुष्पोत्करोपमम् ॥ ददर्शफललोभाच्चह्युत्पपातरविंप्रति ॥ २३ ॥ बालार्काभिमुखोबालोबालार्कइवमूर्तिमान् ॥ ग्रहीतुकामोबालार्कंप्लवतेंवरमध्यगः ॥ २४ ॥ एतस्मिन्प्लवमानेतुशिशुभावेहनूमति ॥ देवदानवयक्षाणांविस्मयःसुमहानभूत् ॥ २५ ॥ नाप्येवंवेगवान्वायुर्गरुडोनमनस्तथा ॥ यथायंवायुपुत्रस्तुक्रमतेंवरमुत्तमम् ॥ ॥ २६ ॥ यदितावच्छिशोरस्यईदृशोगतिविक्रमः ॥ यौवनंबलमासाद्यकथंवेगोभविष्यति ॥ २७ ॥ तमनुप्लवतेवायुःप्लवंतंपुत्रमात्मनः ॥ सूर्यदाहभयाद्रक्षंस्तुपारचयशीतलः ॥ २८ ॥ बहुयोजनसाहस्रंक्रामन्नेवगतोंबरम् ॥ पितुर्बलाच्चबाल्याच्चभास्कराभ्याशमागतः ॥ २९ ॥ शिशुरेपत्वदोपज्ञइतिमत्वादिवाकरः ॥ कार्यंचास्मिन्समायत्तमित्येवंनददाहसः ॥ ३० ॥

करके कूदे ॥ २४ ॥ जब यह हनुमान् बालकपनकी अवस्थामें कूदे तब क्या देवता क्या दानव क्या यक्ष सबही अत्यन्त विस्मित होकर कहने लगे ॥ २५ ॥ यह पवनपुत्र उत्तम आकाशमार्गको जिस प्रकारसे अतिक्रम कर रहेहैं, वायु, गरुड या मनका भी ऐसा वेग नहीं है ॥ २६ ॥ जब कि बालकपनमें इस बालककी ऐसी गति और वेग है तब युवा अवस्थामें बलवान् होकर यह कैसा होगा ॥ २७ ॥ अपने पुत्रके कूदनेपर पवन तुषारराशिसंयोगसे शीतलहो सूर्यका तेज कहीं पुत्रको दग्ध न करदे इसी निमित्त आकाशगामी पुत्रके पीछे चलने लगे ॥ २८ ॥ हनुमान् बालकपनकी चंचलताके वश हो आकाशमें उडकर पिताकी सहायतासे हजारों योजन आकाशमें चढकर सूर्यके निकट पहुँचे ॥ २९ ॥ परन्तु यह बालक है दोषको नहीं जानता विशेष करके आगेको इससे देवताओंका

उसी दिन राहुभी सूर्य नारायणके ग्रास करनेको चला ॥ ३१ ॥ परन्तु इन हनुमान्‌ने सूर्य भगवान्‌के रथके ऊपर राहुको स्पर्श किया, इससे चंद्रमा, सूर्यका मर्दन करनेवाला राहु शंकित होकर सूर्यमंडलसे भाग गया ॥ ३२ ॥ सिंहिकापुत्र राहु क्रोधके मारे इन्द्रके भवनमें जाय भौंहें टेढीकर देवतोंके साथ बैठेहुए इन्द्रजीसे बोला ॥ ३३ ॥ हे वासव ! हमारी क्षुधा निवृत्त करनेके निमित्त आपने हमें चंद्र, सूर्यको दियाथा, हे बलवृत्रहन् ! अब आपने उन्हें दूसरेको क्यों देदिया ॥ ३४ ॥ पर्वका समय आय जानेसे आज ग्रहण करनेकी अभिलाषाकर हम सूर्यके निकट गयेथे, परन्तु अचानक एक दूसरे राहुने आनकर सूर्यको ग्रास

यस्मिन्दिनेप्लवगराजसुतोभास्करंमुनः ॥ तमेवदिवसंराहुर्जिघृक्षतिदिवाकरम् ॥ ३१ ॥ अनेनचपरामृष्टोराहुःसूर्यरथोपरि ॥ अपक्रांतस्ततस्त्रस्तोराहुश्चंद्रार्कमर्दनः ॥ ३२ ॥ इंद्रस्यभवनंगत्वासरोषःसिंहिकासुतः ॥ अब्रवीद्भ्रुकुटिंकृत्वादेवंदेवगणैर्वृतम् ॥ ३३ ॥ बुभुक्षापनयंदत्त्वाचंद्रार्कौममवासव ॥ किमिदंतत्त्वयादत्तमन्यस्यबलवृत्रहन् ॥३४॥ अद्याहंपर्वकालेतुजिघृक्षुःसूर्यमागतः ॥ अथान्योराहुरासाद्यजग्राहसहसारविम् ॥३५॥ सराहोर्वचनंश्रुत्वावासवःसंभ्रमान्वितः ॥ उत्पपातासनंहित्वाउद्वहन्कांचनींस्रजम् ॥ ३६ ॥ ततःकैलासकूटाभंचतुर्दंतंमदस्रवम् ॥ शृंगारधारिणंप्रांशुंस्वर्णघंटाट्टहासिनम् ॥ ३७ ॥ इंद्रःकरींसमारुह्यराहुंकृत्वापुरःसरम् ॥ प्रायाद्यत्राभवत्सूर्यःसहानेनहनूमता ॥ ३८ ॥ अथातिरभसेनागाद्राहुरुत्सृज्यवासवम् ॥ अनेनचसदृष्टःप्रधावञ्छैलकूटवत् ॥ ३९ ॥ ततःसूर्यंसमुत्सृज्यराहुंफलमवेक्ष्यच ॥ उत्पपातपुनर्व्योमग्रहीतुंसिंहिकासुतम् ॥ ४० ॥ उत्सृज्यार्कमिमंरामप्रधावंतंप्लवंगमम् ॥ अवेक्ष्यैवंपरावृत्तोमुखशेषःपरांमुखः ॥ ४१ ॥

कर लिया ॥ ३५ ॥ राहुके वचन सुनकर वह कांचनमालाधारी इन्द्र घबडाय आसन छोडकर उठे ॥ ३६ ॥ फिर कैलास पर्वतके शिखरकी समान ऊंचे चार दांतांके मदधारी शृङ्गारधारी सुवर्णघण्टा रूपसे अट्टहास समन्वित ॥ ३७ ॥ हस्तियोंमें श्रेष्ठ ऐरावत हाथीपर सवारहो राहुको आगेकर इन्द्रजी वहीं गये जहां सूर्यके साथ हनुमान विराजमान् थे ॥ ३८ ॥ इन्द्रको पीछे छोड राहु उनसे पहलेही जाय अतिवेगसे वहाँ पहुँचा परन्तु विशालशरीर शृङ्गधार हनुमानको देखतेही भागगया ॥ ३९ ॥ फिर राहुकोही फल समझ सूर्यको छोड सिंहिकाके पुत्र राहुके पकडनेकी अभिलाषासे हनुमान्‌जी फिर आकाशको उछले ॥ ४० ॥ हे राम ! जब वानरश्रेष्ठ हनुमान्‌जी सूर्यको छोडकर धाये तब केवल मुखमात्रके आकारवाला राहु, इनका बडाभारी शरीर देख विमुखहो भागा ॥ ४१ ॥
(१)

राहु सिंहिकापुत्र राहु परित्राण करनेवाले इन्द्रने यह वृत्तान्त कहनेको अभिलाष किये डरके मारे वारंवार " इन्द्र इन्द्र " कहनेलगा ॥ ४२ ॥ राहु की आर्तवाणी सुनकर और उसका बोल पहँचानकर इन्द्रजीने कहा "कुछ भय नहीं है" हम इसको संहार करते हैं ॥ ४३ ॥ फिर पवनकुमार हनुमान् ऐरावत हाथीको देख " यह बड़ाभारी फल है" ऐसा विचारकर उस गजराजके सम्मुख धाये ॥ ४४ ॥ हे राघव ! जब हनुमान्जी ऐरावत हाथीको ग्रहण कर नेके लिये धाये, तो एक मुहूर्तमें इनका रूप कालानलकी समान घोर होगया ॥ ४५ ॥ परन्तु शचीनाथ इन्द्रने अत्यन्त क्रोध करके हनुमान्जीके ऊपर अपने हाथसे वज्र मारा ॥ ४६ ॥ इन्द्रका वज्र लगनेसे ताडितहो यह हनुमान् पर्वतपर गिरे और गिरनेसे इनकी बाँई हनु (ठोडी) टूटगई ॥ ४७ ॥ जब यह हनुमान्जी

इंद्रमाशंसमानस्तुत्रातारंसिंहिकासुतः ॥ इंद्रइंद्रेतिसंत्रासान्मुहुर्मुहुरभाषत ॥४२॥ राहोर्विक्रोशमानस्यप्रागेवालक्षितंस्वरम् ॥ श्रुत्वेंद्रोवाचमाभैषीरहमेनंनिषूदये ॥ ४३ ॥ ऐरावतंततोदृष्ट्वामहत्तदिदमित्यपि ॥ फलंतंहस्तिराजानमभिदुद्रावमारुतिः ॥ ४४ ॥ तथास्यधावतोरूपमैरावतजिघृक्षया ॥ मुहूर्तमभवद्घोरमिंद्राग्न्युपरिभास्वरम् ॥ ४५ ॥ एवमाधावमानंतुनातिक्रुद्धःशचीपतिः ॥ हस्तांतादतिमुक्तेनकुलिशेनाभ्यताडयत् ॥ ४६ ॥ ततोगिरौपपातैषइंद्रवज्राभिताडितः ॥ पतमानस्यचैतस्यवामाहनुरभज्यत ॥ ४७ ॥ तस्मिंस्तुपतितेचापिवज्रताडनविह्वले ॥ चुक्रोधेंद्रायपवनःप्रजानामहितायसः ॥ ४८ ॥ प्रचारंसतुसंगृह्यप्रजास्वंतर्गतःप्रभुः ॥ गुहांप्रविष्टःस्वसुतंशिशुमादायमारुतः ॥४९॥ विण्मूत्राशयमावृत्यप्रजानांपरमार्तिकृत् ॥ रुरोधसर्वभूतानियथावर्षाणिवासवः ॥५०॥ वायुप्रकोपाद्भूतानिनिरुच्छ्वासानिसर्वतः ॥ संधिभिर्भिद्यमानैश्चकाष्ठभूतानिजज्ञिरे ॥ ५१ ॥ निस्स्वाध्यायवषट्कारंनिष्क्रियंधर्मवर्जितम् ॥ वायुप्रकोपात्त्रैलोक्यंनिरयस्थमिवाभवत् ॥ ५२ ॥ ततःप्रजाःसगंधर्वाःसदेवासुरमानुषाः ॥ प्रजापतिंसमाधावन्दुःखिताश्चसुखेच्छया ॥ ५३ ॥

विकल हो वज्रके प्रहारसे गिरपडे तब पवन देवता प्रजागणोंका अहित करनेकी वासनासे इन्द्रके ऊपर कुपित हुए ॥४८॥ तब सबके शरीरमें रहनेवाले वायु अपना संचार बंद करके अपने बालक पुत्रको ले गुफामें पैठ गये ॥४९॥ अधिक क्या कहें वर्षाको रोककर इन्द्रजी जिसप्रकार सर्व प्राणियोंको पीडा देतेहैं वैसेही पवन सर्व प्राणियोंके मल मूत्राशय रोककर महाके असाध्य पीडा देने लगे ॥५०॥ पवनके कोप करनेसे सब प्राणियोंका श्वास सब भाँतिसे बंद होगया और देहके सब जोड काष्ठकी समान ... होगये ॥ ५१ ॥ पवनके कोपसे त्रिलोकीमें स्वाध्याय, वषट्कार, क्रियाकलाप और समस्त धर्म लोप होगये ... ॥ ५२ ॥ ... देवता, गन्धर्व, असुर और मनुष्य इत्यादि सबप्रजा दुःखित होकर ...

॥ ५४ ॥ मनम ! आपने पवनको हमारी आयुका अधिपति कर दियाहै, परन्तु वही वायु प्राणेश्वर होकर आज सहसा ॥५५॥ क्लेश देतेहुए हमको रुंध रहेहैं जैसे कोई अन्तःपुरमें स्त्रियोंको रोक कर रक्खे इस कारण हम वायुकरके उपहत हो आपकी शरणमें आये ॥ ५६ ॥ हे दुःखहारी ! आप हमारा पवनके रुकजानेका यह दुःख दूर कीजिये, प्रजाके ऐसे वचन सुनकर प्रजानाथ प्रजापति ॥ ५७ ॥ इसमें कोई कारणहै, यह कहकर फिर कहने लगे, जिस कारण वायुने क्रोधकर पवनको रोका है ॥ ॥ ५८ ॥ हे सर्व प्रजागण ! वह हमको कहना उचित और तुमको श्रवण करना उचित है सो तुम उसको श्रवण करो । आज सुरपति

ऊचुःप्रांजलयोदेवामहोदरनिभोदराः ॥ त्वयातुभगवन्सृष्टाःप्रजानाथचतुर्विधाः ॥ ५४ ॥ त्वयादत्तोयमस्माकमायुषःपवनःपतिः ॥ सोस्मान्प्राणेश्वरोभूत्वाकस्मादेषोद्यसत्तम ॥ ५५ ॥ रुरोधदुःखंजनयन्नंतःपुरइवस्त्रियः ॥ तस्मात्त्वांशरणंप्राप्तावायुनोपहतावयम् ॥ ५६ ॥ वायुसंरोधजं दुःखमिदंनोनुदंदुःखहन् ॥ एतत्प्रजानां श्रुत्वा तु प्रजानाथः प्रजापतिः ॥५७॥ कारणादितिचोक्त्वासोप्रजाःपुनरभाषत ॥ यस्मिंश्चकारणेवायुश्चुक्रोधचरुरोधच ॥ ५८ ॥ प्रजाःशृणुध्वंतत्सर्वंश्रोतव्यंचात्मनःक्षमम् ॥ पुत्रस्तस्यामरेशेनइन्द्रेणाद्यनिपातितः ॥ ५९ ॥ राहोर्वचनमास्थायततःप्रकुपितोऽनिलः ॥ अशरीरःशरीरेषुवायुश्चरतिपालयन् ॥ ६० ॥ शरीरंहिविनावायुंसमतांयातिदारुभिः ॥ वायुःप्राणःसुखंवायुर्वायुःसर्वमिदंजगत् ॥ ६१ ॥ वायुनासंपरित्यक्तनसुखावदतजगत् ॥ अद्येवचपरित्यक्तंवायुनाजगदायुषा ॥ ६२ ॥ अद्येवतेनिरुच्छ्वासाःकाष्ठकुड्योपमाःस्थिताः ॥ तद्यामस्तत्रयत्रास्तेमारुतोरुक्प्रदोहिनः ॥ माविनाशंगमिष्यामअप्रसाद्यादितेःसुतम् ॥ ६३ ॥

इन्द्रने पवनके पुत्रको मारा है ॥ ५९ ॥ और उन्होंने राहुके वचनोंका विश्वास ऐसा किया उसीसे पवनने कोप कियाहै, अशरीरी पवन देहधारियोंका पालन करते हुए उनके अंगमें विचरण करते हैं ॥ ६० ॥ विशेष करके वायुके विना शरीर काठके तुल्यहै इसलिये पवनही प्राण, पवनही सुख और पवनही सब जगत् है ॥ ६१ ॥ आयुरूप वायुने अभी जगतको छोड दियाहै, इस कारण वायुकरके त्यागे जाकर जगतके सब जीव सुख प्राप्त करनेको समर्थ नहीं हैं ॥ ६२ ॥ वायुने जो गृहागार भाम रुकगयाहै सो आजही तुम काष्ठ और भीत (दीवार) की समान होगये हो इसनिमित्त हम लोगोंको पीडा देनेवाले मारुत जिस स्थानमेंहैं;

...पवनजीको प्रसन्न किये नाशहीहै ॥६३॥ इसके उपरान्त ब्रह्माजी, देवता, गन्धर्व, भुजंग, गुह्यक इत्यादि प्रजाओंके साथ जहां इन्द्रसे मारेहुए ... को लिये पवन बैठेथे वहां गये ॥६४॥ तब आदित्य, अनल और सुवर्णकी समान द्युतिमान् पुत्र हनुमान्‌को सदागति पवनजीकी उछंगमें देखकर ब्रह्माजी देव... ... ऋषि, यक्ष और राक्षसोंके सहित उनपर कृपा करते हुए ॥ ६५ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां पंचत्रिंशः सर्गः ॥ ३५ ॥ पुत्रका वध होजानेसे शोकसे संतापित हुए पवन देवता ब्रह्माजीको देख उस बालकको ले शीघ्रतासे खडे होगये ॥ १ ॥ सुवर्णमय भूषणोंके पहरनेसे शोभा... मान पवन देवता तीन बार साष्टाङ्ग प्रणाम करके ब्रह्माजीके चरणोंमें गिरे, तब उनके कुण्डल, माला और शिरके भूषण हिलने लगे ॥ २ ॥ तब अनादि ...

ततःप्रजाभिःसहितःप्रजापतिःसदेवगंधर्वभुजंगगुह्यकैः ॥ जगामयत्रास्यतितत्रमारुतःसुतंसुरेंद्राभिहतंप्रगृह्यसः ॥ ६४ ॥ ततोर्कवैश्वानरकांचनप्रभंसुतंतदोत्संगगतंसदागतेः ॥ चतुर्मुखोवीक्ष्यकृपामथाकरोत्सदेवगंधर्वऋषियक्षराक्षसः ॥ ६५ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे पंचत्रिंशः सर्गः ॥ ३५ ॥ ततःपितामहंदृष्ट्वावायुपुत्रवधार्दितः ॥ शिशुकंतंसमादायउत्तस्थौधातुरग्रतः ॥ १ ॥ चलत्कुंडलमौलिस्रक्तपनीयविभूषणः ॥ पादयोन्यपतद्वायुस्त्रिरुपस्थायवेधसे ॥ २ ॥ तंतुवेदविदातेनलंबाभरणशोभिना ॥ वायुमुत्थाप्यहस्तेनशिशुंतंपरिमृष्टवान् ॥ ३ ॥ स्पृष्टमात्रस्ततःसोथसलीलंपद्मजन्मना ॥ जलसिक्तंयथासस्यंपुनर्जीवितमाप्तवान् ॥ ४ ॥ प्राणवंतमिमंदृष्ट्वाप्राणोगंधवहोमुदा ॥ चचारसर्वभूतेषुसन्निरुद्धंयथापुरा ॥ ५ ॥ मरुद्रोधाद्विनिर्मुक्तास्ताःप्रजामुदिताभवन् ॥ शीतवातविनिर्मुक्ताःपद्मिन्यइवसांबुजाः ॥ ६ ॥ ततस्त्रियुग्मस्त्रिककुत्रिधामात्रिदशार्चितः ॥ उवाचदेवताब्रह्मामारुतप्रियकाम्यया ॥ ७ ॥ भोमहेंद्राग्निवरुणामहेश्वरधनेश्वराः ॥ जानतामपिवःसर्वंवक्ष्यामिश्रूयतांहितम् ॥ ८ ॥

वेदार्थ जाननेवाले ब्रह्माजीने अलंकारोंसे शोभित अपने हाथसे वायु देवको उठाय उस बालक हनुमान्‌जीको स्पर्श किया ॥ ३ ॥ उसकाल वह बालक कमलयोनि ब्रह्माजीने लीलापूर्वक छुआ जावाही जलसे सींचेहुए धानकी समान फिर जीवित होगया ॥ ४ ॥ गन्ध बहनेवाले प्राणभूत वायु अपने पुत्रको जीवित देखकर हर्ष... मारे अपनी रोक छोड पहलेकी समान सब प्राणियोंमें विचरण करने लगे ॥ ५ ॥ कमलके साथ कमलिनी जिसप्रकार शीत वातसे छुटकारा पाय प्रफुल्ल हो जाती वैसेही समस्त प्रजा पवनके रोकनेसे छूट प्रफुल्ल हुई ॥ ६ ॥ यश, वीर्य, ऐश्वर्य श्री, ज्ञान और वैराग्यसमन्वित त्रिमूर्ति देवताओंसे पूजित त्रिलोकधाम ब्रह्मा... पवनजीका प्रिय करनेकी कामनासे बोले ॥ ७ ॥ महेन्द्र, अग्नि, वरुण, महेश्वर, धनेश्वर इत्यादि देवगण ! तुम लोग जानते हो ...

तब प्रसन्नवदन सहस्रनयन इन्द्रजीने प्रसन्न हो सुवर्णके कमल फूलोंकी माला देकर यह कहा ॥ १० ॥ हमारे हाथसे छूटे वज्र करके इनकी हनु टूट गईहै, इस कारण यह कपिशार्दूल "हनुमान्" नामसे विख्यात होंगे ॥ ११॥ इनको हम एक औरभी अद्भुत वरदान देतेहैं कि, अबसे यह हनुमान् हमारे वज्रसे भी अवध्य होंगे ॥ १२ ॥ तब तिमिरनाशक ज्योतिःप्रकाशक भगवान् सूर्य बोले, हमने अपने तेजका सौवाँ अंश इनको दिया ॥ १३ ॥ जिस समय यह शास्त्र पढनेमें समर्थ होंगे उस समयमें हम इनको शास्त्र पढावेंगे तिससे यह हनुमान् वाग्मी होंगे ॥ १४ ॥ वरुणजीने यह वर दिया कि, हमारी फांसीसे या जलसे दश

अनेनशिशुनाकार्यंकर्तव्यंवोभविष्यति ॥ तद्ददध्वंवरान्सर्वेमारुतस्यास्यतुष्टये ॥ ९ ॥ ततःसहस्रनयनःप्रीतियुक्तःशुभाननः ॥ कुशेशयमयींमालामुत्क्षिप्येदंवचोब्रवीत् ॥ १० ॥ मत्करोत्सृष्टवज्रेणहनुरस्ययथाहतः ॥ नाम्नावैकपिशार्दूलोभविताहनुमानिति ॥११॥ अहमस्यप्रदास्यामि परमंवरमद्भुतम् ॥ इतःप्रभृतिवज्रस्यममावध्योभविष्यति ॥१२॥ मार्तंडस्त्वब्रवीत्तत्रभगवांस्तिमिरापहः ॥ तेजसोस्यमदीयस्यददामिशतिकां कलाम् ॥ १३ ॥ यदाचशास्त्राण्यध्येतुंशक्तिरस्यभविष्यति ॥ तदास्यशास्त्रंदास्यामियेनवाग्मीभविष्यति ॥ १४ ॥ वरुणश्चवरंप्रादान्नास्यमृत्युर्भविष्यति ॥ वर्षायुतशतेनापिमत्पाशादुदकादपि ॥ १५ ॥ यमोदंडादवध्यत्वमरोगत्वंचदत्तवान् ॥ वरंददामिसंतुष्टअविषादंचसंयुगे ॥ १६ ॥ गदेयंमामिकानैनंसंयुगेषुवधिष्यति ॥ इत्येवंधनदःप्राहतदाह्येकाक्षिपिंगलः ॥ १७ ॥ मत्तोमदायुधानांचअवध्योयंभविष्यति ॥ इत्येवंशंकरेणापिदत्तोस्यपरमोवरः ॥ १८ ॥ विश्वकर्माचदृष्ट्वेमंबालंप्रतिमहारथः ॥ मत्कृतानिचशस्त्राणियानिदिव्यानितानिच ॥ तैरवध्यत्वमापन्नश्चिरजीवीभविष्यति ॥ १९ ॥ दीर्घायुश्चमहात्माचब्रह्मातंप्राब्रवीद्वचः ॥ सर्वेषांब्रह्मदंडानामवध्यत्वंभविष्यति ॥ २० ॥

हजार वर्षतक भी इनकी मृत्यु नहीं होगी ॥ १५ ॥ यमने सन्तुष्ट होकर इनको वरदान दिया कि यह हमारे दंडसे न मारे जायँगे, सदा निरोगी रहेंगे; इनको युद्धमें कभी विषाद न होगा ॥ १६ ॥ एकाक्षी पिंगल धनद कुबेरजीने उस कालमें यह वरदान दिया कि, यह हनुमान् हमसे व हमारी गदासे न मारे जायँगे ॥ १७ ॥ यह हनुमान हमारे भी सब अस्त्र शस्त्रोंसे अवध्य होंगे, शिवजीने भी इनको इसप्रकारका परम वर दिया ॥ १८ ॥ महारथी विश्वकर्माजीने ऐसा देखकर बालकसे कहा कि हमारे बनाये हुए जो दिव्य अस्त्र शस्त्र हैं यह बालक उन सबसे अवध्य होकर सदा जीवित रहेगा ॥ १९ ॥ ब्रह्माजीने उनसे कहा

तुम सबके जाननेवाले और दीर्घायु होगे, ब्रह्मास्त्रसे व ब्रह्मशापसेभी तुम अवध्य होगे ॥ २० ॥ इसके पीछे जगद्गुरु चतुरानन ब्रह्माजी देवताओंके वरसे इनको अलंकृत देख सन्तुष्टचित्तहो पवन देवतासे बोले ॥ २१ ॥ हे मारुत ! तुम्हारा पुत्र मारुति शत्रुओंको भय देनेवाला, मित्रोंको अभय देनेवाला और अजीत होगा ॥ २२ ॥ अधिक करके यह कपिवर इच्छानुसार रूप धारणकर; गमन और भक्षण करसकेगा, अधिक क्या कहें, यह बालक कीर्तिमान् होगा और इसकी गति किसीसे नहीं रुकेगी ॥ २३ ॥ और रावणको नाश करनेवाले श्रीरामचंद्रजीको प्रसन्नता उपजाने वाले रोमहर्षण कार्य संग्राममें सिद्ध करेगा ॥ ॥ २४ ॥ ब्रह्मादि सब देवता ऐसा कहकर पवन देवताको प्रसन्नकर अपने २ परिवारोंके साथ जैसे आयेथे वैसेही चले गये ॥ २५ ॥ गन्धवह पवन भी पुत्रको

ततः सुरगणांतुवरैर्दृष्ट्वाह्येनमलंकृतम् ॥ चतुर्मुखस्तुष्टमनावायुमाहजगद्गुरुः ॥ २१ ॥ अमित्राणांभयकरोमित्राणामभयंकरः ॥ अजेयोभविता पुत्रस्तवमारुतमारुतिः ॥ २२ ॥ कामरूपःकामचारीकामगःप्लवतांवरः ॥ भवत्यव्याहतगतिःकीर्तिमांश्चभविष्यति ॥ २३ ॥ रावणोत्साद नार्थानिरामप्रीतिकराणिच ॥ रोमहर्षकराण्येवकर्ताकर्माणिसंयुगे ॥ २४ ॥ एवमुक्तातमामंत्र्यमारुतंत्वमरैःसह॥ यथागतंययुःसर्वेपितामहपुरो गमाः ॥ २५ ॥ सोपिगंधवहःपुत्रंप्रगृह्यगृहमानयत् ॥ अंजनायास्तमाख्यायवरंदत्त्वाविनिर्गतः ॥ २६ ॥ प्राप्यरामवरानेषवरदानबलान्वितः ॥ जवेनात्मनिसंस्थेनसोऽसौपूर्णइवार्णवः ॥ २७ ॥ तरसापूर्यमाणोपितदावानरपुंगवः ॥ आश्रमेषुमहर्षीणामपराध्यतिनिर्भयः ॥ २८ ॥ स्रुग्भां डान्यग्निहोत्राणिवल्कलानांचसंचयान् ॥ भग्नविच्छिन्नविध्वस्तान्सुशांतानांकरोत्ययम् ॥ २९ ॥ एवंविधानिकर्माणिप्रावर्ततमहाबलः ॥ सर्वेषांब्रह्मदंडानामवध्यःशंभुनाकृतः ॥ ३० ॥ जानंतऋषयःसर्वेसहंतेतस्यशक्तितः ॥ तथाकेसरिणात्वेषवायुनासोंजनीसुतः ॥ ३१ ॥

लेकर घर आये और अंजनाके निकट वरदानका वृत्तान्त वर्णन करके वहांसे चलेगये ॥ २६ ॥ हे राम ! वरदानके वश यह बलवान् हनुमान् समस्त वर पाय समुद्रकी समान देहिक बलमें परिपूर्ण हुए ॥ २७ ॥ यह वानरश्रेष्ठ उसकाल वेगमें परिपूर्णहो निर्भय चित्तसे ऋषिगणोंके आश्रमोंमें उपद्रव मचाने लगे ॥ २८ ॥ यह हनुमान् शान्त [illegible] मुनिजनोंके स्रुक, भाण्ड इत्यादि यज्ञके उपकरण तोड़ने लगे, अग्निहोत्रकी अग्निको बिथराय देते और वल्कलोंको विध्वंस करने लगे ॥ २९ ॥ [illegible] करने लगे ॥ ३० ॥ [illegible]

इनको यह शाप दिया कि, हे वानर ! तुम जिस बलका आश्रय करके हमको पीडित करते हो ॥३३॥ सो तुम हमारे शापसे मोहित हो बहुत कालतक इस बलको नहीं जान सकोगे परन्तु जब कोई तुम्हारी कीर्तिको तुमको याद दिलादिया करेगा; तब तुम्हारा बल बढेगा ॥ ३४ ॥ तिसके पीछे यह हनुमान ऋषियोंके वचनप्रभावसे बलवीर्य विहीनहो मृदुभावसे आश्रमोंमें घूमने लगे ॥ ३५ ॥ सूर्यके समान तेजस्वी ऋक्षराज वानरोंके राजाने वह वालि और सुग्रीवके पिता थे ॥ ३६ ॥ वह वानराधिपति ऋक्षराज बहुत दिन तक राज्य करके फिर कालके वश हुए ॥ ३७ ॥ जब वह ऋक्षराज

प्रतिषिद्धोपिमर्यादांलंघयत्येववानरः ॥ ततोमहर्षयःक्रुद्धाभृग्वंगिरसवंशजाः ॥ ३२ ॥ शेपुरेनंरघुश्रेष्ठनातिक्रुद्धातिमन्यवः ॥ बाधसेयत्समाश्रित्यबलमस्मान्प्लवंगम ॥ ३३ ॥ तद्दीर्घकालंवेत्तासिनास्माकंशापमोहितः ॥ यदातेस्मार्यतेकीर्तिस्तदातेवर्धतेबलम् ॥ ३४ ॥ ततस्तुहततेजौजामहर्षिवचनौजसा ॥ एषोश्रमाणितान्येवमृदुभावंगतोचरत् ॥ ३५ ॥ अथर्क्षरजसोनामवालिसुग्रीवयोःपिता ॥ सर्ववानरराजासीत्तेजसाइवभास्करः ॥ ३६ ॥ सतुराज्यंचिरंकृत्वावानराणांमहेश्वरः ॥ ततस्त्वर्क्षरजानामकालधर्मेणयोजितः ॥ ३७ ॥ तस्मिन्नस्तमितेचाथमंत्रिभिर्मत्रकोविदैः ॥ पित्र्येपदेकृतोवालीसुग्रीवोवालिनःपदे ॥ ३८ ॥ सुग्रीवेणसमंत्वस्यअद्वैधंछिद्रवर्जितम् ॥ आबाल्यंसख्यमभवदनिलस्याग्निना यथा ॥ ३९ ॥ एषशापवशादेवनवेदबलमात्मनः ॥ वालिसुग्रीवयोर्वैरंयदारामसमुत्थितम् ॥ ४० ॥ नह्येषरामसुग्रीवोभ्राम्यमाणोपिवालिना ॥ देवजानातिनह्येषबलमात्मनिमारुतिः ॥ ४१ ॥ ऋषिशापाहृतबलस्तदैवकपिसत्तमः ॥ सिंहःकुंजररुद्धोवाआस्थितःसहितोरणे ॥ ४२ ॥ पराक्रमोत्साहमतिप्रतापसौशील्यमाधुर्यनयानयैश्च ॥ गांभीर्यचातुर्यसुवीर्यधैर्यैर्हनूमतःकोप्यधिकोस्तिलोके ॥ ४३ ॥

मृत्युको प्राप्त हुए तब मंत्र जाननेवाले मंत्रियोंने वालीको पिताके पदपर और वालीके पदपर सुग्रीवको अभिषेकित किया ॥ ३८ ॥ अग्निके साथ पवनकी नाई वालीका बालकपनसे ही सुग्रीवके साथ दोषरहित अद्वितीय मित्रभाव होगया ॥ ३९ ॥ परंतु हे राम ! जिस समय वाली और सुग्रीवमें विरोध उत्पन्न हुआ उस कालमें यह हनुमानजी शाप लगजानेसे अपने बलको नहीं जानतेथे ॥ ४० ॥ हे देव राम ! सुग्रीवजीभी इस समाचारको नहीं जानतेथे कि, पवनकुमार हनुमान् अपनी सामर्थ्यको नहीं जानते ॥ ४१ ॥ जो कुछ भी हो ऋषियोंके शापसे बल गमाये वह कपिश्रेष्ठ हनुमान् सुग्रीवजी विपदके समयमें हाथीसे घिरे हुए सिंहकी समान सुग्रीवजीके साथ रहतेथे ॥ ४२ ॥ पराक्रम, उत्साह, बुद्धि, प्रताप, सुशीलता, मधुरता, नीति, ज्ञान, गंभीरता, चतुरता

धैर्य और धीरता इत्यादि गुणोंमें हनुमान्‌जीसे अधिक इस लोकमें कोई भी नहींथा ॥ ४३ ॥ और यह वानरश्रेष्ठ व्याकरण सीखनेके लिये सूर्यके सन्मुख ह्वै उठ २ उदयगिरिसे अस्ताचलतक चले जातेथे ॥ ४४ ॥ अधिक क्या कहें इन अप्रमेय वानरेन्द्रसे सूत्र, वृत्ति, महाभाष्य और संग्रहके सहित महाअर्थयुक्त महत्‌ग्रंथअर्थके सहित ग्रहण करके उनमें सिद्धि प्राप्त की थी ॥ ४५ ॥ वरन् इनकी समान शास्त्रविशारद और कोई भी नहींहै, यह समस्त विद्या, क्या छन्द, क्या तप विधान, सब बातोंमेंही बृहस्पतिजीकी समान हैं, प्रलयकालके समय उफनते हुए समुद्र दहनाभिलाषी पावक और यमराजके सम्मुख कोई जैसे खडा नहीं होसकताहै वैसेही इन हनुमान्‌के सम्मुख कोईभी खडे होनेकी सामर्थ्य नहीं रखता ॥ ४६ ॥ हे राम ! इनकीही समान तुम्हारी सहायताके अर्थ देवगणोंने

असौपुनर्व्याकरणंग्रहीष्यन्सूर्योन्मुखःप्रष्टुमनाःकपींद्रः ॥ उद्यद्गिरेरस्तगिरिंजगामग्रंथंमहद्धारयनप्रमेयः ॥ ४४ ॥ससूत्रवृत्त्यर्थपदंमहार्थंससंग्रहंसिद्ध्यतिवैकपींद्रः ॥ नह्यस्यकश्चित्सदृशोस्तिशास्त्रेवैशारदेछंदगतौतथैव ॥ ४५ ॥ सर्वासुविद्यासुतपोविधानेप्रस्पर्धतेऽयंहिगुरुंसुराणाम् ॥ प्रवीविविक्षोरिवसागरस्यलोकान्दिधक्षोरिवपावकस्य ॥ लोकक्षयेष्वेवयथांतकस्यहनूमतःस्थास्यतिकःपुरस्तात् ॥ ४६ ॥ एषेवचान्येचमहाकपींद्राःसुग्रीवमैंदद्विविदाः सनीलाः ॥ सतारतारेयनलाःसरंभास्त्वत्कारणाद्रामसुरैर्हिसृष्टाः ॥ ४७ ॥ गजोगवाक्षोगवयःसुदंष्ट्रोमैंदःप्रभोज्योतिर्मुखोनलश्च ॥ एतेचऋक्षाःसहवानरेंद्रैस्त्वत्कारणाद्रामसुरैर्हिसृष्टाः ॥ ४८ ॥ तदेतत्कथितंसर्वंयन्मांत्वंपरिपृच्छसि ॥ हनूमतोबालभावेकर्मैतत्कथितंमया ॥ ४९ ॥ श्रुत्वागस्त्यस्यकथितंरामःसौमित्रिरेवच ॥ विस्मयंपरमंजग्मुर्वानराराक्षसैःसह ॥ ५० ॥ अगस्त्यस्त्वब्रवीद्रामंसर्वमेतच्छ्रुतंत्वया ॥ दृष्टःसंभाषितश्चासिरामगच्छामहेवयम् ॥ ५१ ॥ श्रुत्वैतद्राघवोवाक्यमगस्त्यस्योग्रतेजसः ॥ प्रांजलिःप्रणतश्चापिमहर्षिमिदमब्रवीत् ॥ ५२ ॥

सुग्रीव, अंगद, मैन्द, द्विविद, नल, नील, तार और रंभादि महा २ वानरोंको उत्पन्न कियाहै ॥ ४७ ॥ हे प्रभो ! गज, गवाक्ष, गवय, सुदंष्ट्र, ज्योतिर्मुख इन वानरश्रेष्ठ और ऋक्षोंको भी तुम्हारी सहायताके अर्थ उत्पन्न कियाहै ॥ ४८ ॥ हे राम ! हनुमान्‌ने बालकपनमें जो जो कर्म कियेथे वह सब हमने आपसे कहे अधिक कहनेसे क्या, आपने जो कुछभी हमसे पूछा वही हमने निवेदन किया ॥ ४९ ॥ श्रीरामचन्द्रजी व लक्ष्मणजी अगस्त्यजीके वचन सुनकर राक्षस और वानरोंके सहित अत्यन्त विस्मित हुए ॥ ५० ॥ परंतु अगस्त्यजी श्रीरामचन्द्रजीसे बोले कि, आपने सब कुछ सुना और हमने भी दर्शन पाय [illegible] ॥ तब श्रीरामचन्द्रजी उन तेजस्वी अगस्त्यजी ऋषिसे [illegible]

परन्तु आपकी सेवामें हमारा यह निवेदनहै; कि हम वांछारहित होकर जो कुछ कहें आप हमारेऊपर दया करके उसको सिद्धकरें॥५४॥ इस समय हम वनवाससे लौट आयेहैं फिर पुरवासी और जनपदवासियोंको अपने २ कार्यमें प्रतिष्ठित करके आपके प्रतापसे हम समस्त यज्ञोंका अनुष्ठान करेंगे ॥ ५५ ॥ आप हमपर अनुग्रहकी इच्छा करतेहैं विशेष करके महत् तप वीर्य समन्वित साधुशीलवान् आप हैं इस कारण आप हमारे यज्ञमें सदाही सदस्य (विधि बतानेवाले) का कार्य करें॥५६॥ आप तप करके पापविहीन हुएहैं, इस निमित्त आपको सदा आश्रय करनेसे पितृगण हमपर सदा अनुग्रह करेंगे और परम सन्तुष्ट होंगे ॥ ५७ ॥ उस

अद्यमेदेवतास्तुष्टाःपितरःप्रपितामहाः ॥ युष्माकंदर्शनादेवनित्यंतुष्टाःसबांधवाः ॥ ५३ ॥ विज्ञाप्यंतुममैतद्धियद्वदाम्यागतस्पृहः ॥ तद्भवद्भिर्मम कृतेकर्तव्यमनुकंपया ॥ ५४ ॥ पौरजानपदान्स्थाप्यस्वकार्येष्वहमागतः ॥ क्रतूनहंकरिष्यामिप्रभावाद्भवतांसताम् ॥ ५५ ॥ सदस्यामम यज्ञेषुभवंतोनित्यमेवतु ॥ भविष्यथमहावीर्याममानुग्रहकांक्षिणः ॥ ५६ ॥ अहंयुष्मान्समाश्रित्यतपोनिर्धूतकल्मषान् ॥ अनुगृहीतःपितृभिर्भविष्यामिसुनिर्वृतः ॥ तदागंतव्यमनिशंभवद्भिरिहसंगतैः ॥ अगस्त्याद्यास्तुतच्छ्रुत्वाऋषभःसंशितव्रताः ॥ ५८ ॥ एवमस्त्वितितंप्रोच्यप्रयातुमुपचक्रमुः ॥ एवमुक्त्वागताःसर्वेऋषयस्तेयथागतम् ॥ ५९ ॥ राघवश्चतमेवार्थंचिंतयामासविस्मितः ॥ ततोऽस्तंभास्करेयातेविसृज्यनृपवानरान् ॥ ६० ॥ संध्यामुपास्यविधिवत्तदानरवरोत्तमः ॥ प्रवृत्तायांरजन्यांतुसोंतःपुरचरोभवत् ॥ ६१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वा० आ० उत्तरकांडे षट्त्रिंशः सर्गः ॥ ३६ ॥ अभिषिक्तेतुकाकुत्स्थेधर्मेणविदितात्मनि ॥ व्यतीतायानिशापूर्वापौराणांहर्षवर्धिनी ॥ १ ॥ तस्यांरजन्यांव्युष्टायांप्रातर्नृपतिबोधकाः ॥ वंदिनःसमुपातिष्ठन्सौम्यानृपतिवेश्मनि ॥ २ ॥

कालमें सब लोगोंके साथ मिलकर आप लोगोंको इस स्थानमें आना पडेगा व्रत धारण कियेहुए अगस्त्यादि ऋषि यह सुनकर ॥५८॥ "ऐसाही होगा" रामचन्द्रजी से यह कह, जानेके लिये तैयार हुए ॥ ५९ ॥ श्रीरामचन्द्रजीभी विस्मितहो यज्ञके लिये चिन्ता करने लगे । इसके पीछे सूर्यके छिपजानेसे रामचन्द्रजीने नृप और वानरोंको विदा किया ॥ ६० ॥ तदनन्तर नरश्रेष्ठ श्रीरामचन्द्रजीने विधिविधानसे सन्ध्या की और रात्रिका सुख प्राप्त करनेके लिये अन्तःपुरमें गये ॥ ६१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी०आदि०उत्तरकांडे भाषाटीकायां षट्त्रिंशः सर्गः ॥ ३६ ॥ ब्रह्मज्ञानसम्पन्न काकुत्स्थ श्रीरामचन्द्रजीका जब अभिषेक धर्मानुसार होगया

अति सौम्यमूर्तिसे आयकर उपस्थित हुए ॥ २ ॥ किन्नरोंकी समान शिक्षित और मधुर कण्ठवाले वह गायक वीर श्रेष्ठ राजाका हर्ष बढायकर स्तुति करनेलगे ॥ ३ ॥ हे सौम्यस्वभाव नरनाथ ! आपके निद्रित रहनेसे सब जगत निद्रामें मग्न रहताहै; इसलिये हे कौशल्यानन्दवर्द्धन वीर ! आप निद्राका परित्याग कीजिये ॥ ४ ॥ आप विष्णुजीकी समान विक्रमकारी, अश्विनीकुमारकी समान रूपवान्, बृहस्पतिजीकी नाईं बुद्धिमान् और प्रजापालनमें ब्रह्माजीकी समान हैं ॥ ५ ॥ आप समुद्रकी समान गंभीर स्वभाववाले हैं, पृथ्वीकी समान क्षमागुणशाली हैं, सूर्यकी नाईं तेजस्वी और पवनसम वेगवान्हैं ॥ ६ ॥ शिवजीकी समान आपका सौम्य गुण कभी कंपायमान होनेवाला नहीं ऐसा सौम्यगुण चन्द्रमामेंही विराजमानहै और कहीं नहीं, आपकी समान न कोई राजा हुआ न

तेरक्तकंठिनःसर्वेकिन्नराइवशिक्षिताः ॥ तुष्टुवुर्नृपतिंवीरंयथावत्संप्रहर्षिणः ॥ ३ ॥ वीरसौम्यप्रबुध्यस्वकौसल्याप्रीतिवर्धन ॥ जगद्धिसर्वंस्वपितित्वयिसुप्तेनराधिप ॥ ४ ॥ विक्रमस्तेयथाविष्णोरूपंचैवाश्विनोरिव ॥ बुद्ध्याबृहस्पतेस्तुल्यःप्रजापतिसमोह्यसि ॥ ५ ॥ क्षमातेपृथिवीतुल्यातेजसाभास्करोपमः ॥ वेगस्तेवायुनातुल्योगांभीर्यमुदधेरिव ॥ ६ ॥ अप्रकंप्योयथास्थाणुश्चंद्रेसौम्यत्वमीदृशम् ॥ नेदृशाःपार्थिवाःपूर्वंभवितारोनराधिप ॥७॥ यथात्वमसिदुर्धर्षोधर्मनित्यःप्रजाहितः ॥ नत्वांजहातिकीर्तिश्चलक्ष्मीश्चपुरुषर्षभ ॥८॥ श्रीश्चधर्मश्चकाकुत्स्थत्वयिनित्यंप्रतिष्ठितौ॥एताश्चान्याश्चमधुरावंदिभिःपरिकीर्तिताः ॥९॥ सूताश्चसंस्तवैर्दिव्यैर्बोधयंतिस्मराघवम्॥ स्तुतिभिःस्तूयमानाभिःप्रत्यबुध्यतराघवः ॥ १० ॥ सतद्विहायशयनंपांडुराच्छादनास्तृतम् ॥ उत्तस्थौनागशयनाद्धरिर्नारायणोयथा ॥११॥ समुत्थितंमहात्मानंप्रह्वाःप्रांजलयोनराः ॥ सलिलंभाजनैःशुभ्रैरुपतस्थुःसहस्रशः ॥ १२ ॥ कृतोदकःशुचिर्भूत्वाकालेहुतहुताशनः ॥ देवागारंजगामाशुपुण्यमिक्ष्वाकुसेवितम् ॥ १३ ॥

आगेको होगा ॥ ७ ॥ हे पुरुषश्रेष्ठ ! आप जैसे दुर्धर्ष हैं वैसेही सदा धर्मपरायण होकर आप प्रजाके कार्यभी किया करते हैं इससे कीर्ति और लक्ष्मी आपका त्याग नहीं करेगी ॥८॥ हे काकुत्स्थ ! धर्म और लक्ष्मी सदा आपमेंही स्थित हैं, वंदी लोगोंने इस प्रकार व औरभी बहुत स्तुति मधुर वचनोंसे की ॥ ९ ॥ सूतगण दिव्य स्तुति कर करके रघुनंदन श्रीरामचन्द्रजीको जगाने लगे । रामचन्द्रजी इसप्रकार सब भाँति स्तुति कियेजानेपर जागे ॥ १० ॥ नारायणजी जिसप्रकार शेषनागकी शय्यापरसे उठतेहैं वैसेही श्रीरामचन्द्रजी श्वेत चादर बिछीहुई शय्या परसे उठे ॥ ११ ॥ सहस्र २ विनीत सेवक श्वेतवर्णके पात्रमें जललिये हाथ जोड कर श्रीरामचन्द्रजीके समीप आये ॥१२॥ श्रीरामचन्द्रजी यथा अवसरमें जलके कार्यसे पवित्रहो अग्निमें होम करने २, देवालयमें प्रवेश करते हुए, जो कि—पुण्यमय था

श्रीरामचन्द्रजी आये ॥ १४ ॥ वसिष्ठादि पुरोहित और महात्मा मंत्रिजनभी आये यह सबही तीन अग्नियोंकी समान मूर्तिमानथे ॥ १५ ॥ उस कालमें अनेक जनपदोंके अधीश्वर महात्मा क्षत्रिय इन्द्रके पार्श्वमें देवताओंकी समान श्रीरामचन्द्रजीकी बगलमें खडे होगये ॥ १६ ॥ तीन वेद जिसप्रकार अग्निकी उपासना करें वैसेही महायशस्वी भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्नजी श्रीरामचन्द्रजीकी सेवा करने लगे ॥ १७ ॥ मुदित हुए सेवकगण प्रसन्नमुख हो हाथ जोड श्रीरामचंद्रजीके पार्श्वमें खडे होगये ॥ १८ ॥ महातेजस्वी कामरूपी सुग्रीव इत्यादि असंख्य वानर श्रीरामचंद्रजीकी उपासना करने लगे ॥ १९ ॥ धननाथ कुबेर

गतंध्यानिगृनिशानर्चयित्वायथाविधि ॥ बाह्यकक्षांतरंरामोनिर्जगामजनैर्वृतः ॥ १४ ॥ उपतस्थुर्महात्मानोमंत्रिणःसपुरोहिताः ॥ वसिष्ठप्रमुखाःसंदीप्यमानाइवाग्नयः ॥ १५ ॥ क्षत्रियाश्चमहात्मानोनानाजनपदेश्वराः ॥ रामस्योपाविशन्पार्श्वेशक्रस्येवयथामराः ॥ १६ ॥ भरतोलक्ष्मणश्चात्रशत्रुघ्नश्चमहायशाः ॥ उपासांचक्रिरेहृष्टावेदास्त्रयइवाध्वरम् ॥ १७ ॥ याताःप्रांजलयोभूत्वाकिंकरामुदिताननाः ॥ मुदितानामपार्श्वस्थानदराः समुपाविशन् ॥ १८ ॥ वानराश्चमहावीर्याविंशतिःकामरूपिणः ॥ सुग्रीवप्रमुखारामसुपासंतेमहौजसः ॥ १९ ॥ विभीषणश्चरक्षोभिश्चतुर्भिःपरिवारितः ॥ उपासतेमहात्मानंधनेशमिवगुह्यकः ॥ २० ॥ तथानिगमवृद्धाश्चकुलीनायेचमानवाः ॥ शिरसावंद्यराजानमुपासंते विचक्षणाः ॥ २१ ॥ तथापरिवृतोराजाश्रीमद्भिर्ऋषिभिर्वृतः ॥ राजभिश्चमहावीर्यैर्वानरैश्चसराक्षसैः ॥ २२ ॥ यथादेवेश्वरोनित्यमृषिभिः समुपास्यते ॥ अधिकंतेनरूपेणसहस्राक्षाद्विरोचते ॥ २३ ॥ तेषांसमुपविष्टानांतास्ताः सुमधुराःकथाः ॥ कथ्यंतेधर्मसंयुक्ताः पुराणज्ञैर्महात्मभिः ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे सप्तत्रिंशः सर्गः ॥ ३७ ॥

कीभी उपासना जिस प्रकार गुह्यक करतेहैं वैसेही विभीषणजी अपने चार राक्षसोंके साथ महात्मा श्रीरामचन्द्रजीकी उपासना करने लगे ॥ २० ॥ जो कि वेदज्ञ और जो कुलीनथे वह विचक्षण मनुष्य मस्तक झुकाय श्रीरामचंद्रजीको प्रणामकर उनकी उपासना करने लगे ॥ २१ ॥ देवराज इन्द्रजी जिस प्रकार ऋषियोंके साथ रहकर उनसे पूजित होतेहैं वैसेही रामचंद्र श्रीमान ऋषिगण, महावीर राजागण, वानरगण और राक्षसोंसे पूजित होनेलगे, अधिक क्या कहैं श्रीरामचन्द्रजी उन गुणगणोंके द्वारा हजार नेत्रवाले इन्द्रसेभी अधिक शोभायमान होनेलगे ॥ २२ ॥ २३ ॥ पुराण जाननेवाले महात्मा उन बैठेहुए महात्माओंके सन्मुख धर्मयुक्त मधुर कथा कहने लगे ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां सप्तत्रिंशः सर्गः ॥ ३७ ॥

(आगे ५ सर्ग क्षेपक हैं) रघुनंदन श्रीरामचन्द्रजी यह सब वृत्तान्त सुनकर फिरभी अगस्त्यजीसे बोले कि, हे भगवन् ! आपने वाली, सुग्रीवके पिताका नाम ऋक्षराज बताया ॥ १ ॥ परन्तु आपने इनकी माताका नाम नहीं बताया सो इनकी माता कहां ? घर कहां ? और इनके नाम ऐसे क्यों हुए ॥ २ ॥ यह समस्त वृत्तान्त जाननेके लिये हमको बडा कौतूहल हुआहै सो हे ब्रह्मन् ! आप अनुग्रहपूर्वक बताइये, श्रीरामचन्द्रजीके इसप्रकार कहनेपर अगस्त्यजी बोले ॥ ३ ॥ हे राम ! पहले नारदजीने हमारे आश्रममें आयकर जैसा कहाथा वैसेही संक्षेपसे यह वृत्तान्त श्रवण कीजिये ॥ ४ ॥ वह अतिधर्मपरायण देवर्षि नारदजी किसी समय घूमते २ हमारे आश्रममें आये हमनेभी विधि विधानसे न्यायानुसार उनकी पूजा की ॥ ५ ॥ इसके उपरान्त हमने कौतूहलके वशहो पूछा तब उन्होंने सुखसे बैठकर कहा हे धार्मिकश्रेष्ठ महर्षे ! श्रवण करो ॥ ६ ॥ मेरु नाम एक पर्वत है यह पर्वतश्रेष्ठ परम सुन्दर सुवर्णमय और अत्यन्त सुन्दरताकी खानि है इसका मध्यम शृङ्ग सब देवतोंसे पूजित है ॥ ७ ॥ उस शिखरपर ब्रह्माजीकी शतयोजन विस्तारवाली रमणीय दिव्य सभा स्थापित है, चतुर्मुख ब्रह्माजी इस रमणीक दिव्य सभामें सदा विराजमान रहते हैं ॥ ८ ॥ एक समय योगाभ्यास करते २ इनके दोनों नेत्रोंसे आँसुओंकी बूँदे गिरीं भगवान्ने करकमलसे उनको ग्रहणकर अपने शरीरमें लगालीं ॥ ९ ॥ और फिर जो शरीरमें लगाय ब्रह्माजीने हाथ झटका तो उन लोककर्त्ताके हाथसे आँसुओंकी बूँदके गिरतेही उससे एक वानर उत्पन्न हुआ ॥ १० ॥ हे नरश्रेष्ठ ! उस वानरके उत्पन्न होतेही महात्मा पितामह ब्रह्माजीने प्रियवचनोंसे उसको समझाय बुझायकर कहा ॥ ११ ॥

एतच्छ्रुत्वातुनिखिलंराघवोऽगस्त्यमब्रवीत् ॥ यएपर्क्षरजानामवालिसुग्रीवयोःपिता ॥ १ ॥ जननीकाचभवनंसात्वयापरिकीर्तिता ॥ वालिसुग्रीवयोश्चापिनामनीकेनहेतुना ॥ २ ॥ एतद्ब्रह्मन्समाचक्ष्वकौतूहलमिदंहिनः ॥ सप्रोक्तोराघवेणैवमगस्त्योवाक्यमब्रवीत् ॥ ३ ॥ शृणुरामकथामेतांयथापूर्वंसमासतः ॥ नारदःकथयामासममाश्रममुपागतः ॥ ४ ॥ कदाचिदटमानोसावतिधर्ममुपागतः ॥ अर्चितस्तुयथान्यायंविधिदृष्टेनकर्मणा ॥ ५ ॥ सुखासीनःकथामेनांमयापृष्टःसकौतुकात् ॥ कथयामासधर्मात्मामहर्षेश्रूयतामिति ॥ ६ ॥ मेरुर्नगवरःश्रीमाञ्जांबूनदमयःशुभः ॥ तस्ययन्मध्यमंशृंगंसर्वदेवतपूजितम् ॥ ७ ॥ तस्मिन्दिव्यासभारम्याब्रह्मणःशतयोजना ॥ तस्यामास्तेसदादेवःपद्मयोनिश्चतुर्मुखः ॥ ८ ॥ योगमभ्यसतस्तस्यनेत्राभ्यांयदसुस्रुवत् ॥ तद्गृहीतंभगवतापाणिनाचर्चितंतुतत् ॥ ९ ॥ निक्षिप्तमात्रंतद्भूमौब्रह्मणालोककर्तृणा ॥ तस्मिन्नश्रुकणेरामवानरःसंबभूवह ॥ १० ॥ उत्पन्नमात्रस्तुतदावानरश्चनरोत्तम ॥ समाश्वास्यप्रियैर्वाक्यैरुक्तःकिलमहात्मना ॥ ११ ॥

वास करो, इस स्थानमें कुछ कालतक वास करनेपर फिर तुम्हारा कल्याण होगा ॥ १३ ॥ हे राघव ! जब ब्रह्माजीने इस प्रकारसे कहा तब उस वानरश्रे ष्ठने मस्तक झुकाय उन देवदेवके चरणोंकी वंदना करके ॥ १४ ॥ आदिदेव जगत्पति लोककर्ता ब्रह्माजीसे कहा, हे देव ! हम अपनेको आपकी आज्ञाके अधीन करते हैं जैसा आपने कहा, हम वैसाही करेंगे ॥१५॥ वह वानर हृष्टचित्तहो उसकाल देव ब्रह्माजीसे ऐसा कह फल पुष्प युक्त द्रुमखंडमें चलागया ॥ १६ ॥ वह वानर उस वनमें फूलोंको खाया करता, श्रेष्ठ मधु और अनेक प्रकारके फूलोंको इकट्ठा किया करता ॥१७॥ वह वानर प्रतिदिन संध्याके समय आया करता. हे राम ! इस प्रकार वह श्रेष्ठ

पश्यशैलंसुविस्तीर्णसुरैरध्युषितंसदा॥ तस्मिन्नम्येगिरिवरेबहुमूलफलाशनः॥१२॥ ममांतिकचरोनित्यंभववानरपुंगव ॥ कंचित्कालमिहास्स्वत्वं ततश्रेयोभविष्यति ॥ १३ ॥ एवमुक्तःसचैतेनब्रह्मणावानरोत्तमः ॥ प्रणम्यशिरसापादौदेवदेवस्यराघव ॥ १४ ॥ उक्तवाँल्लोककर्तारमादिदेवंजगत्पतिम्॥ यथाज्ञापयसेदेवस्थितोहंतवशासने ॥ १५ ॥ एवमुक्त्वाहरिर्देवंययौहृष्टमनास्तदा ॥ सतदाद्रुमखंडेषुफलपुष्पघनेषुच ॥ १६ ॥ ब्रह्मन्प्रतिबलःशीघ्रंवनेफलकृताशनः ॥ चिन्वन्मधूनिमुख्यानिचिन्वन्पुष्पाण्यनेकशः ॥ १७ ॥ दिनेदिनेचसायाह्नेब्रह्मणोंतिकमागमत् ॥ गृहीत्वाराममुख्यानिपुष्पाणिचफलानिच ॥ १८ ॥ ब्रह्मणोदेवदेवस्यपादमूलेन्यवेदयत् ॥ एवंतस्यगतःकालोबहुपर्यटतोगिरिम् ॥ १९ ॥ कस्यचित्त्वथकालस्यसमतीतस्यराघव ॥ ऋक्षराड्वानरश्रेष्ठस्तृषयापरिपीडितः ॥ २० ॥ उत्तरंमेरुशिखरंगतस्तत्रचदृष्टवान् ॥ नानाविहगसंघुष्टंप्रसन्नसलिलंसरः ॥२१॥ चलत्केशरमात्मानंकृत्वातस्यतटेस्थितः ॥ ददर्शतस्मिन्सरसिवक्रच्छायामथात्मनः ॥२२॥ कोयमस्मिन्ममारिपुर्वसत्यंतर्जलेमहान्॥ रूपंचांतर्गतंतत्रवीक्ष्यतत्पश्यतोहरिः ॥२३॥ क्रोधाविष्टमनाह्येपनियतंमावमन्यते ॥ तदस्यदुष्टभावस्यपुष्कलंकुमतेर्गृहम्॥२४॥

फल व पुष्प ग्रहण करके ॥ १८ ॥ देवदेव ब्रह्माजीके चरणकमलमें आनकर निवेदन करता हुआ, इस प्रकारसे पर्वतपर घूमते २ उसको बहुत काल बीत गया ॥ १९ ॥ हे राघव ! इसके उपरान्त कुछ काल बीतनेपर वानरश्रेष्ठ ऋक्षराज प्यासके मारे अतिव्याकुल होकर ॥ २० ॥ उत्तर मेरुके शिखरपर चलागया वहांपर अनेक प्रकारके शब्दोंसे शब्दायमान निर्मल जलयुक्त सरोवर विराजमानहै ॥ २१ ॥ ऋक्षराजने हर्षितचित्तहो अपने केशरको चलायमान कर उस सरोवरमें अपने मुखकी परछांईको देखा ॥ २२ ॥ यह जलमें जो वसताहै यह हमारा महाशत्रु कौन है इस प्रकार वानरश्रेष्ठने जलमें वह रूप देखकर ॥ २३ ॥ मनमें कहा कि

यह चित्तमें कोपकिये सदा हमारा अपमान करता है इसलिये इस दुरात्मा दुर्मतिका हम सुन्दर गृह विनाश करेंगे ॥ २४ ॥ मनही मन इस प्रकारकी चिन्ता करके यह वानर चंचलताके वश छलांग मार उस कुंडमें कूद पडा ॥ २५ ॥ और फिर एक छलांग मारकर उस ह्रदसे बाहर निकल आया। हे राम ! निकलनेके समय यह वानरश्रेष्ठ स्त्रीके रूपको प्राप्त हुआ ॥ २६ ॥ उस ऋक्षराज वानरकी यह स्त्री परमसुन्दर मनोहर और लावण्य ललित बनी, उसकी जांघें बडी २, भौंहें सुन्दर, शिखाके केश नीले ॥ २७ ॥ वदनमंडल सुन्दर, भाव और हास्य चिह्नयुक्त दोनों स्तन मोटे कडे और अनुपम शोभायमान थे. उस कुण्डके तीरपर यह स्त्री लताकी समान प्रकाशमान होतीथी ॥ २८ ॥ त्रिलोकसुन्दरी यह रमणी सबके चित्तको मथित करनेवाली कमलरहित लक्ष्मीकी समान निर्मल

एवंसंचिंत्यमनसासवैवानरचापलात् ॥ आप्लुत्यचापतत्तस्मिन्ह्रदेवानरसत्तमः ॥ २५ ॥ उत्प्लुत्यतस्मात्सह्रदादुत्थितःप्लवगःपुनः ॥ तस्मिन्नेवक्षणेरामस्त्रीत्वंप्रापसवानरः ॥ २६ ॥ मनोज्ञरूपासानारीलावण्यललिताशुभा ॥ विस्तीर्णजघनासुभ्रूर्नीलकुंतलमूर्धजा ॥ २७ ॥ मुग्धस्मितवक्त्राचपीनस्तनतटाशुभा ॥ ह्रदतीरेचसाभातिऋजुयष्टिर्लतायथा ॥२८॥ त्रैलोक्यसुंदरीकांतासर्वचित्तप्रमाथिनी ॥ लक्ष्मीवपद्मरहिता चंद्रज्योत्स्नेवनिर्मला ॥ ॥ २९ ॥ रूपेणाभ्यभवत्सातुश्रियंदेवीमुमायथा ॥ द्योतयंतीदिशःसर्वास्तत्राभूत्सावरांगना ॥३०॥ एतस्मिन्नंतरेदेवो निवृत्तःसुरनायकः ॥ पादावुपास्यदेवस्यब्रह्मणस्तेनवैपथा ॥३१॥ तस्यामेवचवेलायामादित्योपिपरिभ्रमन् ॥ तस्मिन्नेवपदेसोभूद्यस्मिन्सातनुमध्यमा ॥ ३२ ॥ युगपत्सातदादृष्टादेवाभ्यांसुरसुंदरी ॥ कंदर्पवशगौतौतुदृष्ट्वातांसंबभूवतुः ॥३३॥ ततःक्षुभितसर्वांगौसुरेंद्रौपन्नगाविव ॥ तद्रूपमद्भुतंदृष्ट्वात्याजितौधैर्यमात्मनः ॥३४॥ ततस्तस्यांसुरेंद्रेणस्कन्नंशिरसिपातितम् ॥ अनासाद्यैवतांनारींसन्निवृत्तमथाभवत् ॥ ३५ ॥

चांदनीकी समान ॥ २९ ॥ अथवा लक्ष्मीसे भी अधिक असीम सौन्दर्यविभूषिता देवी पार्वतीजीकी समान सब दिशाओंमें उजाला करती हुई यह शोभायमान होने लगी ॥ ३० ॥ इसी समयमें सुरनायक देव इन्द्रजी बृहस्पतिजीके चरणोंकी वंदना करके इसी मार्गसे लौट रहेथे ॥ ३१ ॥ इसी समयमें सूर्य नारायणजीभी घूमते २ जिस स्थानमें तनुमध्यमा वह वामा खडीथी वहींपर आये ॥ ३२॥ उस कालमें वह सुरसुन्दरी दो देवताओंकी दृष्टिमें पडी परन्तु इंद्रजी व सूर्य उसको देखतेही दोनों कामदेवके वश हुए ॥ ३३ ॥ इसके पीछे दोनों देवताश्रेष्ठ इस सुन्दरीका अद्भुतरूप निहारकर अपना धीरज त्याग देतेहुये; इनके सब अंग क्षुभित होगये और सर्पके समान श्वास इन दोनोंने लिये ॥ ३४ ॥ इसके पीछे उस स्त्रीको न पायकर उसके मस्तकपरही अपना स्खलित वीर्य गिरानेके लिये इन्द्र

॥ ३३ ॥ बालोंमें इन्द्रजीका वीर्य गिराथा इस कारण उससे उत्पन्न हुए पुत्रका नाम बाली हुआ। इसी समय सूर्य भी कामके वश हो ॥ ३७ ॥ इस वानरके गर्दनपर अपना वीर्य गिराया परन्तु उस श्रेष्ठ शरीरवाली स्त्रीने ऐसा होनेसेभी कुछ शुभ वचन नहीं कहे ॥ ३८ ॥ सूर्य भगवान्नेभी कामदेवकी व्यथासे छुटकारा पाया और उस गर्दनपर गिरेहुए वीर्यसे सुग्रीवजीकी उत्पत्ति हुई ॥ ३९ ॥ इस प्रकारसे महाबलवान् वीर वानरश्रेष्ठ वालीको उत्पन्न करके और उसको कांचन की माला दे ॥ ४० ॥ इन्द्रजी तो स्वर्गको चले गये। यह माला सब गुणोंसे पूर्ण और अक्षय थी और सूर्यनारायणभी इसप्रकार महाबलवान् वीर सुग्रीवको

ततःसावानररूपंनिजजलेवानरमीश्वरम् ॥ अमोघरेतसस्तस्यवासवस्यमहात्मनः ॥ ३६ ॥ वालेषुपतितंबीजंवालीनामबभूवसः ॥ भास्करेणापि तस्यनिकंदर्पवशवर्तिना ॥३७॥ बीजंनिषिक्तंग्रीवायांविधानमनुवर्तत ॥ तेनापिसावरतनुर्नोक्ताकिंचिद्वचःशुभम् ॥३८॥ निवृत्तमदनश्चाथसूर्यो पिसमपद्यत ॥ ग्रीवायांपतितंबीजंसुग्रीवःसमजायत ॥ ३९ ॥ एवमुत्पाद्यतौवीरौवानरेंद्रौमहाबलौ ॥ दत्त्वातुकांचनींमालांवानरेंद्रस्य वालिनः ॥ ४० ॥ अक्षय्यांगुणसंपूर्णांशक्रस्तुत्रिदिवंययौ ॥ सूर्योपिस्वसुतस्यैवनिरूप्यपवनात्मजम् ॥४१॥ कृत्येषुव्यवसायेषुजगामसविताऽ म्बरम् ॥ तस्यांनिशायांव्युष्टायामुदितेचदिवाकरे ॥ ४२ ॥ सतद्वानररूपंतुप्रतिपेदेपुनर्नृप ॥ सएववानरोभूत्वापुत्रौस्वस्यप्लवंगमौ ॥ ४३ ॥ पिंगवर्णौदारौवलिनौकामरूपिणौ ॥ मधून्यमृतकल्पानिपाययित्वातेनर्ततदा ॥४४॥ गृह्यऋक्षरजास्तौतुब्रह्मणोंतिकमागमत् ॥ दृष्ट्वर्क्षरजसंपुत्रं ब्रह्मालोकपितामहः ॥ ४५ ॥ बहुशःसांत्वयामासपुत्राभ्यांसहितंहरिम् ॥ सांत्वयित्वाततःपश्चाद्देवदूतमथादिशत् ॥४६॥ गच्छमद्वचनाद्दूत किष्किंधांनामवैशुभाम् ॥ साह्यस्यगुणसंपन्नामहतीचपुरीशुभा ॥ ४७ ॥

उत्पन्न करके और पवनकुमार हनुमानजीको ॥ ४१ ॥ अपने पुत्रके कार्य और व्यवसायमें नियुक्तकर सूर्यलोकको आकाशमार्गमें होकर चले गये. हे राजन्! उस रात्रिके बीत जाने और सूर्य भगवान्के उदय होनेपर ॥४२॥ हे नृप! ऋक्षराज फिर वानररूपको प्राप्त हुए, इस प्रकारसे यह वानर होकर अपने दो वानर पुत्रोंको॥ ॥ ४३ ॥ जो कि पीले नेत्रवाले महाबली कामरूपी थे, वानरश्रेष्ठ वाली और सुग्रीवको अमृतकी समान मधु पिलाते हुए ॥ ४४ ॥ वह ऋक्षराज वानरपनको पाकर अपने पुत्र उन दो वानरोंको ले ब्रह्माजीके निकट गये। लोकपितामह ब्रह्माजीनेभी अपने पुत्र ऋक्षराजको देख ॥ ४५ ॥ दोनों पुत्रोंके साथ उस वानरको अनेक प्रकारसे समझाया, समझाने बुझानेके पीछे फिर देवदूतको यह आज्ञा दी ॥ ४६ ॥ कि हे दूत! हमारी आज्ञासे तुम शुभ किष्किन्धापुरीमें जाओ, यह

सुवर्णसम्पन्न अतिरमणीय पुरी इन ऋक्षराजके योग्यहै ॥ ४७ ॥ वहांपर वानरोंके अनेक यूथ वास करतेहैं, व इनके सिवाय औरभी कामरूपी वानरगन इनमें निवास करतेहैं ॥ ४८ ॥ यह नगरी अनेक रत्नोंसे परिपूर्ण और दुर्गमहै चारों वर्ण इसमें रहते हैं, यह परम पवित्र और वाणिज्यकी खानिहै। हमारी आज्ञाने विश्वकर्माने यह दिव्य सुन्दरपुरी बनाई है ॥ ४९ ॥ तुम उस पुरीमें इन ऋक्षराजको इनके पुत्रोंके सहित स्थापित करो व यूथपाल वानरोंको पुकार और नारा ण वानरोंकोभी बुलाय ॥ ५० ॥ उन सबके साथ अति आदर मान करके इनको तुम सिंहासनपर बैठाय राज्याभिषेक करो ॥ ५१ ॥ इन बुद्धिमान् वानर श्रेष्ठको देखतेही वह सब वानर सदाके निमित्त हमारे वश होजायँगे ॥ ५२ ॥ जब ब्रह्माजीने इस प्रकार वचन कहे तब दूत ऋक्षराजको आगेकर परम रमनीय किष्कि न्धा पुरीको गया ॥ ५३ ॥ वह दूत पवनकी समान वेगगतिसे गुहामें बसीहुई किष्किन्धा नगरीमें पहुँचकर वानरश्रेष्ठको ब्रह्माजीकी आज्ञाके अनुसार राज्यपर स्थापित करताहुआ ॥ ५४ ॥ श्रीमान् ऋक्षराज मुकुट धारणकर और उत्तम गहनोंसे भूषित हो राज्याभिषेककी विधिके अनुसार स्नान करके अभिषिक्त हुए ॥ ५५ ॥ अधिक क्या कहें, ऋक्षरज सब प्रकारसे अर्चित होकर सन्तुष्ट मनसे समुद्रके सहित सात द्वीपोंकी पृथ्वीपर जितने वानर थे वह सब वानर इनकी आज्ञाके वश हुए॥ ॥ ५६ ॥ यह ऋक्षरजही वाली सुग्रीवके पिता और यही इनकी माता हुए, बस यही इनका वृत्तान्त है तुम्हारा मंगल हो ॥ ५७ ॥ जो विद्वान् पुरुष इसको श्रवण करावे या श्रवण करे, उसके मनका हर्ष बढे और उसके सब कार्य सिद्ध हों ॥ ५८ ॥ हे प्रभो! राक्षस और वानरोंकी उत्पत्तिका प्रकार मैंने विस्तार सहित यथार्थ २ वर्णन किया ॥ ५९ ॥ [illegible]

तत्रवानरयूथानिसुबहूनिवसंतिच॥बहुरत्नसमाकीर्णावानरैःकामरूपिभिः ॥ ४८ ॥ पुण्यापण्यवतीदुर्गाचातुर्वर्ण्यपुरस्कृता॥विश्वकर्मकृतादिव्यामन्नियोगाच्चशोभना॥४९॥तत्रर्क्षरजसंहृष्टंसपुत्रंवानरर्षभम् ॥यूथपालान्समाहूयश्चान्यान्प्राकृतान्हरीन् ॥५०॥ तेषांसंभाव्यसर्वेषांमदीयंजनसंसदि॥अभिषेचयराजानमारोप्यमहदासने॥५१॥दृष्टमात्राश्चतेसर्वेवानरेणचधीमता॥अस्यर्क्षरजसोनित्यंभविष्यंतिवशानुगाः ॥५२॥ इत्येवमुक्तेवचनेब्रह्मणातंहरीश्वरम् ॥ पुरतःकृत्यदूतोसौप्रययौतांपुरींशुभाम् ॥५३॥ सप्रविश्यानिलगतिस्तांगुहांवानरोत्तमः॥ स्थापयामासराजानंपितामहन्नियोगतः॥५४॥ राज्याभिषेकविधिनास्नातोथाभ्यर्चितस्तथा ॥ सबद्धमुकुटःश्रीमानभिषिक्तःस्वलंकृतः ॥ ५५ ॥ आज्ञापयामासहरीन्सर्वान्मुदितमानसः॥सप्तद्वीपसमुद्रायांपृथिव्यांयेप्लवंगमाः ॥ ५६ ॥ वालिसुग्रीवयोरेषएषचर्क्षरजाःपिता ॥ जननीचेपतुक्षरिरित्येतद्वन्द्वमस्तुते ॥ ५७॥ यश्चैतच्छ्रावयेद्विद्वान्यश्चैतच्छृणुयान्नरः ॥ सिध्यंतितस्यकार्यार्थामनसोहर्षवर्धनाः॥५८॥ एतत्तसर्वंकथितंमयाविभोप्रविस्तरेणेदयथार्थतस्तत् ॥ उत्पत्तिरेषारजनीचराणामुक्तातथैवेहहरीश्वराणाम् ॥ ५९ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे प्रथमःसर्गः ॥ १ ॥

आपके प्रसादसे हमने यह पवित्र कथा सुनी ॥ २ ॥ हे मुनिश्रेष्ठ ! यह विस्तारितकौतूहल वाली और सुग्रीवकी उत्पत्तिका वृत्तान्त जैसे दिव्यहै वैसाही सम्म
तहै ॥ ३ ॥ हे ब्रह्मर्षे ! वानरशार्दूल वाली देवनाथ इन्द्रका पुत्र और कपिश्रेष्ठ सुग्रीव सूर्यके पुत्र हुए; फिर दोनोंही समस्त बलवानोंमें श्रेष्ठ हों इसमें आश्चर्यही
क्याहै ? ॥ ४ ॥ जब श्रीरामचन्द्रजीने यह कहा तब कुम्भसंभव (घडेसे उत्पन्न हुए) अगस्त्यजी बोले, हे महावीर ! प्राचीन कालमें ऐसेही घटना हुईथी ॥ ५ ॥
हे राजन् ! और एक पुरातन इतिहास सुनो । हे राम ! रावणने जिस निमित्त पूर्वकालमें वैदेहीको हरण कियाथा ॥ ६ ॥ हम वही वृत्तान्त आपसे कहतेहैं आप

एतांश्रुत्वाकथांदिव्यांपौराणींराघवस्तदा ॥ भ्रातृभिःसहितोवीरोविस्मयंपरमंययौ ॥ १ ॥ राघवोथऋषेर्वाक्यंश्रुत्वावचनमब्रवीत् ॥ कथे
यंमहतीपुण्यात्वत्प्रसादाच्छ्रुतामया ॥ २ ॥ वृहत्कौतूहलेचास्मिन्संवृतोमुनिपुंगव ॥ उत्पत्तिर्यादृशीदिव्यावालिसुग्रीवयोर्द्विज ॥ ३ ॥ किंचि
त्रंममब्रह्मर्षेसुरेंद्रतपनात्मजौ ॥ जातौवानरशार्दूलौबलेनबलिनांवरौ ॥ ४ ॥ एवमुक्तेतुरामेणकुंभयोनिरभाषत ॥ एवमेतन्महाबाहोवृत्तमासीत्पुरा
किल ॥ ५ ॥ अथापरांकथांदिव्यांशृणुराजन्सनातनीम् ॥ यदर्थंरामवैदेहीरावणेनपुराहृता ॥ ६ ॥ तत्तेहंकीर्तयिष्यामिसमाधिंश्रवणेकुरु ॥
पुराकृतयुगेरामप्रजापतिसुतंप्रभुम् ॥ ७ ॥ सनत्कुमारमासीनंरावणोराक्षसाधिपः ॥ वपुषासूर्यसंकाशंज्वलंतमिवतेजसा ॥ ८ ॥ विनयावनतो
भूत्वाह्यभिवाद्यकृतांजलिः ॥ उक्तवान्रावणोरामतमृषिंसत्यवादिनम् ॥ ९ ॥ कोह्यस्मिन्प्रवरोलोकेदेवानांबलवत्तरः॥ यंसमाश्रित्यविबुधाजयंति
समरेरिपून् ॥ १० ॥ कंयजंतिद्विजानित्यंकंध्यायंतिचयोगिनः ॥ एतन्मेशंसभगवन्विस्तरेणतपोधन ॥ ११ ॥ विदित्वाहृद्गतंतस्यध्यानदृष्टि
र्महायशाः॥ उवाचरावणंप्रेम्णाश्रूयतामितिपुत्रक॥१२॥ योवैभर्ताजगत्कृत्स्नंयस्योत्पत्तिंनविद्महे॥ सुरासुरैर्नतोनित्यंहरिर्नारायणःप्रभुः ॥१३॥

मन लगायकर सुनें । हे राम ! पूर्व सत्ययुगमें प्रजापतिके पुत्र ॥ ७ ॥ सूर्यकी समान शरीर धारण किये अपने तेजसे जाज्वल्यमान बैठेहुए सनत्कुमारजीसे राक्ष
सपति रावण ॥८॥ विनय सहित हाथ जोडकर (वह रावण उन सत्यवादी ऋषिसे) बोला ॥ ९ ॥ इस लोकके मध्य देवतोंके बीच कौन पुरुष ऐसा प्रबल और बल
वाली है जिसको आश्रय करके देवता युद्धमें शत्रुओंको पराजित करतेहैं ॥ १० ॥और ब्राह्मण जिसकी सदा पूजा करते, योगी सदा ध्यान करतेहैं । हे भगवन् !
हे तपोधन ! यह वृत्तांत विस्तारपूर्वक हमसे कहिये ॥ ११ ॥ महायशस्वी ऋषि सनत्कुमारजी ध्यानके नेत्रोंसे रावणके हृदयका अभिप्राय जान उससे प्रीतिसहित
बोले, हे पुत्र ! सुनो ॥ १२ ॥ जो समस्त जगत्का भरण पोषण करते हैं और जिसकी उत्पत्ति हमभी नहीं जानतेहैं, सुर और असुरगण उस नारायण प्रभु

हरिकोही सदा नमस्कार किया करतेहैं ॥ १३ ॥ विश्वजगत्पति ब्रह्माजी जिसकी नाभिकमलसे उत्पन्न हुएहैं और जिन्होंने यह समस्त चराचर विश्व स्थावरं जंगमपर निर्माण किया है ॥ १४ ॥ देवता उसी हरिका सर्व प्रकारसे आश्रय ग्रहण करके विधिपूर्वक अमृत पिया करते और सन्मानसहित उस हीकी पूजा किया करतेहैं ॥ १५ ॥ अधिक क्या कहें, वेद, पुराण, पंचरात्र इत्यादि ग्रंथोंसे योगी लोग नित्य उसकाही ध्यान धरते और यज्ञ कर २ के उस हीकी पूजा किया करतेहैं ॥ १६ ॥ और दैत्य, दानव, राक्षस और दूसरे देवताओंके द्वेषीहैं, तिन सबको जीतताहै; और सबसे संग्राममें पूजा जाताहै ॥ १७ ॥ राक्षसनाथ रावण महामुनि सनत्कुमारजीके यह वचन सुनकर प्रणामकर फिर उन महामुनिसे बोला ॥ १८ ॥ दैत्य, दानव और राक्षसादि जो कि, अपने

यस्यनाभ्युद्भवोब्रह्माविश्वस्यजगतःपतिः ॥ येनसर्वमिदंसृष्टंविश्वंस्थावरजंगमम् ॥ १४ ॥ तंसमाश्रित्यविबुधाविधिनाहरिमध्वरे ॥ पिबंतिह्यमृतंनेवमानिताश्चयजंतितम् ॥ १५ ॥ पुराणैश्चैववेदैश्चपंचरात्रैस्तथैवच ॥ ध्यायंतियोगिनोनित्यंक्रतुभिश्चयजंतितम् ॥ १६ ॥ दैत्यदानवरक्षांसियेचान्येचामरद्विषः ॥ सर्वाञ्जयतिसंग्रामेसदासर्वैःसपूज्यते ॥ १७ ॥ श्रुत्वामहर्षेस्तद्वाक्यंरावणोराक्षसाधिपः ॥ उवाचप्रणतोभूत्वापुनरेवमहामुनिम् ॥१८॥ दैत्यदानवरक्षांसियेहताःसमरेऽरयः ॥ कांगतिंप्रतिपद्यंतेकिंचतेहरिणाहताः ॥१९॥ रावणस्यवचःश्रुत्वाप्रत्युवाचमहामुनिः ॥ दैवतैर्निहतानित्यंप्राप्नुवंतिदिवःस्थलम् ॥ २० ॥ पुनस्तस्मात्परिभ्रष्टाजायंतेवसुधातले ॥ पूर्वार्जितैःसुखैर्दुःखैर्जायंतेचम्रियंतिच ॥ २१ ॥ येयेहताश्चक्रधरेणराजंस्त्रैलोक्यनाथेनजनार्दनेन ॥ तेतेगतास्तन्निलयंनरेन्द्राःक्रोधोपिदेवस्यवरेणतुल्यः ॥ २२ ॥ श्रुत्वाततस्तद्वचनंनिशाचरःसनत्कुमारस्यमुखाद्विनिर्गतम् ॥ तथाप्रहृष्टःसबभूवविस्मितःकथंनुयास्यामिहरिंमहाहवे ॥ २३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे द्वितीयःसर्गः ॥ २ ॥

शत्रु देवतोंने मारे गये हैं इनकी क्या गति होगी और जो हरिसे मारे गये वह किस गतिको पहुँचेंगे ? ॥ १९ ॥ महामुनि सनत्कुमारजी रावणके वचन सुनकर बोले कि, जिनको देवता मारतेहैं, वह लोग नित्य स्वर्गको प्राप्त होतेहैं ॥ २० ॥ और फिर स्वर्गसे भ्रष्ट होकर पृथ्वीपर जन्म ग्रहण करतेहैं, इसप्रकार पूर्वजन्मोपार्जित सुख दुःखसे उन लोगोंकी जन्ममृत्यु हुआ करतीहै ॥ २१ ॥ हे राजन् ! जो कि त्रिलोकनाथ चक्रधारी जनार्दन करके मरेहैं वह श्रेष्ठ उनमेंही लयको प्राप्त होगये हैं इस निमित्त उन नारायणका कोपभी वरके समानहै ॥ २२ ॥ निशाचर दशानन सनत्कुमार मुनिके मुखसे निकले हुए यह वचन सुनकर सन्तुष्ट हुआ और विस्मित होकर विचार करने लगा कि, किस प्रकार हम हरिको समरमें प्राप्त होंगे ॥ २३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे सेतु० भाषाटीकायां द्वितीयः सर्गः ॥ २ ॥

कालतक ठहरा ज बाला, उनक लक्षण क

सो आप विस्तारसहित समस्त हमसे वर्णन कीजिये ॥ ३ ॥ महामुनि सनत्कुमारजी राक्षसपतिके वचन सुनकर बोले, हे राक्षसनाथ! सुनो हम तुमसे समस्तही कहतेहैं ॥ ४ ॥ यह सनातन देव अव्यक्तहैं, सूक्ष्म और स्वर्गगामी हैं; वह इस चराचर समस्त त्रिलोकीमें व्यापही रहे हैं ॥ ५ ॥ वह भूमिमें, स्वर्गमें, पातालमें, वनोंमें, पर्वतोंमें, समस्त स्थावरोंमें, नदियोंमें, नगरियोंमें वर्तमानहैं ॥ ६ ॥ वह ॐकारस्वरूप, सत्यस्वरूप, सावित्रीस्वरूप और पृथ्वीस्वरूप हैं. अधिक क्या कहें

एवंचिंतयतस्तस्यरावणस्यदुरात्मनः ॥ पुनरेवापरंवाक्यंव्याजहारमहामुनिः ॥ १ ॥ मनसश्चेप्सितंयत्तद्भविष्यतिमहाहवे ॥ सुखीभवमहाबाहो कंचित्कालमुदीक्षय ॥ २ ॥ एवंश्रुत्वामहाबाहुस्तमृषिंप्रत्युवाचसः ॥ कीदृशंलक्षणंतस्यब्रूहिसर्वमशेषतः ॥ ३ ॥ राक्षसेशवचःश्रुत्वासमुनिःप्रत्यभाषत ॥ श्रूयतांसर्वमाख्यास्येतवराक्षसपुंगव ॥ ४ ॥ सहिसर्वगतोदेवःसूक्ष्मोऽव्यक्तःसनातनः ॥ तेनसर्वमिदंव्याप्तंत्रैलोक्यंसचराचरम् ॥ ५ ॥ सभूमौदिविपातालेपर्वतेषुवनेषुच ॥ स्थावरेषुचसर्वेषुनदीषुनगरीषुच ॥ ६ ॥ ओंकारश्चैवसत्यश्चसावित्रीपृथिवीचसः ॥ धराधरधरोदेवोह्यनंत इतिविश्रुतः ॥ ७ ॥ अहश्चरात्रिश्चउभेचसंध्येदिवाकरश्चैवयमश्चसोमः ॥ सएवकालोह्यनिलोनलश्चसब्रह्मरुद्रेंद्रसएवचापः ॥ ८ ॥ विद्योतति ज्वलतिभातिचकास्तिलोकान्सृजत्ययंसंहरतिप्रशास्ति ॥ क्रीडांकरोत्यव्ययलोकनाथोविष्णुःपुराणोभवनाशकैकः ॥ ९ ॥ अथवाबहुनाऽनेन किमुक्तेनदशानन ॥ तेनसर्वमिदंव्याप्तंत्रैलोक्यंसचराचरम् ॥ १० ॥ नीलोत्पलदलश्यामःकिंजल्कारुणवाससा ॥ प्रावृट्कालेयथाव्योम्निस तडित्तोयदोयथा ॥ ११ ॥ श्रीमान्मेघवपुःश्यामःशुभःपंकजलोचनः ॥ श्रीवत्सेनोरसायुक्तःशशांककृतलक्षणः ॥ १२ ॥

वह धराधरधारी अनन्तके नामसे विख्यात हैं ॥ ७ ॥ वही दिन, रात, दोनों सन्ध्या; सूर्य, चन्द्रमा, यम—काल, पवन, अनल, ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र और जल हैं ॥ ॥ ८ ॥ यह अनल रूप धारणकर सब लोकोंको प्रज्वलित करतेहैं, चन्द्रमारूपसे सब जगत्में प्रकाश करते हैं और सूर्यरूपसे सब लोकोंको ताप देते हैं वरन् यही उत्पत्ति, पालन और संहार किया करते हैं; एकमात्र संसारनाशक अव्यय लोकनाथ पुराण विष्णुजीही यह क्रीडा किया करते हैं ॥ ९ ॥ हे दशानन ! अब अधिक कहनेका क्या प्रयोजनहै ? वह चराचरमय इस समय त्रिलोकीमें व्याप रहे हैं ॥ १० ॥ नीले कमलकी समान श्याम वर्ण देव, केशर तुल्य अरुण द्युतिवाले वस्त्र धारण कर वर्षा कालमें सौदामिनीशोभित आकाशमें टिकेहुए मेघकी समान शोभायमान होतेहैं ॥ ११ ॥ उनके हृदयमें श्रीवत्सका चिह्नहै;

लोचनयुगल श्रीमान् कमलकी समानहैं और शरीर उनका मेघकी समान श्याम वर्णहै ॥ १२ ॥ उनकी शोभाका पारावार नहीं, संग्रामरूपिणी लक्ष्मी उनकी
देह इसप्रकार मेघमें विराजमान दामिनीकी समान उनके शरीरमें स्थान किये हुएहैं ॥ १३ ॥ सुरगण या असुरगण या नागगण कोईभी उनके देखनेकी सामर्थ्य
नहीं रखता, परन्तु जिसपर वह अनुग्रह करते हैं वही उनके देखनेको समर्थ होताहै ॥ १४ ॥ हे वत्स ! क्या यज्ञफल, क्या संयम, क्या दान, क्या यज्ञ
इन किसीकेभी करनेसे उन भगवान्के दर्शन नहीं पाये जाते ॥ १५ ॥ जो लोग उनके भक्त हैं और उनको मन प्राण समर्पण करके केवल उनकाही आश्रय लिः
हुएहैं और ज्ञानके बलसे जिनके समस्त पाप एकवारही दग्ध होगये हैं वह लोग उनको देख सकते हैं ॥ १६ ॥ उनके देखनेकी इच्छा जो तुमव

तस्यनित्यंशरीरस्थामेघस्येवशतह्रदाः ॥ संग्रामरूपिणीलक्ष्मीर्देहमावृत्यतिष्ठति ॥ १३ ॥ नशक्यःससुरैर्द्रष्टुंनासुरैर्नचपन्नगैः ॥ यस्यप्रसादं
कुरुतेसवैतंद्रष्टुमर्हति ॥ १४ ॥ नहियज्ञफलैस्तातनतपोभिस्तुसंचितैः ॥ शक्यतेभगवान्द्रष्टुंनदानेननचेज्यया ॥ १५ ॥ तद्भक्तैस्तद्गतप्राणैस्त
च्चित्तैस्तत्परायणैः॥ शक्यतेभगवान्द्रष्टुंज्ञाननिर्दग्धकिल्बिषैः॥१६॥ अथवापृच्छ्यरक्षेंद्रयदितंद्रष्टुमिच्छसि॥ कथयिष्यामितेसर्वंश्रूयतांयदिरोचते
॥ १७ ॥ कृतेयुगेव्यतीतेवैमुखेत्रेतायुगस्यतु ॥ हितार्थंदेवमर्त्यानांभवितानृपविग्रहः ॥ १८॥ इक्ष्वाकूणांचयोराजाभाव्योदशरथोभुवि ॥ तस्य
सूनुर्महातेजारामोनामभविष्यति ॥ १९ ॥ महातेजामहाबुद्धिर्महाबलपराक्रमः ॥ महाबाहुर्महासत्त्वःक्षमयापृथिवीसमः ॥ २० ॥ आदित्यइ
वदुष्प्रेक्ष्यःसमरेशत्रुभिस्सदा ॥ भवितास्तिदारामोनरोनारायणःप्रभुः ॥२१॥ पितुर्नियोगात्सविभुर्दंडकेविविधेवने ॥ विचरिष्यतिधर्मात्माभ्रा
त्रासहमहामनाः ॥ २२ ॥ तस्यपत्नीमहाभागालक्ष्मीःसीतेतिविश्रुता ॥ दुहिताजनकस्यैषाउत्थितावसुधातलात् ॥ २३ ॥

हुईहो तो हम विस्तारसहित सब कहतेहैं जो रुचि हो तो श्रवण करो ॥ १७ ॥ सतयुगके अंतमें, त्रेतायुगके प्रारंभमें देवता और मनुष्योंके हितार्थ वह देव नारायण
मनुष्यराज शरीर धारण करेंगे ॥ १८ ॥ पृथ्वीके बीच इक्ष्वाकुवंशमें एक दशरथ नामके राजा होंगे उनके रामनाम एक महातेजस्वी पुत्र जन्म ग्रहण करेंगे ॥
॥ १९ ॥ वह महाबलवान् पराक्रमी श्रीरामचन्द्रजी क्षमागुणमें पृथ्वीकी समान अत्यन्त तेजस्वी, अति बुद्धिमान्, विशालबाहु और महात्मा होंगे ॥ २० ॥ वह
संग्राममें सूर्यकी समान शत्रुओंसे देखनेके अयोग्य होंगे, अधिक क्या कहे वह प्रभु नारायणही रामनामक मनुष्य होंगे ॥ २१ ॥ महामनस्वी विभु

माके साथ रहतीहै वह भी वैसेही श्रीरामचन्द्रजीकी अनुगामिनी ह ॥ २४ ॥ वह शीलाचारसम्पन्न साध्वी ' , और सूर्य नारायणकी कि समान सीता–राम मानों एक मूर्तिमान् विराजमान होंगे ॥ २५ ॥ हे रावण ! देवदेव शाश्वत, अव्यय, महान् नारायणका यह समस्त वृत्तान्त विस्तार पूर्वक हमने तुमसे कहा ॥ २६ ॥ हे रामचन्द्रजी ! महावीर प्रतापवान् राक्षसपति रावण यह सुनकर उनके साथ विरोध करनेकी इच्छासे चिन्ता करने लगा ॥ ॥ २७ ॥ श्रीमान् रावण सनत्कुमारजीके उन वचनोंको वारंवार स्मरण करता हुआ हर्षसंयुक्तहो संग्राम करनेके लिये भ्रमण करनेलगा ॥ २८ ॥ श्रीरामचंद्रजी

रूपेणाप्रतिमालोकेसर्वलक्षणलक्षिता ॥ छायेवानुगतारामंनिशाकरमिवप्रभा ॥२४॥ शीलाचारगुणोपेतासाध्वीधैर्यसमन्विता ॥ सहस्रांशोरश्मिरिवह्येकामूर्तिरिवस्थिता ॥ २५ ॥ एवंतेसर्वमाख्यातंमयारावणविस्तरात् ॥ महतोदेवदेवस्यशाश्वतस्याव्ययस्यच ॥ २६ ॥ एवंश्रुत्वामहाबाहू राक्षसेंद्रःप्रतापवान् ॥ त्वयासहविरोधेच्छुश्चिंतयामासराघव ॥२७॥ सनत्कुमारात्तद्वाक्यंचिंतयानोमुहुर्मुहुः॥ रावणोमुमुदेश्रीमान्युद्धार्थंविचचारह ॥ २८ ॥ श्रुत्वाचतांकथांरामोविस्मयोत्फुल्ललोचनः ॥ शिरसश्चालनंकृत्वाविस्मयंपरमंगतः ॥ २९ ॥ श्रुत्वातुवाक्यंसनरेश्वरस्तदामुदायुतोविस्मयमानचक्षुः ॥ पुनश्चतंज्ञानवतांप्रधानमुवाचवाक्यंवदमेपुरातनम् ॥ ३० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे तृतीयःसर्गः ॥ ३ ॥ ततःपुनर्महातेजाःकुंभयोनिर्महायशाः ॥ उवाचरामंप्रणतंपितामहइवेश्वरम् ॥ १ ॥ श्रूयतामितिचोवाचरामंसत्यपराक्रमम् ॥ कथाशेषंमहातेजाःकथयामाससप्रभुः ॥ २ ॥ यथाख्यानंश्रुतंचैवयथावृत्तंयथातथा ॥ प्रीतात्माकथयामासराघवायमहामतिः ॥ ३ ॥

यह कथा सुनकर विस्मयोत्फुल्ल नेत्रोंसे शिर हिलाय अत्यन्त विस्मयको प्राप्त हुए ॥ २९ ॥ अधिक क्या कहें वह नरश्रेष्ठ राम उस समय यह वचन सुन विस्मययुक्त नेत्रोंसे हर्षके वश ज्ञानियोंमें श्रेष्ठ उन मुनिसे फिर बोले कि, आप हमसे पुरातन कथा कहिये ॥ ३० ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे भाषाटीकायां तृतीयः सर्गः ॥ ३ ॥ इसके उपरान्त महायशस्वी कुम्भसम्भव महातेजस्वी अगस्त्यजी प्रणाम करतेहुए श्रीरामचन्द्रजीसे फिर बोले, जिसप्रकार ब्रह्माजी ईश्वरसे बोलते हैं ॥ १ ॥ वह सत्यपराक्रम श्रीरामचन्द्रजीसे बोले कि, श्रवण करो यह कहकर महातेजस्वी प्रभु अगस्त्यजी कथाका शेषभाग कहने लगे ॥ २ ॥ वह महामति अगस्त्यजी प्रीतियुक्त चित्तसे यथाख्यान यथाश्रुत और यथावृत्त श्रीरामचन्द्रजीसे कहने लगे ॥ ३ ॥

हे महावीर ! महामति श्रीरामचन्द्रजी ! दुष्टात्मा रावणने इसीलिये जनकनंदिनी जानकीको हरण कियाथा ॥ ४ ॥ हे महावीर ! हे महाकीर्ते ! हे अजीत ! नारदजीने गिरिराज मेरुके शिखरपर हमसे यह वृत्तान्त कथन कियाथा ॥ ५ ॥ हे राघव ! देव, गन्धर्व, सिद्ध, ऋषि व और दूसरे महानुभाव जनोंके सामने हँसते हुए फिर इस कथाके शेष भागको वर्णन कियाथा ॥६॥ हे मानद ! हे राजेन्द्र ! महातेजस्वी नारदजीने हँसते २ यह वर्णन कियाथा सो तुम इस महापातक हारिणी कथाको श्रवण करो ॥७॥ हे महावीर श्रीरामचंद्रजी ! यह कथा सुनकर देवता और ऋषियोंने हर्षयुक्तनेत्रहो नारदजीसे कहा ॥ ॥८॥ कि, जो भक्तिपूर्वक यह कथा सुनै या सुनावेगा; वह पुत्र पौत्र युक्त होकर स्वर्गलोकमें सन्मानित होगा ॥९॥इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी०आदि०उत्तरकांडे भाषाटीकायां चतुर्थः सर्गः॥४॥

एतदर्थंमहाबाहोरावणेनदुरात्मना ॥ सुताजनकराजस्यहृतारामममहामते ॥ ४ ॥ एतांकथांमहाबाहोनारदःसुमहायशाः ॥ कथयामासदुर्धर्षे मेरौगिरिवरोत्तमे ॥ ५ ॥ देवगंधर्वसिद्धानामृषीणांचमहात्मनाम् ॥ कथाशेषंपुनःसोथकथयामासराघव ॥६॥ नारदःसुमहातेजाःप्रहसन्निवमानद ॥ तांकथांशृणुराजेंद्रमहापापप्रणाशनीम् ॥ ७ ॥ यांतुश्रुत्वामहाबाहोऋषयोदेवतैःसह ॥ ऊचुस्तंनारदंसर्वेहर्षपर्याकुलेक्षणम् ॥ ८ ॥ यश्चेमांश्रावयेन्नित्यंशृणुयाद्वापिभक्तितः ॥ सपुत्रपौत्रवान्रामस्वर्गलोकेमहीयते ॥ ९ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे चतुर्थःसर्गः ॥ ४ ॥ ततःसराक्षसोरामपर्यटन्पृथिवीतले ॥ विजयार्थीमहाशूरैराक्षसैःपरिवारितः ॥ १ ॥ दैत्यदानवरक्षस्सुयंशृणोति बलाधिकम् ॥ तमाह्वयतियुद्धार्थीरावणोबलदर्पितः॥ २ ॥ एवंसपर्यटन्सर्वांपृथिवींपृथिवीपते ॥ ब्रह्मलोकान्निवर्ततंसमासाद्याथरावणः ॥ ३ ॥ व्रजंतंमेघपृष्ठस्थमंशुमंतमिवापरम् ॥ तमभिसृत्यप्रीतात्माह्यभिवाद्यकृतांजलिः ॥ ४ ॥ उवाचहृष्टमनसानारदंरावणस्तदा ॥ आब्रह्मभवनंलोकास्त्वयादृष्टाह्यनेकशः ॥ ५ ॥ कस्मिँल्लोकेमहाभागमानवाबलवत्तराः ॥ योद्धुमिच्छामितैःसार्धंयथाकामंयदृच्छया ॥ ६ ॥

इसके उपरान्त वह राक्षसराज रावण महाशूरवीर राक्षसोंको साथ लेकर विजयकी अभिलाषासे पृथ्वीपर घूमने लगा ॥ १ ॥ दैत्य, दानव या राक्षसोंमेंसे जिस किसीकोभी अधिक बलवान् सुना बलदर्पित रावण उसकोही युद्ध करनेके लिये जायकर पुकारता ॥ २ ॥ हे महीपाल ! रावण इस प्रकार सब पृथ्वीपर विचरकर ब्रह्मलोकसे लौटनेके समय नारदजीका दर्शन पाता हुआ ॥ ३ ॥ नारदजी दूसरे सूर्यहीकी समान मेघके ऊपर होकर गमन कररहेथे रावणने प्रसन्नतासे निकट पहुँच हाथ जोडकर उनको प्रणाम किया ॥ ४ ॥ तब रावण हर्षितहो श्रीनारदजीसे बोला कि, हे भगवन् ! आपने ब्रह्माजीसे लेकर और सबही लोक अनेक प्रकार दर्शन किये हैं ॥ ५ ॥ हे महाभाग ! उनमें किस लोकके मनुष्य अधिक बलवान्हैं, हम उनके साथ [illegible]

पर जो मनुष्य वास करतेहैं वह सबही अति बलवान्, चंद्रमाके समान दीर्घकाय, महावीर्य युक्त और मेघकी समान गंभीर शब्दवालेहैं ॥८॥ वह सबही महाश्रीमान् धैर्यशाली हैं उनकी बांहें बडे २ परिघकी समान हैं। हे राक्षसराज! इस लोकमें तुम बल वीर्यसम्पन्न जैसे पुरुषोंकी इच्छा करतेहो, वैसे मनुष्य हमने श्वेतद्वीपमें देखेहैं, नारदजीके वचन सुनकर रावणने कहा ॥ ९ ॥ १० ॥ कि; हे महाराज! श्वेतद्वीपके मनुष्य किस कारणसे बलवान्हैं और वह समस्त महात्मा वहां किस प्रकारसे जायकर वसे ॥११॥ हे प्रभो! नारदजी! आप हस्तामलककी समान समस्त जगत् सदा देखतेहैं, इस कारण यह समस्त वृत्तान्त यथार्थ२ वर्णन कीजिये ॥

चिंतयित्वामुहूर्तंतुनारदःप्रत्युवाचतम् ॥ अस्तिराजन्महाद्वीपंक्षीरोदस्यसमीपतः ॥ ७ ॥ तत्रतेचंद्रसंकाशामानवाःसुमहाबलाः ॥ महाकायाम हावीर्यामेघस्तनितनिस्वनाः ॥ ८ ॥ महामात्राधैर्यवंतोमहापरिघबाहवः ॥ श्वेतद्वीपेमयादृष्टामानवाराक्षसाधिप ॥ ९ ॥ बलवीर्यसमोपेतान्या दृशांस्त्वमिहेच्छसि ॥ नारदस्यवचःश्रुत्वारावणःप्रत्युवाचह ॥ १० ॥ कथंनारदजायंतेतस्मिन्द्वीपेमहाबलाः ॥ श्वेतद्वीपेकथंवासःप्राप्तस्ते स्तुमहात्मभिः ॥ ११ ॥ एतन्मेसर्वमाख्याहिप्रभोनारदतत्त्वतः ॥ त्वयादृष्टंजगत्सर्वंहस्तामलकवत्सदा ॥ १२ ॥ रावणस्यवचःश्रुत्वानारदः प्रत्युवाचह ॥ अनन्यमनसोनित्यंनारायणपरायणाः ॥ १३ ॥ तदाराधनसक्ताश्चतच्चित्तास्तत्परायणाः ॥ एकांतभावानुगतास्तेनराराक्षसाधिप ॥ ॥१४॥ तच्चित्तास्तद्गतप्राणानरानारायणंसदा ॥ श्वेतद्वीपेतुतैर्वासअर्जितःसुमहात्मभिः ॥१५॥ येहतालोकनाथेनशार्ङ्गमानम्यसंयुगे ॥ चक्रायुधे नदेवेनतेषांवासस्त्रिविष्टपे ॥ १६ ॥ नहियज्ञफलैस्तातनतपोभिर्नसंयमैः ॥ नचदानफलैर्मुख्यैःसलोकःप्राप्यतेसुखम् ॥ १७ ॥ नारदस्यवचः श्रुत्वादशग्रीवःसुविस्मितः ॥ ध्यात्वा तु सुचिरंकालंतेनयोत्स्यामिसंयुगे ॥ १८ ॥

॥ १२ ॥ रावणके वचन सुनकर देवर्षि नारदजी बोले कि, वह श्वेतद्वीपवासी समस्त मनुष्य नित्य अनन्यचित्तसे नारायणपरायणहैं ॥ १३ ॥ और उनमेंही चित्त लगाय तत्परहो एकान्त भावसे नारायणजीकी आराधना करतेहैं, हे राक्षसनाथ! वह सदाही नारायणको चित्त समर्पण कियेहैं ॥ १४ ॥ उनमेंही प्राण लगाये हैं, यह सब अतिमहात्मा नारायणजीमें लीनहैं इसी कारणसे वह सब महात्मा श्वेतद्वीपमें वसेहैं ॥ १५ ॥ चक्रधारी, लोकनाथ, देव नारायण शार्ङ्गधनुष झुकाय जिनका संग्राममें संहार करते हैं उनका स्वर्गमें और वहां वास होता है ॥ १६ ॥ हे तात! क्या यज्ञफल, क्या तपस्या, क्या समस्त प्रधान २ दानफल किसीसेभी सालोक्यफलकी प्राप्ति नहीं होती ॥१७॥ नारदजीके वचन सुन रावण विस्मितहो कुछ विलम्बतक चिन्ताकर बोला कि, हमें उनकेही साथ संग्राम करेंगे ॥१८॥

इसके उपरान्त रावण नारदजीसे कहकर श्वेतद्वीपको चला गया, नारदजीभी अनेक क्षण चिन्ताकर कौतूहलान्वितहो ॥ १९ ॥ परमाश्चर्य युक्त संग्राम देखनेकी वासनासे शीघ्रही श्वेतद्वीपको गये क्योंकि वह सदा संग्राम चाहनेवाले और तमाशा देखनेवाले हैं ॥ २० ॥ हे राघव ! रावणभी घोर सिंहनाद कर २ के दशों दिशाओंको विदारण करता हुआ राक्षसोंके साथ वहां गया ॥ २१ ॥ जब नारदजी वहां पहुँचे तब महायशस्वी रावण देवतोंकोभी दुर्लभ श्वेत नामक एक महाद्वीपमें पहुंचा ॥ २२ ॥ परन्तु उस द्वीपके तेजप्रभावसे बलवान् रावणका पुष्पकविमान वायुके वेगसे टकराकर ॥ २३ ॥ पवनसे टकराये हुए बादलकी समान टिके रहनेको समर्थ न हुआ । राक्षसपति रावणके मंत्रीभी कठिनतासे देखनेके योग्य द्वीपमें पहुँचकर ॥ २४ ॥ भयसहित रावणसे कहनेलगे कि,

आपृच्छ्यनारदंप्रायाच्छ्वेतद्वीपायरावणः ॥ नारदोपिचिरंध्यात्वाकौतूहलसमन्वितः ॥ १९ ॥ दिदृक्षुःपरमाश्चर्यंतत्रैवत्वारितंययौ ॥ सहिकेलिकरोविप्रोनित्यंचसमरप्रियः ॥ २० ॥ रावणोपिययौतत्रराक्षसैः सह राघव ॥ महतासिंहनादेनदारयन्सदिशोदश ॥ २१ ॥ गतेतुनारदेतत्र रावणोपिमहायशाः ॥ प्राप्यश्वेतंमहाद्वीपंदुर्लभंयत्सुरैरपि ॥ २२ ॥ तेजसातस्यद्वीपस्यरावणस्यबलीयसः ॥ तत्तस्यपुष्पकंयानंवातवेगसमाहतम् ॥ २३ ॥ अवस्थातुंनशक्नोतिवाताहतइवांबुदः ॥ सचिवाराक्षसेंद्रस्यद्वीपमासाद्यदुर्दृशम् ॥ २४ ॥ अब्रुवन्रावणंभीताराक्षसाजातसाध्वसाः ॥ राक्षसेंद्रवयंमूढाभ्रष्टसंज्ञाविचेतसः ॥ २५ ॥ अवस्थातुंनशक्ष्यामोयुद्धंकर्तुंकथंचन ॥ एवमुक्त्वादुद्रुवुस्तेसर्वएवनिशाचराः ॥ २६ ॥ रावणोपिहितद्यानंपुष्पकंहेमभूषितम् ॥ विसर्जयामासतदासहतैःक्षणदाचरैः ॥ २७ ॥ गतंतुपुष्पकंरामरावणोराक्षसाधिपः ॥ कृत्वारूपंमहाभीमंसर्वराक्षसवर्जितः ॥ २८ ॥ प्रविवेशतदातस्मिञ्छ्वेतद्वीपेसरावणः ॥ प्रविशन्नेवतत्राशुनारीभिरुपलक्षितः ॥ २९ ॥ एकयासस्मितंकृत्वाहस्तेगृह्यदशाननम् ॥ पृष्टश्चागमनंब्रूहिकिमर्थमिहचागतः ॥ ३० ॥

हे निशाचरनाथ ! हम सब त्रासके मारे जडकी समान संज्ञाहीन होगये हैं ॥२५॥ इसकारण हम यहां किसी प्रकारसेभी नहीं ठहरसकते, यह कहकर समस्त राक्षसगण दशों दिशाओंको भागने लगे ॥ २६ ॥ तब रावणने इन सब राक्षसोंके साथ सुवर्णभूषित पुष्पकविमानको बिदा कर दिया ॥ २७ ॥ इसके उपरान्त जब पुष्पकविमान बिदा होगया तब राक्षसराज रावण महाभयंकर मूर्ति धारणकर सब राक्षसोंको छोड॥२८॥ अकेलाही श्वेतद्वीपमें प्रवेश करता हुआ । जब रावणने श्वेतद्वीपमें प्रवेश किया तब वहांकी स्त्रियोंने उसे देखा ॥२९॥ उन स्त्रियोंमेंसे किसी एक स्त्रीने रावणका हाथ पकड मुसकुराय कर पूछा कि, यहांपर किस कारणसे

पुन क्रोधित होकर कहा ॥ ३१ ॥ हम विश्रवामुनिके पुत्रहैं, हमारा रावण नामहै; हम संग्रामक हाकर यहांपर आयेहैं, परन्तु यहां तो हमको कोई दीख पाती नहीं ॥ ३२ ॥ जब दुरात्मा रावणने इस प्रकारसे कहा तब सब स्त्रियें मधुर स्वरसे हँसने लगीं ॥ ३३ ॥ इसके उपरान्त उनमेंसे एक स्त्रीने कोपकर एक मंजहीमें रावणको बालककी समान पकड लिया और उसकी कमर पकड उसको सब सखियोंके बीचमें घुमाने लगी ॥ ३४ ॥ और एक सखीको पुकारकर कहा कि, देखो आली ! हमने एक छोटे कीडेकी समान यह अञ्जनवर्ण दशमुख और बीसबाहुका एक जीव पकडाहै ॥ ३५ ॥ तब घुमाये जानेसे थकाहुआ रावण

कोगतंकस्यगपुत्रःकेनवाप्रहितोवद ॥ इत्युक्तोरावणोराजन्क्रुद्धोवचनमब्रवीत् ॥ ३१ ॥ अहंविश्रवसःपुत्रोरावणोनामराक्षसः ॥ युद्धार्थमिह संप्राप्तोनचपश्यामिकंचन ॥ ३२ ॥ एवंकथयतस्तस्यरावणस्यदुरात्मनः ॥ प्राहसंस्तेततःसर्वेसुस्वनंयुवतीजनाः ॥ ३३ ॥ तासामेकाततःक्रुद्धाबालवद्ध्यलीलया ॥ भ्रामितस्तुसखीमध्येमध्येगृह्यदशाननम् ॥ ३४ ॥ सखीमन्यांसमाहूयपश्यत्वंकीटकंधृतम् ॥ दशास्यंविंशतिभुजं कृष्णांजनसमप्रभम् ॥ ३५ ॥ हस्ताद्धस्तंसचक्षिप्तोभ्राम्यतेभ्रमलालसः ॥ भ्राम्यमाणेनबलिनाराक्षसेनविपश्चिता ॥ ३६ ॥ पाणावेकाथसंदष्टा गंगरानिताशुभा ॥ मुक्तस्तयाशुभःकीटोधुन्वंत्याहस्तवेदनात् ॥ ३७ ॥ गृहीत्वान्यातुरक्षेंद्रमुत्पपातविहायसा ॥ ततस्तामपिसंक्रुद्धोविददार नखैर्भृशम् ॥ ३८ ॥ तयासहविनिर्धूतःसहसैवनिशाचरः ॥ पपातसोंभसोमध्येसागरस्यभयातुरः ॥ ३९ ॥ पर्वतस्येवशिखरंयथावज्रविदारितम् ॥ पपातसागरजलेतथासौविनिपातितः ॥ ४० ॥ एवंसरावणोरामश्वेतद्वीपनिवासिभिः ॥ युवतीभिर्विगृह्याशुभ्रामितश्चततस्ततः ॥ ४१ ॥

एक हाथमें दूसरे हाथमें पकडा जायकर घूमने लगा । इस प्रकारसे जब बलवान् विद्वान् रावण घुमायेजाने लगे ॥ ३६ ॥ तब इसने बडा कोप कर उस सुन्दरी स्त्रीके हाथमें बडे जोरसे काट खाया, वैसेही उस स्त्रीने हाथकी पीडासे व्याकुल हो इस शुभ कीडेको छोड दिया ॥ ३७ ॥ यह देखकर एक और स्त्री राक्षस रावणको पकडकर आकाशमार्गमें उड गई, वैसेही रावणने अति कोपकर उसकोभी नोंचकर विदारण किया ॥ ३८ ॥ भयातुर रावणको जब उस स्त्रीने छोड दिया तब रावण अति जोरसे समुद्रके जलमें गिरा ॥ ३९ ॥ वज्रसे टूटाहुआ पर्वतका शिखर जिसप्रकार समुद्रमें गिरपडताहै वैसेही रावणभी छूटकर समुद्रमें गिरा ॥ ४० ॥ हे राम ! श्वेतद्वीपकी रहनेवाली स्त्रियें अति शीघ्र रावणको पकडकर इस प्रकारसे वारंवार घुमाय रहीथीं ॥ ४१ ॥

महातेजस्वी नारदजी रावणको पीडित देखकर विस्मय सहित हँसे और नाचनेलगे ॥ ४२ ॥ हे महावीर ! दुरात्मा रावणने यह वृत्तान्त जानकरही तुम्हारे ...
मृत्युकी कामना करके सीताजीको हरण कियाथा ॥ ४३ ॥ तुम शंख चक्रगदाधारी देव नारायणहो; तुम्हारे हाथमें शार्ङ्ग धनुष पद्म और वज्रादि आयुध विरा
जमान हैं तुम्हें समस्त देवता नमस्कार करतेहैं ॥ ४४ ॥ तुम सर्व देवताओंसे पूजेजातेहो, श्रीवत्सांकित हृषीकेशहो; तुम महायोगी पद्मनाभ और भक्त जनोंको
अभय देनेवालेहो ॥ ४५ ॥ आपने रावणका वध करनेके लिये मनुष्य अवतार धारण कियाहै; अधिक क्या कहें, क्या आप अपनेको नारायण नहीं जानते हैं ॥
॥ ४६ ॥ हे महाभाग ! मोहको प्राप्त न हो, आत्मज्ञानसे अपनेको स्मरण करो तुम गुप्तसेभी अधिक गुप्त हो ऐसा पितामह ब्रह्माजीने कहाहै ॥ ४७ ॥ हे राघव ! तुम

नारदोपिमहातेजारावणंप्राप्यधर्षितम् ॥ विस्मयंसुचिरंकृत्वाप्रजहासननर्तच ॥ ४२ ॥ एतदर्थंमहाबाहोरावणेनदुरात्मना ॥ विज्ञायापहृतासीता
त्वत्तोमरणकांक्षया ॥ ४३ ॥ भवान्नारायणोदेवःशंखचक्रगदाधरः ॥ शार्ङ्गपद्मायुधोवज्रीसर्वदेवनमस्कृतः ॥ ४४ ॥ श्रीवत्सांकोहृषीकेशःसर्वैः
वाभिपूजितः ॥ पद्मनाभोमहायोगीभक्तानामभयप्रदः ॥ ४५ ॥ वधार्थंरावणस्यत्वंप्रविष्टोमानुषींतनुम् ॥ किंनवेत्सित्वमात्मानंयथानारायणः
ह्यहम् ॥ ४६ ॥ मामुह्यस्वमहाभागस्मरचात्मानमात्मना ॥ गुह्याद्गुह्यतरस्त्वंहिह्येवमाहपितामहः ॥ ४७ ॥ त्रिगुणश्चत्रिवेदीचत्रिधामाचा...
राघव ॥ त्रिकालकर्मत्रैविद्यत्रिदशारिप्रमर्दन ॥ ४८ ॥ भयाक्रांतास्त्रयोलोकाःपुराणेविक्रमैस्त्रिभिः ॥ त्वमहेंद्रानुजःश्रीमान्वलिबंधनकार
णात् ॥ ४९ ॥ अदित्यागर्भसंभूतोविष्णुस्त्वंहिसनातनः ॥ लोकाननुगृहीतुंवैप्रविष्टोमानुषींतनुम् ॥ ५० ॥ तदिदंसाधितंकार्यंसुराणांसुरस
त्तम ॥ निहतोरावणःपापःसपुत्रगणबांधवः ॥ ५१ ॥ प्रहृष्टाश्चसुराःसर्वेऋषयश्चतपोधनाः ॥ प्रशांतंचजगत्सर्वंत्वत्प्रसादात्सुरेश्वर ॥ ५२ ॥

सत्त्व,रज और तमोगुण स्वरूपहो। तुम ऋक्,यजुः,साम,यह तीन वेदहो, तुम स्वर्ग, मृत्यु,पाताल इन तीनों लोकोंके वासी हो,भूत,भविष्य, वर्त्तमान इन तीन कालोंमें तुम कार्य
किया करतेहो, तुम धनुर्वेद, गान्धर्ववेद,आयुर्वेद इन तीन वेदोंमें पारदर्शी हो, तुम देवताओंसे शत्रुओंका संहार करनेवाले हो ॥ ४८ ॥ तुम इन्द्रके छोटे भाईहो, तुमने
वामन होकर बलिको बांधा और पुरातन त्रिविक्रम त्रिलोकीको नाप लिया था ॥ ४९ ॥ तुम अदितिके गर्भसे उत्पन्नहो, तुम वही सनातन विष्णुहो केवल सबपर
अनुग्रह करनेके लियेही आपने मनुष्य अवतार धारण कियाहै ॥५०॥ हे सुरश्रेष्ठ ! आपने पुत्र बान्धव और सेनाके सहित पापी रावणको संग्राममें मारकर देवताओंका
कार्य पूरा किया है ॥ ५१ ॥ हे सुरेश्वर ! आपके प्रसादसे समस्त देवता और तपोधन ऋषिगण सन्तुष्ट हुएहैं और सब जगत्की शान्तिको प्राप्त हुआहै ॥ ५२ ॥

अति

...निमिनही राजा जनकजीके गृहमें उत्पन्न हुईं ॥ ५३ ॥ रा
...यह समस्त वृत्तान्त हमने आपके निकट वर्णन किया । ५०

पत्नसहित माताके समान सदा उनकी रक्षाकी थी, हे महायशस्वी राम ! यह समस्त वृत्तान्त हमने आपके निकट वर्णन किया ॥५४॥ दीर्घजीवी नारदजीने ऋषि सनत्कुमारजीके मुखसे श्रवण करके हमारे निकट इस प्रकार वर्णन कियाथा, सनत्कुमारजीने रावणसे जिसप्रकार कहाथा ॥५५॥ रावणने सर्वभाँतिसे वैसाही किया, जो विद्वान् श्राद्धके समय ब्राह्मणके निकट यह उपाख्यान श्रवण करें ॥ ५६ ॥ उसका दिया हुआ अन्न पितृलोगोंके निकट पहुँचता है, यह दिव्य कथा सुनकर राजीवलोचन श्रीरामचन्द्रजी ॥ ५७ ॥ अपने भ्राताओंके सहित परमविस्मयको प्राप्त हुए, वानरोंके सहित सुग्रीवजी, राक्षसोंके सहित विभीषणजी॥५८॥मंत्रियोंके सहित राजा व औरभी आये

सीतालक्ष्मीर्महाभागासंभूतावसुधातलात् ॥ त्वदर्थमिहचोत्पन्नाजनकस्यगृहेप्रभो ॥ ५३ ॥ लंकामानीययत्नेनमातेवपरिरक्षिता ॥ एवमेतत्समाख्यातंतवराममहायशः ॥ ५४ ॥ ममापिनारदेनोक्तमृषिणादीर्घजीविना ॥ यथासनत्कुमारेणव्याख्यातंतस्यरक्षसः ॥५५॥ तेनापिचतदेवाशुकृतंसर्वमशेषतः ॥ यश्चैतच्छ्रावयेच्छ्राद्धेविद्वान्ब्राह्मणसन्निधौ ॥५६॥ अन्नंतदक्षयंदत्तंपितॄणामुपतिष्ठति ॥ एतांश्रुत्वाकथांदिव्यांरामोराजीवलोचनः ॥ ५७ ॥ परंविस्मयमापन्नोभ्रातृभिःसहराघवः ॥ वानराःसहसुग्रीवाराक्षसाःसविभीषणाः ॥ ५८ ॥ राजानश्चसहामात्यायेचान्येपिसमागताः ॥ ब्राह्मणाःक्षत्रियावैश्याःशूद्राधर्मसमन्विताः॥५९॥ सर्वेचोत्फुल्लनयनाःसर्वेहर्षसमन्विताः॥ राममेवानुपश्यंतिभृशमत्यंतहर्षिताः ॥६०॥ ततोगस्त्योमहातेजाराघवंचेदमब्रवीत् ॥ दृष्टाःसभाजिताश्चापिरामयास्यामहेवयम् ॥ एवमुक्त्वागताःसर्वेपूजितास्तेयथागतम् ॥६१॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडेऽगस्त्यवाक्यं नाम पञ्चमः सर्गः ॥ ५ ॥ क्षेपकाःसमाप्ताः ॥ एवमास्तेमहाबाहुरहन्यहनिराघवः॥ अशासत्सर्वकार्याणिपौरजानपदेषुच ॥ १ ॥ ततःकतिपयाहस्सुवैदेहंमिथिलाधिपम् ॥ राघवःप्रांजलिर्भूत्वावाक्यमेतदुवाचह ॥ २ ॥

हुए धार्मिक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र॥५९॥सबही हर्षितहो नेत्र फैलाय२ अति प्रसन्नतासे श्रीरामचन्द्रजीको वारंवार निहार बलिहार होनेलगे ॥ ६० ॥ इसके उपरान्त महातेजस्वी अगस्त्यजी श्रीरामचन्द्रजीसे बोले कि, हे रामचन्द्रजी ! हमने आपके दर्शनभी किये और हम संमानितभी हुए इसकारण अब हम जायँगे । वह सब ऋषि इसप्रकारसे पूजितहो जो जिस ओरसे आयेथे वह उसी ओरको चलेगये ॥ ६१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे भाषाटीकायामगस्त्यवाक्यं नाम पंचमः सर्गः ॥ ५ ॥ क्षेपक समाप्त ॥ ॥ रघुनन्दन महावीर श्रीरामचन्द्रजी इसप्रकार सर्वपूजितहो पौर और जनपदसम्बन्धी कार्य शासन करते हुए समय बितानेलगे ॥ १ ॥ कुछदिन बीत जानेपर श्रीरामचन्द्रजी हाथ जोडकर वैदेहमिथिलाधिपति जनकजीसे बोले ॥ २ ॥

कि, आपही केवल हमारे गतिहैं; हम आपकरकेही पालितहैं; और हमने आपकेही उग्र तपवीर्यकी सहायतासे रावणको माराहै ॥ ३ ॥ हे राजन् ! समस्त इक्ष्वा...
...णोंके और समस्त मैथिल लोगोंकी प्रीतिकी उपमा नहीं और सम्बन्धभी अनुपमहै ॥४॥ हे महीपाल!आप अपने गृहको गमन कीजिये, भरतजीभी हमारे दिये ...
...के सहायताके निमित्त आपके पीछे २ गमन करेंगे ॥ ५ ॥ जनकराज श्रीरामचन्द्रजीके वचन स्वीकारकर उनसे बोले कि, हे राजन् ! आपकी नीति और आ...
...दर्शनकर हम प्रसन्न हुएहैं ॥ ६ ॥ परन्तु आपने हमारे लिये जो रत्नसंचय कियेहैं हमने वह समस्त रत्न दोनों बेटियोंको देदिये ॥७॥ जब राजा जनकजी ...
...गये, तब श्रीरामचन्द्रजीने हाथ जोड विनीतहो केकयराजपुत्र अपने मामा युधाजितसे कहा कि, ॥ ८ ॥ हे पुरुषश्रेष्ठ ! केकयराजपुत्र ! हम, भरत, लक्ष्मण, ...

भवान्हिगतिरव्यग्राभवतापालितावयम् ॥ भवतस्तेजसोग्रेणरावणोनिहतोमया ॥ ३ ॥ इक्ष्वाकूणांचसर्वेषांमैथिलानांचसर्वशः ॥ अतुलाःप्री...
...योराजन्संबंधकपुरोगमाः ॥ ४ ॥ तद्भवान्स्वपुरंयातुरत्नान्यादायपार्थिव ॥ भरतश्चसहायार्थंपृष्ठतश्चानुयास्यति ॥ ५ ॥ सतथेतिततः कृत्वा...
...घवंवाक्यमब्रवीत् ॥प्रीतोस्मिभवताराजन्दर्शनेननयेनच ॥ ६ ॥ यान्येतानितुरत्नानिमदर्थंसंचितानिवै ॥ दुहित्रोस्तान्यहंराजन्सर्वाण्यक्षया...
...मिवै ॥ ७ ॥ ततःप्रयातेजनकेकेकयंमातुलंप्रभुम् ॥ राघवःप्रांजलिर्भूत्वाविनयाद्वाक्यमब्रवीत् ॥ ८ ॥ इदंराज्यमहंचैवभरतश्चसलक्ष्मणः ॥
आयत्तास्त्वंहिनोराजन्गतिश्चपुरुषर्षभ ॥ ९ ॥ राजाहिवृद्धःसंतापंत्वदर्थमुपयास्यति ॥ तस्माद्गमनमद्यैवरोचतेतवपार्थिव ॥ १० ॥ लक्ष्मण...
...नानुयात्रेणपृष्ठतोनुगमिष्यते ॥ धनमादायबहुलंरत्नानिविविधानिच ॥ ११ ॥ युधाजित्तुतथेत्याहगमनंप्रतिराघव ॥ रत्नानिचधनंचैवत्वय्य...
...व्यमस्त्विति ॥ १२ ॥ प्रदक्षिणंचराजानंकृत्वाकेकयवर्धनः ॥ रामेणचकृतःपूर्वमभिवाद्यप्रदक्षिणम् ॥ १३ ॥ लक्ष्मणेनसहायेनप्रयातः...
...श्वरः ॥ हतेऽसुरेयथावृत्रेविष्णुनासहवासवः ॥ १४ ॥

और यह अयोध्याका राज्य सबही आपका है अधिक क्या कहैं, आपही निरापद कालमें हमारे एक मात्र गतिहैं ॥९॥ केकयराज वृद्धहैं, इस कारण आपके लिये
संतापित होते होंगे हे नृपति!इस कारण हम आजही आपका जाना अच्छा समझतेहैं ॥१०॥ बहुत सारा धन और विविधभाँतिके रत्न ले लक्ष्मणजी अनुयायी हो आपके
पीछे पीछे जायँगे ॥ ११ ॥ तब युधाजितने जाना स्वीकार करके कहा कि, हे रामचन्द्र ! तुम्हारा धन और रत्न अक्षय होवे ॥१२॥ प्रथम रामचन्द्रजीने प्रद
...क्षिणा करके उनको प्रणाम किया फिर केकयराजकुमार युधाजित श्रीरामचन्द्रजीकी प्रदक्षिणाकर और प्रणाम करके ॥ १३ ॥ लक्ष्मणजीको सहायक बनाय अपने
... श्रीरामचन्द्रजी उनको बिदाकर मित्र काशिन... भेंटकर
... साथ गयेथे ॥ १४ ॥ ... भरतजीके साथ उद्योग कियाथा, इस कारण अ...

बोले ॥ १५ ॥ हे राजन् ! आपने संग्राममें सहायता करनेके लिये भरतजीके साथ उद्योग कियाथा, इस कारण आपने हमारे प्रति परम सुहृदता और प्रीति दिखाई ॥ १६ ॥ अब इस समय आप रमणीक काशीपुरीको जाय, विशेष करके सुन्दर धवरहरोंसे युक्त तोरण समन्वित यह वाराणसी नगरी आपसेही रक्षित होतीहै ॥ १७ ॥ धर्मात्मा काकुत्स्थ श्रीरामचन्द्रजीने यह कह उत्तम आसनपरसे जब इन धर्मात्मा राजाको अतिप्यारपूर्वक हृदयसे लगाया ॥ ॥ १८ ॥ फिर कौशल्याकी प्रीतिके बढानेवाले श्रीरामचन्द्रजीने उनको विदा किया, वह निडर काशिराजभी रामचन्द्रजीकी आज्ञा पाय ॥ १९ ॥

तंविसृज्यननोरामोवयस्यमकुतोभयम् ॥ प्रतर्दनंकाशिपतिंपरिष्वज्येदमब्रवीत ॥ १५ ॥ दर्शिताभवताप्रीतिर्दर्शितंसौहृदंपरम् ॥ उद्योगश्चत्वया राजन्भरतेनकृतःसह ॥ १६ ॥ तद्भवानद्यकाशेयपुरींवाराणसींव्रज ॥ रमणीयांत्वयागुप्तांसुप्राकारांसुतोरणाम् ॥ १७ ॥ एतावदुक्त्वाचोत्थाय काकुत्स्थःपरमासनात् ॥ पर्यष्वजतधर्मात्मानिरंतरमुरोगतम् ॥ १८ ॥ विसर्जयामासतदाकौसल्याप्रीतिवर्धनः ॥ राघवेणकृतानुज्ञःकाशेयो ह्यकुतोभयः ॥ १९ ॥ वाराणसींययौतूर्णंराघवेणविसर्जितः ॥ विसृज्यतंकाशिपतिंत्रिशतंपृथिवीपतीन् ॥ २० ॥ प्रहसन्राघवोवाक्यमुवाच मधुराक्षरम् ॥ भवतांप्रीतिरव्यग्रातेजसापरिरक्षिता ॥ २१ ॥ धर्मश्चनियतोनित्यंसत्यंचभवतांसदा ॥ युष्माकंचानुभावेनतेजसाचमहात्म नाम् ॥ २२ ॥ हतोदुरात्मादुर्बुद्धीरावणोराक्षसाधमः ॥ हेतुमात्रमहंतत्रभवतांतेजसाहतः ॥ २३ ॥ रावणःसगणोयुद्धेसपुत्रामात्यबांधवः ॥ भवंतश्चसमानीताभरतेनमहात्मना ॥ २४ ॥ श्रुत्वाजनकराजस्यकाननात्तनयांहृताम् ॥ उद्युक्तानांचसर्वेषांपार्थिवानांमहात्मनाम् ॥ २५ ॥

श्रीरामचन्द्रजीको छोड अतिशीघ्र वाराणसी (आज कलकी बनारस) को चले गये. काशिनाथको विदाकर तीनशत (३००) राजाओंसे ॥२०॥ हँसकर मधुर वचनोंसे श्रीरामचन्द्रजी बोले कि, आप लोगोंने योग्यताके अनुसारही अचंचलहो प्रीतिकी रक्षा कीहै ॥ २१ ॥ आप लोगोंकी सदा धर्ममें निश्चयता; सर्वदा सत्य व्यवहार अनुभव और तेजके प्रभावसेही दुष्टस्वभाववाला मन्दबुद्धि राक्षसोंमें नीच रावण मारागयाहै हम तो उसका वध करनेमें केवल हेतुमात्रहैं. मारा तो वह आपहीके तेज प्रभावसे गयाहै ॥ २२ ॥ २३ ॥ यह रावण सेना, मंत्री, व अपने बंधु बान्धवों सहित मारागया । महात्मा भरतजीने आप लोगोंको यहां बुलाया ॥ २४ ॥ सो उन्होंने इस कारण बुलाया कि, इन्होंने जनक राजकुमारी सीताजीका वनमें हरण होना सुना, सो सहायता करनेके लिये इन्होंने

कियाथा ॥ आपको परिश्रम दिया परन्तु वडे भाग्यकी वातहै कि, आप लोगोंको क्लेश नहीं जान पडा, महानुभाव आप सब राजोंने इस कारण उद्योग कियाथा ॥
॥ २५ ॥ आपको यहांपर आये हुए वहुत दिन होगयेहैं, सो इस समय हमारी यह रुचि होतीहै कि, आप अपने २ स्थानको जायँ, तब राजोंने परम प्रसन्न
होकर कहा ॥ २६ ॥ हे श्रीरामचन्द्रजी ! वडे भाग्यवलसे आपने राज्य पाया है और भाग्यसेही सीताजी फिर मिलीहैं और यहभी वडे भाग्यकी वातहै कि
शत्रु रावण पराजित हुआहै ॥ २७ ॥ हे महाराज रामचन्द्रजी ! हम देखा कि, आपने शत्रुकुलका संहार करके जय पाईहै इससेही हमारी वासना अति सिद्ध
हुई और हम परम प्रसन्न हुएहैं ॥ २८ ॥ आप जो हमारी प्रशंसा करतेहैं यह तो आपका स्वभावही है; आप लोकाभिराम रामहैं, आपकी प्रशंसा हमको
करनी चाहिये परन्तु हम ऐसे वाक्य नहीं जानते कि, जिनसे आपकी प्रशंसा कीजाय ॥ २९ ॥ हे महावीर ! आप हमारे हृदयमें सदा विराजमान रहतेहैं, इन

कालोप्यतीतःसुमहान्गमनंरोचयाम्यतः ॥ प्रत्यूचुस्तंचराजानोहर्षेणमहतावृताः ॥ २६ ॥ दिष्ट्यात्वंविजयीरामराज्यंचापिप्रतिष्ठितम् ॥
दिष्ट्याप्रत्याहृतासीतादिष्ट्याशत्रुःपराजितः ॥ २७ ॥ एपनःपरमःकामएपानःप्रीतिरुत्तमा ॥ यत्त्वांविजयिनंरामपश्यामोहतशात्रवम् ॥ २८ ॥
एतत्त्वय्युपपन्नंचयदस्मांस्त्वंप्रशंससे ॥ प्रशंसार्हंनजानीमःप्रशंसांवक्तुमीदृशीम् ॥ २९ ॥ आपृच्छामोगमिष्यामोहृदिस्थोनःसदाभवान् ॥ वर्ता
महेमहावाहोप्रीत्यात्रमहतावृताः ॥ ३० ॥ भवेच्चतेमहाराजप्रीतिरस्मासुनित्यदा ॥ वाढमित्येवराजानोहर्षेणपरमान्विताः ॥ ३१ ॥ ऊचुःप्रांजल
यःसर्वेराघवंगमनोत्सुकाः॥ पूजितास्तेचरामेणजग्मुर्देशान्स्वकान्स्वकान् ॥ ३२ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरका-
ऽष्टत्रिंशःसर्गः ॥ ३८ ॥ तेप्रयातामहात्मानःपार्थिवास्तेप्रहृष्टवत् ॥ गजवाजिसहस्रौघैःकंपयंतोवसुंधराम् ॥ १ ॥ अक्षौहिण्योहितत्रासन्राघ
वार्थंसमुद्यताः ॥ भरतस्याज्ञयानेकाःप्रहृष्टवलवाहनाः ॥ २ ॥

कारण उस विषयकी वडी प्रीतिके वश होकर हम अपने हृदयमें जैसा व्यवहार करेंगे ॥ ३० ॥ सो हे महाराज ! हम चाहतेहैं कि, हमारे सबके ऊपरभी
आपकी वैसीही प्रीति रहे, फिर राजा अत्यन्त प्रफुल्लहो ॥ ३१ ॥ हाथ जोड रघुनंदन श्रीरामचन्द्रजीसे बोले कि, हम अपने २ राज्योंमें गमन करेंगे; सो यह
आपसे निवेदन करतेहैं; तब श्रीरामचन्द्रजीने उन राजाओंको आज्ञा दी और वह सब राजा सम्मानित होकर अपने २ देशोंको चले गये ॥ ३२ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा
॥ महात्मा राजगण हजारों हाथी घोडोंके समूहसे पृथ्वीको कंपायमान करते
[illegible] आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामष्टत्रिंशः सर्गः ॥ ३८ ॥
[illegible] अक्षौहिणी सेना हर्षित होकर श्रीरामचन्द्रजीकी सहायता करनेके लिये [illegible]

संग्राममें नहीं देखपाया॥ ३॥इसलिये रावणका वध होजानेपर भरतजीने वृथा हमको बुलाया, यदि पहले हमको बुलाते तो हम अतिशीघ्र रावणको निःसन्देह संहारही करडालते ॥ ४ ॥ हमलोग राम और लक्ष्मणके बाहुवीर्यसे रक्षित और क्लेश विहीनहो समुद्रके पार सुखसे संग्राम करते ॥ ५ ॥ राजा उसकालमें हर्षयुक्त हो इस प्रकारके हजारों वचन कहते २ अपने २ राज्योंमें चलेगये ॥ ६ ॥ वह प्रसिद्ध समस्त साम्राज्य, महारत्न, धन और धान्यसे समृद्धिसम्पन्न और हर्षित जनोंसे परिपूर्ण थे ॥ ७ ॥ राजा अपने २ स्थानोंमें अक्षत शरीरसे गमन करके श्रीरामचन्द्रजीकी प्रियकामनासे विविध भांतिके रत्नोंको उपहार देनेलगे ॥ ८ ॥ इसके

ऊचुस्तेचमहीपालाबलदर्पसमन्विताः ॥ नरामरावणंयुद्धेपश्यामःपुरतःस्थितम् ॥ ३ ॥ भरतेनवयंपश्चात्समानीतानिरर्थकम् ॥ हताहिराक्षसाः क्षिप्रंपार्थिवैःस्युर्नसंशयः ॥ ४ ॥ रामस्यबाहुवीर्येणरक्षितालक्ष्मणस्यच ॥ सुखंपारेसमुद्रस्ययुध्येमविगतज्वराः ॥ ५ ॥ एताश्चान्याश्चरा जानःकथास्तत्रसहस्रशः ॥ कथयंतःस्वराज्यानिजग्मुर्हर्षसमन्विताः ॥ ६ ॥ स्वानिराज्यानिमुख्यानिऋद्धानिमुदितानिच ॥ समृद्धधनधा न्यानिपूर्णानिवसुमंतिच ॥ ७ ॥ यथापुराणितेगत्वारत्नानिविविधान्यथ ॥ रामस्यप्रियकामार्थमुपहारंनृपाददुः ॥ ८ ॥ अश्वान्यानानिरत्ना निहस्तिनश्चमदोत्कटान् ॥ चंदनानिचमुख्यानिदिव्यान्याभरणानिच ॥ ९ ॥ मणिमुक्ताप्रवालांस्तुदास्योरूपसमन्विताः ॥ अजाविकंचवि विधंरथांस्तुविविधान्बहून् ॥ १० ॥भरतोलक्ष्मणश्चैवशत्रुघ्नश्चमहाबलः ॥ आदायतानिरत्नानिस्वांपुरींपुनरागताः ॥ ११ ॥ आगम्यच पुरींरम्यामयोध्यांपुरुषर्षभाः ॥ तानिरत्नानिचित्राणिरामायसमुपानयन् ॥१२॥ प्रतिगृह्यचतत्सर्वंरामःप्रीतिसमन्वितः ॥ सुग्रीवायददौराज्ञेमहा त्माकृतकर्मणे ॥ १३ ॥ विभीषणायचददौतथान्येभ्योपिराघवः ॥ राक्षसेभ्यःकपिभ्यश्चयैर्वृतोजयमाप्तवान् ॥ १४ ॥

सिवाय अश्व, यान, मदमत्त हाथी, उत्तम चन्दन, दिव्य आभरण ॥९॥ मणि, मुक्ता, प्रवाल, रूपवती दासी, विविध भांतिके श्रेष्ठ चमडे, और अनेक रथ ॥१०॥ इन सब अनुयायियोंने भरत, लक्ष्मण, और शत्रुघ्नजीकोउपहार दिये, महा बलवान लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्नजी वह सब रत्न लेकर अपनी पुरीको लौट आये ॥११॥ उन पुरुषश्रेष्ठोंने रमणीक अयोध्यापुरीमें आयकर वह सब विचित्र रत्न श्रीरामचन्द्रजीको भेंटदिये ॥ १२ ॥ महात्मा श्रीरामचन्द्रजीने अत्यन्त प्रीति सहित उन सब रत्नोंको लेकर कार्य सिद्ध करके आयेहुए राजा सुग्रीवको देदिये ॥ १३ ॥ और राक्षसराज विभीषणजीकोभी दिये। जिन वानरगण व निशाचरगणोंके साथ

लंकामें श्रीरामचन्द्रजीने जय पाईथी ॥ १४ ॥ इन सब बलवान् राक्षसगणोंने श्रीरामचन्द्रजीके दियेहुए रत्न शिरपर और हाथोंपर धारण किये ॥ १५ ॥ फिर कमलदलके समान इक्ष्वाकु नरपति महारथी वीर्यवान् श्रीरामचन्द्रजीने महावीर अंगदजी व हनुमान्‌जीको बालककी समान अपनी गोदीमें लेलिया ॥ १६ ॥ फिर कमलदलके समान नेत्रवाले श्रीरामचन्द्रजी सुग्रीवजीसे बोले, यह अंगदजी तुम्हारे सुपुत्र और यह पवनकुमार हनुमान् तुम्हारे सुमंत्रीहैं ॥ १७ ॥ हे सुग्रीव ! यह दोनोंही तुम्हारी मन्त्रणामें निपुण और विशेष करके हमारे हितकारी कार्यमें निरत हैं इस कारणसे हे हरीश्वर ! इनका आदर सन्मान अनेक प्रकारसे करना चाहिये ॥ १८ ॥ महा यशस्वी श्रीरामचन्द्रजीने यह वचन कहकर महामोलके गहने अपने शरीरसे निकालकर अंगद व हनुमान्‌जीको पहरादिये ॥ १९ ॥ तब श्रीरामचन्द्रजीने महा

तेसर्वेरामदत्तानिरत्नानिकपिराक्षसाः ॥ शिरोभिर्धारयामासुर्भुजेषुचमहाबलाः ॥ १५ ॥ हनूमंतंचनृपतिरिक्ष्वाकूणांमहारथः ॥ अंगदंचम हानाहुमंकमारोप्यवीर्यवान् ॥ १६ ॥ रामःकमलपत्राक्षःसुग्रीवमिदमब्रवीत् ॥ अंगदस्तेसुपुत्रोयंमंत्रीचाप्यनिलात्मजः ॥ १७ ॥ सुग्रीवमंत्रि तेयुक्तौममचापिहितेरतौ ॥ अर्हतोविविधांपूजांत्वत्कृतेवैहरीश्वर ॥ १८ ॥ इत्युक्त्वाव्यपमुच्यांगाद्भूषणानिमहायशाः ॥ सबबंधमहार्हाणितदांग दहनूमतोः ॥ १९ ॥ आभाष्यचमहावीर्यान्राघवोयूथपर्षभान् ॥ नीलंनलंकेसरिणंकुमुदंगंधमादनम् ॥ २० ॥ सुषेणंपनसंवीरंमैंदंद्विविदमेवच ॥ जांबवंतंगवाक्षंचविनतंधूम्रमेवच ॥ २१ ॥ वलीमुखंप्रजंघंचसन्नादंचमहाबलम् ॥ दरीमुखंदधिमुखमिंद्रजानुंचयूथपम् ॥ २२ ॥ मधुरंश्लक्ष्णया वाचानेत्राभ्यामापिबन्निव ॥ सुहृदोमेभवंतश्चशरीरंभ्रातरस्तथा ॥ २३ ॥ युष्माभिरुद्धृतश्चाहंव्यसनात्काननौकसः ॥ धन्योराजाचसुग्रीवोभ वद्भिःसुहृदांवरैः ॥ २४ ॥ एवमुक्त्वाददौतेभ्योभूषणानियथार्हतः ॥ वज्राणिचमहार्हाणिसस्वजेचनरर्षभः ॥ २५ ॥ तेपिबंतःसुगंधीनिमधू निमधुपिंगलाः ॥ मांसानिचसुमृष्टानिमूलानिचफलानिच ॥ २६ ॥

वीर्यवान् वानरयूथपोंसे संभाषण किया नील, नल, केशरी, कुमुद, गन्धमादन ॥ २० ॥ सुषेण, पनस, वीरमैन्द, व द्विविद, जाम्बवन्त, गवाक्ष, विनत, धूम्र ॥ २१ ॥ वली मुख, प्रजंघ, महापलवान् सन्नाद, दरीमुख, दधिमुख व इन्द्रजानु इत्यादि यूथपोंसे ॥ २२ ॥ श्रीरामचन्द्रजीने मधुरवचन कहे । श्रीरामचन्द्रजी दोनों नेत्रोंसे पानही करते हुए उनसे मनोहर वचन कहनेलगे कि, तुम सबही हमारे सुहृदहो, देह और भ्राताओंकी समानहो ॥ २३ ॥ हे वनवासीगण ! तुम लोगोंनेही हमको विपदके समुद्रसे उद्धार कियाहै । राजा सुग्रीवही धन्यहैं और तुम्हारी समान श्रेष्ठ बन्धुही धन्यहैं ॥ २४ ॥ नरश्रेष्ठ श्रीरामचन्द्रजीने यह कहकर उन लोगोंको यथायोग्य बडे २ मोलके वस्त्र व हीरामणि भूषण दिये और उनसे मिले ॥ २५ ॥ यह मधुपिंगल समस्त वानरगण सुगंधियुक्त मधु पीनेलगे और मीठे फल व मूल भक्षण करने लगे ॥ २६ ॥

श्रीरामचन्द्रजीके प्रति भक्ति होनेसे उनको यह

गीर्वाके संग क्रीडा करने लगे ॥ २८ ॥ रा

राक्षस और महाबलवान् ... परम सन्मान पाय प्रसन्नताको प्राप्त कर

इस प्रकारसे रहते २ उनको [illegible]
चन्द्रजीभी उन कामरूपी वानर वीर्यवान् राक्षस और महाबलवान रीछोंके संग क्रीडा करने लगे ॥ २८ ॥ सन्तुष्टचित्त वानर और राक्षसोंको इस प्रकारसे दूसरा शिशिर मासभी बीत गया ॥ २९ ॥ श्रीरामचन्द्रजीसे परम सन्मान पाय प्रसन्नताको प्राप्त करते २ रमणीक इक्ष्वाकु नगरीमें उन वानरोंका सुखसे समय व्यतीत होने लगा ॥ ३० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी०आदि०उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकोनचत्वारिंशः सर्गः ॥ ३९ ॥ इसप्रकारसे रीछ वानर और राक्षस गण अयोध्याजीमें समय बिताने लगे इसके उपरान्त महातेजस्वी श्रीरामचन्द्रजीने सुग्रीवजीसे कहा ॥ १ ॥ हे सौम्य ! सुर असुरोंसे दुर्द्धर्ष किष्किन्धानगरीमें जायकर वहां अपने मंत्रियोंके साथ

एवंतेषांनिवसतांमासःसाग्रोययौतदा ॥ मुहूर्तमिवतेसर्वेरामभक्त्याचमेनिरे ॥२७॥ रामोपिरेमेतैःसार्धंवानरैःकामरूपिभिः ॥ राक्षसैश्चमहावीर्यैर्ऋक्षैश्चैवमहाबलैः ॥ २८ ॥ एवंतेषांययौमासोद्वितीयःशिशिरःसुखम् ॥ वानराणांप्रहृष्टानांराक्षसानांचसर्वशः ॥ २९ ॥ इक्ष्वाकुनगरेरम्येपरांप्रीतिमुपासताम् ॥ रामस्यप्रीतिकरणैःकालस्तेषांसुखंययौ ॥ ३० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांड एकोनचत्वारिंशःसर्गः ॥ ३९ ॥ तथास्मतेषांवसतामृक्षवानररक्षसाम् ॥ राघवस्तुमहातेजाःसुग्रीवमिदमब्रवीत् ॥ १ ॥ गम्यतांसौम्यकिष्किंधांदुराधर्षांसुरासुरैः ॥ पालयस्वसहामात्यैराज्यंनिहतकंटकम् ॥ २ ॥ अंगदंचमहाबाहोप्रीत्यापरमयायुतः ॥ पश्यत्वंहनुमंतंचनलंचसुमहाबलम् ॥ ३ ॥ सुषेणंश्वशुरंवीरंतारंचबलिनांवरम् ॥ कुमुदंचैवदुर्धर्षंनीलंचैवमहाबलम् ॥ ४ ॥ वीरंशतबलिंचैवमैंदंद्विविदमेवच ॥ गजंगवाक्षंगवयंशरभंचमहाबलम् ॥ ५ ॥ ऋक्षराजंचदुर्धर्षंजांबवंतंमहाबलम् ॥ पश्यप्रीतिसमायुक्तोगंधमादनमेवच ॥ ६ ॥ ऋषभंचसुविक्रांतंप्लवंगंचसुपाटलम् ॥ केसरिंशरभंशुंभंशंखचूडंमहाबलम् ॥ ७ ॥ येयेमेसुमहात्मानोमदर्थेत्यक्तजीविताः ॥ पश्यत्वंप्रीतिसंयुक्तोमाचैषांविप्रियंकृथाः ॥ ८ ॥

निष्कंटक राज्य भोगो ॥ २ ॥ हे महावीर ! तुम परम प्रीतियुक्त होकर महाबलवान् अंगदजी, हनुमान् और नलको देखा करना ॥ ३ ॥ श्वशुर सुषेण, बलवानोंमें श्रेष्ठ वीर तार, दुर्द्धर्ष कुमुद, महाबलवान नील ॥ ४ ॥ वीर शतबलि, मैन्द, द्विविद, गज, गवाक्ष, गवय, महाबलवान् शरभ ॥ ५ ॥ महाबलवान् दुर्द्धर्ष ऋक्षराज जाम्बवान इन सबको आप प्रीतियुक्त चित्तसे देखिये. इनके अतिरिक्त गन्धमादन ॥६॥ विक्रमकारी ऋषभ, सुपाटल केशरी, शरभ, शुम्भ, महाबलवान् शंखचूड ॥ ॥ ७ ॥ ये और जिन वानरवीरोंने हमारे लिये अपना जीवन वार दियाहै, हे सुग्रीव ! तुम इन सबको प्रेम सहित पालन करना, देखो इनके साथ ऐसा न करना

…ो इनको पुग लगे ॥८॥ सुग्रीवने वारंवार भेटकर श्रीरामचन्द्रजीने मधुर वचन विभीषणसे कहे ॥ ९ ॥ हम जानतेहैं कि आप धर्मज्ञहैं, पुरवासी जन, मंत्री राक्षसगण. और तुम्हारे भ्राता कुवेरजी तुममें स्नेह करतेहैं; इस निमित्त जाओ अब धर्मसहित लंकाका राज्य करो ॥ १० ॥ हे राजन् ! बुद्धिमान् राजा सदा पृथ्वीमंडलको भोग किया करते हैं, इस कारण तुम कभी अपनी मति अधर्ममें मत करना ॥ ११ ॥ हे राजन् ! तुम हमारी और सुग्रीवजीकी सदा याद करते रहना. अब रोग रहित हो परम प्रसन्नतापूर्वक तुम यहांसे जाओ ॥ १२ ॥ श्रीरामचन्द्रजीके वचन सुनकर रीछ, वानर और राक्षसगण धन्य २ कह वारंवार श्रीरामचन्द्रजीकी बडाई करनेलगे ॥ १३ ॥ यह कहने लगे, हे श्रीरामचन्द्रजी, ! आपकी बुद्धि स्वयं ब्रह्माजीकी समानहै, वैसाही सर्व श्रेष्ठ माधुर्य आपमें है ॥

परिगुह्यचसुग्रीवमाश्लिष्यचपुनःपुनः ॥ विभीषणमुवाचाथरामोमधुरयागिरा ॥ ९ ॥ लंकांप्रशाधिधर्मेणधर्मज्ञस्त्वंमतोमम ॥ पुरस्यराक्षसानांचभ्रातुर्वैश्रवणस्यच ॥ १० ॥ माचबुद्धिमधर्मेत्वंकुर्याराजन्कथंचन ॥ बुद्धिमंतोहिराजानोध्रुवमश्नंतिमेदिनीम् ॥ ११ ॥ अहंचनित्यशोराजन्सुग्रीवसहितस्त्वया ॥ स्मर्तव्यःपरयाप्रीत्यागच्छत्वंविगतज्वरः ॥ १२ ॥ रामस्यभाषितंश्रुत्वाऋक्षवानरराक्षसाः ॥ साधुसाध्वितिकाकुत्स्थंप्रशशंसुःपुनःपुनः ॥ १३ ॥ तवबुद्धिर्महाबाहोवीर्यमद्भुतमेवच ॥ माधुर्यंपरमंरामस्वयंभोरिवनित्यदा ॥ १४ ॥ तेषामेवंब्रुवाणानांवानराणांचरक्षसाम् ॥ हनूमान्प्रणतोभूत्वाराघवंवाक्यमब्रवीत् ॥ १५ ॥ स्नेहोमेपरमोराजंस्त्वयितिष्ठतुनित्यदा ॥ भक्तिश्चनियतावीरभावोनान्यत्रगच्छतु॥१६॥ यावद्रामकथावीरचरिष्यतिमहीतले ॥ तावच्छरीरेवत्स्यंतुप्राणाममनसंशयः ॥ १७ ॥ यच्चैतच्चरितंदिव्यंकथातेरघुनंदन ॥ तन्ममाप्सरसोरामश्रावयेयुर्नरर्षभ ॥ १८ ॥ तच्छ्रुत्वाहंततोवीरतवचर्यामृतंप्रभो ॥ उत्कंठांतांहरिष्यामिमेघलेखामिवानिलः ॥ १९ ॥

॥ १४ ॥ जब वानर और निशाचर ऐसा कहने लगे तब हनुमान्जी प्रणामकर श्रीरामचंद्रजीसे बोले ॥ १५ ॥ हे वीर राजन् ! आपमें हमारी परमभक्ति रहे और स्नेहभी लगा रहे, व हमारा मन आपको छोडकर और किसीमें अनुरागी न हो ॥ १६ ॥ हे वीर ! जबतक रामकथा पृथ्वीपर गाई जावे तबतक हमारे प्राण हमारी देहको न छोडें इसमें संदेह न हो ॥ १७ ॥ हे रघुनंदन ! आपका कथारूप जो यह दिव्य चरित्रहै, सो हे पुरुषश्रेष्ठ राम ! यह चरित्र सदाही हमको अप्सरा… सुनाया करें ॥ १८ ॥ हे प्रभो वीर ! आपका चरितामृत श्रवण करके हम आपके दर्शन मिलनेसे उत्पन्न हुई उत्कंठाको दूर करेंगे, जैसे पवन मेघोंको भगाय… उठ स्नेहके मारे उन्हें भेटकर क… ॥ २० ॥ हे क… …छ मने…

…जबतक हमारी कथा इस लोकमें होती रहेगी ॥ २१ ॥ तबतक तुम्हारी कीर्ति…
…धारण करके वास करोगे अधिक क्या कहें जबतक यह सब लोक रहेंगे तबहीतक…

प्रार्थनाकी वही होगा इसमें संशय नहीं; जबतक हमारी कथा इस लोकमें होती रहेगी ॥ २१ ॥ तबतक तुम्हारी कीर्तिभी यहां विद्यमान रहेगी, और तबहींतक तुमभी शरीर धारण करके वास करोगे अधिक क्या कहें जबतक यह सब लोक रहेंगे तबहींतक हमारी कथा रहेगी ॥ २२ ॥ हे वानर ! जो उपकार तुमने हमारे किये हैं, उन उपकारोंमेंसे एक उपकारके लिये प्राणदान करकेभी हम ऋणसे नहीं छूटसकतेहैं, परन्तु तुम्हारे उपकार और जो बाकी बचेहैं उनके हम सदाही ऋणी रहेंगे ॥ २३ ॥ हे वानर ! तुमने जो उपकार कियेहें वह हमारे अंगमें जीर्ण होजायँ कारण कि, आपदकाल आपडनेपर मनुष्य प्रत्युपकारके पात्र हुआ करते हैं ॥ २४ ॥ यह कहकर श्रीरामचन्द्रजीने बीच २ में वैदूर्यमणियोंसे शोभित, चंद्रमाकी प्रभातुल्य दमकताहुआ हार कंठसे निकाल हनुमा

एवंब्रुवाणंरामस्तुहनूमन्तंवरासनात् ॥ उत्थायसस्वजेस्नेहाद्वाक्यमेतदुवाचह ॥ २० ॥ एवमेतत्कपिश्रेष्ठभवितानात्रसंशयः ॥ चरिष्यतिकथा यावदेषालोकेचमामिका ॥२१॥ तावत्तेभविताकीर्तिःशरीरेप्यसवस्तथा ॥ लोकाह्यियावत्स्थास्यंतितावत्स्थास्यन्तिमेकथाः॥२२॥ एकैकस्यो पकारस्यप्राणान्दास्यामितेकपे ॥ शेषस्येहोपकाराणांभवामऋणिनोवयम् ॥२३॥ मदंगेजीर्णतांयातुयत्त्वयोपकृतंकपे ॥ नरःप्रत्युपकाराणामा पत्स्वायातिपात्रताम् ॥ २४ ॥ ततोस्यहारंचंद्राभंमुच्यकंठात्सराघवः ॥ वैदूर्यतरलंकंठेबबंधचहनूमतः ॥ २५ ॥ तेनोरसिनिबद्धेनहारेणमहता कपिः ॥ रराजहेमशैलेंद्रश्चंद्रेणाक्रांतमस्तकः ॥ २६ ॥ श्रुत्वातुराघवस्यैतदुत्थायोत्थायवानराः ॥ प्रणम्यशिरसापादौनिर्जग्मुस्तेमहाबलाः ॥ ॥ २७ ॥ सुग्रीवःसचरामेणनिरंतरमुरोगतः ॥ विभीषणश्चधर्मात्मासर्वेतेबाष्पविक्लवाः ॥ २८ ॥ सर्वेचतेबाष्पकलाःसाश्रुनेत्राविचेतसः ॥ संमू ढाइवदुःखेनत्यजंतोराघवंतदा ॥ २९ ॥

नजीके गलेमें पहराय दिया ॥ २५ ॥ सुवर्णशैलराज सुमेरु अपने ऊपर पडीहुई चन्द्रमाकी किरणोंसे जिस प्रकार शोभित होताहै; वैसेही हनुमान्जीकी छातीमें पडाहुआ वह हार शोभा विस्तार करने लगा ॥ २६ ॥ श्रीरामचन्द्रजीके पहले कहेहुए यह वचन सुनकर महाबलवान् वानर एक २ करके उठे; और श्रीरामचं द्रजीके चरणोंमें मस्तक रख प्रणाम करके चले ॥ २७ ॥ सुग्रीव धर्मात्मा विभीषणजी श्रीरामचन्द्रजीसे भलीभाँति भेंट करते हुए, और राम, सुग्रीव, विभीषण, इन तीनोंके नेत्रोंसे आंसुओंकी धारा चलनेलगी और यह विह्वल होगये ॥ २८ ॥ वानर जब श्रीरामचन्द्रजीको छोडकर चले तब दुःखके मारे उनके नेत्रोंसे आंसू निकलने लगे वरन् बाफसे उनका कंठ रुकगया, इससे कुछ बात चीत न करसके और चेतनारहित होकर वह सबके सब मूर्च्छित होगये ॥२९॥

इस प्रकारसे महात्मा श्रीरामचन्द्रजीका प्रसाद पाय समस्त वानरादि देहत्यागी जीवकी समान अपने २ घरोंको चले ॥३०॥ इसके उपरान्त राक्षस, रीछ और वानरगण; रामवियोगसे उत्पन्न आंसुओंसे नेत्र गीले कर रघुवंशके बढानेवाले श्रीरामचन्द्रजीको प्रणाम जताय जो जिस देशसे आये थे वह उसी देशको गये ॥३१॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां चत्वारिंशः सर्गः ॥ ४० ॥ वानर, राक्षस और रीछोंको विदा देकर महावीर श्रीरामचन्द्रजी अपने भ्राताओंके सहित सुखीहो हर्ष प्राप्त करने लगे ॥ १ ॥ कुछ काल बीते महाविभु श्रीरामचन्द्रजीने अपने भ्राताओंके सहित अपराह्णके समय आकाशसे निकले हुए यह वचन सुने ॥ २ ॥ " हे सौम्य राम ! आप हमको प्रसन्नवदनसे निहारिये; हे प्रभो ! हम पुष्पक कुबेरजीके भवनसे आयेहैं ॥ ३ ॥ हे नरश्रेष्ठ! आपकी आज्ञा

कृतप्रसादास्तेनेवंराघवेणमहात्मना ॥ जग्मुःस्वंस्वंगृहंसर्वेदेहीदेहमिवत्यजन् ॥ ३० ॥ ततस्तुतेराक्षसऋक्षवानराःप्रणम्यरामंरघुवंशवर्धनम् ॥ वियोगजाश्रुप्रतिपूर्णलोचनाःप्रतिप्रयातास्तुयथानिवासिनः ॥ ३१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे चत्वारिंशः सर्गः ॥ ४० ॥ विसृज्यचमहाबाहुर्ऋक्षवानरराक्षसान् ॥ भ्रातृभिःसहितोरामःप्रमुमोदसुखंसुखी ॥ १ ॥ अथापराह्णसमयेभ्रातृभिःसहराघवः॥ शुश्रावमधुरांवाणीमंतरिक्षान्महाप्रभुः ॥ २ ॥ सौम्यरामनिरीक्षस्वसौम्येनवदनेनमाम् ॥ कुबेरभवनात्प्राप्तंविद्धिमांपुष्पकंप्रभो ॥ ३ ॥ तवशासनमाज्ञायगतोस्मिभवनंप्रति ॥ उपस्थातुंनरश्रेष्ठसचमांप्रत्यभाषत ॥ ४ ॥ निर्जितस्त्वंनरेंद्रेणराघवेणमहात्मना ॥ निहत्ययुधिदुर्धर्षंरावणंराक्षसेश्वरम् ॥ ५ ॥ ममापिपरमाप्रीतिर्हतेतस्मिन्दुरात्मनि ॥ रावणेसगणेचैवसपुत्रेसहबांधवे ॥ ६ ॥ सत्वंरामेणलंकायांनिर्जितःपरमात्मना॥ वहसौम्यतमेवत्वमहमाज्ञापयामिते ॥ ७ ॥ परमोह्येषमेकामोयत्त्वंराघवनंदनम् ॥ वहेर्लोकस्यसंयानंगच्छस्वविगतज्वरः ॥ ८ ॥ सोऽहंशासनमाज्ञायधनदस्यमहात्मनः ॥ त्वत्सकाशमनुप्राप्तोनिर्विशंकःप्रतीच्छमाम् ॥ ९ ॥

पायकर धनद कुबेरजीके निकट हम उनकी उपासना करने गयेथे; परन्तु उन्होंने हमसे यह कहा ॥ ४ ॥ महात्मा रघुनंदन नृपति श्रीरामचन्द्रजीने राक्षसपति दुर्धर्ष रावणको समरमें संहारकर तुमको जीत लियाहै ॥ ५ ॥ वह दुरात्मा रावण पुत्र, बान्धव और अपने इष्ट मित्रोंके सहित मारागया इसीसे हम अत्यन्त प्रसन्न हुए हैं ॥ ६ ॥ हे सौम्य ! परमात्मा श्रीरामचन्द्रजी लंकासे तुमको जीतकर लायेहैं इसलिये हम तुमको आज्ञा देतेहैं कि, तुम उन्हीं श्रीरामचन्द्रजीको अपने ऊपर चढाओ ॥ ७ ॥ तुम भूरादि समस्त लोकोंमें लेजानेको समर्थहो इस कारण तुम श्रीरामचन्द्रजीको अपने ऊपर चढाये फिरो यही हमारी अभिलाषाहै इसे तुम किसी प्रकारका दुःख न मानकर उनके निकट चले जाओ ॥ ८ ॥ सो महात्मा कुबेरजीकी आज्ञाके अनुसार हम आपके निकट आयेहैं [illegible]

करेंगे " १० ॥ महाबलवान् श्रीरामचन्द्रजी पुष्पकके ऐसे वचन सुनकर फिर आये और आकाशमें टिके हुए पुष्पकको देखकर बोले ॥ ११ ॥ हे वाहनश्रेष्ठ पुष्पक ! यदि ऐसाही हुआहो तो तुम्हारा आना सुखकारीहो अब कुबेरजीकी अनुकूलतासे हमको सद्व्यवहारके उल्लंघन करनेका दोष नहीं होगा ॥ १२ ॥ तब महावीर श्रीरामचन्द्रजीने पुष्प, खीलें, और सुगंध व धूपसे पुष्पक विमानकी पूजा कर उससे कहा ॥ १३ ॥ अब तुम गमन करो, हे विभु सौम्य ! जब हम तुमको याद करें, तब तुम सिद्धलोगोंके दिखाये हुए शून्य मार्गमें आना; हमारे वियोगका तुम कुछ दुःख न करना ॥ १४ ॥ तुम चाहे जिस दिशाको जाओ

अधृष्यःसर्वभूतानांसर्वेषांधनदाज्ञया ॥ चराम्यहंप्रभावेणतवाज्ञांपरिपालयन् ॥ १० ॥ एवमुक्तस्तदारामःपुष्पकेणमहाबलः ॥ उवाचपुष्पकंदृष्ट्वाविमानंपुनरागतम् ॥ ११ ॥ यद्येवंस्वागतंतेस्तुविमानवरपुष्पक ॥ आनुकूल्याद्धनेशस्यवृत्तदोषोननोभवेत् ॥१२॥ लाजैश्चैवतथापुष्पैर्धूपैश्चैवसुगंधिभिः ॥ पूजयित्वामहाबाहूराघवःपुष्पकंतदा ॥१३॥ गम्यतामितिचोवाचआगच्छत्वंस्मरेयदा ॥ सिद्धानांचगतौसौम्यमाविषादेनयोजय ॥ १४ ॥ प्रतिघातश्चतेमाभूद्यथेष्टंगच्छतोदिशः ॥ एवमस्त्वितिरामेणपूजयित्वाविसर्जितम् ॥ १५ ॥ अभिप्रेतांदिशंतस्मात्प्रायात्तत्पुष्पकंतदा ॥ एवमंतर्हितेतस्मिन्पुष्पकेसुकृतात्मनि ॥ १६ ॥ भरतःप्रांजलिर्वाक्यमुवाचरघुनन्दनम् ॥ विबुधात्मनिदृश्यंतेत्वयिवीरप्रशासति ॥ १७ ॥ अमानुषाणिसत्त्वानिव्याहृतानिमुहुर्मुहुः ॥ अनामयाश्चमर्त्यानांसाग्रोमासोगतोह्ययम् ॥ १८ ॥ जीर्णानामपिसत्त्वानांमृत्युर्नायातिराघव ॥ अरोगप्रसवानार्योवपुष्मंतोहिमानवाः ॥ १९ ॥

तुमको कोईभी नहीं रोक सकेगा, इसकारण तुम अभिलाषानुरूप गमन करो, यह कह पूजा करके श्रीरामचन्द्रजीने उसको विदा किया ॥ १५ ॥ तब पुष्पक विमान "ऐसाही होगा" यह कह जिस ओरकी उसने इच्छा की उस ओरको चलागया. जब पुष्पक विमान कृतार्थ होकर इस प्रकारसे अंतर्धान होगया ॥ १६ ॥ तब भरतजीने हाथ जोड़कर श्रीरामचन्द्रजीसे कहा, हे वीर ! आप देवतास्वरूपहैं, सो आपके राज्यसमयमें ॥ १७ ॥ हम लोगोंने कितनीही बार अमनुष्य प्राणी और पदार्थोंको मनुष्योंकी समान आपसमें बात चीत करते देखा, आपको राजा हुए कई महीने बीते परन्तु इस समयमें प्रजालोगोंको कोईभी रोग नहीं हुआ ॥

हे राजन ! पुरवासी व जनपदवासियोंको अतिहर्ष उत्पन्न हुआहै, बादलभी यथा अवसरमें अमृतकी समान जल वर्षातेहैं ॥२०॥ मंगलमय वायुभी सदा सुख स्पर्श होकर सब प्रकारसे प्रवाहित होरहाहै । ऐसे नरेश्वर हमारे बहुत दिनोंतक राजा रहें ॥ २१ ॥ हे राजन् ! ऐसे वचन पुरवासी और जनपदवासी गली गली में कहते हैं। नृपश्रेष्ठ श्रीरामचंद्रजी भरतजीके कहेहुए ऐसे मधुर वचन सुन हर्षितहुए॥२२॥इत्यार्षे श्रीमद्रा०वा०आदि०उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकचत्वारिंशः सर्गः॥४१॥ उस महावीर श्रीरामचंद्रजी भरतके कहेहुए ऐसे मधुर वचन सुनकर पुष्पकको विदादे अशोकवनमें प्रवेश करते हुए ॥ १ ॥ वह वन चन्दन, अगर, आम, तुंग, कालेयक और देवदारुके वृक्षोंसे सम्पूर्ण शोभायमान था ॥ २ ॥ चम्पा, काला अगर, पुन्नाग, मधूक, पनस, असन, धुवाँरहित अग्निके समान शोभायमान पारिजात ॥ ३ ॥ लोध, नीप, अर्जुन, नागकेशर, शतावरी, तिनिश, मन्दार, केला, विविध भाँतिकी लता व झाडियोंसे युक्त था ॥ ४ ॥ और प्रियंगु, कदम्ब, बकुल, जामन, दाडमी, कोविदारसे शोभित ॥ ५ ॥ सब कालमें फूलनेवाले फूलोंसे युक्त मनोहर कान्ति, फलवान, रमणीक, दिव्य रस गन्धयुक्त नये पत्ते व कोंपलके सहित वृक्षोंसे शोभितथा ॥ ६ ॥ वृक्ष लगानेमें चतुर शिल्पियोंने इन दिव्य वृक्षोंको अतिसुन्दर भाँतिसे लगाया था वह मधुर सुन्दर ७. पत्ते और पुष्पोंसे परिपूर्ण थे । उनके ऊपर मतवाले भौंरे गुंजार करते थे ॥ ७ ॥

दर्पश्चाभ्यधिकोराजञ्जनस्यपुरवासिनः ॥ कालेवर्षतिपर्जन्यःपातयन्नमृतंपयः ॥ २० ॥ वाताश्चापिप्रवांत्येतेस्पर्शयुक्ताःसुखाःशिवाः ॥ ईदृशो नश्चिरंराजाभवेदितिनरेश्वरः ॥ २१ ॥ कथयंतिपुरेराजन्पौरजानपदास्तथा ॥ एतावाचःसुमधुराभरतेनसमीरिताः ॥ श्रुत्वारामोमुदायुक्तोबभूवनृपसत्तमः ॥ २२ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे एकचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४१ ॥ सविसृज्यततोरामःपुष्पकंहेमभूषितम् ॥ प्रविवेशमहाबाहुरशोकवनिकांतदा ॥ १ ॥ चंदनागुरुचूतैश्चतुंगकालेयकैरपि ॥ देवदारुवनैश्चापिसमंतादुपशोभितम् ॥ २ ॥ चंपकागुरुपुन्नागमधूकपनसासनैः ॥ शोभितांपारिजातैश्चविधूमज्वलनप्रभैः ॥३॥ लोध्रनीपार्जुनैर्नागैःसप्तपर्णातिमुक्तकैः ॥ मंदारकदलीगुल्मलताजालसमावृतान् ॥ ४ ॥ प्रियंगुभिःकदंबैश्चतथाचवकुलैरपि ॥ जंबूभिर्दाडिमैश्चैवकोविदारैश्चशोभिताम् ॥ ५ ॥ सर्वदाकुसुमैरम्यैःफलवद्भिर्मनोरमैः ॥ दिव्यगंधरसोपेतैस्तरुणांकुरपल्लवैः॥६॥ तथैवतरुभिर्दिव्यैःशिल्पिभिःपरिकल्पितैः॥चारुपल्लवपुष्पाढ्यैर्मत्तभ्रमरसंकुलैः॥७॥

लकुल, भम

अधिक क्या कहें, वहांका कोई वृक्ष श्वेतवर्ण था, कोई २ तरु अग्निकी शिखाके समान लाल था, कोई पेड नीले अंजनकी समान रंगवालाथा, ऐसे पादप व औरभी अनेक प्रकारके तरुवर वहां थे ॥ ९ ॥ जो कि सुगंधि विस्तार कर रहेथे अनेक प्रकारके फूल हार गुहेहुए थे और भांति २ की तलैयें वहांथीं जिनमें सुन्दर निर्मल जल भर रहाथा ॥ १० ॥ इन सब तलैयोंमें उतरनेके लिये मूंगेकी सीढियें बनीहुईथीं और इन तलैयोंके भीतरकी पृथ्वी स्फटिकसे बनीहुईथी सब तलैयोंमें कमल व उत्पलके वन शोभायमान होरहेथे ॥११॥ चक्रवाक, दात्यूह, तोते, हंस व सारसगण वहां शब्द कर रहेथे, इन सबके किनारोंपर फूलेहुए वृक्षोंकी

कोकिलैर्भृंगराजैश्चनानावर्णैश्चपक्षिभिः ॥ शोभितांशतशश्चित्रांचूतवृक्षावतंसकैः ॥ ८ ॥ शातकुंभनिभाःकेचित्केचिदग्निशिखोपमाः ॥ नीलांजननिभाश्चान्येभांतितत्रस्मपादपाः ॥ ९ ॥ सुरभीणिचपुष्पाणिमाल्यानिविविधानिच ॥ दीर्घिकाविविधाकाराःपूर्णाःपरमवारिणा ॥ १० ॥ माणिक्यकृतसोपानाःस्फाटिकांतरकुट्टिमाः ॥ फुल्लपद्मोत्पलवनाश्चक्रवाकोपशोभिताः ॥ ११ ॥ दात्यूहशुकसंघुष्टाहंससारसनादिताः ॥ तरुभिःपुष्पशबलैस्तीरजैरुपशोभिताः ॥१२॥ प्राकारैर्विविधाकारैःशोभिताश्चशिलातलैः ॥ तत्रैवचवनोद्देशेवैदूर्यमणिसन्निभैः ॥१३॥ शाद्वलैःपरमोपेतांपुष्पितद्रुमकाननाम् ॥ तत्रसंघर्षजातानांवृक्षाणांपुष्पशालिनाम् ॥१४॥ प्रस्तराःपुष्पशबलानभस्तारागणैरिव ॥ नंदनंहियथेंद्रस्य ब्राह्मंचैत्ररथंयथा ॥ १५ ॥ तथाभूतंहिरामस्यकाननंसन्निवेशनम् ॥ बह्वासनगृहोपेतांलतासनसमावृताम् ॥ १६ ॥ अशोकवनिकांस्फीतांप्रविश्यरघुनंदनः ॥ आसनेचशुभाकारेपुष्पप्रकरभूषिते ॥ १७ ॥ कुशास्तरणसंस्तीर्णेरामःसन्निषसादह ॥ सीतामादायहस्तेनमधुमैरेयकंशुचि ॥ १८ ॥ पाययामासकाकुत्स्थःशचीमिवपुरंदरः ॥ मांसानिचसुमृष्टानिफलानिविविधानिच ॥ १९ ॥

लगरहे शोभायमान होतीथीं ॥ १२ ॥ विविध भांतिके धवरहरे और शिलाओंसे तलैयोंकी सुन्दरताई बहुत बढी हुईहै इसकेही वनोंमें वैडूर्यमणिकी समान ॥ १३ ॥ असंख्य शार्दूल पक्षी इस वनमें वास करतेथे जिसमें कि फले हुए वृक्ष लगरहेथे एक दूसरेकी रगडसे फूलेहुए वृक्ष ॥ १४ ॥ अनेक प्रकारके फूलबिछौने वहांपरकी शिलाओंपर बिछादेतेथे इन्द्रके नंदनवनकी समान कुबेरजीके ब्रह्मरचित चैत्ररथ वनकी समान ॥ १५ ॥ श्रीरामचन्द्रजीका यह अशोकवन बनाहुआ था । बहुतसे आसन, गृह, व लताओंके आसनसे युक्त ॥ १६ ॥ ऐसे बडेभारी अशोकवनमें श्रीरामचन्द्रजीने प्रवेश किया शुभ आकारसे जटित आसनपर जो कि फलोंसे भूषित था ॥१७॥ और कुशोंका बनाहुआथा, श्रीरामचन्द्रजी बैठे सीताजीको बांये हाथसे ग्रहणकर पवित्र मैरेय व मधु ॥ १८ ॥ (काकुत्स्थ श्रीरामचन्द्रजीने) पिलाया

ऐसे शचीको इन्द्रजी पिलावेहैं भाँति २ के मांस व विविधभाँतिके मीठे २ फल ॥ ॥ १९ ॥ श्रीरामचन्द्रजीके व्यवहारार्थ सेवक लोग अति शीघ्र लाये । श्रीरामचन्द्रजीके सामने नाच होनेलगा, यह नाच नृत्यगीतविशारद ॥ २० ॥ अप्सराओंने किन्नरियोंके साथ मिलकर कियाथा । इसके उपरान्त उदार स्वभाववाली दासी स्त्रियोंने मद्य पानकर ॥ २१ ॥ जो कि, नाचने गानेमें अति चतुरथीं श्रीरामचन्द्रजीके सम्मुख नाचने लगीं मनको आराम देनेवाली स्त्रियोंको श्रीरामचंद्रजीने जो कि रमण करनेवालोंमें श्रेष्ठ ॥ २२ ॥ और धर्मात्मा थे सुन्दर गहने पहने इन स्त्रियोंको संतुष्ट किया । फिर धर्मात्मा श्रीरामचंद्रजी सीताजीके साथ विराजमान हो ॥ २३ ॥ ऐसे बैठे जैसे तेजस्वी वसिष्ठजी अरुन्धतीके साथ बैठते हैं. इस प्रकारसे श्रीरामचंद्रजी देवकन्याकी समान सीता

रामस्याभ्यवहारार्थंकिंकरास्तूर्णमाहरन् ॥ उपानृत्यंश्चराजानंनृत्यगीतविशारदाः ॥ २० ॥ अप्सरोरगसंघाश्चकिन्नरीपरिवारिताः ॥ दक्षिणारूपवत्यश्चस्त्रियःपानवशंगताः ॥ २१ ॥ उपानृत्यंतकाकुत्स्थंनृत्यगीतविशारदाः ॥ मनोभिरामारामास्तारामोरमयतांवरः ॥ २२ ॥ रमयामासधर्मात्मानित्यंपरमभूषिताः ॥ सतयासीतयासार्धमासीनोविरराजह ॥ २३ ॥ अरुंधत्याइवासीनोवसिष्ठइवतेजसा ॥ एवंरामोमुदायुक्तःसीतांसुरसुतोपमाम् ॥ २४ ॥ रमयामासवैदेहीमहन्यहनिदेववत् ॥ तथातयोर्विहरतोःसीताराघवयोश्चिरम् ॥ २५ ॥ अत्यक्रामच्छुभःकालःशैशिरोभोगदःसदा ॥ दशवर्षसहस्राणिगतानिसुमहात्मनोः ॥ प्राप्तयोर्विविधान्भोगानतीतःशिशिरागमः ॥ २६ ॥ पूर्वाह्णेधर्मकार्याणिकृत्वाधर्मेणधर्मवित् ॥ शेषंदिवसभागार्धमंतःपुरगतोभवत् ॥ २७ ॥ सीतापिदेवकार्याणिकृत्वापौर्वाह्णिकानिवै ॥ श्वश्रूणामकरोत्पूजांसर्वासामविशेषतः ॥ २८ ॥ अभ्यगच्छत्ततोरामंविचित्राभरणांवरा ॥ त्रिविष्टपेसहस्राक्षमुपविष्टंयथाशची ॥ २९ ॥

जीको ॥ २४ ॥ जो कि विदेहराजकुमारी थीं प्रतिदिन देवताकी समान उनको सन्तुष्ट करने लगे इसप्रकारसे बहुत दिन विहार करते रामचंद्र व सीताजीको ॥ ॥ २५ ॥ सदाही भोगका देनेवाला शिशिरकाल व्यतीत होगया (विविध भांतिके भोग भोगते हुए महात्मा रामचंद्रजी व जानकीजीने दशहजार वर्षतक विहार किया) विविध भोगोंको प्राप्त करते हुए शिशिरका आगमन बीतगया ॥ २६ ॥ एक दिन धर्मात्मा श्रीरामचंद्रजी सवेरेके समय धर्मानुसार धर्मकार्य समाप्त करके दिनके बचेहुए भागको अंतःपुरमें विताते हुए ॥ २७ ॥ देवी सीताजीभी प्रभातके समय करनेके योग्य कार्य पूरे करके विशेष श्रद्धाभक्ति युक्तहो सब सासुओंकी सेवा करती ॥ २८ ॥ फिर एक समय दिव्य पुतिवाले विचित्र वस्त्र पहर करके भाँति २ के गहने पहन श्रीरामचंद्रजीके निकट ऐसे बैठी जैसे स्वर्गमें इन्द्रजीके [illegible]

श्रीरामचंद्रजी देवबालासमान वरवर्णिनी सीताजीसे बोले, हे वैदेही ! तुम्हारे गर्भलक्षण स्पष्टही देखे जातेहैं ॥ ३० ॥ ३१ ॥ हे नितम्बिनी ! तुम्हारी क्या इच्छा है, सो कहो हम तुम्हारी कौन इच्छा पूर्ण करें ? तब जानकी मुस्करायकर श्रीरामचंद्रजीसे बोलीं ॥ ३२ ॥ अब पवित्र तपोवनोंके देखनेकी हमारी इच्छाहुई है, गंगाजीके किनारेपर विराजमान उग्रतेजस्वी ऋषियोंको ॥ ३३ ॥ जो कि फलमूलाहारीहैं उनके चरणोंकी वंदना हम करना चाहतीहैं. हे देव ! यही हमारी परम कामनाहै कि फल मूल भोजन करनेवाले ॥ ३४ ॥ मुनियोंके निकट तपोवनमें हम एक रात वसें. काकुत्स्थ, अक्लेशकर्मकारी श्रीरामचंद्रजी "ऐसाही होगा" यह प्रतिज्ञा करके

दृष्ट्वातुराघवःपत्नींकल्याणेनसमन्विताम् ॥ प्रहर्षमतुलंलेभेसाधुसाध्वितिचाब्रवीत् ॥ ३० ॥ अब्रवीच्चवरारोहांसीतांसुरसुतोपमाम् ॥ अपत्यलाभोवैदेहित्वय्ययंसमुपस्थितः ॥ ३१ ॥ किमिच्छसिवरारोहेकामःकिंक्रियतांतव ॥ स्मितंकृत्वातुवैदेहीरामंवाक्यमथाब्रवीत् ॥ ३२ ॥ तपोवनानिपुण्यानिद्रष्टुमिच्छामिराघव ॥ गंगातीरोपविष्टानामृषीणामुग्रतेजसाम् ॥ ३३ ॥ फलमूलाशिनांदेवपादमूलेषुवर्तितुम् ॥ एषमेपरमःकामोयन्मूलफलभोजिनाम् ॥ ३४ ॥ अप्येकरात्रिंकाकुत्स्थनिवसेयंतपोवने ॥ तथेतिचप्रतिज्ञातंरामेणाक्लिष्टकर्मणा ॥ विस्रब्धाभववैदेहिश्वोगमिष्यस्यसंशयम् ॥ ३५ ॥ एवमुक्त्वातुकाकुत्स्थोमैथिलींजनकात्मजाम् ॥ मध्यकक्षांतरंरामोनिर्जगामसुहृद्वृतः ॥ ३६ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे द्विचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४२ ॥ तत्रोपविष्टंराजानमुपासंतेविचक्षणाः ॥ कथानांबहुरूपाणांहास्यकाराःसमंततः ॥ १ ॥ विजयोमधुमत्तश्चकाश्यपोमंगलःकुलः ॥ सुराजिःकालियोभद्रोदंतवक्रःसुमागधः ॥ २ ॥ एतेकथाबहुविधाःपरिहाससमन्विताः ॥ कथयंतिस्मसंहृष्टाराघवस्यमहात्मनः ॥ ३ ॥

जानकीजीसे बोले, हे वैदेही ! तुम तैयार होरहो, कल निश्चय गमन करेंगे, इसमें संशय नहीं ॥ ३५ ॥ काकुत्स्थनंदन श्रीरामचंद्रजी जनककुमारी सीताजीसे ऐसा कहकर, अपने अंतःपुरमें गमन करके अपने सुहृदोंके साथ बीचके गृहमें आये ॥ ३६ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां द्विचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४२ ॥

जब श्रीरामचंद्रजी इस स्थानपर आयकर बैठे तो चतुर सभ्य उनके चारोंओर बैठकर अनेक प्रकारके हास्य प्रसंग (हँसी दिल्लगी) कहने व करने लगे ॥ १ ॥ विजय, मधुमत्त, काश्यप, मंगल, कुल, सुराजी, कालिय, भद्र, दंतवक्र और सुमागध ॥ २ ॥ यह सब हर्षित चित्तसे महात्मा श्रीरामचन्द्रजीके निकट

हास्ययुक विविधभाँतिकी कथायें कहनेलगे॥ ३॥ किसी कथाके प्रसंगमें रघुनंदन श्रीरामचंद्रजी बोले, हे भद्र! इस विषयमें नगरके लोग क्या कहते हैं॥ ४॥हमारे आ...
पुरजन लोग क्या कहतेहैं? सीताके विषयमें, भरतके विषयमें,लक्ष्मणजीके सम्बन्धमें ॥ ५ ॥ शत्रुघ्नजीके वर्तावमें व माता कैकेयीके विषयमें वह सब कौन २...
कथा करतेहैं; क्योंकि तपस्वियोंके आश्रममें या राज्यमें राजाको विचारहीन होनेपर सर्वजनोंके सम्मुख निन्दाका पात्र होना पडताहै ॥ ६ ॥ जब श्रीरामचंद्र...
यह कहा तब भद्र हाथ जोडकर बोला, हे राजन्! पुरवासी अनेक शुभ कथाही कहा करतेहैं ॥७॥ हे पुरुषश्रेष्ठ! रावणके वधद्वारा प्राप्त हुई इस विजयको ...
करके पुरवासीलोग अपने २ घरोंमें अनेक बातें किया करते हैं ॥ ८ ॥ भद्रके इस प्रकार कहनेपर श्रीरामचन्द्रजीने कहा उसका आदिसे अन्ततक यथार्थ२ ...

ततःकथायांकस्यांचिद्राघवःसमभाषत ॥ काःकथानगरेभद्रवर्ततेविषयेषुच ॥४॥ मामाश्रितानिकान्याहुःपौरजानपदाजनाः॥ किंचसीतांसमा श्रित्यभरतंकिंचलक्ष्मणम् ॥ ५ ॥ किंनुशत्रुघ्नमुद्दिश्यकैकेयींकिंनुमातरम् ॥ वक्तव्यतांचराजानोवनेराज्येव्रजंतिच ॥६॥ एवमुक्तेतुरामेणभद्रः प्रांजलिरब्रवीत् ॥ स्थिताःशुभाःकथाराजन्वर्ततेपुरवासिनाम् ॥ ७ ॥ अमुंतुविजयंसौम्यदशग्रीववधार्जितम् ॥ भूयिष्ठंस्वपुरेपौरैःकथ्यंतेपुरुष... भ ॥८॥ एवमुक्तस्तुभद्रेणराघवोवाक्यमब्रवीत् ॥ कथयस्वयथातत्त्वंसर्वंनिरवशेषतः ॥९॥ शुभाशुभानिवाक्यानिकान्याहुःपुरवासिनः ॥ श्रुत्वे... दानींशुभंकुर्यांनकुर्यामशुभानिच ॥ १० ॥ कथयस्वचविस्रब्धोनिर्भयंविगतज्वरः ॥ कथयंतियथापौराःपापाजनपदेषुच ॥ ११ ॥ राघवे... वमुक्तस्तुभद्रःसुरुचिरंवचः ॥ प्रत्युवाचमहाबाहुंप्रांजलिःसुसमाहितः ॥ १२ ॥ शृणुराजन्यथापौराःकथयंतिशुभाशुभम् ॥ चत्वरापणरथ्यासुवने... पूपवनेषुच ॥ १३ ॥ दुष्करंकृतवान्रामःसमुद्रेसेतुबंधनम् ॥ अश्रुतंपूर्वकैःकैश्चिद्देवैरपिसदानवैः ॥ १४ ॥ रावणश्चदुराधर्षोहतःसबलवाहनः ॥ वानराश्चवशंनीतानृक्षाश्चसहराक्षसैः ॥ १५ ॥

वृत्तान्त कहो ॥९॥ कि पुरवासी लोग क्या २ शुभ अशुभ वाक्य किया करतेहैं पुरवासियोंके भले बुरे वचन सुनकर हम अशुभ कार्य न करके शुभ कार्यही करेंगे ॥ १० ॥ तुम सन्तापशून्य और विश्वासितहो निर्भय चित्तसे सब कहो कि पुरवासी और जनपदवासी लोग किस प्रकारकी पापकथा कहा करतेहैं ॥ ११ ॥ श्रीरामचन्द्रजीके यह वचन सुनकर भद्र सावधान चित्तहो हाथ जोड़कर बोला ॥ १२ ॥ " हे राजन्! वन, उपवन, दूकान, चौराहे और मार्गोंमें पुरवासी लोग जो शुभ अशुभ वचन कहा करते हैं सो मैं आपसे कहताहूं श्रवण कीजिये ॥ १३ ॥ श्रीरामचन्द्रजीने अतिदुष्कर कार्य कियाहै समुद्रमें पुलका बांधना, हमारे पूर्व पुरुषोंमें तो ...
...४ ॥ श्रीरामचन्द्रजीने दुर्द्धर्ष रावणको सेना और ...
१ वानर, रीछ,

लिये उन्होंने कुछ कोप न करके यह स्वच्छ जानकीजीको अपनी पुरीमें ले आये ॥ १६ ॥ जो रावण सीताजीको बलपूर्वक ग्रहणकर अपनी गो
लिये हुए गयाथा फिर किस कारण उन रामका हृदय सीतासम्भोगजनित सुख प्राप्त करताहै ॥ १७ ॥ रावणने सीताजीको लंकापुरीमें लेजाय वहांपर अ
वाटिकामें रक्खाथा; और सीताजी वहांपर राक्षसके वशमेंथीं; तथापि सीताजीके प्रति रामचंद्रको घृणा क्यों नहीं हुई ॥ १८ ॥ अबसे लेकर हमकोभी स्त्री
अपराध सहन करना पडेगा, क्योंकि जिसप्रकार राजा करतेहैं प्रजाभी उसकी देखादेखी वैसाही किया करतीहै ॥ १९ ॥ हे राजन् ! समस्त नगरों व जना

हत्वाचरावणंसंख्येसीतामाहृत्यराघवः॥ अमर्षंपृष्ठतःकृत्वास्ववेश्मपुनरानयत् ॥१६॥कीदृशंहृदयेतस्यसीतासंभोगजंसुखम् ॥ अंकमारोप्यतुपु
रावणेनबलाद्धृताम् ॥१७॥ लंकामपिपुरानीतामशोकवनिकांगताम् ॥ रक्षसांवशमापन्नांकथंरामोनकुत्स्यति ॥१८॥ अस्माकमपिदारेषुसहनीयं
भविष्यति ॥ यथाहिकुरुतेराजाप्रजास्तमनुवर्तते ॥ १९ ॥ एवंबहुविधावाचोवदंतिपुरवासिनः ॥ नगरेषुचसर्वेषुराजञ्जनपदेषुच ॥ २० ॥
तस्यैवंभाषितंश्रुत्वाराघवःपरमार्तवत् ॥ उवाचसुहृदःसर्वान्कथमेतद्वदंतुमाम् ॥ २१ ॥ सर्वेतुशिरसाभूमावभिवाद्यप्रणम्यच ॥ प्रत्यूचूराघवं
दीनमेवमेतन्नसंशयः ॥ २२ ॥ श्रुत्वातुवाक्यंकाकुत्स्थःसर्वेषांसमुदीरितम् ॥ विसर्जयामासतदावयस्याञ्छत्रुसूदनः ॥ २३ ॥ इ० श्रीमद्रा०
वाल्मी० आ० उत्तरकांडे त्रिचत्वारिंशःसर्गः ॥ ४३ ॥ विसृज्यतुसुहृद्वर्गंबुद्ध्यानिश्चित्यराघवः ॥ समीपेद्वाःस्थमासीनमिदंवचनमब्रवीत् ॥
॥ १ ॥ शीघ्रमानयसौमित्रिंलक्ष्मणंशुभलक्षणम् ॥ भरतंचमहाभागंशत्रुघ्नमपराजितम् ॥ २ ॥ रामस्यवचनंश्रुत्वाद्वाःस्थोमूर्ध्निकृतांजलिः ॥
लक्ष्मणस्यगृहंगत्वाप्रविवेशानिवारितः ॥ ३ ॥

पुरवासी लोग यही अनेक कथावार्ता कहा करतेहैं ॥२०॥ " इसप्रकार भद्रके वचन सुनकर श्रीरामचन्द्रजी परम व्याकुलहो समस्त सुहृदोंसे पूछतेहुए, क्या
लोग हमारे संबन्धमें ऐसीही वार्ता कहा करतेहैं ॥ २१ ॥ तब सुहृज्जनोंने मस्तक झुकाय प्रणाम व अभिवादन कर दीनचित्त हुए श्रीरामचन्द्रजीसे कहा, "भद्रने
कुछ कहा वह सब सत्यहै" ॥२२॥ तब शत्रुसंहारी काकुत्स्थ श्रीरामचन्द्रजी सबहीके मुखसे यह वचन श्रवण करके अपने सखाओंको विदा देतेहुए ॥ २३ ॥
इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां त्रिचत्वारिंशः सर्गः ॥४३॥ रघुनंदन श्रीरामचन्द्रजी सुहृदोंको विदा दे कर्तव्य निश्चयकर समीपही बैठे
द्वारपालसे बोले ॥ १ ॥ तुम सुमित्रानंदन शुभलक्षणसम्पन्न लक्ष्मण, महाभाग भरत और अपराजित शत्रुघ्नकोभी शीघ्र लिवा लाओ ॥ २ ॥ द्वारपाल श्रीरामचंद्रजी

वचन सुनकर गिरते हाथ जोड अति शीघ्रकी चालसे लक्ष्मणजीके गृहमें प्रवेश करता हुआ ॥ ३ ॥ फिर हाथ जोडेहुए आदरपूर्वक महात्मा लक्ष्मणजीसे बोला कि, महाराजने आपके देखनेकी इच्छा कीहै, इस कारण आप अतिशीघ्र वहांपर चलें ॥ ४ ॥ तब लक्ष्मणजी श्रीरामचंद्रजीकी आज्ञा सुन "बहुत अच्छा" कह रथपर सवार हो अतिशीघ्रतासे श्रीरामचंद्रजीके गृहकी ओर चले ॥ ५ ॥ लक्ष्मणजीको जाते हुए देख द्वारपालने विनीतभावसे भरतजीके निकट जाय हाथ जोड आशीर्वादके वचनोंमें भरतजीका आदर कर उनसे कहा ॥ ६ ॥ उनसे विनययुक्त हो कहा कि "महाराज आपको देखा चाहतेहैं" भरतजी द्वारपालसे श्रीरामचंद्रजीकी यह आज्ञा सुन ॥ ७ ॥ वह महाबलवान् उसी समय आसनपरसे उठ शीघ्रताके मारे पैदल ही चलदिये । भरतजीको जाते हुए देखकर द्वारपालने अति

उवाचसुमहात्मानंवर्धयित्वाकृतांजलिः ॥ द्रष्टुमिच्छतिराजात्वांगम्यतांतत्रमाचिरम् ॥ ४ ॥ बाढमित्येवसौमित्रिःकृत्वाराघवशासनम् ॥ प्राद्रवद्रथमारुह्यराघवस्यनिवेशनम् ॥ ५ ॥ प्रयांतंलक्ष्मणंदृष्ट्वाद्वाःस्थोभरतमंतिकात् ॥ उवाचभरतंतत्रवर्धयित्वाकृतांजलिः ॥ ६ ॥ विनयावनतोभूत्वाराजात्वांद्रष्टुमिच्छति ॥ भरतस्तुवचःश्रुत्वाद्वाःस्थाद्रामसमीरितम् ॥७॥ उत्पपातासनात्तूर्णंपद्भ्यामेवमहाबलः ॥ दृष्ट्वाप्रयांतंभरतंत्वरमाणःकृतांजलिः ॥ ८ ॥ शत्रुघ्नभवनंगत्वाततोवाक्यमुवाचह ॥ एह्यागच्छरघुश्रेष्ठराजात्वांद्रष्टुमिच्छति ॥ ९ ॥ गतोहिलक्ष्मणःपूर्वंभरतश्चमहायशाः ॥ श्रुत्वातुवचनंतस्यशत्रुघ्नःपरमासनात् ॥१०॥ शिरसावंद्यधरणींप्रययौयत्रराघवः ॥ द्वाःस्थस्त्वागम्यरामायसर्वानेवकृतांजलिः ॥११॥ निवेदयामासतथाभ्रातॄन्स्वान्समुपस्थितान् ॥ कुमारानागताञ्छ्रुत्वाचिंताव्याकुलितेंद्रियः ॥ १२ ॥ अवाङ्मुखोदीनमनाद्वाःस्थंवचनमब्रवीत् ॥ प्रवेशयकुमारांस्त्वंमत्समीपंत्वरान्वितः ॥ १३ ॥ एतेपुजीवितंमह्यमेतेप्राणाःप्रियामम ॥ आज्ञप्तास्तुनरेंद्रेणकुमाराःशुक्लवाससः ॥१४॥

शीघ्रतासे हाथ जोड ॥ ८ ॥ शत्रुघ्नजीके स्थानमें जाय, उनसे कहा, हे रघुश्रेष्ठ ! चलिये, महाराज आपके देखनेकी इच्छा करतेहैं ॥९॥ महायशस्वी भरत और लक्ष्मणजी पहलेही जाय चुकेहैं, तब शत्रुघ्नजी द्वारपालके वचन सुन उत्तम आसनसे उठ पृथ्वीपर मस्तक झुकाय श्रीरामचंद्रजीकी वंदना करते हुए जिस स्थानमें रघुवीर विराजमान थे वहांको चले । द्वारपालने लौटकर व हाथ जोड श्रीरामचंद्रजीके पास आय सब ॥ १० ॥ ११ ॥ भ्राताओंके आनेका वृत्तान्त उनसे निवेदन किया । कुमारोंका आना सुन चिन्तामें युक्त व्याकुलेन्द्रिय ॥ १२ ॥ नीचेको मुख किये दीन मनहए श्रीरामचन्द्रजी द्वारपालसे बोले, तुम शीघ्रही कुमारोंको हमारे निकट ले आओ ॥ १३ ॥ क्योंकि यह कुमार लोग हमको प्राणोंकी [illegible] कहें हमारा जीवन इनहीसे है [illegible]

गाग भोगाम यहरे हुए कुमारगण ॥ १४ ॥ हाथ जोडे हुए सावधान चित्तहो विनीतभावसे वहां प्रवेश करते हुए, उन्होंने वहां आयकर देखा कि श्रीरामचंद्रजी
मुख राहुसे ग्रसेहुए चंद्रमाके समान॥ १५॥ सन्ध्याके समय अस्त होतेहुए प्रभाहीन सूर्य भगवान्के समान नेत्रोंमें आंसू भरे हुए उन बुद्धिमानोंने श्रीरामचन्द्रजीको देखा,
समय श्रीरामचन्द्रजीका मुख ऐसा दृष्टि आया मानों शोभाहीन कमलका फूलहै॥ १६॥ यह देखकर वह कुमार अतिशीघ्रतासे शिर झुकाय श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें
मकर सावधान चित्तसे वहां बैठे, परन्तु श्रीरामचन्द्रजी केवल आंसू बहानेलगे ॥ १७ ॥ फिर महावीर श्रीरामचन्द्रजी उन कुमारोंको भेंटकर व उठाय "
नार बैठो" यह वचन कह फिर बोले ॥ १८ ॥ हे नरश्रेष्ठगण ! तुमही हमारे सर्वस्वहो, तुम लोगही हमारे जीवनहो; तुम लोगोंकाही सम्पादित कियाहुआ रा

प्रह्वाःप्रांजलयोभूत्वाविविशुस्तेसमाहिताः ॥ तेतुदृष्ट्वामुखंतस्यसग्रहंशशिनंयथा ॥१५॥ संध्यागतमिवादित्यंप्रभयापरिवर्जितम् ॥ बाष्पपूर्णे
नयनेदृष्ट्वारामस्यधीमतः ॥ हतशोभंयथापद्मंमुखंवीक्ष्यचतस्यते ॥ १६ ॥ ततोभिवाद्यत्वरिताःपादौरामस्यमूर्धभिः ॥ तस्थुःसमाहिताःसर्वेरा
मस्त्वश्रूण्यवर्तयत् ॥ १७ ॥ तान्परिष्वज्यबाहुभ्यामुत्थाप्यचमहाबलः ॥ आसनेष्वासतेत्युक्त्वाततोवाक्यंजगादह ॥ १८ ॥ भवंतोममस
र्वस्वंभवंतोजीवितंमम ॥ भवद्भिश्चकृतंराज्यंपालयामिनरेश्वराः ॥१९॥ भवंतःकृतशास्त्रार्थाबुद्ध्याचपरिनिष्ठिताः ॥ संभूयचमदर्थोयमन्वेष्टव्योन
रेश्वराः ॥ २० ॥ तथावदतिकाकुत्स्थेअवधानपरायणाः ॥ उद्विग्नमनसःसर्वेकिंनुराजाभिधास्यति ॥ २१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मी
कीये आदिकाव्ये उत्तरकांडे चतुश्चत्वारिंशःसर्गः ॥ ४४ ॥ तेषांसमुपविष्टानांसर्वेषांदीनचेतसाम् ॥ उवाचवाक्यंकाकुत्स्थोमुखेनपरिशु
ष्यता ॥ १ ॥ सर्वेशृणुतभद्रंवोमाकुरुध्वंमनोन्यथा ॥ पौराणांममसीतायांयादृशीवर्ततेकथा ॥ २ ॥

पुरवासियोंमें हमारा बड़ा अपवाद हुआ करताहै; और जनपदवासी भी हमारी अत्यन्त निन्दा किया करते हैं; इस अपवाद और निन्दाके मारे हमारे मर्मस्थान टूकरे २ हुए जातेहैं ॥ ३ ॥ हमने महात्मा इक्ष्वाकुके विख्यात कुलमें और विख्यात वंशमें जन्म ग्रहण कियाहै । और सीताभी महामति जनकजीके पवित्र वंशमें उत्पन्न हुई हैं ॥ ४ ॥ हे सौम्य ! जनरहित दंडकवनमें रावणने जिस प्रकार सीताको हरण कियाथा और फिर जिसप्रकार हमने उसका संहार किया वह तो तुम जानतेही हो ॥ ५ ॥ उसी समय सीताके सम्बन्धमें हमने विचाराथा कि यह राक्षसके गृहमें रही हैं सो हम किस प्रकार इनको अपने गृहमें लेजायँगे ॥ ६ ॥ हे लक्ष्मण ! इस कारणमें सीताजी पतिव्रतधर्मका विश्वास दिलानेके लिये तुम्हारे सम्मुखही अग्निमें प्रवेश कर गईथी; तव हव्यवाहन अग्निने प्रगट होकर ॥ ७ ॥ व आकाशमें

पौरापवादःसुमहांस्तथाजनपदस्य च ॥ वर्ततेमयिबीभत्सासामेमर्माणिकृंतति ॥ २ ॥ अहंकिलकुलेजातइक्ष्वाकूणांमहात्मनाम् ॥ सीतापिसत्कुलेजाताजनकानांमहात्मनाम् ॥४॥ जानासित्वंयथासौम्यदंडकेविजनेवने ॥ रावणेनहृतासीतासचविध्वंसितोमया ॥५॥ तत्रमेबुद्धिरुत्पन्नाजनकस्यसुतांप्रति ॥ अत्रोषितामिमांसीतामानयेयंकथंपुरीम् ॥ ६ ॥ प्रत्ययार्थंततःसीताविवेशज्वलनंतदा ॥ प्रत्यक्षंतवसौमित्रेदेवानांहव्यवाहनः ॥ ॥ ७ ॥ अपापांमैथिलीमाहवायुश्चाकाशगोचरः ॥ चंद्रादित्यौचशंसेतेसुराणांसन्निधौपुरा ॥ ८ ॥ ऋषीणांचैवसर्वेषामपापांजनकात्मजाम् ॥ एवंशुद्धसमाचारादेवगंधर्वसन्निधौ ॥ ९ ॥ लंकाद्वीपेमहेंद्रेणममहस्तेनिवेदिता ॥ अंतरात्माचमेवेत्तिसीतांशुद्धांयशस्विनीम् ॥१०॥ ततोगृहीत्वावैदेहीमयोध्यामहमागतः ॥ अयंतुमेमहान्वादःशोकश्चहृदिवर्तते ॥११॥ पौरापवादःसुमहांस्तथाजनपदस्य च ॥ अकीर्तिर्यस्यगीयेतलोकेभूतस्यकस्यचित् ॥ १२ ॥ पतत्येवाधमाँल्लोकान्यावच्छब्दःप्रकीर्त्यते ॥ अकीर्तिर्निंद्यतेदेवैःकीर्तिर्लोकेषुपूज्यते ॥ १३ ॥

शिखर वायुने कहाथा; कि यह सीताजी पापरहित हैं अधिक क्या कहें चन्द्र सूर्यनेभी पहले सब देवताओंके साथ ॥ ८ ॥ और सब ऋषियोंनेभी सीताजीको पापरहित कराया इस प्रकारसे पवित्रचरित्र सीताजीको देवता गन्धर्वोंके निकट ॥ ९ ॥ सुरपति इन्द्रजीने लंकाद्वीपके मध्य हमारे हाथमें समर्पण किया और हमारी अंतरात्माभी यही कहती है कि यशस्विनी सीताजी शुद्ध हैं ॥ १० ॥ इसी कारणसे हम वैदेहीजीको ग्रहण करके अयोध्याजीमें आये । परन्तु अब इस महाअपवादसे हमारे हृदयमें शोक वर्त्ताहै॥११॥यह यही महाअपवादहै कि जो पुरवासी और जनपदवासी हमारी निंदा करतेहैं. जिस संसारमें जिस प्राणीकी अकीर्ति फैलजाती है॥१२॥

हम कारणसे महात्मा लोग कीर्तिके लिये सर्व प्रकारसे यत्न किया करतेहैं. हे पुरुषश्रेष्ठगण ! अपने जीवनको व तुम लोगोंकोभी ॥ १४ ॥ हम अपवादके भयसे भीत होकर परित्याग कर सकतेहैं, फिर जानकीजीकी तो बातही क्याहै इससे तुमही देखो कि, हम अकीर्तिके कैसे शोकसागरमें पडेहैं ॥ १५ ॥ विशेष करके इससे अधिक कुछ और दुःख किसी जीवमेंभी हम अवलोकन नहीं करते । हे लक्ष्मण ! प्रभातको कल तुम सारथि सुमंत्रसे रथ जुडवाय ॥ १६ ॥ उसपर जानकीजीको चढाय और देशमें जायकर छोडआओ ! गंगाजीकी दूसरी पार महात्मा वाल्मीकिजीका ॥ १७ ॥ तमसानदीके किनारे दिव्य आश्रमहै हे रघुनंदन ! तुम उसी जनरहित वनमें सीताको छोडकर ॥ १८ ॥ शीघ्र चले आओ । हे लक्ष्मण ! तुम हमारे यह वचन पूरे करो । सीताके परित्यागके विषयमें

कीर्त्यर्थंतुसमारंभःसर्वेषांसुमहात्मनाम् ॥ अप्यहंजीवितंजह्यांयुष्मान्वापुरुषर्षभाः ॥ १४ ॥ अपवादभयाद्भीतःकिंपुनर्जनकात्मजाम् ॥ तस्माद्भवंतःपश्यंतुपतितंशोकसागरे ॥ १५ ॥ नहिपश्याम्यहंभूतंकिंचिद्दुःखमतोधिकम् ॥ श्वस्त्वंप्रभातेसौमित्रेसुमंत्राधिष्ठितंरथम् ॥ १६ ॥ आरुह्यसीतामारोप्यविषयांतेसमुत्सृज ॥ गंगायास्तुपरेपारेवाल्मीकेस्तुमहात्मनः ॥ १७ ॥ आश्रमोदिव्यसंकाशस्तमसातीरमाश्रितः ॥ तत्रैनां विजनेदेशेविसृज्यरघुनंदन ॥ १८ ॥ शीघ्रमागच्छसौमित्रेकुरुष्ववचनंमम ॥ नचास्मिप्रतिवक्तव्यःसीतांप्रतिकथंचन ॥ १९ ॥ तस्मात्त्वंगच्छसौमित्रेनात्रकार्याविचारणा ॥ अप्रीतिर्हिपरामह्यंत्वयैतत्प्रतिवारिते ॥ २० ॥ शापिताहिमयायूयंपादाभ्यांजीवितेनच ॥ येमांवाक्यांतरेब्रूयुरनुनेतुंकथंचन ॥ अहितानामतेनित्यंमदभीष्टविघातनात् ॥ २१ ॥ मानयंतुभवंतोमांयदिमच्छासनेस्थिताः ॥ इतोद्यनीयतांसीताकुरुष्ववचनंमम ॥ २२ ॥ पूर्वमुक्तोहमनयागंगातीरेऽहमाश्रमान् ॥ पश्येयमितितस्याश्चकामःसंवर्त्यतामयम् ॥ २३ ॥

तुम हमसे कभी कोई बात न कहना ॥ १९ ॥ हे लक्ष्मण ! इस सम्बन्धमें कार्य अकार्यका विचार न करके तुम चले जाओ। कारण कि इसको निवारण करनेसे मानो तुम हमारे प्रति अप्रीति दिखाओगे ॥ २० ॥ हम तुम्हें अपनी दोनों पावोंकी और जीवनकी शपथ दिलातेहैं कि तुम इस सम्बन्धमें हमसे कुछभी अनुनय मत करना ! यदि करोगे तो हमारे इष्ट कार्यमें विघ्न करोगे, तिससे हम तुमको सदा अपना अहितकारी समझेंगे ॥ २१ ॥ जो तुम हमारी आज्ञापर चलतेहो, तो तुम हमारे वचनोंमें सम्मान दिखाओ कि सीताजीको इस स्थानसे दूर करो ॥ २२ ॥ सीताने हमसे पहले कह रक्खाहै कि " हम गंगातीरपर मुनियोंके आश्रम

रोंगी " सो इस समय उनका यह अभिलाष पूरा करो ॥ २३ ॥ वह धर्मात्मा श्रीरामचन्द्रजी यह वचन कह सब भ्राताओंके साथ अपने २ गृह आये, श्रीरामचन्द्रजीके दोनों नेत्र बाफसे रुकगये, आगेको दृष्टि नहीं चली, उनका हृदय शोकसे संतापित होगया और वह हाथीके समान श्वास लेनेलगे ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां पञ्चचत्वारिंशः सर्गः ॥४५॥ जब रात बीतकर प्रभात हुआ, तब लक्ष्मणजीने दुःखितहो विवर्ण वदनसे सुमंत्रसे कहा ॥ १ ॥ हे सारथे ! श्रीमहाराजकी आज्ञासे शीघ्रतापूर्वक श्रेष्ठ रथमें तुम घोडे जोतो और सीताजीके बैठने योग्य शुभ आसन रथपर बिछाओ ॥ २ ॥ हम महाराजकी आज्ञानुसार सीताजीको पुण्यकर्मकारी महर्षियोंके आश्रममें ले जायँगे, इस कारण

एवमुक्त्वातुकाकुत्स्थोबाष्पेणपिहितेक्षणः ॥ संविवेशसधर्मात्माभ्रातृभिःपरिवारितः ॥ शोकसंविग्नहृदयोनिशश्वासयथाद्विपः ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे पञ्चचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४५ ॥ ततोरजन्यांव्युष्टायांलक्ष्मणोदीनचेतनः ॥ सुमंत्रमब्रवीद्वाक्यं मुखेनपरिशुष्यता ॥ १ ॥ सारथेतुरगान्शीघ्रान्योजयस्वरथोत्तमे ॥ स्वास्तीर्णंराजवचनात्सीतायाश्चासनंशुभम् ॥ २ ॥ सीताहिराजवचनादा श्रमंपुण्यकर्मणाम् ॥ मयानेयामहर्षीणांशीघ्रमानीयतांरथः ॥ ३ ॥ सुमंत्रस्तुतथेत्युक्त्वायुक्तंपरमवाजिभिः ॥ रथंसुरुचिरप्रख्यंस्वास्तीर्णंसुख शय्यया ॥ ४ ॥ आनीयोवाचसौमित्रिंमित्राणांमानवर्धनम् ॥ रथोयंसमनुप्राप्तोयत्कार्यंक्रियतांप्रभो ॥ ५ ॥ एवमुक्तःसुमंत्रेणराजवेश्मनिल क्ष्मणः ॥ प्रविश्यसीतामासाद्यव्याजहारनरर्षभः ॥ ६ ॥ त्वयाकिलैषनृपतिर्वरंवैयाचितःप्रभुः ॥ नृपेणचप्रतिज्ञातमाज्ञप्तश्चाश्रमंप्रति ॥ ७ ॥ गंगातीरेमयादेविऋषीणामाश्रमाञ्छुभान् ॥ शीघ्रंगत्वातुवैदेहिशासनात्पार्थिवस्यनः ॥ ८ ॥ अरण्येमुनिभिर्जुष्टेअवनेयाभविष्यसि ॥ एव मुक्तातुवैदेहीलक्ष्मणेनमहात्मना ॥ ९ ॥

तुम अति शीघ्र रथ लेआओ ॥ ३ ॥ सुमंत्र "जो आज्ञा" कह सुखकारी शय्या बिछा हुआ उत्तम घोडोंसे जुताहुआ सुन्दर पवित्र रथ लायकर ॥ ४ ॥ मित्रगणोंका मन बढानेवाले लक्ष्मणजीसे बोले । " प्रभो ! यह रथ आगया " अब जो उचितहो सो कीजिये ॥ ५ ॥ नरश्रेष्ठ लक्ष्मणजी सुमंत्रजीके यह वचन सुनकर राजभवनमें प्रवेशकर सीताजीके निकट जाय उनसे बोले ॥ ६ ॥ आपने महाराजके निकट आश्रम देखनेकी प्रार्थना की थी और उन्होंनेभी आपको आश्रमर्में लेजाना स्वीकार कियाथा, सो उन्होंने इस समय आपको ले जानेके लिये हमको आज्ञा दीहै ॥ ७ ॥ इसलिये हे देवि ! आप गंगाजीके तीरपर ऋषियोंके पवित्र आश्रममें गमन कीजिये, हम महाराजकी आज्ञानुसार शीघ्र आपको ॥ ८ ॥ मुनियोंसे सेवित वनमें लेजायँगे महात्मा लक्ष्मणजीके ऐसा कहनेपर जानकीजी ॥ ९ ॥

अनन्त इनको मानकर जानेका अभिप्राय करतीहुई, वह विविध प्रकारके बडे २ मोलके वस्त्र और रत्नोंकी राशिको ग्रहणकर ॥ १० ॥ जानेके लिये ... लक्ष्मणजीसे बोलीं कि, हम मुनि लोगोंकी स्त्रियोंको यह बडे २ मोलके आभरण दान करेंगी ॥ ११ ॥ इसके अतिरिक्त महामूल्यवान् वस्त्र और विविध ... धनभी हम तिनको देंगी लक्ष्मणजीने "यही होगा" यह कह सीताजीको रथपर सवार कराय ॥ १२ ॥ श्रीरामचन्द्रजीकी आज्ञाका स्मरण करते हुए शीघ्र ... वेगवाले घोडोंके रथपर चढकर यात्रा करतेहुए, तब सीताजी लक्ष्मीके बढानेवाले लक्ष्मणजीसे बोलीं ॥ १३ ॥ हे रघुनंदन ! हम इस समय अनेक अशकुन ... देखतीहैं, हमारा दहिना नेत्र फडकता और शरीर कम्पायमान होताहै ॥१४॥ हे लक्ष्मण ! हमारा हृदयभी व्याकुल हुआजाताहै, मनके बीचमें विषम उत्कंठासे ...

श्चर्यमनुत्तमंभगमनंचाप्यरोचयत् ॥ वासांसिचमहार्हाणिरत्नानिविविधानिच ॥१०॥ गृहीत्वातानिवैदेहीगमनायोपचक्रमे ॥ इमानिमुनिपत्नी-
नांदास्याम्याभरणान्यहम् ॥११॥ वस्त्राणिचमहार्हाणिधनानिविविधानिच ॥ सौमित्रिस्तुतथेत्युक्त्वारथमारोप्यमैथिलीम् ॥ १२ ॥ प्रययौशी-
घ्रगैरश्वैरामस्याज्ञामनुस्मरन् ॥ अब्रवीत्तदासीतालक्ष्मणंलक्ष्मिवर्धनम् ॥१३॥ अशुभानिबहून्येवपश्यामिरघुनंदन ॥ नयनंमेस्फुरत्यद्यगात्रो-
त्कम्पश्चजायते ॥१४॥ हृदयंचैवसौमित्रेअस्वस्थमिवलक्षये ॥ औत्सुक्यंपरमंचापिअधृतिश्चपरामम ॥१५॥ शून्यामेवचपश्यामिपृथिवींपृथुलोचन ॥
अपिस्वस्तिभवेत्तस्यभ्रातुस्तेभ्रातृवत्सल ॥ १६ ॥ श्वश्रूणांचैवमेवीरसर्वासामविशेषतः ॥ पुरेजनपदेचैवकुशलंप्राणिनामपि ॥ १७ ॥ इत्यंज-
लिकृतासीतादेवताअभ्ययाचत ॥ लक्ष्मणोर्थंततःश्रुत्वाशिरसावंद्यमैथिलीम् ॥ १८ ॥ शिवमित्यब्रवीद्धृष्टोहृदयेनविशुष्यता ॥ ततोवासमुपागम्य-
गोमतीतीरआश्रमे ॥१९॥ प्रभातेपुनरुत्थायसौमित्रिःसूतमब्रवीत् ॥ योजयस्वरथंशीघ्रमद्यभागीरथीजलम् ॥ २० ॥ शिरसाधारयिष्यामित्र्यंबक-
इवोजसा ॥ सोऽश्वान्विचारयित्वातुरथेयुक्तान्मनोजवान् ॥ २१ ॥

उत्पन्न होती अधिकता हुईहै ॥ १५ ॥ हे विशाललोचन ! हम पृथ्वीको सुखसे सूनी देखतीहैं, मातृवत्सल ! तुम्हारे बडे भइयाका तो कोई अमंगल नहीं हुआ ? ॥ १६ ॥ हे वीर ! हमारी सासुयें तो सब प्रकारसे अच्छीहैं ? नगरके और जनपदोंके प्राणिगण तो कुशलहैं ? ॥ १७ ॥ यह कह सीताजी हाथ जोड देवताओंके ... प्रार्थना करने लगीं, लक्ष्मणजीने यह वृत्तान्त श्रवणकर शिर झुकाय जानकीजीको प्रणाम कर ॥ १८ ॥ हृदयके शुष्क होनेपरभी सन्तुष्टहीकी समान कहा कि- ... कुशलहै। इसके उपरान्त गोमतीके तीर आश्रममें पहुंच लक्ष्मणजी वहां रात्रिको वसे ॥ १९ ॥ तिसके पीछे सवेरे उठकर लक्ष्मणजीने सारथिसे कहा कि रथ ... जोडो। आज हम भागीरथीका जल ॥२०॥ महादेवजीकी नाईं अपने मस्तक पर धारण करेंगे, सारथि रथमें जुतेहुए मनकी समान वेगवान् घोडोंको टहलाय॥ २१ ॥

साथ जोड़कर जनककुमारी सीताजीसे बोला कि आप रथपर सवारहों, सूतके कहनेसे उत्तम रथपर चढ़ीं ॥ २२ ॥ सीताजी, लक्ष्मणजी बुद्धिमान् सुमंत्रके स
चढीं और वह विशालाक्षी जानकीजी पापनाशिनी गंगाजीके तीरपर पहुँची॥२३॥ इसके उपरान्त लक्ष्मणजी आधे दिनतक चलकर भागीरथी गंगाजीकी धार देख
भाव और ऊँचे शब्दसे रोदन करने लगे ॥ २४ ॥ तब धर्मज्ञ सीताजी अतिदुःखितहो खेदको प्राप्त हुए लक्ष्मणजीसे बोलीं कि, हे लक्ष्मण ! तुम किस कारणसे
हो ? ॥२५॥ हे लक्ष्मण ! हमको बहुत दिनोंसे अभिलाषा थी, कि हम गंगाजीके तीर चलें सो यहांपर हम आईं भला इससे तुमको हर्ष प्राप्त करना उचित था
तुम इस समय हमको विषादित क्यों करतेहो ? ॥ २६ ॥ हे पुरुषश्रेष्ठ ! तुम दिन रात रामचन्द्रके साथ समय वितातेहो सो आज उनको छोड़े दो दिन हुएहैं

आरोहस्वेतिवैदेहींसूतःप्रांजलिरब्रवीत् ॥ सातुसूतस्यवचनादारुरोहरथोत्तमम् ॥ २२ ॥ सीतासौमित्रिणासार्धंसुमंत्रेणचधीमता ॥ आससाद वि
शालाक्षीगंगांपापविनाशिनीम् ॥ २३ ॥ अथार्धदिवसंगत्वाभागीरथ्याजलाशयम् ॥ निरीक्ष्यलक्ष्मणोदीनःप्ररुरोदमहास्वनः ॥ २४ ॥ सीता
तुपरमायत्तादृष्ट्वालक्ष्मणमातुरम् ॥ उवाचवाक्यंधर्मज्ञाकिमिदंरुद्यतेत्वया ॥ २५ ॥ जाह्नवीतीरमासाद्यचिराभिलषितंमम ॥ हर्षकालेकिमर्थंमां
विषादयसिलक्ष्मण ॥ २६ ॥ नित्यंत्वंरामपार्श्वेषुवर्तसेपुरुषर्षभ ॥ कच्चिद्विनाकृतस्तेनद्विरात्रंशोकमागतः ॥ २७ ॥ ममापिदयितोरामो
वितादपिलक्ष्मण ॥ नचाहमेवंशोचामिमैवंत्वंबालिशोभव ॥ २८ ॥ तारयस्वचमांगंगांदर्शयस्वचतापसान् ॥ ततोमुनिभ्योवासांसिदास्या
म्याभरणानिच ॥ २९ ॥ ततःकृत्वामहर्षीणांयथार्हमभिवादनम् ॥ तत्रचैकांनिशामुष्ययास्यामस्तांपुरींपुनः ॥ ३० ॥ ममापिपद्मपत्राक्षंसिंहोर
स्कंकृशोदरम् ॥ त्वरतेहिमनोद्रष्टुंरामंरमयतांवरम् ॥ ३१ ॥ तस्यास्तद्वचनंश्रुत्वाप्रमृज्यनयनेशुभे ॥ नाविकानाह्वयामासलक्ष्मणःपरवीरहा ॥
इयंचसज्जानौश्चेतिदाशाःप्रांजलयोब्रुवन् ॥ ३२ ॥

इसी कारणसे तुमको यह दुःख हुआ है ? ॥ २७ ॥ हे लक्ष्मण ! राम हमको प्राणोंसेभी अधिक प्यारेहैं, तथापि हम ऐसा शोक नहीं करतीं सो तुम विह्वल न हो
॥ २८ ॥ हमको गंगाजीके दूसरी पार लेचलो और तपस्विलोगोंके दर्शन कराओ, उसके पीछे हम मुनियोंको वस्त्राभरण दान करेंगी ॥ २९ ॥ फिर हम उन म
योंको यथायोग्य प्रणाम करके वहां एक रात वासकर फिर अयोध्यापुरीको लौटेंगी ॥ ३० ॥ विशेष करके कमलदलकी समान विशाललोचन, सिंहकी समान छा
वाले, कृशोदर, पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजीका शीघ्र दर्शन करनेके लिये हमारा जी उकमाताहै ॥ ३१ ॥ सीताजीके यह वचन सुन सुन्दर दोनों नेत्र पोंछ शत्रुनाशी

लक्ष्मणजीने नाविकोंको पुकारा, पुकारतेही नाविकोंने हाथ जोडकर निवेदन किया कि, नाव तैयारहै ॥ ३२ ॥ पुण्यजलवाली गंगाजीके पार होनेकी इच्छा
इस प्रकार नौका मँगाय लक्ष्मणजीने सावधानहो सीताजीको गंगापार करवाया ॥ ३३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी०आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां पट्चत्वारि-
सर्गः ॥४६॥ इसके उपरान्त निषादसे लाई हुई सजीसजाई बडी नावपर पहले जानकीजीको सवार कराय फिर लक्ष्मणजी उसपर सावधान होकर चढे ॥ १ ॥
और सुमंत्रसे कहा कि तुम रथ लेकर इसी स्थानमें टिके रहो; और फिर शोकाकुल होकर नाववालोंसे कहा कि, चलो ॥२॥ गंगाजीके दूसरी पार पहुँचकर वा-
भरआनेसे लक्ष्मणजीका गला रुकगया और वह हाथ जोडकर श्रीजानकीजीसे बोले ॥ ३ ॥ हे विदेहकुमारी ! बुद्धिमान् आर्य रामचन्द्रजीने हमको लोकमें नि-

तितीर्षुर्लक्ष्मणोगंगांशुभांनावमुपारुहत् ॥ गंगांसंतारयामासलक्ष्मणस्तांसमाहितः ॥ ३३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे पट्चत्वारिंशः सर्गः ॥ ४६ ॥ अथनावंसुविस्तीर्णांनैषादींराघवानुजः ॥ आरुरोहसमायुक्तांपूर्वमारोप्यमैथिलीम् ॥ १ ॥ सुमंत्रंचैव सरथंस्थीयतामितिलक्ष्मणः ॥ उवाचशोकसंतप्तःप्रयाहीतिचनाविकम् ॥ २ ॥ ततस्तीरमुपागम्यभागीरथ्याःसलक्ष्मणः ॥ उवाचमैथिलींवा क्यंप्रांजलिर्बाष्पसंवृतः ॥ ३ ॥ हृद्गतंमेमहच्छल्यंयस्मादार्येणधीमता ॥ अस्मिन्निमित्तेवैदेहिलोकस्यवचनीकृतः ॥ ४ ॥ श्रेयोहिम- रणंमेऽद्यमृत्युर्वायत्परंभवेत् ॥ नचास्मिन्नीदृशेकार्येनियोज्योलोकनिंदिते ॥ ५ ॥ प्रसीदचनमेपापंकर्तुमर्हसिशोभने ॥ इत्यंजलिकृ- तोभूमौनिपपातसलक्ष्मणः ॥ ६ ॥ रुदंतंप्रांजलिंदृष्ट्वाकांक्षंतंमृत्युमात्मनः ॥ मैथिलीभृशसंविग्नालक्ष्मणंवाक्यमब्रवीत् ॥ ७ ॥ किमिदंनावगच्छामिब्रूहितत्त्वेनलक्ष्मण ॥ पश्यामित्वांनचस्वस्थमपिक्षेमंमहीपतेः ॥ ८ ॥ शापितोसिनरेंद्रेणयत्त्वंसंतापमागतः ॥ तद्ब्रूयाः सन्निधौमह्यमहमाज्ञापयामिते ॥ ९ ॥

होनेके कारण इस क्रूरकार्यमें नियुक्त करके लोकसमाजमें निन्दाका:पात्र कियाहै सो हमारे हृदयमें यही बडा घाव लगा है ॥ ४ ॥ सो अब ऐसे अवस्थानमें अ:
हमको मृत्यु आजाना या मूर्च्छाका होनाही श्रेष्ठ है परन्तु इस प्रकारके लोकनिन्दित कार्यमें नियुक्त होना अच्छा नहीं ॥ ५ ॥ हे शोभने ! इस कारण
हमारा दोष ग्रहण न करना आप प्रसन्न होवें, यह कहकर लक्ष्मणजी हाथ जोडकर पृथ्वीपर गिरपडे ॥ ६ ॥ जब लक्ष्मणजी हाथ जोड पृथ्वी
गिर अपनी मृत्युकी कामना करनेलगे तब देवी सीताजीने लक्ष्मणजीकी ऐसी दशा देख अत्यन्त घबडायकर कहा ॥ ७ ॥ हे लक्ष्मण ! हमतो कुछ
नहीं समझ सकती कि: क्या हुआ, तुम हमसे स्पष्ट २ कहो । हम देखतीहैं कि, तुम अति व्याकुलहो, महाराज तो कुशल हैं ? ॥ ८ ॥ हे वत्स ! हम तुमको म-

॥१०॥

राजकी शपथ कराती हैं कि, तुम जिसनिमित्त कातर हुए सो हमसे प्रकाश करके कहो यह हम तुम्हें आज्ञा देतीहैं ॥ ९ ॥ जब सीताजीने इस प्रकार

दीनचित्त हुए लक्ष्मणजीने नीचेको मुख झुकाय और आँसू आयकर गद्गद वाणीसे उत्तर दिया ॥ १० ॥ हे जनककुमारी ! नगरी और जनपदमें दा-

रुण कथा सभाके बीचमें सुनकर ॥ ११ ॥ श्रीरामचन्द्रजीने सर्वप्रकारसे हृदयमें सन्तापितहो हमसे यह सब वृत्तान्त कहा और गृहमें चलेगये से

आगे नहीं कहसकेंगे इसी कारणसे वह वचन हम नहीं कहसकते ॥ १२ ॥ जोकि हे देवि ! राजाने क्रोधके वश हो हृदयसे निकालेथे । राजाने आ

पको हमारे सामने कहीहै ॥ १३ ॥ उन्होंने केवल पुरवासी लोगोंके अपवादके भयसे भीतहो आपको परित्याग कियाहै परन्तु इससे आप अपनेको वास्त

वैदेह्यानोद्यमानस्तुलक्ष्मणोदीनचेतनः ॥ अवाङ्मुखोबाष्पगलोवाक्यमेतदुवाचह ॥ १० ॥ श्रुत्वापरिषदोमध्येह्यपवादंसुदारुणम् ॥ पु-

रे जनपदेचैवत्वत्कृतेजनकात्मजे ॥ ११ ॥ रामःसंतप्तहृदयोमांनिवेद्यगृहंगतः ॥ नतानिवचनीयानिमयादेवितवाग्रतः ॥ १२ ॥ यानिराज्ञा

हृदित्यस्तान्यमर्षात्पृष्ठतःकृतः ॥ सात्वंत्यक्तानृपतिनानिर्दोषाममसन्निधौ ॥ १३ ॥ पौरापवादभीतेनग्राह्यंदेविनतेन्यथा ॥ आश्रमांतेषुचमया

त्याज्यात्वंभविष्यसि ॥ १४ ॥ राज्ञःशासनमादायतथैवकिलदौहृदम् ॥ तदेतज्जाह्नवीतीरेब्रह्मर्षीणांतपोवनम् ॥ १५ ॥ पुण्यंचरमणीयंचमा

विषादंकृथाःशुभे ॥ राज्ञोदशरथस्यैवपितुर्मेमुनिपुंगवः ॥ १६ ॥ सखापरमकोविप्रोवाल्मीकिःसुमहायशाः ॥ पादच्छायामुपागम्यसुखमस्य महा-

त्मनः ॥ उपवासपरैकाग्रावसत्वंजनकात्मजे ॥ १७ ॥ पतिव्रतात्वमास्थायरामंकृत्वासदाहृदि ॥ श्रेयस्तेपरमंदेवितथाकृत्वाभविष्य-

ति ॥ १८ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे सप्तचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४७ ॥

व न समझ लीजिये इसलिये हम आपको मैदानमें छोडे जाते हैं ॥ १४ ॥ क्योंकि गर्भिणीकी अभिलाषा और राजाकी आज्ञा अवश्यही पूरी करनी चा-

हिये कारण गंगाजीके तीर महर्षियोंके तपोवनमें ॥ १५ ॥ जो कि अति रमणीक और पवित्रहै हम त्यागेंगे सो आप यहींपर रहें और शोक न करें. हे शुभे

हमारे पिता राजा दशरथजीके मुनिश्रेष्ठ ॥ १६ ॥ महायशस्वी विप्र वाल्मीकिजी परम सखाहैं । हे जानकि ! इससे आप उन्हीं महात्माके चरणमूलमें पहुँच ।

कर उनकी पूजाकर उपवासादि कर सुखसे वास करें ॥ १७ ॥ हे देवि ! हृदयमें श्रीरामचंद्रजीको धारण करके आप पतिव्रत धर्म पालन करें बस इससेही

आपका परम कल्याण होगा ॥ १८ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्वा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां सप्तचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४७ ॥

मनकृपारी महारानी जानकीजी लक्ष्मणजीके ऐसे दारुण वचन सुनकर महा दुःखको प्राप्तहो पृथ्वीमें गिर पडीं ॥ १ ॥ जनककुमारी सीताजी एक मु
गो अचेतन पडीरहीं फिर नेत्रोंमें जलभरे दीनहो लक्ष्मणजीसे कहनेलगीं ॥ २ ॥ हे लक्ष्मण ! ऐसा विदित होताहै कि, विधाताने मेरा शरीर दुःखही भोगनेके
बनायाहै. इसी कारण दुःखसमूह मूर्ति धारण करके मुझे दिखाई देताहै ॥ ३ ॥ न जानूं मैंने पूर्वजन्ममें क्या पाप कियाहै, किसका स्त्रीसे वियोग करा दिया
मती और शुद्धाचरणवाली मुझे राजाने त्याग करदिया ॥ ४ ॥ पूर्वकालमें रामचन्द्रके साथ वनमें वास करके रामचन्द्रके चरणोंकी सेवा की
लक्ष्मण ! आश्रममें वास करते समय दुःख सहकरभी मैंने स्वामीके संग सुखही माना ॥ ५ ॥ हे सौम्य ! अब मैं मनुष्यरहित इस आश्रममें किस प्र

लक्ष्मणस्यवचःश्रुत्वादारुणंजनकात्मजा ॥ परंविषादमागम्यवैदेहीनिपपातह ॥ १ ॥ सामुहूर्तमिवासंज्ञाबाष्पपर्याकुलेक्षणा ॥ लक्ष्मणं दीन
वाचाजनकात्मजा ॥ २ ॥ मामिकेयंतनुर्नूनंसृष्टादुःखायलक्ष्मण ॥ धात्रायस्यास्तथामेद्यदुःखमूर्तिःप्रदृश्यते ॥ ३ ॥ किंनुपापं
पूर्वंकोवादारैर्वियोजितः ॥ याहंशुद्धसमाचारात्यक्तानृपतिनासती ॥ ४ ॥ पुराहमाश्रमेवासंरामपादानुवर्तिनी ॥ अनुरुध्यापिसौमित्रेदुः
परिवर्तिनी ॥ ५ ॥ साकथंह्याश्रमेसौम्यवत्स्यामिविजनीकृता ॥ आख्यास्यामिचकस्याहंदुःखंदुःखपरायणा ॥ ६ ॥ किंनुवक्ष्यामिमुनिषु
नागतं प्रभो ॥ कस्मिन्वाकारणेत्यक्ताराघवेणमहात्मना ॥ ७ ॥ नखल्वद्यैवसौमित्रेजीवितंजाह्नवीजले ॥ त्यजेयंराजवंशस्तुभर्तुर्मेपरि
ग्यते ॥ ८ ॥ यथाज्ञंकुरुसौमित्रेत्यजमांदुःखभागिनीम् ॥ निदेशेस्थीयतांराज्ञःशृणुचेदंवचोमम ॥ ९ ॥ श्वश्रूणामविशेषेणप्रांजलिप्रग्रहेणच ॥
शिरसाभिवन्द्यचरणौकुशलंब्रूहिपार्थिवम् ॥ १० ॥ शिरसाभिनतोब्रूयाःसर्वासामेवलक्ष्मण ॥ वक्तव्यश्चापिनृपतिर्धर्मेषुसुसमाहितः ॥ ११ ॥

कहूंगी ? महात्माओंसे मैं किसके आगे अपना दुःख कहूंगी ॥ ६ ॥ हे लक्ष्मण ! मैं ऋषियोंके पूछनेपर उनको क्या उत्तर दूंगी ? क्योंकि मैंने कोई दुष्कर्म
कियाहै, फिर क्या पता कहूंगी कि, महात्मा रामचन्द्रने किस कारणसे त्याग दियाहै ॥ ७ ॥ हे लक्ष्मण ! मैं गंगामें गिरकर अपना शरीर त्यागन कर
परन्तु ऐसा नहीं करती क्योंकि ऐसा करनेसे राजवंशका विच्छेद होजायगा कारण कि, मैं गर्भवतीहूं ॥ ८ ॥ हे सुमित्रानंदन ! आप हमारे स्वामीका वचन प
मुझ दुःखभागिनीको त्यागकर जाइये परंतु मेरे यह वचन सुनो ॥ ९ ॥ प्रथम तो हाथ जोडकर मेरी ओरसे सब सासुओंके चरण वंदन करना और फिर महारा
प्रणामपूर्वक कुशल पूछना ॥ १० ॥ हे लक्ष्मण ! सब किसीको शिर झुकाकर मेरा प्रणाम कहना और अपने धर्ममें सदा सावधान रहनेवाले महाराजसेभी नि

करना ॥ ११ ॥ हे रघुनंदन ! आप यथार्थमें जानतेहैं कि, तुम्हारी जानकी शुद्धहै और परमभक्तिसे नित्यही तुम्हारा हित चाहती रहतीहैं ॥१२॥ हे वीर ! ... तुमने मनुष्योंके अपवाद लगानेके भयसे मुझे त्यागन कियाहै और जोकि; यह अपवाद निन्दासहित उपस्थित हुआहै ॥ १३ ॥ इसीकारण तुमने मुझे त्यागन ... है, परंतु मेरी तो तुमही परम गतिहो, यही वार्ता धर्ममें सावधान हमारे महाराजसे कहदेना ॥ १४ ॥ कि, जिस प्रकार आप भाइयोंसे वर्ततेहो इसी ... सदा नगरवासियोंके साथ वर्तना चाहिये, यही तुम्हारा परम धर्म है, इसके करनेसे महाराजकी बडी कीर्ति होगी ॥ १५ ॥ जिसप्रकारसे कि, प्रजापा... उत्पन्न होताहै, वही परम धर्महै, हे श्रेष्ठ ! कुछ मैं अपने शरीरको नहीं सोचतीहूं ॥ १६ ॥ आपने हमें पुरवासियोंके अपवादसे छोडा, परन्तु स्त्रियोंके पतिही ...

जानासिचयथाशुद्धासीतातत्त्वेनराघव ॥ भक्त्याचपरयायुक्ताहिताचतवनित्यशः ॥ १२ ॥ अहंत्यक्ताचतेवीरअयशोभीरुणाजने ॥ यच्च... नीयंस्यादपवादःसमुत्थितः ॥१३॥ मयाचपरिहर्तव्यंत्वंहिमेपरमागतिः ॥ वक्तव्यश्चैवनृपतिर्धर्मेणसुसमाहितः ॥१४॥ यथाभ्रातृषुवर्तेथास्तथा पौरेषुनित्यदा ॥ परमोह्येपधर्मस्तेतस्मात्कीर्तिरनुत्तमा ॥ १५ ॥ यत्तुपौरजनेराजन्धर्मेणसमाप्नुयात् ॥ अहंतुनानुशोचामिस्वशरीरंनरर्षभ ॥ १६ ॥ यथापवादःपौराणांतथैवरघुनंदन ॥ पतिर्हिदेवतानार्याःपतिर्बंधुःपतिर्गुरुः ॥ १७ ॥ प्राणैरपिप्रियंतस्माद्भर्तुःकार्यंविशेषतः ॥ इति मद्वचनाद्रामोवक्तव्योममसंग्रहः ॥ १८ ॥ निरीक्ष्यमाद्यगच्छत्वमृतुकालातिवर्तिनीम् ॥ एवंब्रुवंत्यांसीतायांलक्ष्मणोदीनचेतनः ॥ १९ ॥ शिरसावंद्यधरणींव्याहर्तुंनशशाकह ॥ प्रदक्षिणंचतांकृत्वारुदन्नेवमहास्वनः ॥ २० ॥ ध्यात्वामुहूर्तंतामाहकिंमांवक्ष्यसिशोभने ॥ दृष्टपूर्वं न ते रूपंपादौदृष्टौतवानघे ॥ २१ ॥ कथमत्रहिपश्यामिरामेणरहितांवने ॥ इत्युक्त्वातांनमस्कृत्यपुनर्नावमुपारुहत् ॥ २२ ॥

पतिही गुरुहै ॥ १७ ॥ फिर प्राणोंकी समान प्यारे मेरे स्वामीका विशेप कार्य सिद्ध होय तो इसमें मैं प्रसन्नहूं यह मेरा संदेशा जाकर तुम राजासे कहदेना ॥१८॥ ... तुम मुझको देखते जाओ कि, मैं गर्भवतीहूं, ऐसा न हो कि कहीं फिर कोई अपवाद स्वामीको लगे, जब जानकीजीने ऐसा कहा तो लक्ष्मणजीका चित्त दीन हो... ॥ १९ ॥ प्रणाम करके अपना शिर पृथ्वीमें धरदिया और फिर कुछ कहनेको समर्थ न हुए और महारानीजीकी प्रदक्षिणा करके ऊँचे स्वरसे रोदन करने लगे ॥२०॥ और कुछ देर ध्यान करके बोले, हे शोभने ! यह तुम क्या कहतीहो कि, मुझे देखकर जाओ, मैंने कभीभी आपका रूप नहीं देखा, सदा चरणोंमेंही दृष्टि रख... ॥ २१ ॥ फिर रघुनाथजीके विना इस निर्जन वनमें किस प्रकार तुमको अवलोकन करसकाहूं, यह कह जानकीजीको नमस्कार करके फिर नावपर चढे ॥२२॥

और नावपर चढनेके उपरान्त फिर मल्लाहसे कहा, नाव चलाओ, इस प्रकारसे महाशोकसे व्याकुल हुए लक्ष्मणजी गंगाजीके उत्तर तटपर आये ॥ २३ ॥ महादुःखी चित्तसे लक्ष्मणजी फिर रथमें चढे और अनाथकी नाई व्याकुल जानकीको फिर फिरकर देखने लगे ॥ २४ ॥ कि, जानकी पछीपार रुदनकर रहीहैं फिर लक्ष्मणजी चले गये, जानकी लक्ष्मणको और दूर गये हुए रथको वारंवार देखने लगीं जब कि, यह दृष्टिपथसे दूर निकल गये उस समय जानकी अत्यन्त शोकाकुल हुई ॥ २५ ॥ फिर वह दुःखभारसे लदीहुई यशस्विनी पतिव्रता सीताजी अपने स्वामी श्रीरामचन्द्रजीको नहीं देखकर मयूरोंसे शब्दायमान उस अरण्यमें बडे शब्दसे रुदन करने लगीं ॥ २६ ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे भाषाटीकायामष्टचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४८ ॥ ॥

आरुरोहपुनर्नावंनाविकंचाभ्यचोदयत् ॥ सगत्वाचोत्तरंतीरंशोकभारसमन्वितः ॥ २३ ॥ संमूढइवदुःखेनरथमध्यारुहद्द्रुतम् ॥ मुहुर्मुहुःपरावृत्य दृष्ट्वासीतामनाथवत् ॥ २४ ॥ चेष्टंतींपरतीरस्थांलक्ष्मणःप्रययावथ ॥ दूरस्थंरथमालोक्यलक्ष्मणंचमुहुर्मुहुः ॥ निरीक्षमाणांतूद्विग्नांसीतांशोकःसमाविशत् ॥ २५ ॥ सादुःखभारावनतायशस्विनीयशोधरानाथमपश्यतीसती ॥ रुरोदसाबर्हिणनादितेवनेमहास्वनंदुःखपरायणासती ॥ ॥ २६ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडेऽष्टचत्वारिंशः सर्गः ॥ ४८ ॥ सीतांतुरुदतींदृष्ट्वातेतत्रमुनिदारकाः ॥ प्राद्रवन्यत्रभगवानास्तेवाल्मीकिरुग्रधीः ॥ १ ॥ अभिवाद्यमुनेःपादौमुनिपुत्रामहर्षये ॥ सर्वेनिवेदयामासुस्तस्यास्तुरुदितस्वनम् ॥ २ ॥ अदृष्टपूर्वा भगवन्कस्याप्येपामहात्मनः ॥ पत्नीश्रीरिवसंमोहाद्विरौतिविकृतानना ॥ ३ ॥ भगवन्साधुपश्येस्त्वंदेवतामिवखाच्च्युताम् ॥ नद्यास्तुतीरेभगवन्वरस्त्रीकापिदुःखिता ॥ ४ ॥ दृष्टाऽस्माभिःप्ररुदितादृढंशोकपरायणा ॥ अनर्हादुःखशोकाभ्यामेकादीनाअनाथवत् ॥ ५ ॥

उस स्थानमें खेलतेहुए मुनिकुमार जानकीजीको रोतीहुई देखकर बडे बुद्धिमान् वाल्मीकिजी जहांथे तहां शीघ्रतासे आये ॥ १ ॥ वे मुनिकुमार महर्षि वाल्मीकिजीके चरणोंमें नमस्कार करके जानकीजीका रोना निवेदन करने लगे ॥ २ ॥ हे भगवन्! किसी महात्माकी लक्ष्मीकी समान स्त्री जिसे हमने पहले कभी नहीं देखाहै वह किस कारणसे मुख फैलाये वनमें रोदन कर रहीहै ॥ ३ ॥ हे भगवन्! आप चलकर देखिये कि, वह श्रेष्ठ स्त्री आकाशसे गिरेहुए देवताकी समान नदीके किनारे महादुःखीहै॥ ४॥ हमने उसको बडे शोकसे रुदन करतीहुई देखाहै, यद्यपि वह शोकके अयोग्यहै; तथापि दुःख शोकसे अनाथकी नाई वह दीन होरहीहै ॥ ५ ॥

"हम जानतेहैं कि, वह मानुषी नहीं है, आपको उसका सत्कार करना उचित है, वह आश्रमके धोरेही आपकी शरणमें आनकर प्राप्त हुई है ॥ १ ॥ धर्मात्मा वाल्मी
उनबालकोंके वचन श्रवणकर और बुद्धिसे निश्चयकर तपद्वारा सब कुछ जानकर शीघ्रतासे जानकीके पासको चले ॥२॥ महामतिमान् वाल्मीकिजीको जाते दे
शिष्यभी उनके पीछे चले सो बुद्धिमान् महर्षि शीघ्रतासे कुछ दूर चले ॥ ३ ॥ और अर्घ्य लियेहुए गंगाजीके किनारेको आये, वहां रामकी प्यारी महारानी
कीजीको अनाथोंकी समान देखा ॥ ४ ॥ " मुनिश्रेष्ठ वाल्मीकिजी शोकभारसे व्याकुल हुई जानकीको अपने तेजसे आनंद देतेहुए मधुरवाणीसे बोले ॥ ६ ॥
तुम दशरथ महाराजकी पुत्रवधू रामचन्द्रकी प्यारी भार्या जनकराजकी पुत्री हो, हे पतिव्रते ! तुम्हारा शुभागमनहो ॥ ७ ॥ मैंने धर्मसमाधिसे आतेही

"नह्येनांमानुषींविद्मःसत्क्रियास्याःप्रयुज्यताम् ॥ आश्रमस्याविदूरेचत्वामियंशरणंगता ॥ त्रातारमिच्छतेसाध्वीभगवंस्त्रातुमर्हसि ॥ १ ॥ ते
तुवचनंश्रुत्वाबुद्ध्यानिश्चित्यधर्मवित् ॥ तपसालब्धचक्षुष्मान्प्राद्रवद्यत्रमैथिली ॥ २ ॥ तंप्रयांतमभिप्रेत्यशिष्याह्येनंमहामतिम् ॥ तंतुदेश
अवाङ्मुखाश्चदीनाश्चह्याश्चर्यमितिचाब्रुवन् ॥ परस्परंचयेतत्रसैनिकाःसंबभाषिरे ॥ १९ ॥ किमिदंक्कचवर्तामःकिमेतत्स्वप्नदर्शनम् ॥ अर्थोयोनः पुराद्दष्टस्तमाश्रमपदेपुनः ॥ २० ॥ शृणुमःकिमिदंस्वप्नेगीतबंधनमुत्तमम् ॥ विस्मयंतेपरंगत्वाशत्रुघ्नमिदमब्रुवन् ॥ २१ ॥ साधुपृच्छनरश्रेष्ठ वाल्मीकिंमुनिपुंगवम् ॥ शत्रुघ्नस्त्वब्रवीत्सर्वान्कौतूहलसमन्वितान् ॥ २२ ॥ सैनिकानक्षमोस्माकंपरिप्रष्टुमिहेदृशः ॥ आश्चर्याणिबहूनीहभवंत्यस्याश्रमेमुनेः ॥ २३ ॥ नतुकौतूहलाद्युक्तमन्वेष्टुंतंमहामुनिम् ॥ एवंतद्वाक्यमुक्तातुसैनिकान्रघुनंदनः ॥ अभिवाद्यमहर्षिंतंस्वंनिवेशंययौ तदा ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांड एकसप्ततितमःसर्गः ॥ ७१ ॥ तंशयानंनरव्याघ्रंनिद्रानाभ्यागमत्तदा ॥ चिंतयानमनेकार्थंरामगीतमनुत्तमम् ॥ १ ॥ तस्यशब्दंसुमधुरंतंत्रीलयसमन्वितम् ॥ श्रुत्वारात्रिर्जगामाशुशत्रुघ्नस्यमहात्मनः ॥ २ ॥ तस्यां रजन्यांव्युष्टायांकृत्वापौर्वाह्णिकक्रमम् ॥ उवाचप्रांजलिर्वाक्यंशत्रुघ्नोमुनिपुंगवम् ॥ ३ ॥ भगवन्द्रष्टुमिच्छामिराघवंरघुनंदनम् ॥ त्वयानुज्ञातुमिच्छामिसहैभिःसंशितव्रतैः ॥ ४ ॥

इन मुनिके आश्रममें बहुत आश्चर्य हुआ करते हैं ॥ २३ ॥ कौतूहल होनेसे यह बात मुनिराजसे पूछनी उचित नहीं इसप्रकार रघुनंदन सेनाके पुरुषोंसे कह कर महर्षिको अभिवादन कर अपने निवासस्थानपर आये ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वा० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकसप्ततितमः सर्गः ॥ ७१ ॥ उन नरव्याघ्रको शयन करते उस समय निद्रा नहीं आई कारण कि, अनेकार्थ युक्त रामचरित उत्तम गीतमें वह अनेक प्रकारकी चिंता करतेरहे ॥ १ ॥ महात्मा शत्रुघ्नको वह मधुर वीणाके शब्दोंसे युक्त गीत श्रवण करते २ शीघ्रही रात्रि व्यतीत होगई ॥ २ ॥ उस रात्रिके बीतजानेपर प्रातःकृत्य कर शत्रुघ्नजी मुनिश्रेष्ठ वाल्मीकिजीसे हाथ जोड बोले ॥ ३ ॥ हे भगवन्! अब मेरी इच्छा [illegible] रामचन्द्रके देखनेकी है इन मुनिके सहित आपकी आज्ञा लेकर

इत्येवंवादिनंतंतुशत्रुघ्नंशत्रुसूदनम् ॥ वाल्मीकिःसंपरिष्वज्यविससर्जसराघवम्॥५॥ सोभिवाद्यमुनिश्रेष्ठंरथमारुह्यसुप्रभम् ॥ अयोध्यामगमत्तूर्णंराघवोत्सुकदर्शनः ॥ ६ ॥ सप्रविष्टःपुरींरम्यांश्रीमानिक्ष्वाकुनंदनः ॥ प्रविवेशमहाबाहुर्यत्ररामोमहाद्युतिः ॥ ७ ॥ सरामंमंत्रिमध्यस्थंपूर्णचंद्रनिभाननम् ॥ पश्यन्नमरमध्यस्थंसहस्रनयनंयथा ॥ ८ ॥ सोभिवाद्यमहात्मानंज्वलंतमिवतेजसा ॥ उवाचप्रांजलिर्भूत्वारामंसत्यपराक्रमम् ॥९॥ यदाज्ञप्तंमहाराजसर्वंतत्कृतवानहम् ॥ हतःसलवणःपापःपुरीचास्यनिवेशिता ॥ १० ॥ द्वादशैतानिवर्षाणित्वांविनारघुनंदन ॥ नोत्सहेयमहंवस्तुंत्वयाविरहितोनृप ॥ ११ ॥ समेप्रसादंकाकुत्स्थकुरुष्वामितविक्रम ॥ मातृहीनोयथावत्सोनचिरंप्रवसाम्यहम् ॥ १२ ॥ एवंब्रुवाणंकाकुत्स्थःपरिष्वज्येदमब्रवीत् ॥ माविषादंकृथाःशूरनैतत्क्षत्रियचेष्टितम् ॥ १३ ॥ नावसीदंतिराजानोविप्रवासेपुराघव ॥ प्रजाहिपरिपाल्याहिक्षत्रधर्मेणराघव ॥ १४ ॥ कालेकालेतुमांवीरअयोध्यामवलोकितुम् ॥ आगच्छत्वंनरश्रेष्ठगंतासिचपुरंतव ॥ १५ ॥ ममापित्वंसुदयितःप्राणैरपिनसंशयः ॥ अवश्यंकरणीयंचराज्यस्यपरिपालनम् ॥ १६ ॥

...नेकी इच्छा करता हूं ॥ ४ ॥ शत्रुसूदन शत्रुघ्नजीके ऐसा कहनेपर वाल्मीकिजीने हृदयसे लगाय उन्हें बिदा कर दिया ॥ ५ ॥ शत्रुघ्नजीभी मुनिश्रेष्ठको अभिवादन कर और श्रेष्ठरथपर चढ रामचन्द्रके दर्शनकी इच्छा किये शीघ्रतासे अयोध्याको चले ॥ ६ ॥ वह श्रीमान् इक्ष्वाकुनंदन महाबाहु कान्तिमान् रघुनाथजीकी मनोहर पुरीमें पहुँचे ॥ ७ ॥ तब वह पूर्णचन्द्रमाकी समान मन्त्रियोंके बीचमें बैठेहुए रामचन्द्रको देखने लगे जैसे कि; देवताओंके बीचमें इन्द्र बैठे होते हैं ॥ ८ ॥ वह सत्यपराक्रम तेजसे दीप्तिमान् महात्मा रामचन्द्रको अभिवादन कर हाथ जोडकर कहने लगे ॥ ९ ॥ हे महाराज ! जो कुछ आपने आज्ञा दीथी वह मैंने सम्पूर्ण प्रतिपालन की है वह पापी लवण मारागया और वहां मैंने पुरीभी बसाई है ॥ १० ॥ हे नृप रघुनन्दन ! अब वहां रहते द्वादशवर्ष आपके बिना दर्शन किये बीतगये अब आपके वियोगमें मुझसे रहा नहीं जाता ॥ ११ ॥ हे काकुत्स्थ ! अब आप मेरे ऊपर प्रसन्न हूजिये माताहीन बछडेकी समान अब मैं वहां बहुत समयतक नहीं रहसकता ॥ १२ ॥ शत्रुघ्नके यह वचन सुन रघुनाथजी उन्हें हृदय लगाकर बोले, हे वीर ! तुम विषाद मत करो क्षत्रियोंको यह वचन कहने उचित नहीं ॥ १३ ॥ हे राघव ! राजा परदेशमें रहनेसे दुःखी नहीं होते हैं राजा को तो क्षत्रधर्मसे प्रजा पालनीही उचित है ॥ १४ ॥ हे नरश्रेष्ठ ! जिससमय तुम्हारी इच्छा हो तभी २ हमको देखनेको चले आया करो और फिर २ अपने पुरको चले जाया करो ॥ १५ ॥ तुम मुझे प्राणोंकी समान प्यारे हो इसमें कुछभी

सन्देह नहीं परन्तु राज्यपालनभी तो अवश्य करना उचित है ॥ १६॥ इसकारण भाई आप सात दिनतक यहां रहिये और इसके उपरान्त सेना वाहन सहित फिर मधुपुरीको चले जाना ॥१७॥ रघुनाथजीके यह धर्मयुक्त मनोगत वचन श्रवण करके शत्रुघ्नजी दीन हो "जो आज्ञा" ऐसे कहते हुए ॥१८॥ इस प्रकार रामचन्द्रकी आज्ञासे सात रात्रि रहकर फिर महावीर शत्रुघ्नजीने जानेका विचार किया ॥ १९ ॥ सत्यपराक्रम महात्मा रघुनाथजी और भरत लक्ष्मणको आमन्त्रण करके रथपर चढे ॥ २० ॥ महात्मा लक्ष्मण भरतजी शत्रुघ्नजीके साथ कुछ दूरतक पैरों पैरों चले और फिर पुरीको शीघ्र लौटि आये ॥ २१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां द्विसप्ततितमः सर्गः॥७२॥ भाइयोंके सहित रघुनाथजी शत्रुघ्नजीको विदा करके धर्मपूर्वक राज्य करते

तस्मात्त्वंवसकाकुत्स्थसप्तरात्रंमयासह ॥ ऊर्ध्वंगंतासिमथुरांसभृत्यवलवाहनः॥१७॥ रामस्यैतद्वचःश्रुत्वाधर्मयुक्तंमनोनुगम् ॥ शत्रुघ्नोदीनयावा चावाढमित्येवचाब्रवीत् ॥ १८ ॥ सप्तरात्रंचकाकुत्स्थोराघवस्ययथाज्ञया ॥ उष्यतत्रमहेष्वासोगमनायोपचक्रमे ॥१९॥ आमंत्र्यतुमहात्मानं रामंसत्यपराक्रमम् ॥ भरतंलक्ष्मणंचैवमहारथमुपारुहत् ॥ २० ॥ दूरंपद्भ्यामनुगतोलक्ष्मणेनमहात्मना ॥ भरतेनचशत्रुघ्नोजगामाशुपुरीं तदा ॥ २१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे द्विसप्ततितमःसर्गः॥७२॥ प्रस्थाप्यतुसशत्रुघ्नंभ्रातृभ्यांसहराघवः ॥ प्रमुमोदसुखीराज्यंधर्मेणपरिपालयन् ॥ १ ॥ ततःकतिपयाहस्सुवृद्धोजानपदोद्विजः ॥ मृतंवालमुपादायराजद्वारमुपागमत् ॥ २ ॥ किंनुमेदु ष्कृतंकर्मपुरादेहांतरेकृतम् ॥ रुदन्बहुविधावाचःस्नेहदुःखसमन्वितः ॥ असकृत्पुत्रपुत्रेतिवाक्यमेतदुवाचह ॥३॥ किंनुमेदुष्कृतंकर्मपुरादेहांतरे कृतम् ॥ यदहंपुत्रमेकंतुपश्यामिनिधनंगतम् ॥ ४ ॥ अप्राप्तयौवनंवालंपंचवर्षसहस्रकम् ॥ अकालेकालमापन्नंममदुःखायपुत्रक ॥ ५ ॥ अल्पैरहोभिर्निधनंगमिष्यामिनसंशयः ॥ अहंचजननीचैवतवशोकेनपुत्रक ॥ ६ ॥०

सुखसे रहने लगे ॥ १ ॥ फिर कुछ दिन वीतनेपर एक उस देशका बूढा ब्राह्मण मृतक बालक लेकर राजद्वारपर आया ॥ २ ॥ मैंने पूर्वजन्ममें न जाने क्या पाप किया है इस प्रकार स्नेह दुःख भरी बहुतसी बातें कहकर वह रोने लगा और वारंवार हे पुत्र ! हे पुत्र ! ऐसा कहने लगा ॥ ३ ॥ हाय मैंने क्या पाप पूर्वजन्ममें किया था जो मेरा इकलौता पुत्र मरगया ॥ ४ ॥ मेरा बालक तो अभी तरुणभी नहीं हुआ था अभी पांच ❀ हजार दिनकी अवस्था थी हाय पुत्र ! अकालमेंही तुम मुझे दुःख देनेके निमित्त कालको प्राप्त हुए ॥ ५ ॥ हे पुत्र ! मैं और तुम्हारी माता तुम्हारे शोकसे थोडेही दिनोंमें मरजायँगे इसमें कुछ सन्देह नहीं ॥ ६ ॥

❀ ' पंचवर्षसहस्रकम् ' [illegible]

न तो मैंने किसीसे झूठही बोला न मैंने किसीकी हिंसाही करी न मैंने मन वचन कर्मसे किन्ही प्राणियोंका कभी कुछ पाप स्मरण किया ॥७॥ फिर किस पापसे यह मेरा पुत्र बाल्य अवस्थामेंही यमलोकको गया और अपने पितरोंके श्राद्धादि कर्म न कर सका॥८॥रामचन्द्रके देशोंमें इसप्रकार घोर दर्शन वार्ता हमने नहीं सुनी जोकि अकालमें प्राणी मरते हों ॥ ९ ॥ निःसन्देह इसमें कोई रामचन्द्रकाही बडा पाप है, जिससे कि उनके देशमें बालकोंकी मृत्यु होने लगी ॥ १० ॥ और देशके रहनेवाले बालकोंको मृत्युसे भय नहीं है सो हे राजन् ! आप इस मेरे मरे हुए बालकको जिलाओ ॥ ११ ॥ नहीं तो मैं अनाथोंकी समान स्त्रीसहित राजद्वारपर प्राण देदूंगा उससमय तुम ब्रह्महत्याको प्राप्त होकर सुखी होना ॥ १२ ॥ हे राजन्! भाइयोंसहित आपकी बडी उमर होगी; हे महाबली ! हम आपके राज्यमें बहुत

नस्मराम्यनृतंवक्तुंनचहिंसांस्मराम्यहम् ॥ सर्वेषांप्राणिनांपापंनस्मरामिकदाचन ॥ ७ ॥ केनाद्यदुष्कृतेनायंबालएवममात्मजः ॥ अकृत्वापितृकार्याणिगतोवैवस्वतक्षयम् ॥ ८ ॥ नेदृशंदृष्टपूर्वंमेश्रुतंवाघोरदर्शनम् ॥ मृत्युरप्राप्तकालानांरामस्यविषयेह्यहम् ॥ ९ ॥ रामस्यदुष्कृतंकिंचिन्महदस्तिनसंशयः ॥ यथाहिविषयस्थानांबालानांमृत्युरागतः ॥ १० ॥ नह्यन्यविषयस्थानांबालानांमृत्युतोभयम् ॥ सराजन्जीवयस्वैनंबालंमृत्युवशंगतम् ॥ ११ ॥ राजद्वारिमरिष्यामिपत्न्यासार्धमनाथवत् ॥ ब्रह्महत्यांततोरामसमुपेत्यसुखीभव ॥ १२ ॥ भ्रातृभिःसहितोराजन्दीर्घमायुरवाप्स्यसि ॥ उषिताःस्मसुखंराज्येतवास्मिन्सुमहाबल ॥ १३ ॥ इदंतुपतितंतस्मात्तवरामवशेस्थितान् ॥ कालस्यवशमापन्नाःस्वल्पंहिनहिनःसुखम् ॥ १४ ॥ संप्रत्यनाथोविषयइक्ष्वाकूणांमहात्मनाम् ॥ रामंनाथमिहासाद्यबालांतकरणंध्रुवम् ॥ १५ ॥ राजदोषैर्विपद्यंतेप्रजाह्यविधिपालिताः ॥ असद्वृत्तेहिनृपतावकालेम्रियतेजनः ॥ १६ ॥ यद्वापुरेष्वयुक्तानिजनाजनपदेषुच ॥ कुर्वतेनचरक्षास्तितदाकालकृतंभयम् ॥ १७ ॥ सुव्यक्तंराजदोषोहिभविष्यतिनसंशयः ॥ पुरेजनपदेचापितथाबालवधोह्ययम् ॥ १८ ॥

सुखसे रहे ॥ १३ ॥ आपके राज्यमें स्थित रहनेसे हमें यह सुख मिला कि, जो हम कालके वशमें पडे आपके राज्यमें कुछ भी सुख नहीं ॥ १४ ॥ इससमय यह महात्मा इक्ष्वाकुओंसे सनाथ हुआ देश रामचन्द्रके हस्तगत हो बालकोंकी मृत्यु होनेसे अनाथोंकी समान होगया है ॥ १५ ॥ जब प्रजा विधिपूर्वक पालित नहीं होती तो खोटे आचरण करनेवाले राजाके दोषसे अकालमेंही प्राणी मरतेहैं॥ १६॥ अथवा आपकी असावधानीसे और रक्षा न करनेसे जनपद और नगरमें मनुष्य असद् व्यवहार करतेहैं इसकारणसे अकालमें कालका भय होता है ॥१७॥ अवश्य राजदोष पुर वा जनपदमेंही है इसमें संदेह नहीं जिससे यह बालक मरगया ॥१८॥

गण अनृतके द्वारा आयु क्षयको मिटानेके निमित्त सत्यधर्मपरायण होकर विविध शुभकार्योंका आचरण करने लगे अर्थात् त्रेतायुगमें यज्ञादि अनुष्ठानद्वारा शीघ्र मन शुद्ध होकर अभिमानकी निवृत्ति होती थी ॥ १९ ॥ त्रेतायुगमें ब्राह्मण क्षत्रिय तपस्यामें लगे रहते और वैश्य शूद्रगण उनकी सेवा करते हैं ॥२०॥ उस कालमें ब्राह्मण क्षत्रियोंकी सेवा करनाही वैश्य और शूद्रोंका परम धर्म था विशेष करके शूद्रोंको तो सब वर्णोंकी सेवा करनाही परमधर्म है ॥ २१ ॥ हे नृपश्रेष्ठ ! त्रेता युगके अन्तमें वैश्य और शूद्रोंको अनृत रूप अधर्मके भलीभाँति प्राप्त होजानेसे ब्राह्मण और क्षत्रियगण उनके संगमें न्यूनताको प्राप्त हुए ॥ २२ ॥ तब अधर्मका दूसरा चरण पृथ्वीपर गिरा तब द्वापर युगका आरम्भ हुआ ॥२३॥ हे पुरुषश्रेष्ठ ! द्वापर युगमें धर्मके दो चरण टूट गये और अधर्म और असत्यकी वृद्धि हुई ॥२४॥

त्रेतायुगेचवर्ततेब्राह्मणाःक्षत्रियाश्चये ॥ तपोऽतप्यंततेसर्वेशुश्रूषामपरेजनाः ॥ २० ॥ स्वधर्मःपरमस्तेषांवैश्यशूद्रंतदागमत् ॥ पूजांचसर्ववर्णानां शूद्राश्चक्रुर्विशेषतः ॥२१॥ एतस्मिन्नंतरेतेषामधर्मेचानृतेचह ॥ ततः पूर्वेपुनर्ह्रासमगमन्नृपसत्तम ॥२२॥ ततःपादमधर्मस्यद्वितीयमवतारयत्॥ ततोद्वापरसंख्यासायुगस्यसमजायत ॥ २३ ॥ तस्मिन्द्वापरसंख्येतुवर्तमानेयुगक्षये ॥ अधर्मश्चानृतंचैववर्वृधेपुरुषर्षभ ॥२४॥ अस्मिन्द्वापरसंख्यानेतपोवैश्यान्समाविशत् ॥ त्रिभ्योयुगेभ्यस्त्रीन्वर्णान्क्रमाद्वैतपआविशत् ॥ २५ ॥ त्रिभ्योयुगेभ्यस्त्रीन्वर्णान्धर्मश्चपरिनिष्ठितः ॥ नशूद्रोलभतेधर्मंयुगतस्तुनरर्षभ ॥ २६ ॥ हीनवर्णोनृपश्रेष्ठतप्यतेसुमहत्तपः ॥ भविष्यच्छूद्रयोन्यांहितपश्चर्याकलौयुगे ॥ २७ ॥ अधर्मःपरमोराजन् द्वापरेशूद्रजन्मनः ॥ सवैविषयपर्यंतेतवराजन्महातपाः ॥ २८ ॥ अद्यतप्यतिदुर्बुद्धिस्तेनबालवधोह्ययम् ॥ योह्यधर्ममकार्यंवाविषयेपार्थिवस्य तु ॥ २९ ॥ करोतिचाश्रीमूलंतत्पुरेवादुर्मतिर्नरः ॥ क्षिप्रंचनरकंयातिसचराजानसंशयः ॥ ३० ॥ अधीतस्यचतप्तस्यकर्मणः सुकृतस्यच ॥ षष्ठंभजतिभागंतुप्रजाधर्मेणपालयन् ॥ ३१ ॥

इस द्वापर युगमें वैश्यभी तप करने लगे इसप्रकारसे तीन युगमें तीन वर्ण यथाक्रमसे तपस्या करते हुए ॥ २५ ॥ तपरूप धर्म युगयुगमें तीन वर्णोंमें प्रतिष्ठित हुआ है, परन्तु हे नरश्रेष्ठ ! इन तीन युगमें शूद्र तप धर्मके अधिकारी नहीं थे ॥ २६ ॥ परन्तु हे नृपश्रेष्ठ ! हीनवर्ण शूद्रभी महातप करता है यहाँ शूद्रयोनिमें उत्पन्न हुए जीव तो कलियुगमेंही तपस्या करेंगे ॥ २७ ॥ हे राजन् ! यदि द्वापरमें शूद्र तपस्या करे तोभी बडा अधर्म है आपके राज्यमें तो इसीसमय महातपस्वी ॥ २८ ॥ दुर्बुद्धि शूद्र तपस्या करता है इससेही यह ब्राह्मणका बालक मरगया कारण कि, जिन नृपतिके राज्यमें जो कोई अधर्म वा अकार्य करता है ॥ २९ ॥ उन दुर्मति मनुष्योंका अकार्य दरिद्रताका कारण है [illegible] ...को प्राप्त होता है ॥ ३० ॥ धर्मपूर्वक प्रजापालन [illegible]

षड्भागस्य च भोक्तासि रक्षसे न प्रजाः कथम् ॥ सत्वंपुरुषशार्दूलमार्गस्वविषयंस्वकम् ॥ ३२ ॥ दुष्कृतंयत्रपश्येथास्तत्रयत्नंसमाचर ॥ एवंचेद्धर्म वृद्धिश्चनृणांचायुर्विवर्धनम् ॥ भविष्यतिनरश्रेष्ठबालस्यास्यचजीवितम् ॥३३॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मी०आदिकाव्य उत्तरकांडे चतुःसप्ततितमःसर्गः ॥ ७४ ॥ नारदस्यतुतद्वाक्यंश्रुत्वामृतमयंयथा ॥ प्रहर्षमतुलंलेभेलक्ष्मणंचेदमब्रवीत् ॥ १ ॥ गच्छसौम्यद्विजश्रेष्ठंसमाश्वासयसुव्रत ॥ बालस्यचशरीरंतत्तैलद्रोण्यांनिधापय ॥ २ ॥ गंधैश्चपरमोदारैस्तैलैश्चसुसुगंधिभिः ॥ यथानक्षीयतेबालस्तथासौम्यविधीयताम् ॥ ३ ॥ यथाशरीरंबालस्यगुप्तस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ विपत्तिःपरिभेदोवानभवेच्चतथाकुरु ॥ ४ ॥ एवंसंदिश्यकाकुत्स्थोलक्ष्मणंशुभलक्षणम् ॥ मनसापुष्पकंदध्यावागच्छेतिमहायशाः ॥ ५ ॥ इंगितंसतुविज्ञायपुष्पकोहेमभूषितः ॥ आजगाममुहूर्तेनसमीपेराघवस्यवै ॥ ६ ॥ सोऽब्रवीत्प्रणतोभूत्वाअयमस्मिनराधिप ॥ वश्यस्तवमहाबाहोकिंकरःसमुपस्थितः ॥ ७ ॥ भाषितंरुचिरंश्रुत्वापुष्पकस्यनराधिपः ॥ अभिवाद्यमहर्षीन्सविमानंसोध्यरोहत ॥ ८ ॥ धनुर्गृहीत्वातूणींचखड्गंचरुचिरप्रभम् ॥ निक्षिप्यनगरेवीरौसौमित्रिभरतावुभौ ॥ ९ ॥

[illegible] भाग प्राप्त होता है ॥ ३१ ॥ फिर छठे भागका भागी होकर राजा प्रजाका पालन क्यों न करे ? इसकारण हे पुरुषसिंह ! आप अपने राज्यमें खोज करिये ॥ ३२ ॥ जहाँ जहाँ आप देखो वहाँ वहाँ यत्नसे उसका निवारण करो इससे धर्मकी वृद्धि और मनुष्योंकी आयुभी बढेगी और हे नरश्रेष्ठ ! यह बालकभी जीवित होजायगा ॥ ३३ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां चतुःसप्ततितमः सर्गः ॥ ७४ ॥ ॥ नारदजीके अमृतकी समान वचन श्रवणकर रामचन्द्रजी बहुत प्रसन्नहो लक्ष्मणजीसे बोले ॥ १ ॥ हे सौम्य ! हे सुव्रत ! जाकर उस ब्राह्मणश्रेष्ठको समझाओ और उस बालकके शरीरको तेलकी नावमें धरादो ॥ २ ॥ बडे २ दिव्यगंध सुगंधित तेलमें उसके शरीरको रक्खो हे सौम्य ! जिस प्रकारसे उसका शरीर न बिगडे ऐसा करो ॥ ३ ॥ जिस प्रकारसे कि, इस पुण्यात्मा बालकका शरीर किसी प्रकारसे न बिगडे यही तुम करो ॥ ४ ॥ रामचन्द्रने इस प्रकार शुभ लक्षणयुक्त लक्ष्मणजीसे कहकर मनसे पुष्पकविमानका स्मरण किया कि, महायशस्वी पुष्पक ! आओ ॥ ५ ॥ रामचन्द्रकी इच्छा जानकर वह सुवर्णभूषित पुष्पकविमान एक मुहूर्तमात्रमें रघुनन्दनके समीप आगया ॥ ६ ॥ और नम्रहोकर बोला महाराज ! मैं यह उपस्थितहूं. हे महाबाहो ! मैं आपके वशीभूत आपका दास उपस्थित हूं ॥ ७ ॥ पुष्पककी मनोहर वाणी सुनकर रघुनाथजी महर्षियोंको प्रणामकर उसपर सवार हुए ॥ ८ ॥ सुन्दर कान्तिवाला

राम धनुषबाण ग्रहणकर और भरत शत्रुघ्नको नगरकी रक्षामें नियुक्तकर ॥ ९ ॥ रामचन्द्रजी इधर उधर ढूंढते हुए पूर्व दिशाको गये, फिर वहाँसे हिमालयसे आवृत उत्तर दिशामें आये ॥ १० ॥ वहाँभी रघुनाथजीने किंचित् मात्र पाप नहीं देखा फिर सब पूर्वदिशाको अच्छी प्रकार शोधकर रघुनाथजी देखने लगे ॥ ११ ॥ वहांके वासी सब शुद्धाचार होनेसे दर्पणके समान निर्मल थे महाबाहु रामचन्द्रने पुष्पकविमानपर स्थितहो यह सब देखा ॥ १२ ॥ तब राजर्षिनन्दन रघुनाथजी दक्षिण दिशाको आये और उन्होंने विन्ध्याचलके उत्तर पार्श्वमें शैवल पर्वत और एक बडा सरोवर देखा ॥ १३ ॥ महातपस्वी श्रीमान् रघुनाथजीने उस सरोवरके निकट तपस्या करते नीचेको मुखकर लटकते हुए उस तपस्वीको देखा ॥ १४ ॥ रघुनाथजी उसके पास आकर उस उत्तम प्रकारसे तप करते हुए तप

प्रायात्प्रतीचींहरितंविचिन्वंश्चततस्ततः ॥ उत्तरामगमच्छ्रीमान्दिशंहिमवतावृताम् ॥ १० ॥ अपश्यमानस्तत्रापिस्वल्पमप्यथदुष्कृतम् ॥ पूर्वामपिदिशंसर्वामथोपश्यन्नराधिपः ॥ ११ ॥ अविशुद्धसमाचारामादर्शतलनिर्मलाम् ॥ पुष्पकस्थोमहाबाहुस्तदापश्यन्नराधिपः ॥ १२ ॥ दक्षिणांदिशमाक्रामत्ततोराजर्षिनंदनः ॥ शैवलस्योत्तरेपार्श्वेददर्शसुमहत्सरः ॥ १३ ॥ तस्मिन्सरसितप्यंतंतापसंसुमहत्तपः ॥ ददर्शराघवः श्रीमाँल्लंबमानमधोमुखम् ॥ १४ ॥ राघवस्तमुपागम्यतप्यंतंतपउत्तमम् ॥ उवाचचनृपोवाक्यंधन्यस्त्वमसिसुव्रत ॥ १५ ॥ कस्यांयोन्यांतपोवृद्धवर्तसेदृढविक्रम ॥ कौतूहलात्त्वांपृच्छामिरामोदाशरथिर्ह्यहम् ॥ १६ ॥ कोर्थोमनीषितस्तुभ्यंस्वर्गलाभोपरोथवा ॥ वराश्रयोयदर्थंत्वंतपस्यन्यैःसुदुश्चरम् ॥१७॥ यमाश्रित्यतपस्तप्तंश्रोतुमिच्छामितापस ॥ ब्राह्मणोवासिभद्रंतेक्षत्रियोवासिदुर्जयः ॥ वैश्यस्तृतीयोवर्णोवाशूद्रोवासत्यवाग्भव ॥ १८ ॥ इत्येवमुक्तःसनराधिपेनअवाक्छिरादाशरथायतस्मै ॥ उवाचजातिंनृपपुंगवाययत्कारणंचैवतपःप्रयत्नः ॥ १९ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे पंचसप्ततितमः सर्गः ॥ ७५ ॥

स्वीसे बोले हे सुव्रत ! तुम धन्यहो ॥ १५ ॥ हे दृढविक्रम ! तपस्याव्रती आप कौन वर्ण हैं जो ऐसा तप करते हैं मैं दशरथपुत्र रामचन्द्र कौतुहलसेही तुमसे पूछताहूं ॥ १६ ॥ तुमने तपस्या किस निमित्त की है स्वर्गकी इच्छा है वा और कुछ, वह क्याहै जिस वर पानेके निमित्त तुम दुस्तर तपस्या करतेहो ॥ १७ ॥ आप जिस निमित्त तपस्या करते हैं वह मेरे सुननेकी इच्छाहै हे महाराय ! आप ब्राह्मण वा दुर्जय क्षत्रिय तीसरे वर्ण वैश्य वा शूद्रहैं सो सत्य कहिये ॥ १८ ॥ जब महाराजने ऐसा कहा तो वह नीचेको मुख किये तपस्या करनेहारा नृपश्रेष्ठ रामचन्द्रजीसे अपनी जाति और तपस्या करनेका कारण कहने

॥ इति श्रीमद्वाल्मीकीये आदिकाव्ये उत्तरकाण्डे भाषाटीकायां पञ्चसप्ततितमः सर्गः ॥७५॥ अक्लिष्टकर्मा रघुनाथजीके यह वचन सुनकर वह तपस्वी इस प्रकारसे कहने लगा ॥ १ ॥ हे राम ! मैं शूद्रयोनिमें उत्पन्न हुआहूं, और इसी शरीरसे देवत्व प्राप्त करनेकी इच्छा करके महातपस्या करताहूं ॥२॥ हे राम ! काकुत्स्थ मैं सत्य कहताहूं, देवलोक जीतनेकी मेरी इच्छाहै, मेरी जाति शूद्र और शंबूक नामहै ॥३॥ शूद्रके यह वचन कहतेही रघुनाथजीने बडी कांतिवाला विमल खड्ग कोशसे निकालकर उस शूद्रका शिर छेदन कर डाला ॥४॥ उस शूद्रके मारनेपर इन्द्र और अग्नि सहित सब देवता धन्य २ कहकर रामचन्द्रकी-बडाई करनेलगे ॥५॥ उसी समय दिव्य सुगंधित फूलोंकी वर्षा हुई; वायुसे छोडे हुए पुष्प चारोंओर गिरनेलगे ॥६॥ सत्यपराक्रम रामचन्द्रसे प्रसन्न होकर सब देवता कहनेलगे हे महामते ! आपने यह

तस्यतद्वचनंश्रुत्वारामस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ अवाक्छिरास्तथाभूतोवाक्यमेतदुवाचह ॥ १ ॥ शूद्रयोन्यांप्रजातोस्मितपउग्रंसमास्थितः ॥ देवत्वंप्रार्थयेरामसशरीरोमहायशः ॥ २ ॥ नमिथ्याहंवदेरामदेवलोकजिगीषया ॥ शूद्रंमांविद्धिकाकुत्स्थशंबूकोनामनामतः ॥३॥ भाषतस्तस्यशूद्रस्यखड्गंसुरुचिरप्रभम् ॥ निष्कृष्यकोशाद्विमलंशिरश्चिच्छेदराघवः ॥ ४ ॥ तस्मिञ्छूद्रेहतेदेवाःसेंद्राःसाग्निपुरोगमाः ॥ साधुसाध्वितिकाकुत्स्थंतेशशंसुर्मुहुर्मुहुः ॥ ५ ॥ पुष्पवृष्टिर्महत्यासीद्दिव्यानांसुसुगंधिनाम् ॥ पुष्पाणांवायुमुक्तानांसर्वतःप्रपपातह ॥ ६ ॥ सुप्रीताश्चाब्रुवन्रामंदेवाःसत्यपराक्रमम् ॥ सुरकार्यमिदंदेवसुकृतंतेमहामते ॥ ७ ॥ गृहाणचवरंसौम्ययंत्वमिच्छस्यरिंदम ॥ स्वर्गभाङ्नहिशूद्रोयंत्वत्कृतेरघुनंदन ॥ ॥ ८ ॥ देवानांभाषितंश्रुत्वारामःसत्यपराक्रमः ॥ उवाचप्रांजलिर्वाक्यंसहस्राक्षंपुरंदरम् ॥ ९ ॥ यदिदेवाःप्रसन्नामेद्विजपुत्रःसजीवतु ॥ दिशंतुवरमेतंमेईप्सितंपरमंमम ॥ १० ॥ ममापचाराद्बालोसौब्राह्मणस्यैकपुत्रकः ॥ अप्राप्तकालःकालेननीतोवैवस्वतक्षयम् ॥ ११ ॥ तंजीवयतभद्रंवोनानृतंकर्तुमर्हथ ॥ द्विजस्यसंश्रुतोर्थोमेजीवयिष्यामितेसुतम् ॥ १२ ॥ राघवस्यतुतद्वाक्यंश्रुत्वाविबुधसत्तमाः ॥ प्रत्यूचूराघवंप्रीतादेवाःप्रीतिसमन्वितम् ॥ १३ ॥

देवताओंका कार्य कियाहै ॥७॥ हे शत्रुनाशन सौम्य रघुनंदन ! यह शूद्र स्वर्गका अनधिकारी आपके करनेसेही हुआ आप इस कारण हमसे वर माँगिये ॥ ८ ॥ सत्यपराक्रमी रघुनाथजी देवताओंका वचन सुनकर हाथ जोडकर सहस्राक्ष इन्द्रजीसे बोले ॥ ९ ॥ यदि आप सब देवता मुझसे प्रसन्नहैं तो यही इच्छित वर दीजिये कि, वह ब्राह्मणका पुत्र जी जाय ॥ १० ॥ मेरेही अपराधसे यह ब्राह्मणका इकलौता पुत्र अप्राप्तकालमें मरकर यमलोकको गया ॥११॥ हे देवताओ ! आपका मंगलहो आप उस ब्राह्मणके पुत्रको जिलादो क्योंकि, मैं उसके जिलानेकी प्रतिज्ञा करचुकाहूं वह मेरा वचन झूँठा न होना चाहिये ॥१२॥ रामचन्द्रके यह वचन

सुनकर वे देवता प्रीतिसहित रघुनाथजीके प्रति कहने लगे ॥ १३ ॥ हे रामचंद्र ! अब आप गृहको पधारिये वह बालक तो आज जी उठा और अपने पिता मातासे मिलगया ॥ १४ ॥ रामचंद्र ! जिस मुहूर्त्तमें आपने इस शूद्रको मारा; उसी समय वह बालक जीगया ॥ १५ ॥ हे नरश्रेष्ठ रामचंद्र ! आपका कल्याणहो अब हम अगस्त्यजीका श्रेष्ठ आश्रम देखनेको जातेहैं ॥ १६ ॥ उन महाद्युतिमान् ऋषिकी आज उस यज्ञकी दीक्षा समाप्त हुई जो वह बारह वर्षसे जलमेंही सोया करतेथे ॥ १७ ॥ हे रघुनाथजी ! हम उन मुनिराजको प्रसन्न करने जातेहैं यदि आपकी इच्छाहो तो आपभी उन ऋषि श्रेष्ठका दर्शन कीजिये ॥ १८ ॥ रघुनाथजी देवताओंके वचन सुनकर बोले ' ऐसाही करेंगे ' यह कह स्वर्णभूषित विमानपर सवार हुए ॥ १९ ॥ वह देवता

निर्वृतोभवकाकुत्स्थसोस्मिन्नद्यनिबालकः॥जीवितंप्राप्तवान्भूयः समेतश्चापिबंधुभिः॥१४॥यस्मिन्मुहूर्तेकाकुत्स्थशूद्रोयंविनिपातितः॥तस्मिन्मुहूर्तेबालोसौजीवेनसमयुज्यत॥१५॥स्वस्तिप्राप्नुहिभद्रंतेसाधुयामनरर्षभ ॥ अगस्त्यस्याश्रमपदंद्रष्टुमिच्छामराघव॥१६॥तस्यदीक्षासमाप्ताहिब्रह्मर्षेःसुमहाद्युते॥द्वादशंहिगतंवर्षंजलशय्यांसमासतः॥१७॥काकुत्स्थतद्गमिष्यामोमुनिंसमभिनंदितम्॥त्वंचापिगच्छभद्रंतेद्रष्टुंतमृषिसत्तमम्॥१८॥ सतथेतिप्रतिज्ञायदेवानांरघुनंदनः॥ आरुरोहविमानंतंपुष्पकंहेमभूषितम्॥१९॥ ततोदेवाःप्रयातास्तेविमानैर्बहुविस्तरैः ॥ रामोप्यनुजगामाशुकुंभयोनेस्तपोवनम् ॥२०॥ दृष्ट्वातुदेवान्संप्राप्तानगस्त्यस्तपसांनिधिः ॥ अर्चयामासधर्मात्मासर्वांस्तानविशेषतः ॥ २१ ॥ प्रतिगृह्यततःपूजांसंपूज्यचमहामुनिम् ॥ जग्मुस्तेत्रिदशाहृष्टानाकपृष्ठंसहानुगाः॥२२॥गतेषुतेषुकाकुत्स्थःपुष्पकादवरुह्यच॥ ततोऽभिवादयामासअगस्त्यमृषिसत्तमम् ॥ २३ ॥ सोभिवाद्यमहात्मानंज्वलंतमिवतेजसा ॥ आतिथ्यंपरमंप्राप्यनिषसादनराधिपः॥२४॥तमुवाचमहातेजाःकुंभयोनिर्महातपाः॥ स्वागतंतेनरश्रेष्ठदिष्ट्याप्राप्तोसिराघव ॥ २५ ॥ त्वंमेबहुमतोरामगुणैर्बहुभिरुत्तमैः ॥ अतिथिःपूजनीयश्चममराजन्हृदिस्थितः ॥ २६ ॥

अपने २ विमानोंपर बैठ अगस्त्यजीको देखनेगये और रघुनाथजीभी शीघ्रतासे अगस्त्यजीके तपोवन देखनेको गये॥२०॥ तपोनिधि धर्मात्मा अगस्त्यजीने देवताओंको आये देखकर उन सबका सम्यक् प्रकारसे पूजन सत्कार किया ॥ २१ ॥ वह सम्पूर्ण देवता अगस्त्यजीकी पूजा ग्रहणकर पीछे स्वयंभी महामुनिको पूज प्रसन्न हो साथियों सहित स्वर्गको चले गये ॥ २२ ॥ देवताओंके जानेके उपरान्त रामचंद्रजीने विमानसे उतर फिर ऋषिश्रेष्ठ अगस्त्यजीको प्रणाम किया ॥ २३ ॥ वह रघुनाथजी अग्निके समान दीप्तिमान् महात्मा अगस्त्यजीको अभिवादन कर और उनसे अतिथिसत्कार पाय आसनपर बैठे ॥ २४ ॥ महातेजस्वी महातपस्वी अगस्त्यजी रामचंद्रजीसे बोले हे राघव ! तुम भले आये आप आनंदसे तो हो? ॥ २५ ॥ हे राम ! तुम अनेक गुणसम्पन्न होनेके कारण बहुमान्य हो और

रोकनेके कारण हमारे जनवरी तिके रहनेके कारण तुम अधिक पूजाके योग्यहो ॥ २६ ॥ देवताओंने कहा था कि, रघुनाथजीने शूद्रको मारा है और ब्राह्मणके पुत्र जिवाया अब आपके देखनेको आया चाहते हैं ॥ २७ ॥ हे रामचंद्र ! आजकीरात आप हमारे यहांही रहिये कारण कि, आपही श्रीमान् साक्षात् नारायण सबके प्रभु हैं सारा संसार आपमें प्रतिष्ठित है ॥ २८ ॥ हे प्रभु ! आप सब देवताओंके प्रभु हैं आपही सनातन पुरुष हैं आज रहिये प्रातःकालही पुष्पकपर बैठ अयोध्यापुरीको चलेजाना ॥ २९ ॥ हे सौम्य ! यह दिव्य आभरण विश्वकर्माका बनाया हुआ हमारे पास है जो अपने तेजसे देदीप्यमान है ॥ ३० ॥ हे काकुत्स्थ रामचन्द्र ! इसको ग्रहणकर आप हमारा प्रिय कीजिये। कारण कि, मनसे किसीको कोई वस्तु देनेपर फिर उसे प्रदान करनेसे महाफल होता है ॥३१॥ आप आभरणके धारण करनेमें समर्थ हैं कारण कि बडे २ उत्कृष्ट फल देसकते हैं, आप तो इन्द्रादिक देवताओंकोभी मारनेको समर्थ हैं, इस कारण हमारे दिये भूषण ले

सुराहिकथयंतित्वामागतंशूद्रघातिनम् ॥ ब्राह्मणस्यतुधर्मेणत्वयाजीवापितःसुतः ॥ २७ ॥ उष्यतांचेहरजनींसकाशेममराघव ॥ त्वंहिनारायणः श्रीमांस्त्वयिसर्वंप्रतिष्ठितम् ॥ २८ ॥ त्वंप्रभुःसर्वदेवानांपुरुषस्त्वंसनातनः ॥ प्रभातेपुष्पकेणत्वंगंतास्वपुरमेवहि ॥२९॥ इदंचाभरणंसौम्यनिर्मितंविश्वकर्मणा ॥ दिव्यंदिव्येनवपुषादीप्यमानंस्वतेजसा॥३०॥प्रतिगृह्णीष्वकाकुत्स्थमत्प्रियंकुरुराघव ॥ दत्तस्यहिपुनर्दानेसुमहत्फलमुच्यते॥ ॥ ३१ ॥ भरणेहिभवाञ्छक्तःफलानांमहतामपि ॥ त्वंहिशक्तस्तारयितुंसेंद्रानपिदिवौकसः ॥३२॥ तस्मात्प्रदास्येविधिवत्तत्प्रतीच्छनराधिप॥ अथोवाचमहात्मानमिक्ष्वाकूणांमहारथः ॥ ३३॥ "रामोमतिमतांश्रेष्ठःक्षत्रधर्ममनुस्मरन् ॥ प्रतिग्रहोयंभगवन्ब्राह्मणस्यविगर्हितः ॥१॥ क्षत्रियेणकथंविप्रप्रतिग्राह्यंभवेत्ततः ॥ प्रतिग्रहोहिविप्रेंद्रक्षत्रियाणांसुगर्हितः ॥ २ ॥ ब्राह्मणेनविशेषेणदत्तंतद्वक्तुमर्हसि ॥ एवमुक्तस्तुरामेणप्रत्युवाचमहानृषिः ॥ ३ ॥ आसन्कृतयुगेरामब्रह्मभूतेपुरायुगे ॥ अपार्थिवाःप्रजाःसर्वाःसुराणांतुशतक्रतुः ॥ ४ ॥ ताःप्रजादेवदेवेशंराजार्थंसमुपाद्रवन् ॥ सुरगणास्थापितोराजात्वयादेवशतक्रतुः ॥ ५ ॥

संकोच न कीजिये कि, हम क्षत्रिय ब्राह्मणोंसे कोई वस्तु कैसे ग्रहण करें ॥ ३२ ॥ इसप्रकार हमारे दिये भूषणको आप विधिपूर्वक ग्रहण कीजिये, यह वचन सुन महारथी इक्ष्वाकुनन्दन रामचन्द्र अगस्त्यजीसे बोले ॥ ३३ ॥ " बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ रघुनाथजी क्षत्रियधर्म स्मरणकर बोले महाराज ! ब्राह्मणसे दान लेनेका बडा दोष है ॥ १ ॥ क्षत्रिय होकर ब्राह्मणसे किसप्रकार कोई वस्तु लीजाय ? हे विप्रेन्द्र ! विशेषकर क्षत्रियोंको प्रतिग्रह लेनेका बडा दोषहै ॥ २ ॥ और फिर ब्राह्मणसे प्रतिग्रह लिया जाय सो आप कहिये, रामचन्द्रके ऐसा कहनेपर अगस्त्यजी बोले ॥३॥ हे राजन् ! ब्रह्मज्ञानपूर्ण सतयुगमें प्रजाका कोई राजा नहींथा देवतोंके राजा इन्द्र थे ॥ ४ ॥ तब वह प्रजा ब्रह्माजीके पास जाय राजा बनानेके निमित्त प्रार्थना करनेलगी, हे भगवन् ! आपने देवताओंका राजा इन्द्र तो बना दिया ॥ ५

... अनेक आश्चर्यांके सागर हैं रामचन्द्रके ऐसा कहनेपर अगस्त्यजी कहने लगे कि, हे राजन् ! पहले त्रेतायुगमें जो वार्ता हुईथी वह आप सुनिये ॥ ३६ ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्वा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां षट्सप्ततितमः सर्गः ॥ ७६ ॥ ॥ हे रघुनाथजी ! प्रथम त्रेतायुगमें यहां एक बहुत बडा वन मृगपक्षीहीन सौ योजनके विस्तारवालाथा ॥ १ ॥ हे सौम्य ! उस निर्जनवनमें उत्तम तपस्या करनेके निमित्त मैं विचरताहुआ आया ॥ २ ॥ उसके किसी २ स्थलमें बडे २ सुस्वादु फलमूल लगेथे और उसमें छोटे बडे वन इस प्रकार मिश्रितथे कि, उसे कोई यह नहीं जानसकताथा कि, इस वनका कितना विस्तारहै ॥ ३ ॥ उस वनके बीचमें एक योजनका एक सरोवर था जो हंस कारंडव चकवा चकवियोंसे शोभितथा ॥ ४ ॥ उसमें अनेक

आश्चर्याणांबहूनांहिनिधिःपरमकोभवान् ॥ एवंब्रुवतिकाकुत्स्थेमुनिर्वाक्यमथाब्रवीत ॥ शृणुरामयथावृत्तंपुरात्रेतायुगेयुगे ॥ ३६ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे षट्सप्ततितमः सर्गः ॥ ७६ ॥ पुरात्रेतायुगेरामबभूवबहुविस्तरम् ॥ समंताद्योजनशतंविमृगंपक्षिविवर्जितम् ॥ १ ॥ तस्मिन्निर्मानुषेरण्येकुर्वाणस्तपउत्तमम् ॥ अहमाक्रमितुंसौम्यतदारण्यमुपागमम् ॥ २ ॥ तस्यरूपमरण्यस्यनिर्देष्टुंनशशाकह ॥ फलमूलैःसुखास्वादैर्बहुरूपैश्चकाननैः ॥ ३ ॥ तस्यारण्यस्यमध्येतुसरोयोजनमायतम् ॥ हंसकारंडवाकीर्णंचक्रवाकोपशोभितम् ॥ ४ ॥ पद्मोत्पलसमाकीर्णंसमतिक्रांतशैवलम् ॥ तदाश्चर्यमिवात्यर्थंसुखास्वादमनुत्तमम् ॥ ५ ॥ अरजस्कंतदाक्षोभ्यंश्रीमत्पक्षिगणायुतम् ॥ तस्मिन्सरःसमीपेतुमहदद्भुतमाश्रमम् ॥ ६ ॥ पुराणंपुण्यमत्यर्थंतपस्विजनवर्जितम् ॥ तत्राहमवसंरात्रिंनैदाघींपुरुषर्षभ ॥ ७ ॥ प्रभातेकल्यमुत्थायसरस्तदुपचक्रमे ॥ अथापश्यंशवंतत्रसुपुष्टमरजःक्वचित् ॥ ८ ॥ तिष्ठंतंपरयालक्ष्म्यातस्मिंस्तोयाशयेनृप ॥ तमर्थंचिंतयानोहंमुहूर्तंतत्रराघव ॥ ९ ॥ विष्ठितोस्मिसरस्तीरेकिंत्विदंस्यादितिप्रभो ॥ अथापश्यंमुहूर्तात्तुदिव्यमद्भुतदर्शनम् ॥ १० ॥

प्रकारके पद्म उत्पल कमल खिलेथे जिनसे सिवार दृष्टिगोचर नहीं होताथा एक अद्भुतता यह थी कि, उसका जल बहुतही स्वादिष्ठ था ॥ ५ ॥ धूरिरहित शोभारहित पक्षियोंसे शोभायमान सरोवरके किनारे एक श्रेष्ठ अद्भुत आश्रम बनाथा ॥ ६ ॥ जो बडा पुराना पुण्यरूप तपस्वियोंसे हीन था । हे राम ! उस ग्रीष्मकालकी रात्रिमें मैं यहीं रहा ॥ ७ ॥ जब मैं प्रातःकाल उठकर उस सरोवरके निकट स्नानादिक करनेको गया तो उसमें सर्वांगसे पुष्ट उज्ज्वल एक मृतक शरीर पडा था ॥ ८ ॥ हे रामचन्द्र ! यह शव उस सरोवरमें शोभायमान होरहा था उसकी स्वच्छता देखकर मैं एक मुहूर्ततक विचार करतारहा ॥ ९ ॥ मैं उस स्थानमें

हे लोकेश ! हमारे निमित्त भी कोई नरश्रेष्ठ राजा दीजिये जिसकी पूजाकर हम पापरहितहो स्वच्छन्द विचरैं ॥ ६ ॥ हमारा यह निश्चयहै कि हम विना राजाके नहीं रहेंगे। तब सुरश्रेष्ठ ब्रह्माजीने लोकपाल इन्द्रादि ॥ ७ ॥ बुलाकर कहा कि, तुम सब अपने २ तेजसे भाग दो तब सब लोकपालोंने अपने २ तेजोंमेंसे भाग दिया ॥ ८ ॥ तब ब्रह्माजीने क्षुप अर्थात् शब्द किया जिससे क्षुपनाम राजा उत्पन्न हुआ उसको ब्रह्माजीने लोकपालोंके अंशसे युक्त किया ॥ ९ ॥ तब उस क्षुपराजाको ब्रह्माजीने प्रजाका आधिपत्य दिया इन्द्रके अंशसे राजा पृथ्वीके शासनमें समर्थ हुए ॥ १० ॥ वरुणके भागसे राजाका शरीर पुष्ट हुआ, कुबेरके

प्रयच्छास्मासुलोकेशपार्थिवंनरपुंगवम् ॥ यस्मैपूजांप्रयुंजानाधूतपापाश्चरेमहि ॥ ६ ॥ नवसामोविनाराज्ञाएषनोनिश्चयःपरः ॥ ततोब्रह्मासुर श्रेष्ठोलोकपालान्सवासवान् ॥ ७ ॥ समाहूयाब्रवीत्सर्वांस्तेजोभागान्प्रयच्छत ॥ ततोददुर्लोकपालाःसर्वेभागान्स्वतेजसः ॥ ८ ॥ अक्षुपच्चत तोब्रह्मायतोजातःक्षुपोनृपः ॥ तंब्रह्मालोकपालानांसमांशैःसमयोजयत् ॥ ९ ॥ ततोददौनृपंतासांप्रजानामीश्वरंक्षुपम् ॥ तत्रैन्द्रेणचभागेनमही माज्ञापयन्नृपः ॥ १० ॥ वारुणेनतुभागेनवपुःपुष्यतिपार्थिवः ॥ कौबेरेणतुभागेनवित्तपाभांददौतदा ॥ ११ ॥ यस्तुयाम्योऽभवद्भागस्तेनशा स्तिस्मसप्रजाः ॥ तत्रैन्द्रेणनरश्रेष्ठभागेनरघुनंदन ॥ १२ ॥ प्रतिगृह्णीष्वभद्रंतेतारणार्थंममप्रभो ॥ तद्रामःप्रतिजग्राहमुनेस्तस्यमहात्मनः ॥ ॥ १३ ॥ दिव्यमाभरणंचित्रंप्रदीप्तमिवभास्करम् ॥ प्रतिगृह्यततोरामस्तदाभरणमुत्तमम् ॥ १४ ॥" आगमंतस्यदीप्तस्यप्रष्टुमेवोपचक्रमे ॥ अत्यद्भुतमिदंदिव्यंवपुषायुक्तमद्भुतम् ॥ ३४ ॥ कथंवाभवताप्राप्तंकुतोवाकेनवाहृतम् ॥ कौतूहलतयाब्रह्मन्पृच्छामित्वांमहायशः ॥ ३६ ॥

भागसे प्रजाओंको धनदान किया ॥ ११ ॥ यमके भागसे प्रजा शासित होतीहै इस कारण हे नरश्रेष्ठ रघुनंदन ! इन्द्रके भागसे आप ॥ १२ ॥ उद्धारार्थ करनेके निमित्त इस आभूषणको ग्रहण करो तुम्हारा मंगलहो तब रघुनाथजीने महात्मा मुनिका दिया वह कंकण ग्रहण किया ॥ १३ ॥ वह दिव्य आभरण सूर्यके समान प्रदीप्त था तब रघुनाथजी उस दिव्य आभरणको ग्रहणकर ॥ १४ ॥ इति क्षेपकाः ॥ " उसकी प्राप्ति रघुनाथजी पूछने लगे कि; हे भगवन् ! अतिदीप्तिमान् अद्भुत देहमे युक्त ॥ ३५ ॥ यह दिव्य आभरण आपने कब कहांसे पाया और इसे कौन लायाथा ? हे महायशस्वी भगवन् ! कौतूहलसे

हे रघुनाथजी ! ...
विचरताहुआ आया ॥ २ ॥ उसके किसी २ स्थलमें बड़े २ ...
याया कि, इस वनका कितना विस्तारहै ॥

वह मैं आपसे पूछनाहूं सो सुनाइये ॥ ३५ ॥ कारण कि आप अनेक आश्चर्योंके सागर हैं रामचन्द्रके ऐसा कहनेपर अगस्त्यजी कहने लगे कि, हे राजन्
त्रेतायुगमें जो वार्ता हुईथी वह आप सुनिये ॥ ३६ ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां षट्सप्ततितमः सर्गः ॥ ७६
हे रघुनाथजी ! प्रथम त्रेतायुगमें यहां एक बहुत बडा वन मृगपक्षीहीन सौ योजनके विस्तारवालाथा ॥ १ ॥ हे सौम्य ! उस निर्जनवनमें उत्तम तपस्या करनेके नि
विचरताहुआ आया ॥ २ ॥ उसके किसी २ स्थलमें बडे २ सुस्वादु फलमूल लगेथे और उसमें छोटे बडे वन इस प्रकार मिश्रितथे कि, उसे कोई यह नहीं उ
ताथा कि, इस वनका कितना विस्तारहै ॥ ३ ॥ उस वनके बीचमें एक योजनका एक सरोवर था जो हंस कारंडव चकवा चकवियोंसे शोभितथा ॥ ४ ॥ उस

आश्चर्याणांवहूनांहिनिधिःपरमकोभवान् ॥ एवंब्रुवतिकाकुत्स्थेमुनिर्वाक्यमथाब्रवीत ॥ शृणुरामयथावृत्तंपुरात्रेतायुगेयुगे ॥ ३६ ॥ इ
श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे षट्सप्ततितमः सर्गः ॥ ७६ ॥ पुरात्रेतायुगेरामवभूववहुविस्तरम् ॥ समंताद्योजनशत
गंपक्षिवर्जितम् ॥ १ ॥ तस्मिन्निर्मानुषेरण्येकुर्वाणस्तपउत्तमम् ॥ अहमाक्रमितुंसौम्यतदारण्यमुपागमम् ॥ २ ॥ तस्यरूपमरण्यस्यनि
शशाकह ॥ फलमूलैःसुखास्वादैर्वहुरूपैश्चकाननैः ॥ ३ ॥ तस्यारण्यस्यमध्येतुसरोयोजनमायतम् ॥ हंसकारंडवाकीर्णंचक्रवाकोपश
तम् ॥ ४ ॥ पद्मोत्पलसमाकीर्णंसमतिक्रांतशैवलम् ॥ तदाश्चर्यमिवात्यर्थंसुखास्वादमनुत्तमम् ॥ ५ ॥ अरजस्कंतदाक्षोभ्यंश्रीमत्पक्षिग
तम् ॥ तस्मिन्सरःसमीपेतुमहदद्भुतमाश्रमम् ॥ ६ ॥ पुराणंपुण्यमत्यर्थंतपस्विजनवर्जितम् ॥ तत्राहमवसंरात्रिंनैदाघींपुरुषर्षभ ॥ ७ ॥ प्रभ
त्यमुत्थायसरस्तदुपचक्रमे ॥ अथापश्यंशवंतत्रसुपुष्टमरजःक्वचित् ॥ ८ ॥ तिष्ठंतंपरयालक्ष्म्यातस्मिंस्तोयाशयेनृप ॥ तमर्थंचिंतयानोहं-
तत्राद्य ॥ ९ ॥ विष्ठितोस्मिसरस्तीरेकिंत्विदंस्यादितिप्रभो ॥ अथापश्यंमुहूर्तात्तुदिव्यमद्भुतदर्शनम् ॥ १० ॥

प्रकारके पद्म उत्पल कमल खिलेथे जिससे सिवार दृष्टिगोचर नहीं होताथा एक अद्भुतता यह थी कि, उसका जल बहुतही स्वादिष्ठ था ॥ ५ ॥ धू
शोभित पक्षियोंसे शोभायमान सरोवरके किनारे एक श्रेष्ठ अद्भुत आश्रम बनाथा ॥ ६ ॥ जो बडा पुराना पुण्यरूप तपस्वियोंसे हीन था । हे राम
ग्रीष्मकालकी रात्रिमें मैं वहीं रहा ॥ ७ ॥ जब मैं प्रातःकाल उठकर उस सरोवरके निकट स्नानादिक करनेको गया तो उसमें सर्वांगसे पुष्ट उज्ज्वल एक मृतक
पडा था ॥ ८ ॥ हे रामचन्द्र ! वह शव उस सरोवरमें शोभायमान होरहा था उसकी स्वच्छता देखकर मैं एक मुहूर्ततक विचार करतारहा ॥ ९ ॥ मैं उस-

बैठा एक मुहूर्ततक विचार करता रहा कि, यह क्या है तदनन्तर उसी मुहूर्तमें ... आश्चर्ययुक्त वार्ता देखी ॥ १० ॥ हे रघुनन्दन ! उस स्थानमें एक मनके
वेगकी समान हंसयुक्त विमान आया और उसमें अत्यन्त रूपवान् स्वर्गकी ॥ ११ ॥ एक सहस्र अप्सरायें दिव्य भूषण पहरे बैठी थीं उसमें कोई मनोहर गीत गाती और
कोई बाजे बजाती थीं ॥ १२ ॥ मृदंग, वीणा, नगारे, तबले आदि बजते थे. कोई २ उनमें नृत्य करती थीं; दूसरी स्त्रियें सोनेकी डंडी लगे चन्द्रमाके समान निर्मल
चामरोंसे ॥ १३ ॥ उसमें चढे हुए कमलनेत्रवाले स्वर्गवासीके मुखपर बयार कर रहीं थीं फिर जिस प्रकार सूर्य भगवान् सुमेरु पर्वतसे उतरते हैं इस प्रकार वह उस
विमानको त्यागन करके ॥ १४ ॥ हे रघुनन्दनजी ! हमारे देखते २ उस विमानपरसे उतरके वह स्वर्गवासी उस शवको भक्षण करने लगा ॥ १५ ॥ तदनन्तर
स्वर्गी इच्छानुसार पुष्टस्थानके मांसको भक्षण करके फिर जलपान करनेके निमित्त सरोवरमें आया ॥ १६ ॥ वह स्वर्गी जलपान कर आचमन करके फिर उस

विमानंपरमोदारंहंसयुक्तंमनोजवम् ॥ अत्यर्थंस्वर्गिणंतत्रविमानेरघुनन्दन ॥ ११ ॥ उपास्तेऽप्सरसांवीरसहस्रंदिव्यभूषणम् ॥ गायंतिकाश्चिद्र
म्याणिवादयंतितथापराः ॥ १२ ॥ मृदंगवीणापणवान्नृत्यंतिचतथापराः ॥ अपराश्चंद्ररश्म्याभैर्हेमदंडैर्महाधनैः ॥ १३ ॥ दोधूयुर्वदनंतस्यपुंड
रीकनिभेक्षणाः ॥ ततःसिंहासनंचित्वामेरुकूटमिवांशुमान् ॥ १४ ॥ पश्यतोमेतदारामविमानादवरुह्यच ॥ तंशवंभक्षयामाससस्वर्गीरघुनंदन ॥
॥ १५ ॥ ततोभुक्त्वायथाकाममांसंबहुसुपीवरम् ॥ अवतीर्यसरःस्वर्गीसंस्प्रष्टुमुपचक्रमे ॥ १६ ॥ उपस्पृश्ययथान्यायंसस्वर्गीरघुनंदन ॥ आरो
ढुमुपचक्रामविमानवरमुत्तमम् ॥ १७ ॥ तमहंदेवसंकाशमारोहंतमुदीक्ष्यवै ॥ अथाहमब्रुवंवाक्यंतमेवपुरुषर्षभ ॥ १८ ॥ कोभवान्देवसंकाश
आहारश्चविगर्हितः ॥ त्वयेदंभुज्यतेसौम्यकिमर्थंवक्तुमर्हसि ॥ १९ ॥ कस्यस्यादीदृशोभावआहारोदेवसंमतः ॥ आश्चर्यंवर्ततेसौम्यश्रोतुमिच्छा
मितत्त्वतः ॥ नाहमापेयिकंमन्येतवभक्ष्यमिमंशवम् ॥ २० ॥ इत्येवमुक्तःसनरेंद्रनाकीकौतूहलात्सूनृतयागिराच ॥ श्रुत्वाचवाक्यंममसर्वमेत
त्सर्वंतथाचाकथयन्ममेति ॥ २१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे सप्तसप्ततितमः सर्गः ॥ ७७ ॥

श्रेष्ठ विमानपर चढने लगा ॥ १७ ॥ हे राम ! तब उस देवताकी समान पुरुषको विमानमें चढते देखकर उससे मैं इस प्रकारसे वचन कहने लगा ॥१८॥ आप
देवताकी समान कौन हो ? किस कारण ऐसा निन्दित भोजन करते हो ? यह आप किस निमित्त खाते हो सो हमसे बताइये ॥ १९ ॥ हे सौम्य ! किसका ऐसा
आहार और ऐसा भाव होगा कोईभी देवता शव भोजन नहीं करते मुझे इससे बडा आश्चर्य है यह मैं सब श्रवण करना चाहता हूं ॥२०॥ हे रामचन्द्र ! जब मैंने
ऐसा कहा तो वह स्वर्गवासी मेरे वचन सुन कौतूहलसे सत्य और नम्र वाणीसे अपना सब वृत्तान्त मुझसे कहने लगा ॥ २१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्वा० वाल्मी० आदि०
उत्तरकांडे भाषाटीकायां सप्तसप्ततितमः सर्गः ॥ ७७ ॥

हे रघुनन्दन राम ! मेरे शुभाक्षर युक्त वचन सुनकर वह स्वर्गी हाथ जोडकर मुझसे कहने लगा ॥ १ ॥ हे भगवन् ! हमारे सुख दुःखका पूर्व वृत्तान्त श्रवण कीजिये । हे ब्राह्मण ! जिस प्रकार आप पूछते हैं सो सुनकर इसका निरादर न करना ॥ २ ॥ तीन लोकमें विख्यात मेरे पितासुदेवजी महायशस्वी विदर्भ देशके राजा थे ॥ ३ ॥ हे ब्रह्मन् ! उनकी रानियोंसे दो पुत्र उत्पन्न हुए मेरा नाम श्वेत मेरे छोटे भाईका नाम सुरथ हुआ ॥ ४ ॥ जिस समय पिताजी स्वर्गको गये तो पुरवासियोंने मुझे राजा बनाया तब मैं धर्मपूर्वक सावधानीसे राज्य करने लगा ॥ ५ ॥ हे ब्रह्मन् ! हे सुव्रत ! इस प्रकार धर्मसे प्रजा पालते और राज्य करते २ मुझे पांचहजार वर्ष बीत गये ॥ ६ ॥ हे ब्रह्मन् ! सो किसी लक्षणसे मैं अपनी शीघ्रता प्राप्त होनेवाली मृत्युका निश्चय करके कालधर्मके हृदयमें धारण कर

श्रुत्वातुभाषितंवाक्यंममरामशुभाक्षरम् ॥ प्रांजलिःप्रत्युवाचेदंसस्वर्गीरघुनंदन ॥ १ ॥ शृणुब्रह्मन्पुरावृत्तंममैतत्सुखदुःखयोः ॥ अनतिक्रमणीयं यथाप्रच्छसिमांद्विज ॥ २ ॥ पुरावैदर्भकोराजापितामममहायशाः ॥ सुदेवइतिविख्यातस्त्रिषुलोकेषुवीर्यवान् ॥ ३ ॥ तस्यपुत्रद्वयंब्रह्मन्द्वा भ्यांस्त्रीभ्यामजायत ॥ अहंश्वेतइतिख्यातोयवीयान्सुरथोभवत् ॥ ४ ॥ ततःपितरिस्वर्यातेपौरामामभ्यषेचयन् ॥ तत्राहंकृतवान्राज्यंधर्म्यंचसु समाहितः ॥ ५ ॥ एवंवर्षसहस्राणिसमतीतानिसुव्रत ॥ राज्यंकारयतोब्रह्मन्प्रजाधर्मेणरक्षतः ॥६॥ सोहंनिमित्तेकस्मिंश्चिद्विज्ञातायुर्द्विजोत्तम ॥ कालधर्मंहृदिन्यस्यततोवनमुपागमम् ॥ ७ ॥ सोहंवनमिदंदुर्गंमृगपक्षिविवर्जितम् ॥ तपश्चर्तुंप्रविष्टोस्मिसमीपेसरसःशुभे ॥ ८ ॥ भ्रातरंसुरथं राज्येअभिषिच्यनरेश्वरम् ॥ इदंसरःसमासाद्यतपस्तप्तंमयाचिरम् ॥ ९ ॥ सोहंवर्षसहस्राणितपस्त्रीणिमहावने ॥ तप्त्वासुदुष्करंप्राप्तोब्रह्मलो कमनुत्तमम् ॥१०॥ तस्यमेस्वर्गभूतस्यक्षुत्पिपासेद्विजोत्तम ॥ बाधेतेपरमोदारततोहंव्यथितेंद्रियः ॥११॥ गत्वात्रिभुवनश्रेष्ठंपितामहमुवाचह ॥ भगवन्ब्रह्मलोकोयंक्षुत्पिपासाविवर्जितः ॥ १२ ॥ कस्यायंकर्मणःपाकःक्षुत्पिपासानुगोह्यहम् ॥ आहारःकश्चमेदेवतन्मेब्रूहिपितामह ॥ १३ ॥

इसी वनमें गया ॥ ७ ॥ इस मृगपक्षी रहित वनमें प्रवेश करके मैं इस सरोवरके निकट तपस्या करने लगा ॥८॥ भाई सुरथ राजाको राज्यमें अभिषेक करके इस सरोवरके निकट मैंने बहुत कालतक तपस्या की ॥९॥ तीन सहस्र वर्षतक दुष्कर तपस्या करके परमश्रेष्ठ ब्रह्मलोकको प्राप्त हुआ ॥१०॥ हे द्विजोत्तम ! स्वर्गमें प्राप्त होकर भी मैं भूख प्याससे ऐसा कातर हुआ कि, भूखसे व्याकुलेन्द्रिय होगया ॥११॥तब मैं त्रिभुवनमें श्रेष्ठ ब्रह्माजीसे जाकर कहने लगा कि,हे भगवन् !यह ब्रह्मलोक भूख प्याससे रहित है ॥ १२ ॥ यह कौनसे कर्मोंका फल है जो इस स्थानमेंभी मुझे भूँख प्यास बाधा करती है ? हे पितामह ! मुझे कुछ भोजन करनेके निमित्त

पगारहे ॥ १३ ॥ यह वचन सुनकर ब्रह्माजी बोले, हे सुदेवनन्दन ! तुम्हारा भोजन तुम्हाराही स्वादिष्ठ मांसहो उसकोही तुम सदा भक्षण करो ॥ १४ ॥ तुमने तप करनेके समय अपने शरीरकोही पुष्ट किया है, हे श्वेत ! बिना बोये कदापि बीज उत्पन्न नहीं होता आपने कुछभी दान नहीं किया केवल तपही किया इस कारण स्वर्गमें प्राप्त होकरभी तुमको क्षुधा पीडित करती है ॥ १५ ॥ १६ ॥ इसीसे तुमने जो अपने शरीरको अनेक भोजन खवाकर पुष्ट किया है उसीको तुम अमृतकी समान भोजन करो इसीसे तुम्हारी क्षुधा निवृत्त होजायगी ॥ १७ ॥ हे श्वेत ! जिससमय उस वनमें दुर्द्धर्ष भगवान् अगस्त्यजी आवेंगे उससमय तुम इस दुःखसे छूट जाओगे ॥ १८ ॥ हे सौम्य ! तुम्हें क्या वह तो देवताओंकोभी तारनेमें समर्थ हैं कारण कि, तुम तो केवल क्षुधा पिपासासेही पीडितहो ॥ १९ ॥ हे बुद्धिमन् ! मैं

पितामहस्तुमामाहतवाहारःसुदेवज ॥ स्वादूनिस्वानिमांसानितानिभक्षयनित्यशः ॥ १४ ॥ स्वशरीरंत्वयापुष्टंकुर्वतातपउत्तमम् ॥ अनुप्तंरोहते श्वेतनकदाचिन्महामते ॥ १५ ॥ दत्तंनतेस्तिसूक्ष्मोपितपएवनिपेवसे ॥ तेनस्वर्गगतोवत्सबाध्यसेक्षुत्पिपासया ॥ १६ ॥ सत्वंसुपुष्टमाहारैः स्वशरीरमनुत्तमम् ॥ भक्षयित्वामृतरसंतेनवृत्तिर्भविष्यति ॥ १७ ॥ यदातुतद्वनंश्वेतअगस्त्यःसमहानृषिः ॥ आगमिष्यतिदुर्धर्षस्तदाकृच्छ्राद्विमोक्ष्यते ॥ १८ ॥ सहितारयितुंसौम्यशक्तःसुरगणानपि ॥ किंपुनस्त्वांमहाबाहोक्षुत्पिपासावशंगतम् ॥ १९ ॥ सोहंभगवतःश्रुत्वादेवदेवस्य निश्चयम् ॥ आहारंगर्हितंकुर्मिस्वशरीरंद्विजोत्तम ॥ २० ॥ बहून्वर्षगणान्ब्रह्मन्भुज्यमानमिदंमया ॥ क्षयंनाभ्येतिब्रह्मर्षेतृप्तिश्चापिममोत्तमा ॥ ॥ २१ ॥ तस्यमेकृच्छ्रभूतस्यकृच्छ्रादस्माद्विमोक्षय ॥ अन्येषांनगतिर्ह्यत्रकुंभयोनिमृतेद्विजम् ॥ २२ ॥ इदमाभरणंसौम्यधारणार्थंद्विजोत्तम ॥ प्रतिगृह्णीष्वभद्रंतेप्रसादंकर्तुमर्हसि ॥ २३ ॥ इदंतावत्सुवर्णंचधनंवस्त्राणिचद्विज ॥ भक्ष्यंभोज्यंचब्रह्मर्षेददाम्याभरणानिच ॥ २४ ॥ सर्वान्कामान्प्रयच्छामिभोगांश्चमुनिपुंगव ॥ तारणेभगवन्मह्यंप्रसादंकर्तुमर्हसि ॥ २५ ॥

इस प्रकारसे देवदेव ब्रह्माजीके वचन श्रवणकर इस अपने शरीरका गर्हित भोजन करता हूँ ॥ २० ॥ हे ब्रह्मन् ! यह भोजन करते २ मुझे बहुत वर्ष बीत गयेतो भी मेरा शरीर क्षपन होता है न मेरी तृप्ति होती है ॥ २१ ॥ हे भगवन् ! आप मुझे महादुःखीको संकटसे छुडाइये कारण कि, अगस्त्यजीके विना हमारा कोई छुडाने वाला नहीं है ॥ २२ ॥ हे सौम्य द्विजोत्तम ! यह सुवर्ण भूषण मैं आपके धारण करनेके निमित्त प्रदान करताहूं आपका मंगलहो आप इसे ग्रहण करके मेरे ऊपर कृपा कीजिये ॥ २३ ॥ हे ब्रह्मर्षि ! यह सुवर्ण वस्त्र धन भक्ष भोजन आभरण आपके निमित्त देताहूं यद्यपि सब पदार्थ विद्यमान हैं परन्तु दान न करनेसे हम इनको भोग नहीं करसकते ॥ २४ ॥ हे मुनिश्रेष्ठ ! यह सब काम और भोगके पदार्थ हम आपको प्रदान करते हैं । हे भगवन् ! अब कृपा करके हमें

धीमने ॥ २५ ॥ हे राम ! तब दुःखभरे उस तपस्वीके वाक्य सुनकर उसके तारनके निमित्त मन यह कंकण ग्रहण किया ॥ २६ ॥ हे राजर्षि रामचंद्र ! ज्योंही मैंने वह कंकण ग्रहण किया त्योंही वह उसका सरोवरका मनुष्य शरीर नष्ट होगया ॥ २७ ॥ उस शरीरके नष्ट होतेही वह राजर्षि प्रसन्नतासे हर्षितहो सुखपूर्वक स्वर्गको चलागया ॥ २८ ॥ हे राम ! इस चन्द्रकी समान कांतिवाले स्वर्गीने यह अद्भुत कंकण मुझे अपने तारनेके निमित्त दिया था ॥ २९ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामष्टसप्ततितमः सर्गः ॥ ७८ ॥ रामचंद्र ऐसे अगस्त्यजीके अद्भुत वचन सुनकर गौरव और विस्मयसे फिर प्रश्न करनेलगे ॥ १ ॥ हे भगवन् ! जिस वनमें वह विदर्भदेशका राजा श्वेत तपस्या करताथा वह घोर वन किस कारण मृगपक्षीहीन था ॥ २ ॥ उस मृगजन्तुरहित

तस्याहंस्वर्गिणोवाक्यंश्रुत्वादुःखसमन्वितम् ॥ तारणायोपजग्राहतदाभरणमुत्तमम् ॥ २६ ॥ मयाप्रतिगृहीतेतुतस्मिन्नाभरणेशुभे ॥ मानुषः पूर्वकोदेहोराजर्षेर्विननाशह ॥ २७ ॥ प्रनष्टेतुशरीरेसोराजर्षिःपरयामुदा ॥ तृप्तःप्रमुदितोराजाजगामत्रिदिवंसुखम् ॥ २८ ॥ तेनेदंशक्रतुल्येन दिव्यमाभरणंमम ॥ तस्मिन्निमित्तेकाकुत्स्थदत्तमद्भुतदर्शनम् ॥ २९ ॥ इति श्रीमद्रामायणे वाल्मी० आदिकाव्य उत्तरकांडेऽष्टसप्ततितमः सर्गः ॥ ७८ ॥ तदद्भुततमंवाक्यंश्रुत्वागस्त्यस्यराघवः ॥ गौरवाद्विस्मयाचैवभूयःप्रष्टुंप्रचक्रमे ॥ १ ॥ भगवंस्तद्वनंघोरंतपस्तप्यतियत्रसः ॥ श्वेतोवैदर्भकोराजाकथंतदमृगद्विजम् ॥ २ ॥ तद्वनंसकथंराजाशून्यंमनुजवर्जितम् ॥ तपश्चर्तुंप्रविष्टःसश्रोतुमिच्छामितत्त्वतः ॥ ३ ॥ रामस्यवचनंश्रुत्वाकौतूहलसमन्वितम् ॥ वाक्यंपरमतेजस्वीवक्तुमेवोपचक्रमे ॥ ४ ॥ पुराकृतयुगेराममनुर्दंडधरःप्रभुः ॥ तस्यपुत्रोमहानासीदिक्ष्वाकुःकुलनंदनः ॥ ५ ॥ तंपुत्रंपूर्वकंराज्येनिक्षिप्यभुविदुर्जयम् ॥ पृथिव्यांराजवंशानांभवकर्तेत्युवाचतम् ॥ ६ ॥ तथैवचप्रतिज्ञातंपितुःपुत्रेणराघव ॥ ततःपरमसंतुष्टोमनुःपुत्रमुवाचह ॥ ७ ॥ प्रीतोस्मिपरमोदारकर्ताचासिनसंशयः ॥ दंडेनचप्रजारक्षमाचदंडमकारणे ॥ ८ ॥

वनमें वह राजा तपस्या करनेको क्यों आयाथा यह सुननेकी मेरी इच्छाहै ॥३॥ तेजस्वी अगस्त्यजी रघुनाथजीके इसप्रकार कौतूहलयुक्त वचन श्रवणकर कहने लगे ॥ ४ ॥ हे रामचन्द्र ! आगे सतयुगमें जब मनुजी राजा थे जिनके पुत्र वंशके बढानेहारे बडे विख्यात इक्ष्वाकु हुए ॥५॥ राजा मनुजीने अपने दुर्जय पुत्रको सिंहासनपर बैठायके कहा कि, तुम पृथ्वीके विषे राजवंशोंका विस्तार करो ॥ ६ ॥ हे रामचंद्र ! पुत्रने पिताकी यह आज्ञा अंगीकार की तब मनुजी परम संतुष्ट होकर पुत्रसे बोले ॥ ७ ॥ हे परमोदार पुत्र ! मैं आपके ऊपर प्रसन्नहूं तुम वंशकर्ता होगे प्रजाको दंडसे रक्षा करना परन्तु अकारण

कभी दंड न देना ॥ ८ ॥ राजाने अपराधी पुरुषोंकोही जो दंड दियाहै वह विधिपूर्वक दिया हुआ दंड राजाको स्वर्गमें लेजाताहै ॥९॥ हे महाभुज ! पुत्र ! इसकारण दंड देनेसे बहुत सावधान रहना धर्मही संसारमें सब कुछहै ऐसा करनेसे धर्मकी प्राप्ति तुमको होगी ॥ १० ॥ इसप्रकार मनुजी अपने पुत्रको बहुत प्रकारसे समझायकर प्रसन्नहो समाधिद्वारा आप सनातन ब्रह्मलोकको गये ॥ ११ ॥ उनके स्वर्ग जानेपर महापराक्रमी इक्ष्वाकुजी, पुत्र किसप्रकार उत्पन्न किये जायँ यह चिंता करनेलगे ॥ १२ ॥ यज्ञ दान तप लक्षणवाले अनेक कर्म करके उन महात्माने देवपुत्रोंकी समान सौ पुत्र उत्पन्न किये ॥ १३ ॥ हे रघुनन्दन ! उनमें सबसे छोटा था वह मूढ विद्याहीन हुआ और अपने बडे भाइयोंकी शुश्रूषा उसने नहीं की ॥१४॥ उस अल्प तेजस्वी पुत्रका नाम पिताने दंड रक्खा कारण कि, उन्होंने शोच लिया कि, अवश्य इसके शरीरपर दंडपात होगा ॥ १५ ॥ हे शत्रुसूदन राम ! जैसे यह पुत्र थे इनके योग्य अतिघोर देश न देखकर राजाने

अपराधिपुयोदंडःपात्यतेमानवेपुवै ॥ सदंडोविधिवन्मुक्तःस्वर्गनयतिपार्थिवम् ॥९॥ तस्माद्दंडेमहाबाहोयत्नवान्भवपुत्रक ॥ धर्मोहिपरमोलोके कुर्वतस्तेभविष्यति ॥१०॥ इतितंबहुसंदिश्यमनुःपुत्रंसमाधिना ॥ जगामत्रिदिवंहृष्टोब्रह्मलोकंसनातनम् ॥११॥ प्रयातेत्रिदिवेतस्मिन्निक्ष्वाकुरमितप्रभः ॥ जनयिष्येकथंपुत्रानितिचिंतापरोभवत् ॥१२॥ कर्मभिर्बहुरूपैश्चतैस्तैर्मनुसुतस्तदा ॥ जनयामासधर्मात्माशतंदेवसुतोपमान्॥१३॥ तेषामवरजस्तातसर्वेषांरघुनंदन ॥ मूढश्चाकृतविद्यश्चनशुश्रूषतिपूर्वजान् ॥१४॥ नामतस्यचदंडेतिपिताचक्रेऽल्पतेजसः ॥ अवश्यंदंडपतनंशरीरेस्यभविष्यति ॥ १५ ॥ अपश्यमानस्तंदेशंघोरंपुत्रस्यराघव ॥ विंध्यशैवलयोर्मध्येराज्यंप्रादादरिंदम ॥ १६ ॥ सदंडस्तत्रराजाभूद्रम्येपर्वतरोधसि ॥ पुरंचाप्रतिमंरामन्यवेशयदनुत्तमम् ॥ १७ ॥ पुरस्यचाकरोन्नाममधुमंतमितिप्रभो ॥ पुरोहितंतूशनसंवरयामाससुव्रतम् ॥१८॥ एवंसराजाराज्यमकरोत्सपुरोहितः ॥ प्रहृष्टमनुजाकीर्णंदेवराजोयथादिवि ॥१९॥ ततःसराजामनुजेंद्रपुत्रःसार्धंचतेनोशनसातदानीम् ॥ चकारराज्यंसुमहान्महात्माशक्रोदिवीवोशनसासमेतः ॥ २० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्ये उत्तरकांडे एकोनाशीतितमःसर्गः॥७९॥

विन्ध्याचल और शैवल पर्वतके बीचके देशका राज्य दंडको दिया ॥ १६ ॥ उन रम्यपर्वतके बीच देशोंका वह दंड राजा हुआ, हे रामचन्द्रजी ! वहां उनने एक बहुत उत्तम नगरभी बसाया ॥ १७ ॥ हे राम ! उस पुरका नाम मधुमान रक्खा और उसने सुव्रत शुक्राचार्यको अपना पुरोहित किया ॥१८॥ इस प्रकारसे वह राजा पुरोहितके साथ हृष्टपुष्ट मनुष्योंसे युक्त उस देशका राज्य करने लगे, जैसे इन्द्र देवलोकका राज्य करते हैं ॥ १९ ॥ उस समय इक्ष्वाकुके पुत्र महात्मा दंडजी शुक्राचार्यके साथ अपने नगरका ऐसे राज्य करने लगे जिस प्रकारसे इन्द्र देवलोकका राज्य करते हैं ॥ २० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदि

कृतयुगमें महर्षि अगस्त्यजी रामचन्द्रजी इसप्रकार कहकर इसी कथाके सम्बन्धमें विशेष कहने लगे ॥ १ ॥ हे राम ! इस प्रकार वह चतुरतासे युक्त होकर राजा दण्ड बहुत वर्षों तक निष्कंटक राज्य उस देशका करते रहे ॥ २ ॥ कुछ दिनों उपरान्त एक समय मनोहर चैत्रमासमें राजा दण्ड शुक्राचार्यके आश्रममें आया ॥ ३ ॥ वहां दण्डने वनमें विहार करती परमसुन्दरी शुक्राचार्यकी कन्या देखी ॥ ४ ॥ वह दुर्मति उसे देखतेही कामबाणसे पीडित हो व्याकुलतासे उस कन्याके निकट जाकर कहने लगा ॥ ५ ॥ हे सुश्रोणि ! तुम कौन हो? कहांसे आईहो? किसकी कन्याहो? हेशुभानने ! यह सब कुछ कामसे पीडित होकर तुमसे पूंछता हूं ॥ ६ ॥ उस महामदनोन्मत्त कामीके ऐसा कहनेपर शुक्राचार्यकी कन्या नम्रतासे कहने लगी ॥ ७ ॥ हे राजेंद्र ! हम अक्लिष्टकर्मा भार्गवकी ज्येष्ठ कन्या

एतदाख्यायरामायमहर्षिःकुंभसंभवः ॥ अस्यामेवापरंवाक्यंकथायामुपचक्रमे ॥ १ ॥ ततःसदंडःकाकुत्स्थबहुवर्षगणायुतम् ॥ अकरोत्तत्रदांतात्माराज्यंनिहतकंटकम् ॥ २ ॥ अथकालेतुकस्मिंश्चिद्राजाभार्गवमाश्रमम् ॥ रमणीयमुपाक्रामच्चैत्रेमासिमनोरमे ॥ ३ ॥ तत्रभार्गवकन्यांसरूपेणाप्रतिमांभुवि ॥ विचरंतींवनोद्देशेदंडोऽपश्यदनुत्तमाम् ॥ ४ ॥ सदृष्ट्वातांसुदुर्मेधाअनंगशरपीडितः ॥ अभिगम्यसुसंविग्नःकन्यांवचनमब्रवीत् ॥ ५ ॥ कुतस्त्वमसिसुश्रोणिकस्यवासिसुताशुभे ॥ पीडितोहमनंगेनपृच्छामित्वांशुभानने ॥ ६ ॥ तस्यत्वेवंब्रुवाणस्यमोहोन्मत्तस्यकामिनः ॥ भार्गवीप्रत्युवाचेदंवचःसानुनयंन्विदम् ॥ ७ ॥ भार्गवस्यसुतांविद्धिदेवस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ अरजांनामराजेंद्रज्येष्ठामाश्रमवासिनीम् ॥ ८ ॥ मामास्पृशत्वंराजेन्द्रकन्यापितृवशाह्यहम् ॥ गुरुःपितामेराजेंद्रत्वंचशिष्योमहात्मनः ॥ ९ ॥ व्यसनंसुमहत्क्रुद्धःसतेदद्यान्महातपाः ॥ यदिवान्यन्मयाकार्यंधर्मदृष्टेनसत्पथा ॥ १० ॥ वरयस्वनरश्रेष्ठपितरंमेमहाद्युतिम् ॥ अन्यथातुफलंतुभ्यंभवेद्घोराभिसंहितम् ॥ ॥ ११ ॥ क्रोधेनहिपितामेस्त्रैलोक्यमपिनिर्दहेत् ॥ दास्यतेचानवद्यांगतवमायाचितःपिता ॥ १२ ॥ एवंब्रुवाणामरजांदंडःकामवशंगतः ॥ प्रत्युवाचमदोन्मत्तःशिरस्याधायचांजलिम् ॥ १३ ॥

हैं मेरा नाम अरजा है और हम इसी आश्रममें रहती हैं ॥ ८ ॥ हे राजन् ! आप मुझ कन्याको बलसे मत छूइये कारण कि, मैं पिताके वशमें हूं हे राजेंद्र ! मेरे पिता तुम्हारे गुरु हैं और तुम उन महात्माके शिष्य हो ॥ ९ ॥ यदि तुम बलसे हमको छुओगे तो हमारे पिता तुमपर महाक्रोध प्रकाश करेंगे यदि तुम्हारी मेरी इच्छा है तो धर्मपूर्वक धर्ममार्गसे ग्रहण करो ॥ १० ॥ हे नरश्रेष्ठ ! महाद्युतिमान् पिताजीके पास जाकर तुम मुझे मांगो अन्यथा करनेसे तुमको महाघोर फल प्राप्त होगा

ऐसा कहा तो वह दंड कामसे पीडितहो हाथ जोडकर कहने लगा ॥ १३ ॥ हे सुश्रोणि ! अब मेरे ऊपर प्रसन्नहो वृथा कालक्षेप मत करो। हे वरानने ! तुम्हारे निमित्त अब मेरे प्राण पयान करतेहैं ॥१४॥ तुमको प्राप्तहो फिर चाहे मरण होजाय या कठिन पाप हो परन्तु हे भीरु ! अब तो विह्वल मुझे अपने भक्तको भजो ॥ १५ ॥ ऐसा कहकर उस बली दंडने दोनों हाथोंसे कन्याको आलिंगन किया यद्यपि उसने पलायनकी इच्छा करी परन्तु वह उसे गिराकर रमण करने लगा ॥१६॥ वह दंडराजा इस महाघोर अनर्थको करके शीघ्रतासे अपने मधुमान नगरको चला आया ॥१७॥ यहां अरजाभी रोती २ अपने आश्रमके निकट खडी हो व्याकुलतासे देवताकी समान अपने पिताको देखने लगी ॥ १८ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामशीतितमः सर्गः ॥ ८० ॥

प्रसादंकुरुसुश्रोणिनकालंक्षेप्तुमर्हसि ॥ त्वत्कृतेहिममप्राणाविदीर्यंतेवरानने ॥ १४ ॥ त्वांप्राप्यतुवधोवापिपापंवापिसुदारुणम् ॥ भक्तंभजस्व मांभीरुभजमानंसुविह्वलम् ॥ १५ ॥ एवमुक्त्वातुतांकन्यांदोर्भ्यांप्राप्यबलाद्बली ॥ विस्फुरंतींयथाकाममैथुनायोपचक्रमे ॥ १६ ॥ तमनर्थं महाघोरंदंडःकृत्वासुदारुणम् ॥ नगरंप्रययावाशुमधुमंतमनुत्तमम् ॥ १७ ॥ अरजापिरुदंतीसाआश्रमस्याविदूरतः ॥ प्रतीक्षतेसुसंत्रस्ताछपितरं देवसन्निभम ॥ १८ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांड अशीतितमः सर्गः ॥ ८० ॥ समुहूर्तादुपश्रुत्यदेवर्षिरमितप्रभः ॥ स्वमाश्रमंशिष्यवृतः क्षुधार्तःसंन्यवर्तत ॥१॥ सोपश्यदरजांदीनांरजसासमभिप्लुताम् ॥ ज्योत्स्नामिवग्रहग्रस्तांप्रत्यूषेनविराजतीम् ॥ २ ॥ तस्यरोषःसमभवत्क्षुधार्तस्यविशेषतः ॥ निर्दहन्निवलोकांस्त्रीन्शिष्यांश्चेतदुवाचह ॥ ३ ॥ पश्यध्वंविपरीतस्यदंडस्याविदितात्मनः ॥ विपत्तिंघोरसंकाशांक्रुद्धादग्निशिखामिव ॥ ४ ॥ क्षयोस्यदुर्मतेःप्राप्तःसानुगस्यमहात्मनः ॥ यःप्रदीप्तांहुताशस्यशिखांवैस्प्रष्टुमर्हति ॥ ५ ॥ यस्मात्सकृतवान्पापमीदृशंघोरसंहितम् ॥ तस्मात्प्राप्स्यतिदुर्मेधाःफलंपापस्यकर्मणः ॥ ६ ॥

महाप्रतापी देवर्षि शुक्राचार्यजी किसी शिष्यसे अरजाका वृत्तान्त श्रवणकर शिष्योंसहित भूखेही अपने आश्रममें प्राप्त हुए ॥ १ ॥ उन्होंने महादीन धूसरांग रुदन करते ग्रहण लगे हुए प्रातःकालके समान अशोभित अरजाको देखा ॥ २ ॥ एक तो दारुण वृत्तान्त दूसरे क्षुधित होनेके कारण ऋषिको क्रोध हुआ त्रिलोकीको भस्म करतेहुएसे अपने शिष्योंसे बोले ॥ ३ ॥ तुम उस विपरीत करनेवाले दुरात्मा दंडके ऊपर क्रोधित अग्निशिखाकी समान आई घोर विपत्ति देखो ॥ ४ ॥ इस दुरात्माका अनुचरोंसहित नाश प्राप्त हुआहै कि, जलतीहुई अग्निकी शिखाके छूनेका इसने साहस कियाहै ॥ ५ ॥ जिस कारण वि.

पापीने ऐसा घोर कर्म किया है उससे यह दुष्ट इस अपने कुत्सित कर्मका शीघ्र फल पावेगा ॥ ६ ॥ यह दुर्मति राजा सात दिनमें पुत्र बलवाहन सहित इस पापके कारणसे नाश होजायगा ॥ ७ ॥ इस दुष्ट राजाके सौ योजनतक चारों ओर राज्यको इन्द्रजी महाधूरि वर्षाकर भस्मकर डालेंगे ॥ ८ ॥ जितने यहांके स्थावर जंगम जीव हैं जो चर अचर हैं वे सब धूरिके वर्षनेसे नाश होजायँगे ॥९॥ जितना यह दंडका राज्य है सात दिनतक निरंतर धूरि वर्षनेसे अलक्षित होजायगा कहीं चिह्नभी न रहेगा ॥ १० ॥ इस प्रकार क्रोधसे लाल नेत्र कर शुक्रजीने उस आश्रमके वासियोंसे कहा कि, तुम इस देशको छोड शीघ्रतासे दूसरे स्थानोंमें चले जाओ ॥ ११ ॥ शुक्रजीके यह वचन सुन उस आश्रमके निवासी जन वहाँसे उठकर दूसरे देशोंको शीघ्रतासे चलेगये ॥ १२ ॥ इस प्रकार आश्रमवासियोंसे कह

सप्तरात्रेणराजासौसपुत्रबलवाहनः॥ पापकर्मसमाचारोवधंप्राप्स्यतिदुर्मतिः॥७॥समंताद्योजनशतंविषयंचास्यदुर्मतेः॥धक्ष्यतेपांसुवर्षेणमहतापाकशासनः॥८॥ सर्वसत्त्वानियानीहस्थावराणिचराणिच ॥ महतापांसुवर्षेणविलयंसर्वतोगमन् ॥९॥ दंडस्यविषयोयावत्तावत्सर्वंसमुच्छ्रयम् ॥ पांसुवर्षमिवालक्ष्यंसप्तरात्रंभविष्यति ॥ १० ॥ इत्युक्त्वाक्रोधताम्राक्षस्तमाश्रमनिवासिनम् ॥ जनंजनपदांतेषुस्थीयतामितिचाब्रवीत् ॥ ११ ॥ श्रुत्वातूशनसोवाक्यंसोश्रमावसथोजनः ॥ निष्क्रांतोविषयात्तस्मात्स्थानंचक्रेथबाह्यतः॥१२॥सतथोक्त्वामुनिजनमरजामिदमब्रवीत् ॥ इहैववस दुर्मेधेआश्रमेसुसमाहिता ॥१३॥ इदंयोजनपर्यंतंसरःसुरुचिरप्रभम् ॥ अरजेविज्वराभुंक्ष्वकालश्चात्रप्रतीक्ष्यताम् ॥ १४ ॥ त्वत्समीपेचयेसत्त्वावाममेष्यंतितांनिशाम् ॥ अवध्याःपांसुवर्षेणतेभविष्यंतिनित्यदा ॥१५॥ श्रुत्वानियोगंब्रह्मर्षेःसाऽरजाभार्गवीतदा॥ तथेतिपितरंप्राहभार्गवंभृशदुःखिता ॥ १६ ॥ इत्युक्त्वाभार्गवोवासमन्यत्रसमकारयत् ॥ तच्चराज्यंनरेंद्रस्यसभृत्यबलवाहनम् ॥१७॥ सप्ताहाद्भस्मसाद्भूतंयथोक्तंब्रह्मवादिना॥ तस्यासौदंडविषयोविंध्यशैवलयोर्नृप ॥ १८ ॥ शप्तोब्रह्मर्षिणातेनवैधर्म्येसहितेकृते ॥ ततःप्रभृतिकाकुत्स्थदंडकारण्यमुच्यते ॥ १९ ॥

कर शुक्रजीने अरजासे कहा हे दुष्टबुद्धि ! तू इसी स्थानपर एकाग्रचित्तहो निवास कर ॥ १३ ॥ हे अरजे ! यह जो एक योजनका कांतिमान सरोवर इस स्थानमें है यहां स्थित हो अपने कर्मोंका फल भोगती कालकी प्रतीक्षा कर ॥ १४ ॥ उन सात रात्रियोंमें जो पशु पक्षी तेरे समीप वास करेंगे उनका नाश नहीं होगा वे धूरि वर्षनेसे नहीं दबेंगे ॥ १५ ॥ पिताजीके कहेहुए वचन श्रवणकर अरजाने महादुःखी होकर उनकी आज्ञा तत्काल स्वीकार करी ॥ १६ ॥ यह कहकर शुक्रजीभी दूसरे स्थानमें वास करनेको चले गये और वह भृत्य वाहनसहित राजाका राज्य ॥ १७ ॥ जैसा ब्रह्मवादी ऋषिने कहा था उसीके अनुसार सात दिनमें सब भस्म होगया । हे राम ! यह विन्ध्याचल और शैवलपर्वतके बीचमें उसीका राज्य था ॥१८॥ ब्रह्मर्षिके शाप देनेसे उसे यह पापका फल मिला, हे रामचन्द्र ! उसी

दिनमें इस देशका नाम दण्डकारण्य विख्यात है ॥ १९ ॥ हे रामचन्द्र ! तपस्वियोंके वास करनेसे यह जनस्थान कहलाया हे राघव ! जो कुछ आपने पूँछा वह सब वर्णन किया ॥ २० ॥ हे वीर ! अब संध्योपासनका समय आगया कारण कि यह सब ऋषि जलसे पूर्ण घडे लिये हुए सब ओरसे ॥ २१ हे नरसिंह ! स्नानादि करके आदित्य भगवान्‌की उपासना करतेहैं इसकारण चलकर इन सत्यवादी ब्राह्मणोंके संग बैठकर आचमन आदि करो कारण कि, अब सूर्य भगवान् अस्त होगये ॥२२॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी०आदि० उत्तरकांडे भापाटीकायामेकाशीतितमः सर्गः ॥८१॥ अगस्त्यजीके वचन सुनकर रघुनाथजी अप्सराओंसे सेवित उस निर्मल सरोवरके निकट संध्यावंदन करने चले ॥१॥ तहां जाय जलस्पर्शकर सायंसंध्यासे निश्चिन्त होकर रघुनाथ महात्मा अगस्त्यजीके आश्रममें चले आये ॥२॥

तपस्विनः स्थिताह्यत्रजनस्थानमतोभवत् ॥ एतत्तेसर्वमाख्यातंयन्मांपृच्छसिराघव ॥ २० ॥ संध्यामुपासितुंवीरसमयोह्यतिवर्तते ॥ एतेमहर्षयःसर्वेपूर्णकुंभाःसमंततः ॥ २१ ॥ कृतोदकानरव्याघ्रआदित्यंपर्युपासते ॥ सतैर्ब्राह्मणमभ्यस्तंसहितैर्ब्रह्मवित्तमैः ॥ रविरस्तंगतोरामगच्छोदकमुपस्पृश ॥ २२ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांड एकाशीतितमः सर्गः ॥ ८१ ॥ ऋषेर्वचनमाज्ञायरामःसंध्यामुपासितुम् ॥ अपाक्रामत्सरःपुण्यमप्सरोगणसेवितम् ॥ १ ॥ तत्रोदकमुपस्पृश्यसंध्यामन्वास्यपश्चिमाम् ॥ आश्रमंप्राविशद्रामःकुंभयोनेर्महात्मनः ॥ २ ॥ तस्यागस्त्योबहुगुणंकंदमूलंतथौषधम् ॥ शाल्यादीनिपवित्राणिभोजनार्थमकल्पयत् ॥ ३ ॥ सभुक्तवान्नरश्रेष्ठस्तदन्नममृतोपमम् ॥ प्रीतश्चपरितुष्टश्चतांरात्रिंसमुपाविशत् ॥ ४ ॥ प्रभातेकाल्यमुत्थायकृत्वाह्निकमरिंदमः ॥ ऋषिंसमुपचक्रामगमनायरघूत्तमः ॥ ५ ॥ अभिवाद्याब्रवीद्रामोमहर्षिंकुंभसंभवम् ॥ आपृच्छेस्वाश्रमंगंतुंमामनुज्ञातुमर्हसि ॥ ६ ॥ धन्योस्म्यनुगृहीतोस्मिदर्शनेनमहात्मनः ॥ द्रष्टुंचैवागमिष्यामिपावनार्थंमहात्मनः ॥ ७ ॥

अगस्त्यजीने रामचन्द्रके भोजन करनेके निमित्त अनेक प्रकारके स्वादिष्ठ कन्द मूल फल औषधी चावल आदि पवित्र सामग्री सहित दिये ॥३॥ वह नरश्रेष्ठ रामचंद्रने अगस्त्यजीके दिये अमृतकी समान पदार्थोंको भोजनकर प्रसन्नतासे वह रात्रि उसी आश्रममें विताई ॥ ४ ॥ प्रातःकालही उठ और पूर्वकालके कृत्यसे निश्चिन्त हो विदा होनेके निमित्त रघुनाथजी अगस्त्यजीके पास आये ॥ ५ ॥ रामचंद्र प्रणाम करके अगस्त्यजीसे कहने लगे हे भगवन् ! अब मुझे स्थानपर जानेकी आज्ञा दीजिये ॥६॥ मैं धन्यहूं आपने मेरे ऊपर बडा अनुग्रह किया आप महात्माके दर्शनमें मैं कृतार्थ हुआ और पवित्र होनेके निमित्त आपके निकट मैं कभी २ आया करूंगा ॥

८ ॥ हे रघुनंदन ! यह सुन्दर ...
अद्भुत हैं आप संपूर्ण प्राणियोंके पवित्र करनेहारे हैं ॥ ९ ॥ हे रामचन्द्रजी ! जो कोई एक मुहूर्तकोभी आपका दर्शन करतेहैं वह सब लोकोंको पवित्र करतेहुए स्वर्गमें गमनकर देवताओंसे पूजित होते हैं ॥ १० ॥ और जो प्राणी पृथ्वीमें आपको क्रूरदृष्टिसे देखतेहैं वह यमदंडसे ताडित होकर नरकको जाते हैं ॥ ११ ॥ हे रघुनाथजी ! संपूर्ण प्राणियोंके पवित्र करनेहारे आप इसप्रकार हैं । हे राघव ! पृथ्वीमें जो कोई आपके चरित्र वर्णन करेंगे वह सिद्ध होजायँगे ॥ १२ ॥ आप अपने स्थानपर निर्भय पधारिये मार्ग आपको मंगलकारी हो धर्मपूर्वक राज्यपालन कीजिये कारण कि, आपही जगत्की गति हो ॥ १३ ॥ जब मुनिराजने ऐसा कहा

तथावदतिकाकुत्स्थेवाक्यमद्भुतदर्शनम् ॥उवाचपरमप्रीतोधर्मनेत्रस्तपोधनः॥ ८ ॥ अत्यद्भुतमिदंवाक्यंतवरामशुभाक्षरम् ॥ पावनःसर्वभूतानां त्वमेवरघुनंदन ॥ ९ ॥ मुहूर्तमपिरामत्वांयेनुपश्यंतिकेचन ॥ पाविताःस्वर्गभूताश्चपूज्यास्तेत्रिदिवेश्वरैः ॥ १० ॥ येचत्वांघोरचक्षुर्भिःपश्यंतिप्राणिनोभुवि ॥ हतास्तेयमदंडेनसद्योनिरयगामिनः ॥ ११ ॥ ईदृशस्त्वंरघुश्रेष्ठपावनःसर्वदेहिनाम् ॥ भुवित्वांकथयंतोहिसिद्धिमेष्यंतिराघव ॥ ॥ १२ ॥ त्वंगच्छारिष्टमव्यग्रःपंथानमकुतोभयम् ॥ प्रशाधिराज्यंधर्मेणगतिर्हिजगतोभवान् ॥ १३ ॥ एवमुक्तस्तुमुनिनाप्रांजलिःप्रग्रहोनृपः ॥ अभ्यवादयतप्राज्ञस्तमृषिंसत्यशीलिनम् ॥ १४ ॥ अभिवाद्यऋषिश्रेष्ठंतांश्चसर्वांस्तपोधनान् ॥ अध्यारोहत्तदव्यग्रःपुष्पकंहेमभूषितम् ॥ ॥ १५ ॥ तंप्रयांतंमुनिगणाआशीर्वादैःसमंततः ॥ अपूजयन्महेंद्राभंसहस्राक्षमिवामराः ॥१६॥ स्वस्थःसददृशेरामःपुष्पकेहेमभूषिते ॥ शशीमेघसमीपस्थोयथाजलधरागमे ॥ १७ ॥ ततोर्धदिवसेप्राप्तेपूज्यमानस्ततस्ततः ॥ अयोध्यांप्राप्यकाकुत्स्थोमध्यकक्षामवातरत् ॥ १८ ॥ ततोविसृज्यरुचिरंपुष्पकंकामगामिनम् ॥ विसर्जयित्वागच्छेतिस्वस्तितेस्त्विितिचप्रभुः ॥ १९ ॥

तो बुद्धिमान् रामचन्द्रने सत्यशीलवान् ऋषिको कर जोडकर प्रणाम किया ॥ १४ ॥ इसप्रकार ऋषिश्रेष्ठ अगस्त्य तथा और सब मुनियोंको अभिवादन कर रघुनाथजी स्वस्थचित्तसे सुवर्णभूषित विमानमें चढे ॥ १५ ॥ जिस प्रकार इन्द्रकी देवता पूजा करते हैं इसी प्रकारसे रघुनाथजीको जाते देख मुनिजन आशीर्वादोंसे रघुनाथजीकी पूजा करने लगे ॥ १६ ॥ सुवर्णभूषित पुष्पक विमानमें बैठे आकाशमार्गमें रघुनाथजी ऐसे शोभित हुए जैसे वर्षाकालीन मेघके निकट चन्द्रमा शोभित होताहै ॥ ॥ १७ ॥ इस प्रकार रघुनाथजी मार्गमें अनेक स्थलोंमें पूजितहो मध्याह्नसमय अयोध्यामें प्राप्त हुए और बीचकी पौरीमें उतरे ॥ १८ ॥ तब प्रभुने उस श्रेष्ठ काम

गामी विमानसे कहा कि तुम्हारा मंगलहो अब तुम कुवेरजीके स्थानमें जाओ ॥ १९ ॥ तब रघुनाथजी पुष्पकको विदा दे उस स्थानके द्वारपालसे बोले उन श्रेष्ठ विक्रमी भरत और लक्ष्मणजीके निकट जाकर हमारा आना निवेदन करो और सब नगरमें भी हमारे आनेका समाचार कहदो ॥ २० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे भाषाटीकायां द्व्यशीतितमः सर्गः ॥ ८२ ॥ सरलकर्मकारी रघुनाथजीके वचन श्रवणकर द्वारपाल भरत और लक्ष्मणको बुला लाया और रघुनाथजीसे उनका आना निवेदन किया ॥ १ ॥ भरत लक्ष्मणजीने रघुनाथजीके दर्शन किये और रघुनाथजीने देखतेही उन दोनोंको हृदयसे लगा कर कहा ॥ २॥ मैंने ब्राह्मणका संपूर्ण कार्य किया परंतु अब एक धर्मसेतु (अर्थात् राजसूयादि यज्ञ) करनेकी इच्छाहै॥ ३॥मेरे मतमें धर्मसेतु अक्षय अव्यय धर्मका बढा

कक्षांतरस्थितंक्षिप्रंद्वास्थंरामोब्रवीद्वचः ॥ लक्ष्मणंभरतंचैवगत्वातौलघुविक्रमौ ॥ ममागमनमाख्यायशब्दापयतमाचिरम् ॥२०॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे द्व्यशीतितमःसर्गः ॥ ८२ ॥ तच्छ्रुत्वाभाषितंतस्यरामस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ द्वाःस्थःकुमारावाहूय राघवायन्यवेदयत् ॥१॥ दृष्ट्वातुराघवःप्राप्तावुभौभरतलक्ष्मणौ ॥ परिष्वज्यततोरामोवाक्यमेतदुवाचह ॥२॥ कृतंमयायथातथ्यंद्विजकार्यमनुत्तमम् ॥ धर्मसेतुमथोभूयःकर्तुमिच्छामिराघवौ ॥ ३ ॥ अक्षयश्चाव्ययश्चैवधर्मसेतुर्मतोमम ॥ धर्मप्रवचनंचैवसर्वपापप्रणाशनम् ॥ ४ ॥ युवाभ्यामात्मभूताभ्यांराजसूयमनुत्तमम् ॥ सहितोयष्टुमिच्छामितत्रधर्मस्तुशाश्वतः ॥ ५ ॥ इष्ट्वातुराजसूयेन मित्रः शत्रुनिबर्हणः ॥ सुहुतेनसुयज्ञेनवरुणत्वमुपागमत् ॥ ६ ॥ सोमश्चराजसूयेनइष्ट्वाधर्मेणधर्मवित् ॥ प्राप्तश्चसर्वलोकेषुकीर्तिंस्थानंचशाश्वतम ॥ ७ ॥ अस्मिन्नहनियच्छ्रेयश्चिंत्यतांतन्मयासह ॥ हितंचायतियुक्तंचप्रयतौवक्तुमर्हथः ॥ ८ ॥ श्रुत्वातुराघवस्यैतद्वाक्यंवाक्यविशारदः ॥ भरतःप्रांजलिर्भूत्वावाक्यमेतदुवाचह ॥ ९ ॥ त्वयिधर्मःपरःसाधोत्वयिसर्वावसुंधरा ॥ प्रतिष्ठितामहाबाहोयशश्चामितविक्रम ॥ १० ॥

नेहारा और सब पापोंका नाश करनेहाराहै ॥४॥ अपने तुम दोनों भाइयोंकी सहायतासे मैं यज्ञश्रेष्ठ राजसूयका अनुष्ठान किया चाहताहूं इसके करनेसे अक्षय धर्म होताहै॥ ॥ ५॥ शत्रुतापन मित्रजी सम्यक् प्रकारसे राजसूय यज्ञका अनुष्ठान कर वरुणकी पदवीको प्राप्त हुएहैं ॥ ६ ॥ धर्मात्मा सोमभी धर्मपूर्वक राजसूय यज्ञ करके अत्यन्त कीर्ति और अक्षय स्थानको प्राप्त हुए ॥ ७ ॥ सो आजहीके दिन तुम दोनों इस विषयमें सम्मति करके जो हितकारक और उत्तर कालमें भी सुखदायक वार्ता हो सो कहो ॥ ८ ॥ बोलनेमें चतुर भरतजी रघुनाथजीके यह वचन

जव महात्मा भरतजीसे रघुनाथजीने ऐसा कहा तो लक्ष्मणजी रघुनाथजीसे मनोहर वचन वोले ॥ १ ॥ हे रघुनंदन ! सम्पूर्ण पापोंसे पवित्र करनेहारा अश्वमेध यज्ञ है हे दुर्धर्ष ! यदि आपकी इच्छा हो तो यही यज्ञ कीजिये॥२॥ ऐसा सुनाहै कि, पूर्वकालमें महात्मा इन्द्रजीको ब्रह्महत्या लगीथी वह इसी अश्वमेधयज्ञ करनेसे पवित्र हुएथे ॥ ३ ॥ हे महावाहो ! पूर्वकालमें देवासुर संग्राममें वृत्रनामवाला लोकपूजित एक दैत्यथा ॥ ४ ॥ यह सौ योजनका स्थूल और तीनसौ योजनका ऊंचा था यह अभिमानसे त्रिलोकीको अपने वशमें समझकर संतोषसे देखाकरताथा ॥ ५ ॥ यह धर्मज्ञ कृतकर्मा और वडा बुद्धिमान् था धर्मयुक्त सम्पूर्ण देश और पृथ्वीको पालन करताथा ॥ ६ ॥ उसके राज्यमें पृथ्वी कामधेनुकी समान थी सब मूल फल स्वादिष्ट उत्पन्न होतेथे ॥ ७ ॥ विना हल

तथोक्तवतिरामेतुभरतेचमहात्मनि ॥ लक्ष्मणोथशुभंवाक्यमुवाचरघुनंदनम् ॥ १ ॥ अश्वमेधोमहायज्ञःपावनःसर्वपाप्मनाम् ॥ पावनस्तवदुर्धर्षरोचतांरघुनंदन ॥ २ ॥ श्रूयतेहिपुरावृत्तंवासवेसुमहात्मनि ॥ ब्रह्महत्यावृतःशक्रोहयमेधेनपावितः ॥ ३ ॥ पुराकिलमहावाहोदेवासुरसमागमे ॥ वृत्रोनाममहानासीद्दैतेयोलोकसंमतः ॥४॥ विस्तीर्णोयोजनशतमुच्छ्रितस्त्रिगुणंततः ॥ अनुरागेणलोकांस्त्रीन्स्नेहात्पश्यतिसर्वतः ॥५॥ धर्मज्ञश्चकृतज्ञश्चबुद्ध्याचपरिनिष्ठितः ॥ शशासपृथिवींस्फीतांधर्मेणसुसमाहितः ॥६॥ तस्मिन्प्रशासतितदासर्वकामदुघामही ॥ रसवंतिप्रसूनानिमूलानिचफलानिच ॥ ७ ॥ अकृष्टपच्यापृथिवीसुसंपन्नामहात्मनः ॥ सराज्यंतादृशंभुंक्तेस्फीतमद्भुतदर्शनम् ॥ ८ ॥ तस्यबुद्धिःसमुत्पन्नातपःकुर्यामनुत्तमम् ॥ तपोहिपरमंश्रेयःसंमोहमितरत्सुखम् ॥ ९ ॥ सनिक्षिप्यसुतंज्येष्ठंपौरेषुमधुरेश्वरम् ॥ तपउग्रंसमातिष्ठत्तापयन्सर्वदेवताः ॥ ॥ १० ॥ तपस्तप्यतिवृत्रेतुवासवःपरमार्तवत् ॥ विष्णुंसमुपसंक्रम्यवाक्यमेतदुवाचह ॥ ११ ॥ तपस्यतामहावाहोलोकाःसर्वेविनिर्जिताः ॥ वलवान्सहिधर्मात्मानैनंशक्ष्यामिशासितुम् ॥ १२ ॥ यद्यसौतपआतिष्ठेद्भूयएवसुरेश्वर ॥ यावल्लोकाधरिष्यंतितावदस्यवशानुगाः ॥ १३ ॥

चलाये पृथ्वीमें अन्न उत्पन्न होताथा इसप्रकारसे वहुतकालतक वह उत्तम प्रकारसे राज्य करता रहा ॥ ८ ॥ राज्य करते २ उसकी बुद्धिमें यह वात समाई कि, तपस्या करूं क्योंकि तपही कल्याणकारक है और सुख तो मोह देनेहारे हैं ॥ ९ ॥ यह विचारकर मधुरेश्वर अपने वडे पुत्रको राज्य दे सम्पूर्ण देवताओंको भयदायक तपस्या करनेलगा ॥ १० ॥ जब वृत्रासुर तप करनेलगा तब इन्द्र महादुःखी हो विष्णु भगवान्के पास जाकर कहनेलगे ॥ ११ ॥ हे भगवन् ! इस वृत्रासुरने तपसे त्रिलोकी जीत ली एक तो यह वली दूसरे धर्मात्मा इससे हम इसको परास्त नहीं करसकेंगे ॥ १२ ॥ अव यह जो और भी तपस्या

करता रहेगा तो सम्पूर्ण लोक इसके वशमें होजायगे ॥ १३ ॥ हे देवताओंके ईश्वर ! एस वृत्रासुरको और अनीतिके आपने दृष्टि नहीं की, जिससमय आप कोप करोगे तो यह क्षणमात्रमें न रहेगा ॥ १४ ॥ हे विष्णु भगवन् ! जबसे इसने आपमें प्रीति की है तभीसे यह संसारका ईश्वर होगयाहै ॥ १५ ॥ हे भगवन् ! इन सबलोगोंके ऊपर आप प्रसन्न हूजिये आपके करनेसे सब जगत् शांत और रोगरहित होजायगा ॥ १६ ॥ हे विष्णो ! यह सम्पूर्ण देवता आपहीको निरीक्षण करते हैं, इस कारण वृत्रासुरके मारनेमें हमारी सहायता कीजिये कारण कि, यह दैत्योंकी ओरसे युद्ध करेगा ॥ १७ ॥ और आपने इन महात्माओंकी पूर्वकालमेंभी सहाय कीहै और आपके सिवाय और कोई इस कार्यको नहीं करसक्ता कारण कि, अनाथोंके आपही गति हो ॥ १८ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे

तंनेनंपरमोदारमुपेक्षसिमहानल ॥ क्षणंहिनभवेद्वृत्रःक्रुद्धेत्वयिसुरेश्वर॥१४॥यदाहिप्रीतिसंयोगंत्वयाविष्णोसमागतः॥ तदाप्रभृतिलोकानांनाथत्वमुपलब्धवान् ॥१५॥ सत्वंप्रसादंलोकानांकुरुष्वसुसमाहितः ॥ त्वत्कृतेनहिसर्वस्यात्प्रशांतमरुजंजगत् ॥१६॥ इमेहिसर्वेविष्णोत्वांनिरीक्षंतेदिवौकसः ॥ वृत्रघातेनमहतातेषांसाह्यंकुरुष्वह ॥१७॥ त्वयाहिनित्यशःसाह्यंकृतमेषांमहात्मनाम् ॥ असह्यमिदमन्येषामगतीनांगतिर्भवान्॥॥१८॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे चतुरशीतितमः सर्गः ॥ ८४ ॥ लक्ष्मणस्यतुतद्वाक्यंश्रुत्वाशत्रुनिबर्हणः ॥ वृत्रघातमशेषेणकथयेत्याहसुव्रत ॥ १ ॥ राघवेणैवमुक्तस्तुसुमित्रानंदवर्धनः ॥ भूयएवकथांदिव्यांकथयामाससुव्रतः॥२॥सहस्राक्षवचःश्रुत्वासर्वेषांचदिवौकसाम् ॥ विष्णुर्देवानुवाचेदंसर्वानिंद्रपुरोगमान्॥३॥पूर्वंसौहृदबद्धोस्मिवृत्रस्येहमहात्मनः॥तेनयुष्मत्प्रियार्थंहिनाहंहन्मिमहासुरम्॥४॥ अवश्यंकरणीयंचभवतांसुखमुत्तमम् ॥ तस्मादुपायमाख्यास्येसहस्राक्षोवधिष्यति ॥ ५ ॥ त्रेधाभूतंकरिष्यामिआत्मानंसुरसत्तमाः ॥ तेनवृत्रंसहस्राक्षोवधिष्यतिनसंशयः ॥ ६ ॥ एकांशोवासवंयातुद्वितीयोवज्रमेवतु ॥ तृतीयोभूतलंयातुतदावृत्रंहनिष्यति ॥ ७ ॥

वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे भाषाटीकायां चतुरशीतितमः सर्गः ॥ ८४ ॥ लक्ष्मणके वचन सुनकर रघुनाथजी बोले हे लक्ष्मण ! वृत्रासुरके वधकी सम्पूर्ण कथा कहो ॥ १ ॥ सुमित्रानंदन लक्ष्मणजी रघुनाथजीके यह वचन सुनकर उस दिव्य कथाको कहनेलगे ॥ २ ॥ इस प्रकारसे इन्द्र और सम्पूर्ण देवताओंके वचन सुनकर विष्णु भगवान् इंद्रादि देवताओंसे कहने लगे ॥ ३ ॥ कि, वृत्रासुर महात्माने बहुत कालसे मुझमें प्रेम लगायाहै इस कारणसे तुम्हारी प्रसन्नताके निमित्त हम इस महात्माका वध नहीं करेंगे ॥ ४ ॥ और तुम्हारे सुखका उपायभी अवश्य करना चाहिये इस कारणसे यह उपाय कहते हैं जिसप्रकार इन्द्र उसको मार सकेंगे ॥ ५ ॥ हे देवताओ ! हम अपनेके तीन भाग करके वृत्रासुरका वध इन्द्रके द्वारा करादेंगे इसमें संदेह नहीं ॥ ६ ॥ उनमें एक अंश वृत्रासुरमें दूसरा वज्रमें

और तीसरा पृथ्वीमें प्राप्त होगा तो वृत्रासुरका वध होगा (पृथ्वीमें एक अंश इस कारण रक्खा कि वृत्रासुरके गिरनेके समय पृथ्वी उसके धारण करनेमें समर्थ होगी) ॥ ७ ॥ जिस समय भगवान्‌ने ऐसा कहा तो देवता कहने लगे हे दैत्योंके मारनेहारे ! जो कुछ आप कहते हैं वह निःसंदेह ऐसाही है ॥ ८ ॥ हे भगवन् ! आपका कल्याण हो वृत्रासुरके मरणकी इच्छावाले हम जाते हैं आप अपना परम उदार तेज इन्द्रमें स्थापित कीजिये ॥ ९ ॥ फिर इन्द्रादिक सम्पूर्ण देवता उस स्थानमें गये जिस वनमें महासुर वृत्रासुर विद्यमान था ॥ १० ॥ उन्होंने उस दैत्यको तपस्या करते तेजसे दीप्यमान देखा कि, मानो त्रिलोकीको पान कर जायगा और आकाशको जला देगा ॥ ११॥ इसप्रकार उस दैत्यको देखकर देवता भयभीत हुए कि, किसप्रकारसे हम इसको मारसकें और हमारी हार न हो ॥ १२ ॥ उनके

तथाब्रुवतिदेवेशेदेवावाक्यमथाब्रुवन् ॥ एवमेतन्नसंदेहोयथावदसिदैत्यहन् ॥८॥ भद्रंतेस्तुगमिष्यामोवृत्रासुरवधैषिणः ॥ भजस्वपरमोदारवास वं स्वेन तेजसा ॥ ९ ॥ ततःसर्वेमहात्मनःसहस्राक्षपुरोगमाः ॥ तदरण्यमुपाक्रामन्यत्रवृत्रोमहासुरः॥१०॥ तेपश्यंस्तेजसाभूतंतपंतमसुरोत्तमम्॥ पिबंतमिवलोकांस्त्रीन्निर्दहंतमिवांबरम् ॥ ११ ॥ दृष्ट्वैवचासुरश्रेष्ठंदेवास्त्रासमुपागमन् ॥ कथमेनंवधिष्यामःकथंनस्यात्पराजयः ॥ १२ ॥ तेषां चिंतयतांतत्रसहस्राक्षःपुरंदरः ॥ वज्रंप्रगृह्यपाणिभ्यांप्राहिणोद्वृत्रमूर्धनि ॥१३॥ कालाग्निनेवघोरेणदीप्तेनेवमहार्चिषा ॥ पततावृत्रशिरसाजगत्त्रा समुपागमत् ॥ १४ ॥ असंभाव्यंवधंतस्यवृत्रस्यविबुधाधिपः ॥ चिंतयानोजगामाशुलोकस्यांतंमहायशाः ॥ १५ ॥ तमिंद्रंब्रह्महत्याशुगच्छंत मनुगच्छति ॥ अपतच्चास्यगात्रेषुतमिंद्रंदुःखमाविशत् ॥ १६ ॥ हतारयःप्रनष्टेंद्रादेवाःसाग्निपुरोगमाः ॥ विष्णुंत्रिभुवनेशानंमुहुर्मुहुरपूजयन् ॥ ॥ १७ ॥ त्वंगतिःपरमेशानपूर्वजोजगतःपिता ॥ रक्षार्थंसर्वभूतानांविष्णुत्वमुपजग्मिवान् ॥ १८ ॥

ऐसा कहनेपर सहस्राक्ष इन्द्रने हाथमें वज्र ग्रहण करके वृत्रासुरके शिरमें मारा॥१३॥ कालाग्निके समान महाघोर और महाकांतियुक्त वह वृत्रासुरका शिर कटकर पृथ्वी पर गिरपडा जिससे सम्पूर्ण जगत् भयभीत होगया ॥ १४ ॥ महायशस्वी इन्द्र उसका असंभाव्य वध विचारकर कि, एक तो इसका कुछ अपराध नहीं दूसरे यह मौनधारे तप करता था इसे वृथा मारा इस शोकसे व्याकुल हो लोकके अन्तस्थानमें जहां अन्धकार था ब्रह्महत्याके डरसे चले गये ॥ १५ ॥ परन्तु ब्रह्महत्या भी उनके पीछेही चलीगई और उनके शरीरमें प्रवेश करगई जिससे इन्द्र महादुःखी हुए ॥ १६ ॥ इसप्रकार वृत्रासुरके मरने और इन्द्रके गुप्त होजानेसे अग्नि सहित सब देवता त्रिलोकेश्वर भगवान्‌के निकट जा उनकी पूजा करने लगे ॥ १७ ॥ हे भगवन् ! तुमही जगत्‌की गतिहो सबसे बडे हो, हे विष्णु ! तुमही जगतके [illegible]

पिता और संसारकी रक्षा करनेको विष्णु हुएहो ॥ १८ ॥ हे देवताओंमें श्रेष्ठ ! वृत्रासुर मारागया परन्तु अब इन्द्रको ब्रह्महत्या बाधा करती है उसके छुटकारेका कोई उपाय कहिये ॥ १९ ॥ उन देवताओंके वचन सुनकर भगवान् विष्णुजी बोले, हे देवताओ ! इन्द्र हमारा यज्ञ करें, हम उन्हें पवित्र करदेंगे ॥ २० ॥ इन्द्र पवित्र अश्वमेध यज्ञसे मेरा यजन करके निःसंदेह फिर देवपतिकी पदवीको प्राप्त होंगे ॥ २१ ॥ इसप्रकार देवताओंको अमृतमयी वाणीसे उपदेश करके देवताओंसे पूजितहो भगवान् वैकुंठको चलेगये ॥ २२ ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां पंचाशीतितमः सर्गः ॥ ८५ ॥ ॥ इसप्रकार लक्ष्मणजी वृत्रासुरका सम्पूर्ण वध कहकर फिर शेष कथा कहनेलगे ॥ १ ॥ जिससमय देवताओंका भयदाई महाबली वृत्रासुर मारागया तो ब्रह्महत्याके

हतश्चायंत्वयावृत्रोब्रह्महत्याचवासवम् ॥ बाधतेसुरशार्दूलमोक्षंतस्यविनिर्दिश ॥ १९ ॥ तेषांतद्वचनंश्रुत्वादेवानांविष्णुरब्रवीत् ॥ मामेवयजतां शक्रःपावयिष्यामिवज्रिणम ॥ २० ॥ पुण्येनहयमेधेनमामिष्ट्वापाकशासनः ॥ पुनरेष्यतिदेवानामिंद्रत्वमकुतोभयः ॥ २१ ॥ एवंसंदिश्यतां वाणींदेवानांचामृतोपमाम् ॥ जगामविष्णुर्देवेशःस्तूयमानस्त्रिविष्टपम् ॥ २२ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे पंचाशीतितमः सर्गः ॥ ८५ ॥ तदावृत्रवधंसर्वमखिलेनसलक्ष्मणः ॥ कथयित्वानरश्रेष्ठःकथाशेषंप्रचक्रमे ॥ १ ॥ ततोहतेमहावीर्येवृत्रेदेवभयंकरे ॥ ब्रह्महत्यावृतःशक्रःसंज्ञांलेभेनवृत्रहा ॥ २ ॥ सोन्तमाश्रित्यलोकानांनष्टसंज्ञोविचेतनः ॥ कालंतत्रावसत्कंचिद्वेष्टमानइवोरगः ॥ ३ ॥ अथनष्टेसहस्राक्षेउद्विग्नमभवज्जगत् ॥ भूमिश्चध्वस्तसंकाशानिःस्नेहाशुष्ककानना ॥ ४ ॥ निःस्रोतसस्तेसर्वेतुह्रदाश्चसरितस्तथा ॥ संक्षोभश्चैव सत्त्वानामनावृष्टिकृतोभवत् ॥ ५ ॥ क्षीयमाणेतुलोकेस्मिन्संभ्रांतमनसःसुराः ॥ यदुक्तंविष्णुनापूर्वंतंयज्ञंसमुपानयन् ॥ ६ ॥ ततःसर्वेसुरगणाः सोपाध्यायाःसहर्षिभिः ॥ तंदेशंसमुपाजग्मुर्यत्रेंद्रोभयमोहितः ॥७॥ तेतुदृष्ट्वासहस्राक्षमावृतंब्रह्महत्यया ॥ तंपुरस्कृत्यदेवेशमश्वमेधंप्रचक्रिरे॥८॥

लगनेसे इन्द्र चेतनारहित होगये ॥ २ ॥ वह निश्चेष्ट होकर लोकोंके अन्तमें जाकर लोटनेलगे और अजगर सर्पकी समान पडेहुए कुछ काल विताया ॥३॥ इन्द्रके नष्ट होनेसे सब जगत् उद्विग्न होगया, पृथ्वी प्रकाशरहित हुई; रस सूखगया, वनभी शुष्क होगये ॥ ४ ॥ सम्पूर्ण ह्रद और सरोवर जलहीन होगये; नदी सूखगई, विना वर्षाके सब प्रजा क्षुभित होगई ॥ ५ ॥ लोकके क्षय होनेसे संभ्रान्त मनसे देवता विष्णुके कहे यज्ञका अनुष्ठान करने लगे ॥६॥ तब सम्पूर्ण देवता उपाध्याय और महर्षियोंके साथ उस स्थानमें आये जहां इन्द्र भयसे व्याकुल हुए पडेथे ॥ ७ ॥ इन देवताओंने इन्द्रको ब्रह्महत्यासे युक्त देख, इन्हें दीक्षामें बैठाय यज्ञ

करना प्रारंभ किया ॥ ८ ॥ हे राजन् ! तब महात्मा इन्द्रको महाब्रह्महत्या मिटानेके निमित्त अश्वमेध यज्ञ होनेलगा ॥ ९ ॥ जब यज्ञ समाप्त हुआ, तब
हत्या इन्द्रके शरीरसे निकल स्त्रीरूप बनाय कहनेलगी कि, मेरे रहनेका कोई स्थान बताओ ॥ १० ॥ यह वचन सुन संतुष्ट हो प्रीतिसहित सम्पूर्ण देवता
हे ब्रह्महत्या ! तू अपनेको चार भागमें विभक्तकर ॥ ११ ॥ ब्रह्महत्या उन महात्मा देवताओंके वचन सुनकर इन्द्रको त्याग उन देवताओंसे निवास करने
मांगनेलगी ॥ १२ ॥ और बोली कि, एक अंशसे मैं तो वर्षाकालमें नदियोंमें वास करूंगी. इस कारणसे नदी ऊंचे नीचे सब स्थानोंमें यथेच्छ बहेंगी,
ब्रह्महत्याका अंश होगा ॥ १३ ॥ और एक अंशसे मैं सब काल पृथ्वीमें वास करूंगी, मेरे इस सत्य वचनमें कोई संदेह नहीं उसमें ऊपरस्थान ब्रह्मह
ततोश्वमेधःसुमहान्महेंद्रस्यमहात्मनः ॥ ववृतेब्रह्महत्यायापावनार्थंनरेश्वर ॥ ९ ॥ ततोयज्ञेसमाप्तेतुब्रह्महत्यामहात्मनः ॥ अभिग
द्वास्येंऽक्रमेस्थानंविधास्यथ ॥ १० ॥ तेतामूचुस्ततोदेवास्तुष्टाःप्रीतिसमन्विताः ॥ चतुर्धाविभजात्मानमात्मनैवदुरासदे ॥ ११ ॥
भाषितंश्रुत्वाब्रह्महत्यामहात्मनाम् ॥ संदधौस्थानमन्यत्रवरयामासदुर्वसा ॥ १२ ॥ एकेनांशेनवत्स्यामिपूर्णोदासुनदीषुवै ॥ चतुरोनार्पिका
न्मा॥जान्दर्पघ्नीकामचारिणी ॥ १३ ॥ भूम्यामहंसर्वकालमेकेनांशेनसर्वदा ॥ वसिष्यामिनसंदेहःसत्येनैतद्ब्रवीमिवः ॥ १४ ॥ योयमंशस्तृती
योमेस्त्रीषुयौवनशालिषु ॥ त्रिरात्रंदर्पपूर्णासुवसिष्येदर्पघातिनी ॥ १५ ॥ हंतारोब्राह्मणान्येतुमृषापूर्वमदूषकान् ॥ तांश्चतुर्थेनभागेनसंश्रयिष्ये
सुरर्षभाः॥१६॥ प्रत्यूचुस्तांततोदेवायथावदसिदुर्वसे ॥ तथाभवतुतत्सर्वंसाधयस्वयदीप्सितम् ॥१७॥ ततःप्रीत्यान्वितादेवाःसहस्राक्षंववंदिरे ॥
विज्वरःपूतपाप्माचवासवःसमपद्यत ॥ १८ ॥ प्रशांतंचजगत्सर्वंसहस्राक्षेप्रतिष्ठिते ॥ यज्ञंचाद्भुतसंकाशंतदाशक्रोभ्यपूजयत् ॥ १९ ॥ ईदृशो
ह्यश्वमेधस्यप्रसादोरघुनंदन ॥ यजस्वसुमहाभागहयमेधेनपार्थिव ॥ २० ॥
होगा ॥ १४ ॥ और एक अंशसे युवास्त्रियोंकी योनिमें उनका दर्प चूर्ण करनेके निमित्त एक मासमें तीन दीनतक वास करूंगी; वह रुधिर ब्रह्महत्याका अंश होगा
॥ १५ ॥ हे देवताओ ! हम अपने चौथे अंशसे उन लोगोंमें वास करूंगी जो झूंठे दोष लगाय ब्राह्मणोंको ताडन करेंगे ॥ १६ ॥ यह उसके वचन सुनकर सब
देवता कहने लगे कि, जैसे तेरी इच्छाहै, तू अपने उन अभीष्ट स्थानोंमें जाकर वास कर ॥ १७ ॥ यह कहकर सम्पूर्ण देवताओंने इन्द्रको प्रणाम किया और
इन्द्रभी पवित्र होनेके कारण बडे आनंदको प्राप्त हुए ॥ १८ ॥ जब इन्द्र अपने स्थानपर आकर विराजे, तब सब जगत् शान्त होगया और फिर
इन्द्रने बडे अद्भुत यज्ञका यजन पूजन किया ॥ १९ ॥ हे रघुनाथजी ! अश्वमेध यज्ञकी ऐसी महिमा है, हे महाभाग भगवन् ! इसकारण आपभी
॥ १ ॥ हे लक्ष्मणजी ! ... इल था और जो बडे धर्मात्मा थे वह बाह्लीक देशके राजा हुए ॥

ननवर वन कीगते ॥ २० ॥ इन्द्रकी समान पराक्रमी रघुनाथजी लक्ष्मणके कहे उत्तम और मनोहर वचन सुनकर परमसंतुष्ट और प्रसन्न हुए ॥ २१ ॥ इत्यार्षे
श्रीमद्वा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां पडशीतितमः सर्गः ॥ ८६ ॥ बोलनेवालोंमें चतुर महातेजस्वी रघुनाथजी लक्ष्मणजीके यह वचन सुन हँस
कर कहनेलगे ॥ १ ॥ हे लक्ष्मणजी ! तुमने जो कहा यह ऐसेही है वृत्रासुरका वध और अश्वमेधका फल इसी प्रकार है ॥ २ ॥ हे सौम्य ! हमने सुनाहै कि
पूर्वकालमें कर्दम प्रजापतिके बडे पुत्र जिनका नाम इल था और जो बडे धर्मात्मा थे वह बाह्लीक देशके राजा हुए ॥ ३ ॥ हे नरशार्दूल ! वह महायशस्वी राजा
सम्पूर्ण पृथ्वी अपने वशमें करके राज्यको पुत्रकी समान पालन करने लगे ॥ ४ ॥ इस राज्यकी उत्तमतासे देवता दैत्य नाग राक्षस यक्ष गंधर्व और भी उदार

इतिलक्ष्मणवाक्यमुत्तमंवैनृपतिरतीवमनोहरंमहात्मा ॥ परितोषमवापहृष्टचेताःसनिशम्येंद्रसमानविक्रमौजाः ॥ २१ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे पडशीतितमः सर्गः ॥ ८६ ॥ तच्छ्रुत्वालक्ष्मणेनोक्तंवाक्यंवाक्यविशारदः ॥ प्रत्युवाचमहातेजाः प्रहसन्राघवोत्तमः ॥ १ ॥ एवमेवनरश्रेष्ठयथावदसिलक्ष्मण ॥ वृत्रघातमशेषेणवाजिमेधफलंचयत् ॥ २ ॥ श्रूयतेहिपुरासौम्यकर्दमस्यप्रजापतेः ॥ पुत्रोबाह्लीश्वरःश्रीमानिलोनामसुधार्मिकः ॥ ३ ॥ सराजापृथिवींसर्वांवशेकृत्वामहायशाः ॥ राज्यंचैवनरव्याघ्रपुत्रवत्पर्यपालयत् ॥ ४ ॥ सुरैश्च परमोदारैर्दैतेयैश्चमहाधनैः ॥ नागराक्षसगंधर्वैर्यक्षैश्चसुमहात्मभिः ॥ ५ ॥ पूज्यतेनित्यशःसौम्यभयार्तैरघुनंदन ॥ अबिभ्यंश्चत्रयोलोकाः सरोषस्यमहात्मनः ॥ ६ ॥ सराजातादृशोप्यासीद्धर्मेवीर्येचनिष्ठितः ॥ बुद्ध्याचपरमोदारोबाह्लीकेशोमहायशाः ॥ ७ ॥ सप्रचक्रेमहाबाहुर्मृगयांरुचिरेवने ॥ चैत्रेमनोरमेमासिसभृत्यबलवाहनः ॥ ८ ॥ प्रजघ्नेसनृपोऽरण्येमृगाञ्छतसहस्रशः ॥ हत्वैवतृप्तिर्नाभूच्चराज्ञस्तस्यमहात्मनः ॥ ९ ॥ नानामृगाणामयुतंवध्यमानंमहात्मना ॥ यत्रजातोमहासेनस्तंदेशमुपचक्रमे ॥ १० ॥ तस्मिन्प्रदेशेदेवेशःशैलराजसुतांहरः ॥ रमयामासदुर्धर्षःसर्वैरनुचरैःसह ॥ ११ ॥

महात्मा उसकी पूजा करतेथे ॥ ५ ॥ हे रघुनंदन ! वह नित्यही आनकर राजाकी पूजाकरतेथे और इन महात्माके क्रोध करनेसे त्रिलोकी भयभीत हो जातीथी ॥ ६ ॥
इस प्रकारके महायशस्वी धर्मपरायण बाह्लीकके यह राजा उदारता और बुद्धिमानीसे बाह्लीकदेशका राज्य करतेथे ॥ ७ ॥ एक समय चैत्रमासमें वह राजा अपनी
सेना आदि लेकर वनमें मृगयाके निमित्त गया ॥ ८ ॥ राजाने वनमें जाकर सहस्रों मृगोंका संहार किया तथापि उन महात्माकी तृप्ति न हुई ॥ ९ ॥ जब अनेक
प्रकारके हजारों मृग वध करनेसे तृप्ति न हुई तब वह उस वनमें गये जहाँ स्वामिकार्तिकका जन्म हुआथा ॥ १० ॥ उस वनमें दुर्द्धर्ष देवादिदेव महादेवजी पार्वतीको

संग लिये और अपने सब अनुचरों सहित विहार करतेथे ॥ ११ ॥ वृषध्वज शिवजीभी अपना स्त्रीका रूप बनाये पार्वतीका प्रिय करनेके निमित्त
निर्झरोंमें विचरतेथे ॥ १२ ॥ उस वनमें उससमय जितने पुरुष नामवाले थे वृक्ष मृगादिक वे सब स्त्रीलिंग होगये ॥ १३ ॥ बहुत क्या जो कुछभ
स्थानमें था वह सब स्त्रीरूप होगया उसी समय कर्दमके पुत्र इल राजाभी ॥ १४ ॥ सहस्रों मृगोंका संहार करते उस देशमें आये उन्होंने दे
उस वनमें सर्व मृग पक्षी सब स्त्रीरूप हैं ॥ १५ ॥ और अपनेकोभी सेना और बल वाहनसहित स्त्रीरूप देखकर बहुत दुःखी हुआ ॥ १
यह शिवजी महाराजके कारणसे स्त्रीत्व प्राप्त हुआहै यह जानकर राजा महाभयभीत हुए तब शितिकंठ कपर्दी महात्मा देवदेव शंकरजीके ॥ १

कृत्वास्त्रीरूपमात्मानमुमेशोगोपतिध्वजः ॥ देव्याःप्रियचिकीर्षुःसंस्तस्मिन्पर्वतनिर्झरे ॥ १२ ॥ यत्रयत्रवनोद्देशेसत्त्वाःपुरुषवादिनः ॥ वृ
पुरुषनामानस्तेसर्वेस्त्रीजनाभवन् ॥ १३ ॥ यच्चकिंचनतत्सर्वंनारीसंज्ञंबभूवह ॥ एतस्मिन्नंतरेराजासइलः कर्दमात्मजः ॥ १४ ॥ निघ्नन्मृ
हस्रागितंदेशमुपचक्रमे ॥ सद्दृष्ट्वास्त्रीकृतंसर्वंसव्यालमृगपक्षिणम् ॥ १५ ॥ आत्मानंस्त्रीकृतंचैवसानुगंरघुनंदन ॥ तस्यदुःखंमहच्चासीद्दृष्ट्
नंतथागतम् ॥ १६ ॥ उमापतेश्चतत्कर्मज्ञात्वात्रासमुपागमत् ॥ ततोदेवंमहात्मानंशितिकंठंकपर्दिनम् ॥ १७ ॥ जगामशरणंराजासभृत्यबल
वाहनः ॥ ततःप्रहस्यवरदःसहदेव्यामहेश्वरः ॥ १८ ॥ प्रजापतिसुतंवाक्यमुवाचवरदःस्वयम् ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठराजर्षेकार्दमेयमहाबल ॥ १९ ॥
पुरुषत्वमृतेसौम्यवरंवरयसुव्रत ॥ ततःसराजाशोकार्तःप्रत्याख्यातोमहात्मना ॥ २० ॥ स्त्रीभूतोसौनजग्राहवरमन्यंसुरोत्तमात् ॥ ततःशोके
नमहताशैलराजसुतांनृपः ॥ २१ ॥ प्रणिपत्यउमांदेवींसर्वेणैवांतरात्मना ॥ ईशेवराणांवरदेलोकानामसिभामिनी ॥ २२ ॥ अमोघदर्शनेदेवी
भजसौम्येनचक्षुषा ॥ हृद्गतंतस्यराजर्षेर्विज्ञायहरसन्निधौ ॥ २३ ॥

शरणमें राजा अपने सेना वाहन सहित प्राप्त हुआ तब वरदेनेहारे शंकर पार्वतीसहित हँसते हुए आये ॥ १८ ॥ और प्रजापति कर्दमके पुत्रसे स्वयं
शंकर यह वचन कहनेलगे कि, हे कर्दमके पुत्र महाबली राजर्षि ! उठो ॥१९॥ हे सुव्रत ! पुरुष प्राप्तिके सिवाय जो चाहो सो वरदान मांगो जब महात्मा शिवजीने
ऐसा कहा तो यह राजा महादुःखी हुआ ॥ २० ॥ और उसने कोई और वर सुरश्रेष्ठ शिवजीसे नहीं मांगा और महाशोकसे राजा शैलराजकन्या पार्वती ॥ २१ ॥
उमादेवीको प्रणाम करके चित्तकी वृत्ति एकाग्रकर बोला, हे वरदायिनी ! तुम लोक और ईश्वरोंकोभी वर देती हो ॥ २२ ॥ हे देवी ! तुम्हारा दर्शन सफल होताहै
[illegible] ॥ २५ ॥ [illegible] प्रसन्न होकर राजा कहने लगी, [illegible]
र दीजिये कि ॥ २६ ॥ मैं एक मासतक स्त्री और एक मासतक पुरुष रहा करूं. सुमुखी पार्वती देवी राजाके मनोरथ [illegible] ॥

हमारे ऊपर कृपादृष्टि करो पार्वती उस राजाका मनोरथ जान शिवजीके निकट बैठीहुई ॥ २३ ॥ देवी भगवती, शिवजीकी सम्मतिसे राजासे सुन्दर वचन कहने लगीं, हे राजन् ! आधे वरदानकी देनेहारी मैं हूं और आधे वरदाता शिवजी हैं ॥ २४ ॥ इसकारण स्त्री पुरुषमें आधा वर जो चाहो सो ग्रहण करो इसप्रकार पार्वती देवीके अद्भुत वाक्यको सुनकर ॥ २५ ॥ बहुतही प्रसन्न होकर राजा कहने लगे, हे अलौकिक गुणरूपयुक्त भगवति ! जो मेरे ऊपर प्रसन्न हो तो यह वर दीजिये कि ॥ २६ ॥ मैं एक मासतक स्त्री और एक मासतक पुरुष रहा करूं. सुमुखी पार्वती देवी राजाके मनोरथको विचार ॥ २७ ॥ सुन्दर वचनसे कहने लगीं कि, ऐसाही होगा. हे राजन् ! जब तुम पुरुष होजाओगे तो स्त्रीभावका तुम्हें स्मरण नहीं रहेगा ॥ २८ ॥ और जब स्त्री होजाओगे तो पुरुषभावका स्मरण नहीं

प्रत्युवाचशुभंवाक्यंदेवीरुद्रस्यसंमता ॥ अर्धस्यदेवोवरदोवरार्धस्यतवाह्यहम् ॥२४॥ तस्मादर्धंगृहाणत्वंस्त्रीपुंसोर्यावदिच्छसि ॥ तदद्भुततरंश्रुत्वा देव्यावरमनुत्तमम् ॥ २५ ॥ संप्रहृष्टमनाभूत्वाराजावाक्यमथाब्रवीत् ॥ यदिदेविप्रसन्नामेरूपेणाप्रतिमाभुवि ॥२६॥ मासंस्त्रीत्वमुपासित्वामासं स्यांपुरुषःपुनः ॥ ईप्सितंतस्यविज्ञायदेवीसुरुचिरानना ॥ २७ ॥ प्रत्युवाचशुभंवाक्यमेवमेवभविष्यति ॥ राजन्पुरुषभूतस्त्वंस्त्रीभावंनस्मरिष्यसि ॥ २८ ॥ स्त्रीभूतश्चपरंमासंनस्मरिष्यसिपौरुषम् ॥ एवंसराजापुरुषोमासंभूत्वाथकार्दमिः ॥ २९ ॥ त्रैलोक्यसुंदरीनारीमासमेकमिलाभवत् ॥ ३० ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे सप्ताशीतितमःसर्गः ॥८७॥ तांकथामैलसंबद्धांरामेणसमुदीरिताम्॥ लक्ष्मणोभरतश्चैवश्रुत्वापरमविस्मितौ ॥ १ ॥ तौरामंप्रांजलीभूत्वातस्यराज्ञोमहात्मनः ॥ विस्तरंतस्यभावस्यतदापप्रच्छतुःपुनः ॥ २ ॥ कथंसराजास्त्रीभूतोवर्तयामासदुर्गतिः ॥ पुरुषःसयदाभूतःकांवृत्तिंवर्तयत्यसौ ॥३॥ तयोस्तद्भाषितंश्रुत्वाकौतूहलसमन्वितम्॥ कथयामासकाकुत्स्थस्तस्यराज्ञोयथागमम् ॥ ४ ॥ तमेवप्रथमंमासंस्त्रीभूत्वालोकसुंदरी ॥ ताभिःपरिवृतास्त्रीभिर्येऽस्यपूर्वंपदानुगाः ॥ ५ ॥

रहेगा, इस प्रकारसे कर्दमके पुत्र एक मासतक स्त्री और एक मासतक पुरुष रहते थे ॥ २९ ॥ स्त्रीभावमें इला नाम रहता था जो त्रिलोकीमें महासुन्दरी विख्यात हुई और पुरुषभावमें इल नाम रहा ॥ ३० ॥ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां सप्ताशीतितमः सर्गः ॥ ८७ ॥ ॥ रामचन्द्रके मुखसे इल सम्बन्धी कथा सुनकर भरत और लक्ष्मण अत्यन्त आश्चर्यको प्राप्त हुए ॥ १ ॥ वे दोनों हाथ जोडकर रघुनाथजीसे उस महात्मा राजाकी कथा विस्तारपूर्वक सुननेकी इच्छा कर कहने लगे ॥ २ ॥ जिससमय वह राजा दुर्गतिसे स्त्री होताथा तो क्या करता था और पुरुष होकर क्या करता था यह सब सुनाइये ॥ ३ ॥ भरत और लक्ष्मणके इसप्रकार कौतूहलके वचन सुनकर रामचन्द्र उस राजाका चरित्र वर्णन करने लगे ॥ ४ ॥ पहले मासमें वह

लोकसुन्दरी स्त्री होकर उन अपने सेनाके लोगोंके संग जो कि, वहभी सब स्त्री थीं ॥ ५ ॥ उस वनमें (वह लोकसुन्दरी) विचरने लगी वह कमलकी समान नेत्र वाली पैरों पैरों वृक्ष और गुँल्मलताओंसे परिपूर्ण उस वनमें ॥ ६ ॥ सम्पूर्ण वाहनोंको त्यागकर उस पर्वतकी गुफाओंमें इला इच्छासे विचरण करने लगी ॥ ७ ॥ पर्वतके निकटही उस वनमें अनेक प्रकारके मृग पक्षियोंसे युक्त एक सरोवर था ॥ ८ ॥ उस ❀ सरोवरके निकट पूर्णिमाके चन्द्रमाकी समान प्रकाशमान चन्द्रपुत्र बुधको इलाने देखा ॥ ९ ॥ वह जलमें खडेहुए कठिन तपस्या करतेथे, जो यश और कामनाओंके दाता कृपासागर आदि गुणोंसे युक्त थे ॥ १० ॥ हे लक्ष्मण ! उस इलाने अपने स्त्रीरूप साथियोंके साथ जाकर विस्मित हो उस सरोवरको क्षुभित किया ॥ ११ ॥ उस इलाको देख बुध काम

तत्काननंविगाह्याशुविजहेलोकसुंदरी॥द्रुमगुल्मलताकीर्णंपद्भ्यांपद्मदलेक्षणा॥६॥वाहनानिचसर्वाणिसंत्यक्त्वावैसमंततः॥पर्वताभोगविवरेतस्मिन्नेमेइलातदा ॥७॥ अथतस्मिन्वनोद्देशेपर्वतस्याविदूरतः ॥ सरःसुरुचिरप्रख्यंनानापक्षिगणायुतम् ॥८॥ ददर्शसाइलातस्मिन्बुधंसोमसुतंतदा॥ ज्वलंतंस्वेनवपुषापूर्णंसोममिवोदितम्॥९॥तपंतंचतपस्तीव्रमंभोमध्येदुरासदम्॥यशस्करंकामकरंकारुण्येपर्यवस्थितम्॥१०॥ सातंजलाशयंसर्वं क्षोभयामासविस्मिता॥सहतैःपूर्वपुरुषैःस्त्रीभूतैरघुनंदन॥११॥बुधस्तुतांसमीक्ष्यैवकामबाणवशंगतः॥नोपलेभेतदात्मानंसचचालतदांभसि॥१२॥ इलांनिरीक्षमाणस्तुत्रैलोक्यादधिकांशुभाम् ॥ चिंतांसमभ्यतिक्रामत्कान्वियंदेवताधिका ॥१३॥ नदेवीषुननागीषुनासुरीष्वप्सरस्सुच॥दृष्टपूर्वा मयाकाचिद्रूपेणानेनशोभिता ॥ १४ ॥ सदृशीयंममभवेद्यदिनान्यपरिग्रहः ॥ इतिबुद्धिंसमास्थायजलात्कूलमुपागमत् ॥१५॥ आश्रमंसमुपागम्यततस्ताःप्रमदोत्तमाः ॥ शब्दापयतधर्मात्माताश्चैनंचववंदिरे ॥ १६ ॥ सताःपप्रच्छधर्मात्माकस्यैषालोकसुंदरी ॥ किमर्थमागताचैवसर्वमाख्यातमाचिरम् ॥ १७ ॥

बाणसे पीडित हुए और अपनेको न सँभालके जलमें चलायमान होगये ॥१२॥ त्रिलोकीमें अधिक सुन्दर उसका रूप देखकर बुधजी विचार करने लगे कि, यह देवताओंसेभी अधिक रूपवान् कौन स्त्री है ॥ १३ ॥ ऐसा रूप तो देवी नागोंकी स्त्री असुरी अप्सराओंमेंभी हमने कभी नहीं देखा ॥ १४ ॥ यदि इसका विवाह नहीं हुआ हो तो यह मेरे योग्य है यह विचारकर बुधजी जलसे किनारेपर आये ॥ १५ ॥ और अपने आश्रमपर आकर उन्होंने उन श्रेष्ठ स्त्रियोंको पुकारा और उन सबने आनकर इन्हें प्रणाम किया ॥ १६ ॥ उनसे धर्मात्मा बुध प्रश्न करने लगे कि, लोकसुन्दरी किसकी स्त्री है और यहां यह किस निमित्त आई हमसे यह

❀ जिस वनमें बुध तपस्या करतेथे यह वह स्थानसे थोडीदूर था इससे यह स्त्री न हुए थे ॥

॥ १८ ॥ यह हमारी स्वामिनी है; इसका को

नहीं है हमारे साथ वनमें विचरती रहती है॥ १९ ॥ उन स्त्रियोंके ऐसे स्वच्छ वचन सुनकर बुधजीने अपनी आवर्तिनी (आकर्षण) विद्याका स्मरण किया ॥
गके द्वारा राजाका सम्पूर्ण वृत्तान्त जानकर बुधजी उन सब स्त्रीजनोंसे कहने लगे ॥ २१ ॥ तुम सब किम्पुरुषी होकर इस पर्वतके स्थानमें वास करे
यहांही आने रहनेके स्थान निर्माण करलो ॥२२॥ मूल पत्र फल भोजन करके अपने स्थानोंमें रहो तुम सब अपने किम्पुरुषनामक पतियोंको प्राप्त होजाउ
॥ २३ ॥ यह सब स्त्रियें यह सुनकर कि, बुधने हमको किम्पुरुषी (देवयोनि विशेष) बना दिया, तब वे पर्वतमें वास करने लगीं ॥ २४ ॥ ॥

शुभंतुनस्यतद्वाक्यंमधुरंमधुराक्षरम् ॥ श्रुत्वास्त्रियश्चताःसर्वाऊचुर्मधुरयागिरा ॥ १८ ॥ अस्माकमेषासुश्रोणीप्रभुत्वेवर्ततेसदा ॥ अप
काननांतेषुसहास्माभिश्चरत्यसौ ॥ १९ ॥ तद्वाक्यमव्यक्तपदंतासांस्त्रीणांनिशम्यच ॥ विद्यामावर्तनींपुण्यामावर्तयतिसद्द्विजः ॥ २
मोर्थंविदित्वासफलंतस्यराज्ञोयथातथा ॥ सर्वाएवस्त्रियस्ताश्चबभाषेमुनिपुंगवः ॥ २१ ॥ अत्रकिंपुरुषीर्भूत्वाशैलरोधसिवत्स्यथ ॥ आवार
गिरावस्मिञ्छीघ्रमेवविधीयताम् ॥ २२ ॥ मूलपत्रफलैःसर्वावर्तयिष्यथनित्यदा ॥ स्त्रियःकिंपुरुषान्नामभर्तॄन्समुपलप्स्यथ ॥ २३ ॥ ताः
सोमपुत्रस्यस्त्रियःकिंपुरुषीकृताः ॥ उपासांचक्रिरेशैलंवध्वस्तावहुलास्तदा ॥ २४ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तर
ऽष्टाशीतितमः सर्गः ॥ ८८ ॥ श्रुत्वाकिंपुरुषोत्पत्तिंलक्ष्मणोभरतस्तथा ॥ आश्चर्यमितिचाब्रूतामुभौरामंजनेश्वरम् ॥ १ ॥ अथरामः
महायशाः ॥ कथयामासधर्मात्माप्रजापतिसुतस्यवै ॥ २ ॥ सर्वास्ताविद्रुताद्दृष्ट्वाकिन्नरीर्ऋषिसत्तमः ॥ उवाचरूपसंपन्नांतांस्त्रि
मस्मि ॥३॥ सोमस्याहंसुदयितःसुतःसुरुचिरानने ॥ भजस्वमांवरारोहेभक्त्यास्निग्धेनचक्षुषा ॥ ४ ॥ तस्यतद्वचनंश्रुत्वाशून्येस्वजनवर्जि
स्यागुरुनिग्रहंत्यंप्रत्युवाचमहाप्रभम् ॥ ५ ॥ अहंकामचरीसौम्यतवास्मिवशवर्तिनी ॥ प्रशाधिमांसोमसुतयथेच्छसितथाकुरु ॥ ६ ॥

श्रीमद्वा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामष्टाशीतितमः सर्गः ॥ ८८ ॥ इसप्रकार किम्पुरुषकी उत्पत्ति श्रवणकर भरत और लक्ष्मण रामचन्द्रसे
कहे कि, यह बडे आश्चर्यकी कथा है ॥१॥ उनके अभिप्रायको जान महायशस्वी रघुनाथजी फिर धर्मात्मा प्रजापतिके पुत्रकी कथा कहनेलगे॥ २॥उन सब स्त्रि
वियोंको विचरण करती देख ऋषि रूपयौवनसम्पन्न उन स्त्रीसे हँसतेहुए बोले॥ ३॥हे सुन्दर मुखवाली हे वरानने ! मैं चन्द्रमाका पुत्रहूं, तुम हमारी ओर कृपादृष्टिसे
और हमें भजो ॥ ४ ॥ उस जनशून्य देशमें इला उनके ऐसे मनोहर वचन श्रवण कर उन महाकान्तिमान् बुधसे कहने लगी ॥ ५॥ हे सौम्य ! मैं स्वतंत्र तुम्हा-

तुम्हारे वशमें हूं हे चंद्रपुत्र ! हमें शिक्षा कीजिये; जो आपकी इच्छा हो सो करो॥६॥उसके यह अद्भुत वचन सुन बुध बहुत प्रसन्न हुए, और वह चन्द्रमाके पुत्र उसके संग विहार करने लगे ॥७॥ कामासक्त बुधको विहार करते२ चैत्रका महीना क्षणमात्रमें वीतगया ॥ ८ ॥ एक मास पूर्ण होनेपर चन्द्रमाकी समान मुखवाले श्रीमान् प्रजापतिके पुत्र इल शयनसे उठकर ॥ ९ ॥ देखने लगे कि, चन्द्रमाके पुत्र सरोवर में ऊपरको बाहें उठाये निरालम्ब तपस्या कर रहे हैं राजा उनसे कहने लगे ॥ १० ॥ हे भगवन् ! मैं इस पर्वतदुर्गमें अपनी सेनासहित आयाथा परन्तु यहां उनमेंसे किसीको नहीं देखता वह हमारे साथी कहां गये ॥ ११ ॥ उन राजर्षिके कि, जिनको अपने स्त्रीभावका स्मरण नहीं है वचन सुनकर बुध समझाते हुए सुन्दर वाणीसे बोले ॥ १२ ॥ बडी पत्थरोंकी वर्षासे आपके भृत्य मृतक होगये, परन्तु

तस्यास्तदद्भुतप्रख्यंश्रुत्वाहर्षमुपागतः ॥ सवैकामीसहतयारेमेचंद्रमसःसुतः ॥ ७ ॥ बुधस्यमाधवोमासस्तामिलांरुचिराननाम् ॥ गतोरमयतोत्यर्थंक्षणवत्तस्यकामिनः ॥८॥ अथमासेतुसंपूर्णेपूर्णेंदुसदृशाननः ॥ प्रजापतिसुतःश्रीमाञ्छयनेप्रत्यबुध्यत ॥९॥ सोपश्यत्सोमजंतत्रतपंतंसलिलाशये ॥ ऊर्ध्वबाहुंनिरालंबंतंराजाप्रत्यभाषत ॥ १० ॥ भगवन्पर्वतंदुर्गंप्रविष्टोस्मिसहानुगः ॥ नचपश्यामितत्सैन्यंक्वनुतेमामकागताः ॥११॥ तच्छ्रुत्वातस्यराजर्षेर्नष्टसंज्ञस्यभाषितम् ॥ प्रत्युवाचशुभंवाक्यंसांत्वयन्परयागिरा ॥१२॥ अश्मवर्षेणमहताभृत्यास्तेविनिपातिताः ॥ त्वंचाश्रमपदेसुप्तोवातवर्षभयार्दितः ॥ १३ ॥ समाश्वसिहिभद्रंतेनिर्भयोविगतज्वरः ॥ फलमूलाशनोवीरनिवसेहयथासुखम् ॥ १४ ॥ सराजातेनवाक्येन प्रत्याश्वस्तोमहामतिः ॥ प्रत्युवाचशुभंवाक्यंदीनोभृत्यजनक्षयात् ॥१५॥ त्यक्ष्याम्यहंस्वकंराज्यंनाहंभृत्यैर्विनाकृतः॥वर्तयेयंक्षणंब्रह्मन्समनुज्ञातुमर्हसि ॥१६॥ सुतोधर्मपरोब्रह्मञ्ज्येष्ठोममहायशाः ॥ शशबिंदुरितिख्यातःसमेराज्यंप्रपत्स्यते ॥१७॥ नहिशक्ष्याम्यहंहित्वाभृत्यदारान्सुखान्वितान् ॥ प्रतिवक्तुंमहातेजाःकिंचिदप्यशुभंवचः ॥ १८ ॥ तथाब्रुवतिराजेंद्रेबुधःपरममद्भुतम् ॥ सांत्वपूर्वमथोवाचवासस्तइहरोचताम् ॥ १९ ॥

तुम महापवनसे व्याकुलहो हमारे आश्रममें सोनेसे बचे ॥ १३ ॥ हे वीर ! आप सावधान हूजिये और सुखपूर्वक कंद मूल भोजन करते हमारे आश्रममें वास करो॥ ॥ १४ ॥ राजा अपने भृत्योंका नाश सुनकर महादुःखी हुए परन्तु बुधके वाक्योंसे सावधान होकर कहनेलगे ॥ १५ ॥ हे ब्रह्मन् ! मैं भृत्योंके नाश होनेसे राज्य छोडदूंगा कारण कि, उनके विना मैं क्षणमात्र नहीं रहसक्ता आप मुझे जानेकी आज्ञा दीजिये ॥ १६ ॥ हे ब्रह्मन् ! मेरा महायशस्वी धर्मात्मा शशबिंदु नामक ज्येष्ठ पुत्र राज्य करेगा ॥ १७ ॥ परंतु मैं अपने भृत्य स्त्री जो कि सुखसे देशमें वसतेहैं, उन्हें छोडकर यहाँ नहीं रहसक्ता हे तेजस्वी ! आप हमसे यहां रहनेके निमित्त अशुभ वचन न कहिये ॥ १८ ॥ राजाके यह वचन श्रवणकर बुधजी समझातेहुए बोले, कि तुम कुछ काल पर्यंत यहां रहो हम तुम्हारा अभीष्ट सिद्ध करेंगे ॥

धर्मराजकी आलोचना करते ॥ २२ ॥ इस प्रकार रहते ९ जब भी मास बीत गये [illegible]
शोभन नितम्बवालीने पुत्र उत्पन्न होतेही उसे वृद्धिको प्राप्त हुआ देखकर [illegible]

॥ १९ ॥ हे महाबली ! कर्दमपुत्र ! आप संताप मत करो, एक वर्ष यहां रहोगे तो हम तुम्हारे मनोरथ पूर्ण करेंगे ॥ २० ॥ उन सरलकर्मा बुधके यह वचन श्रवण
कर ब्रह्मवादी ऋषिके कहने उपरान्त राजा रहनेको सम्मत हुए ॥ २१ ॥ वह एक मास स्त्री होकर बुधके साथ विहार करते और पुरुष होकर एक मासतक
धर्मशास्त्रकी आलोचना करते ॥ २२ ॥ इस प्रकार रहते २ जब नौ मास बीत गये बुधसे सुश्रोणी इलाने पुरूरवा नाम ❀ पुत्रको उत्पन्न किया ॥ २३ ॥ उस
शोभन नितम्बवालीने पुत्र उत्पन्न होतेही उसे वृद्धिको प्राप्त हुआ देखकर उपनयनादि कर्मके निमित्त उसके पिताको सौंप दिया, इलाके पुत्रका बुधकी समान वर्ण
और पराक्रम था ॥ २४ ॥ एक वर्षतक बुधजी जब २ वह राजा पुरुष होता तबतक उसके साथ अनेक कथा वार्ता कह उसका चित्त प्रसन्न करते रहे ॥ २५ ॥

नसंतापस्त्वयाकार्यःकार्दमेयमहाबल ॥ संवत्सरोपितस्याद्यकारयिष्यामितेहितम् ॥ २० ॥ तस्यतद्वचनंश्रुत्वाबुधस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ वासाय
विदधेबुद्धिंयदुक्तंब्रह्मवादिना ॥ २१ ॥ मासंसस्त्रीतदाभूत्वारमयत्यनिशंसदा ॥ मासंपुरुषभावेनधर्मबुद्धिंचकारसः ॥ २२ ॥ ततःसानवमेमासि
इलासोमसुतात्सुतम् ॥ जनयामाससुश्रोणीपुरूरवसमूर्जितम् ॥ २३ ॥ जातमात्रेतुसुश्रोणीपितुर्हस्तेन्यवेशयत् ॥ बुधस्यसमवर्णंचइलापुत्रं
महाबलम् ॥ २४ ॥ बुधस्तुपुरुषीभूतंसवैसंवत्सरांतरम् ॥ कथाभीरमयामासधर्मयुक्त्याभिरात्मवान् ॥ २५ ॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मी
कीय आदिकाव्य उत्तरकांड एकोननवतितमःसर्गः ॥ ८९ ॥ तथोक्तवतिरामेतुतस्यजन्मतदद्भुतम् ॥ उवाचलक्ष्मणोभूयोभवतश्चमहायशाः ॥
॥ १ ॥ इलासासोमपुत्रस्यसंवत्सरमथोपिता ॥ अकरोत्किंनरश्रेष्ठतत्त्वंशंसितुमर्हसि ॥२॥ तयोस्तद्वाक्यमाधुर्यंनिशम्यपरिपृच्छतोः ॥ रामः
पुनरुवाचेदंप्रजापतिसुतेकथाम् ॥ ३ ॥ पुरुषत्वंगतेशूरेबुधःपरमबुद्धिमान् ॥ संवर्तंपरमोदारमाजुहावमहायशाः ॥ ४ ॥

इत्यार्षे श्रीमद्रा०वाल्मी०आदि०उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकोननवतितमः सर्गः॥८९॥ रामचन्द्रके ऐसा कहनेपर और पुरूरवाका अद्भुत जन्मचरित्र श्रवणकर लक्ष्मण
और भरतजी महायशस्वी रामचन्द्रसे फिर कहने लगे ॥ १ ॥ हे भगवन् ! इलाने चन्द्रपुत्र बुधके स्थानपर एक वर्ष रहकर और क्या क्या किया सो आप श्रवण
कराइये ॥ २ ॥ भरत लक्ष्मणके मधुर वचन सुनकर रामचन्द्र फिर प्रजापतिके पुत्रकी कथा कहने लगे ॥ ३ ॥ जब बारहवें मासमें महाबली राजा फिर पुरुष

❀ यदि नवमासगर्भ रहकर पुरूरवाकी उत्पत्ति हुई तोभी दोप नहीं कारण कि पार्वतीके वरसे गर्भादिक चिह्नको राजा भूलजाताथा अथवा नवमें मासमें गर्भ रहा और तत्काल पुत्रकी उत्पत्ति हुई यहभी-
संभव है क्योंकि वह पुत्र उत्पन्न होतेही वृद्धिको प्राप्त होगया ॥

हुए तब बुधने महायशस्वी संवर्त ॥ ४ ॥ भृगुपुत्र च्यवन आरिष्टनेमि प्रमोदन मोदकर दुर्वासा इन सब मुनियोंको बुलाया ॥ ५ ॥ वाक्य जाननेवाले तत्त्वदर्शी बुधने इन सब मुनियोंको बुलाकर उन' अपने मित्रोंसे धीरतासहित वचन कहे ॥ ६ ॥ यह महाबाहु इल राजा कर्दमके पुत्रहैं आप जानतेहीहैं कि, शिवजीके वनमें प्रवेश करनेके कारण एक महीने स्त्री एक मास पुरुष होजातेहैं, सो वह आप कीजिये जिसमें इनका कल्याण होय ॥ ७ ॥ इसप्रकार यह वार्ता करतेही थे।कि, महातेजस्वी महात्मा कर्दमजी बहुतसे मुनियोंको साथ लिये वहां आये ॥ ८ ॥ पुलस्त्य, क्रतु, वषट्कार ॐकार यहभी सब महातेजस्वी उस आश्रममें आये ॥ ९ ॥ वह सब एक दूसरेको देख प्रसन्न हो मिलकर बाह्लेश्वर राजाके उद्धारके निमित्त पृथक् २ वचन कहने लगे ॥ १० ॥ तब

च्यवनंभृगुपुत्रंचमुनिंचारिष्टनेमिनम् ॥ प्रमोदनंमोदकरंततोदुर्वाससंमुनिम् ॥ ५ ॥ एतान्सर्वान्समानीयवाक्यज्ञस्तत्त्वदर्शनः ॥ उवाचसर्वान्सुहृदोधैर्येणसुसमाहितान् ॥ ६ ॥ अयंराजामहाबाहुःकर्दमस्यइलःसुतः ॥ जानीतैनंयथाभूतंश्रेयोह्यत्रविधीयताम् ॥ ७ ॥ तेषांसंवदतामेवंद्विजैःसहमहात्मभिः ॥ कर्दमस्तुमहातेजास्तदाश्रमसुपागमत् ॥ ८ ॥ पुलस्त्यश्चक्रतुश्चैववषट्कारस्तथैवच ॥ ओंकारश्चमहातेजास्तमाश्रमसुपागमन् ॥ ९ ॥ तेसर्वेहृष्टमनसःपरस्परसमागमे ॥ हितैपिणोबाह्लिपतेःपृथग्वाक्यान्यथाब्रुवन् ॥ १० ॥ कर्दमस्त्वब्रवीद्वाक्यंसुतार्थंपरमंहितम् ॥ द्विजाःशृणुतमद्वाक्यंयच्छ्रेयःपार्थिवस्यहि ॥ ११ ॥ नान्यंपश्यामिभैषज्यमंतरावृषभध्वजम् ॥ नाश्वमेधात्परोयज्ञःप्रियश्चैवमहात्मनः ॥ १२ ॥ तस्माद्यजामहेसर्वेपार्थिवार्थेदुरासदम् ॥ कर्दमेनैवमुक्तास्तुसर्वएवद्विजर्षभाः ॥ १३ ॥ रोचयंतिस्मतंयज्ञंरुद्रस्याराधनंप्रति ॥ संवर्तस्यतुराजर्षिःशिष्यःपरपुरंजयः ॥ १४ ॥ मरुत्तइतिविख्यातस्तंयज्ञंसमुपाहरत् ॥ ततोयज्ञोमहानासीद्बुधाश्रमसमीपतः ॥ १५ ॥

कर्दमजी अपने पुत्रके हितकारक वचन कहने लगे हे ब्राह्मण ! हमारे वाक्य सुनो, जिससे इस राजाका हित होगा ॥ ११ ॥ शिवजीको छोडकर हम देखते हैं कि, इसकी और औषधि नहीं है और शिवजीको अश्वमेध यज्ञसे प्यारा और कोई यज्ञ नहीं है ॥ १२ ॥ इस कारण इस राजाके हित और शिवजीके प्रसन्न करनेके निमित्त हमको अश्वमेध करना उचितहै कर्दमके यह वचन सुन वे सब ब्राह्मणश्रेष्ठ ॥ १३ ॥ शिवजीकी प्रसन्नताके अर्थ उस यज्ञकोही अच्छा मानते हुए, और विचार कर बोले कि, संवर्त ऋषिके शिष्य शत्रुतापन मरुत्तने ॥ १४ ॥ जो यज्ञ कियाथा उस अश्वमेध यज्ञकी सामग्री उस स्थानपर बहुत विद्यमानहै वह लाई जाय, तैसा अनुष्ठानकर ऋषियोंने बुधके आश्रमके निकटही महान् अश्वमेध यज्ञका प्रारंभ

जब शंकरने ऐसा कहा तौ हे ब्राह्मण सावधानतासे ॥ १८ ॥ शिवजीको प्रसन्नकर यही वर [illegible] ... प्रसन्नहो इलको सब कालका पुरुषत्व प्रदान किया ॥ १९ ॥ इलको यह वर दे शिवजी अन्तर्धान हुए जब शिव अन्तर्हित हुए और अश्वमेध समाप्त [illegible] तब वह ज्ञानी मुनि अपने २ [illegible]

किया ॥ १५ ॥ इस यज्ञमें महायशस्वी शंकर बहुतही प्रसन्न हुए, और यज्ञके समाप्त होनेपर बडी प्रसन्नतासे ॥ १६ ॥ इलके निकटही शिवजी सब ब्राह्मणोंसे बोले हे ब्राह्मणो ! तुम्हारी भक्ति और इस अश्वमेध यज्ञसे मैं प्रसन्न हुआ हूं ॥ १७ ॥ इस बाह्लदेशके राजाका कौनसा प्रिय कार्य करें, जब शंकरने ऐसा कहा तो वे ब्राह्मण सावधानतासे ॥१८॥ शिवजीको प्रसन्नकर यही वर माँगनेलगे कि इलको सदैव कालका पुरुषत्व प्रदान कीजिये तब शिवजीने प्रसन्नहो इलको सब कालका पुरुषत्व प्रदान किया ॥१९॥ इलको यह वर दे शिवजी अन्तर्धान हुए जब शिव अन्तर्हित हुए और अश्वमेध समाप्त हुआ ॥२०॥ तब वह ज्ञानी मुनि अपने २ आश्रमोंको चलेगये राजाभी उस बाह्लिदेशको छोडकर सुन्दर मध्यदेशमें ॥ २१ ॥ प्रतिष्ठानपुर बसाता हुआ जो बडा विख्यात हुआ

रुद्रश्चपरमंतोषमाजगाममहायशाः ॥ अथयज्ञेसमाप्तेतुप्रीतःपरमयामुदा ॥ १६ ॥ उमापतिर्द्विजान्सर्वानुवाचइलसन्निधौ ॥ प्रीतोस्मिहयमेधेन भक्त्याचद्विजसत्तमाः ॥ १७ ॥ अस्यबाह्लिपतेश्चैवकिंकरोमिप्रियंशुभम् ॥ तथावदतिदेवेशेद्विजास्तेसुसमाहिताः ॥ १८ ॥ प्रसादयंतिदेवेशंयथास्यात्पुरुषस्त्विला ॥ ततःप्रीतोमहादेवःपुरुषत्वंददौपुनः ॥१९॥ इलायैसुमहातेजादत्त्वाचांतरधीयत ॥ निवृत्तेहयमेधेचगतेचादर्शनंहरे ॥ २० ॥ यथागतंद्विजाःसर्वेतेऽगच्छन्दीर्घदर्शिनः ॥ राजातुबाह्लिमुत्सृज्यमध्यदेशेह्यनुत्तमम् ॥ २१ ॥ निवेशयामासपुरंप्रतिष्ठानंयशस्करम् ॥ शशबिंदुश्चराजर्षिर्बाह्लिंपरपुरंजयः ॥ २२ ॥ प्रतिष्ठानेइलोराजाप्रजापतिसुतोबली ॥ सकालेप्राप्तवाँल्लोकमिलोब्राह्ममनुत्तमम् ॥२३॥ ऐलःपुरूरवाराजाप्रतिष्ठानमवाप्तवान् ॥ ईदृशोह्यश्वमेधस्यप्रभावःपुरुषर्षभ ॥२४॥ स्त्रीपूर्वःपौरुषंलेभेयच्चान्यदपिदुर्लभम् ॥२५॥ इत्यार्षे श्रीमद्रामायणे वाल्मीकीय आदिकाव्य उत्तरकांडे नवतितमः सर्गः ॥९०॥ एतदाख्यायकाकुत्स्थोभ्रातृभ्याममितप्रभः ॥ लक्ष्मणंपुनरेवाहधर्मयुक्तमिदंवचः ॥ १ ॥ वसिष्ठंवामदेवंचजाबालिमथकश्यपम् ॥ द्विजांश्चसर्वप्रवरानश्वमेधपुरस्कृतान् ॥ २ ॥

और बाह्लदेशका राज्य शशिबिंदु उसका ज्येष्ठ पुत्र करने लगा जोबडा प्रतापी शत्रुका मारनेवाला था ॥२२॥ प्रजापतिके पुत्र महाबलवान् इल राजा * प्रतिष्ठानपुरमें बहुत कालतक राज्यकर अन्तमें ब्रह्मलोकको गये ॥ २३ ॥ इलसे उत्पन्न हुए पुरूरवाजी प्रतिष्ठानपुरके राजा हुए हे पुरुषश्रेष्ठ ! अश्वमेध यज्ञका ऐसा प्रभावहै ॥२४॥ जो स्त्रीत्व त्यागकर राजाने इसीके अनुष्ठानसे सदाकेलिये पुरुषत्व पाया ॥२५॥ इत्यार्षे श्रीमद्वा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायां नवतितमः सर्गः ॥९०॥ अमितप्रभावी रामचन्द्र भाइओंसे ऐसा कहकर फिर लक्ष्मणजीसे धर्मपूर्वक यह वचन बोले ॥ १ ॥ कि अश्वमेध यज्ञ करानेवाले वसिष्ठ वामदेव जाबालि

* प्रतिष्ठानपुरको इलाबाद [illegible] कहते हैं जो गंगापार प्रयागराजके सन्मुख विद्यमान है।

रूपवादन श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको बुलाओ ॥ २ ॥ इन सबके साथ सम्मत करके सावधान चित्तहो सम्पूर्ण लक्षणसम्पन्न घोडा छोडेंगे ॥ ३ ॥ यह वचन सुनकर शीघ्रतासे लक्ष्मणजी उन सब ब्राह्मणोंको बुलाकर लाये और रघुनाथजीसे निवेदन किया ॥ ४ ॥ वे सब ब्राह्मण देवताकी समान रघुनाथजीको प्रणामकरते देखकर आशीर्वाद देने लगे ॥ ५ ॥ तब रघुनाथजी उन श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको प्रणामकर अश्वमेध यज्ञके सम्बन्धमें धर्मसंयुक्त वचन कहने लगे ॥ ६ ॥ वे ऋषि रघुनाथजीके वचन सुन शिरजीको नमस्कार कर सब ब्रह्मवादी ऋषि अश्वमेध यज्ञकी बडाई करने लगे ॥ ७ ॥ रघुनाथजी उन श्रेष्ठ ब्राह्मणोंके वचन अश्वमेधकी प्रशंसामें सुन बहुत प्रसन्न हुए ॥ ८ ॥ ब्राह्मणोंको अश्वमेध यज्ञ करनेमें प्रवृत्ति देखकर रामचन्द्रजी लक्ष्मणजीसे बोले हे महाबाहो! सुग्रीवजीके बुलानेको दूत भेजो ॥ ९ ॥ जो वह

एतान्सर्वान्समानीयमंत्रयित्वाचलक्ष्मणः ॥ हयंलक्षणसंपन्नंविमोक्ष्यामिसमाधिना॥३॥ तद्वाक्यंराघवेणोक्तंश्रुत्वात्वरितविक्रमः ॥ द्विजान्सर्वान्समाहूयदर्शयामासराघवम् ॥ ४ ॥ तेदृष्ट्वादेवसंकाशंकृतपादाभिवंदनम् ॥ राघवंसुदुराधर्षमाशीर्भिःसमपूजयन् ॥५॥ प्रांजलिःसतदाभूत्वाराघवोद्विजसत्तमान् ॥ उवाचधर्मसंयुक्तमश्वमेधाश्रितंवचः ॥ ६ ॥ तेपिरामस्यतच्छ्रुत्वानमस्कृत्वावृषध्वजम् ॥ अश्वमेधंद्विजाःसर्वेपूजयंतिस्मसर्वशः ॥ ७ ॥ सतेषांद्विजमुख्यानांवाक्यमद्भुतदर्शनम् ॥ अश्वमेधाश्रितंश्रुत्वाभृशंप्रीतोभवत्तदा ॥ ८ ॥ विज्ञायकर्मतत्तेषांरामोलक्ष्मणमब्रवीत् ॥ प्रेषयस्वमहाबाहोसुग्रीवायमहात्मने ॥९॥ यथामहद्भिर्हरिभिर्बहुभिश्चवनौकसाम् ॥ सार्धमागच्छभद्रंतेअनुभोक्तुंमहोत्सवम् ॥१०॥ विभीषणश्चरक्षोभिःकामगैर्बहुभिर्वृतः ॥ अश्वमेधंमहायज्ञमायात्वतुलविक्रमः ॥११॥ राजानश्चमहाभागायेमेप्रियचिकीर्षवः॥सानुगाःक्षिप्रमायांतुयज्ञभूमिनिरीक्षकाः ॥ १२ ॥ देशांतरगतायेचद्विजाधर्मसमाहिताः ॥ आमंत्रयस्वतान्सर्वानश्वमेधायलक्ष्मण ॥ १३ ॥ ऋषयश्चमहाबाहोआहूयंतांतपोधनाः ॥ देशांतरगताःसर्वेसदाराश्चद्विजातयः ॥ १४ ॥ तथैवतालावचरास्तथैवनटनर्तकाः ॥ यज्ञवाटश्चसुमहान्गोमत्यानैमिषेवने ॥ ॥ १५ ॥ आज्ञाप्यतांमहाबाहोतद्धिपुण्यमनुत्तमम् ॥ शांतयश्चमहाबाहोप्रवर्ततांसमंततः ॥ १६ ॥

सम्पूर्ण वानर और वनवासियोंके साथ इस महोत्सव देखनेके निमित्त आवें ॥१०॥ और अतुलविक्रम विभीषणको लिख भेजो कि, इच्छाचारी राक्षसोंके साथ अश्वमेध महायज्ञ देखनेको आवें ॥ ११ ॥ और जो महाभाग हमारे हितकारी राजा हैं वे अपने साथियों सहित यज्ञभूमि देखनेको आवें ॥ १२ ॥ जो ब्राह्मण देशांतरोंमें जाके धर्ममें सावधान रहतेहैं, उन सबको बुलावा भेज दो ॥ १३ ॥ हे लक्ष्मण ! ऋषि और तपस्वियोंको बुलाओ और देशांतरोंसे स्त्रीसहित ब्राह्मणोंको बुलाओ ॥ १४ ॥ इसी प्रकार अनेक गाने बजानेवाले नर्तकोंको बुलाओ और गोमतीनदी के किनारे नैमिषारण्यमें यज्ञभूमि निर्माण कीजाय ॥१५॥ वह बडा पुण्यस्थान है

[illegible] बडे बहुत लाख बैलोंकी गाडीमें चावल भरकर वहां भेजे जावें, और दस सहस्र बैलोंकी गाडियोंमें तिल मूंग भर भरभी भेज दियेजावें ॥ [illegible] सार चना कुलथी उरद और लौन भेजा जाय, और इसीके अनुसार यथानुरूप [illegible] त तैल और सुगंधित द्रव्य [illegible]

वहांके ऋषियोंको निमंत्रण करो कि, वे सब प्रकारसे शान्तिपाठ करें ॥ १६ ॥ उन महात्माओंने नैमिषारण्यमें सहस्रों यज्ञ कियेहैं, हे लक्ष्मण ! इसकारण वे इस यज्ञकी विधिको सम्यक् प्रकारसे जानतेहैं ॥ १७ ॥ और ऐसा कोई दूत भेजा जाय जो दानमानसे संतुष्टहो, धर्मपूर्वक सबको निमंत्रण दे शीघ्र आवे ॥ १८ ॥ हे महाबली ! बडे हृष्टपुष्ट लक्ष बैलोंकी गाडीमें चावल भरकर वहां भेजे जायँ, और दश सहस्र बैलोंकी गाडियोंमें तिल मूंग भर अभी भेज दियेजायँ ॥ १९ ॥ और इसीके अनुसार चना कुलथी उरद और लोन भेजा जाय, और इसीके अनुसार यथानुरूप घृत तेल और सुगंधित द्रव्य भेजेजायँ ॥ २० ॥ और भरतजी सबसे आगे मात्र धानवामे चांदी सोनेकी करोडों मुद्रा लेकर जायँ ॥ २१ ॥ सब बाजार और व्यापारी नट नर्तक रसोइयें और रसोई बनानेवाली स्त्री तथा औरभी मंगल

शतशश्चापिधर्मज्ञाःक्रतुमुख्यमनुत्तमम् ॥ अनुभूयमहायज्ञंनैमिषेरघुनंदन ॥१७॥ तुष्टःपुष्टश्चसर्वांसोमानितश्चयथाविधि ॥ प्रतियास्यतिधर्मज्ञशीघ्रमामंत्र्यतांजनः ॥ १८ ॥ शतंवाहसहस्राणांतंडुलानांवपुष्मताम् ॥ अयुतंतिलमुद्गस्यप्रयात्वग्रेमहाबल ॥ १९ ॥ चणकानांकुलत्थानांमाषाणांलवणस्यच ॥ अतोनुरूपंस्नेहंचगंधंसंक्षिप्तमेवच ॥ २० ॥ सुवर्णकोटयोबहुलाहिरण्यस्यशतोत्तराः ॥ अग्रतोभरतःकृत्वागच्छत्वग्रेसमाधिना ॥ २१ ॥ अंतरापणवीथ्यश्चसर्वेचनटनर्तकाः ॥ सूदानार्यश्चबहवोनित्यंयौवनशालिनः ॥ २२ ॥ भरतेनतुसार्धंतेयांतुसैन्यानिचाग्रतः ॥ नैगमान्बालवृद्धांश्चद्विजांश्चसुसमाहिताः ॥ २३ ॥ कर्मांतिकान्वर्धकिनःकोशाध्यक्षांश्चनैगमान् ॥ ममममातृस्तथासर्वाःकुमारांतःपुराणिच ॥ २४ ॥ कांचनींममपत्नींचदीक्षायाज्ञांश्चकर्मणि ॥ अग्रतोभरतःकृत्वागच्छत्वग्रेमहायशाः ॥ २५ ॥ उपकार्यामहार्हांश्चपार्थिवानांमहौजसाम् ॥ सानुगानांनरश्रेष्ठव्यादिदेशमहाबलः ॥ २६ ॥ अन्नपानानिवस्त्राणिअनुगानांमहात्मनाम् ॥ भरतःसतदायातःशत्रुघ्नसहितस्तदा ॥ २७ ॥ वानराश्चमहात्मानःसुग्रीवसहितास्तदा ॥ विप्राणांप्रवराःसर्वेचक्रुश्चपरिवेषणम् ॥ २८ ॥

कारिणी स्त्रिया भी जायँ ॥ २२ ॥ शास्त्र जाननेवाले तथा बालक, बूढे और ब्राह्मण और सेना यह सब भरतजीके संग आगे २ जायँ ॥ २३ ॥ कार्याध्यक्ष, शास्त्र जाननेवाले, कोषाध्यक्ष, सेवक, कौशल्यादि सब हमारी माता और भरतादिकोंकी स्त्रियें ॥ २४ ॥ और दीक्षाकर्मके निमित्त सुवर्णकी हमारी पत्नीकोभी लेकर महायशस्वी भरतजी आगे २ जायँ ॥२५॥ बडे २ राजाओंके ठहरनेके निमित्त अनेक प्रकारके डेरे तम्बू भेजे जायँ और सेवकोंके रहनेके निमित्तभी रावटी आदि जायँ, इस प्रकार महाबली रघुनाथजीने आज्ञादी ॥२६॥ इस प्रकार भरतजी शत्रुघ्नजीके सहित अन्न पान वस्त्र और नौकरोंको लेकर चले॥२७॥ उस समय सुग्रीवके

सहित महात्मा वानरगण समाचार सुनतेही आये और बडे २ ब्राह्मणोंकी सेवामें रहे ॥ २८ ॥ विभीषणजीभी निमंत्रण पातेही राक्षस और राक्षसियोंको साथ लेकर आये और बडे तपस्वी महात्मा ऋषियोंकी पूजा करनेलगे ॥२९॥ इत्यार्षे श्रीमद्रा० वाल्मी० आदि० उत्तरकांडे भाषाटीकायामेकनवतितमः सर्गः ॥९१॥ इस प्रकार रघुनाथजीने सब सामग्री भिजवाकर सम्पूर्ण लक्षणसम्पन्न घोडा छोडा ॥ १ ॥ घोडेके संगमें ऋत्विजोंको भेजकर पीछेसे सेनासहित रघुनाथजीने नैमिषारण्यको गमन किया ॥ २ ॥ महाबाहु रघुनाथजीने परमअद्भुत यज्ञका स्थान देखा तो बडे प्रसन्न हुए और कहने लगे ॥ ३ ॥ यह देश बहुत उत्तम है ऐसा कह यहाँ निवास करने लगे व रघुनाथजीके रहनेपर बहुतसे राजा भेंट लाये रघुनाथजीने स्वीकार कर उन सब राजाओंकी प्रशंसा की ॥ ४ ॥ अन्नपान

